# देश

उवाच

"भ्रष्टाचार रोकना कठिन काम नहीं है। जिस दिन लोग ट्रांसफर पोस्टिंग में पैसे और विकास योजनाओं में कमीशन लेना बंद कर दें, दावा करता हूं कि भरष्टचार काफी हद तक खत्म हो जाएगा, अधिकारी को पैसे लेने की हिम्मत नहीं होगी।

-बाबूलाल मरांडी, भाजपा नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32.0 | 24.0 |
| मुंबई | 27.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 27.0 |

# जलवायु परिवर्तन बड़ा मुद्दा : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने इंडियन स्मार्ट सिटी कान्क्लेव के आयोजन में की शिरकत

**इंदौर,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। इंदौर में आयोजित स्मार्ट सिटी कॉफ्रेंस में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने इंदौर को देश के सबसे स्मार्ट शहर और एमपी को बेस्ट स्टेट का अवार्ड सौंपा। जलवायु परिवर्तन पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि देश में जलवायु परिवर्तन एक बड़ा मुद्दा है। हमें राष्ट्रीय स्तर पर इसके लिए काम करना होगा। उन्होंने स्मार्ट शहरों में किए जा रहे कार्यों को सकारात्मक पहल बताया। इस दिशा में और टिकाऊ विकास पर और अधिक काम किए जाने की जरूरत है। राष्ट्रपति इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव-2023 में सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शहरी विकास में समग्र निवेश पिछले दशकों में दोगुना से अधिक हुआ है। स्मार्ट सिटी मिशन का इसमें बड़ा योगदान है।

### राष्ट्रपति ने इंदौर को दी बधाई

उन्होंने मध्य प्रदेश को देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदेश का पुरस्कार मिलने पर बधाई दी। उन्होंने आईसी अवार्ड सेरेमनी में विजेता शहरों और राज्यों को पुरस्कार वितरित किए। राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। मुर्मु ने कहा कि इन्दौर ने भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपना स्थान बनाए रखा है। इंदौर देश की स्मार्ट सिटीज में भी सबसे ऊपर है। उन्होंने इंदौर के निवासियों, जन-प्रतिनिधियों, प्रशासन के अधिकारियों, केंद्र सरकार के सम्बद्ध विभागों तथा अन्य सभी स्टेकहोल्डर्स की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की शहरी आबादी,



शहरी विकास में समग्र निवेश पिछले दशकों में दोगुना से अधिक हुआ है : द्रोपदी मुर्मू

लगभग 46 करोड़ से बढ़कर 87 करोड़ से अधिक हो जाएगी। तब हमारे 50 प्रतिशत से अधिक देशवासी शहरी क्षेत्रों में रहेंगे। भारत के शहर आज देश की जीडीपी में लगभग दो-तिहाई योगदान करते हैं। अनुमान है कि शहरों का जीडीपी को कुल योगदान वर्ष 2047 तक 80 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा।

इन आंकड़ों से यह संदेश मिलता है कि शहरों और नगरवासियों की बढ़ती आकांक्षाओं और जरूरतों को ध्यान में रखकर भविष्य का रोडमेप तैयार करना है और उस पर आगे बढ़ना है। एक महत्वपूर्ण मुद्दा, जो प्रत्येक विषय पर तथा हर स्तर पर सतत विकास की चर्चा में शामिल है। वह है क्लाईमेट चेंज इस संदर्भ में क्लाईमेट स्मार्ट सिटीस असेसमेंट फ्रेमवर्क जो भारत के 100 स्मार्ट शहरों के लिए शुरू किया गया था, वह इस बात का उदाहरण है कि शहरों में जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय स्तर पर कैसे कार्य किया जा सकता है। साथ ही सर्वश्रेष्ठ केंद्र शासित प्रदेश का पुरस्कार प्राप्त करने के लिए चंडीगढ़ और राज्यों के प्रदर्शन के आधार पर दूसरा स्थान प्राप्त करने के लिए तमिलनाडु तथा संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए राजस्थान और उत्तर प्रदेश को भी बधाई दी।

### महिलाओं की सुरक्षा पर और ध्यान देने की है जरूरत : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ने आगे कहा कि शहर में सीसीटीवी सर्विलांस से सुरक्षा मजबूत हो रही है, लेकिन महिलाओं की सुरक्षा पर और ध्यान देने की जरूरत है। शहरों में ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट आ रहा है लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। शहर में ग्रीन एनर्जी पर ध्यान दिया भी दिया जा रहा है, लेकिन इस दिशा में और काम करने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने कहा कि अभी भी मलेरिया और डेगू जैसी बीमारियां शहरों में हर साल फैलती है। स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना होगा। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरी क्षेत्रों जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति को गौंड पेंटिंग भेंट की। स्मार्ट सिटी से जुड़ी तीन किताबों का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में अगली स्मार्ट सिटी अवार्ड स्पर्धा की घोषणा की गई। अगले साल 10 जनवरी तक स्मार्ट शहर अपनी प्रविष्टियां भेज सकते है।

## पटनायक के खिलाफ भाजपा का विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**भुवनेश्वर,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। ओडिशा विधानसभा में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया जिसे लेकर सदन में जोरदार हंगामा हुआ। भाजपा के मुख्य सचेतक मोहन माझी ने पटनायक पर विपक्ष पर हमला करने और विधानसभा की गरिमा को कम करने का आरोप लगाया। आरोप के अनुसार मुख्यमंत्री ने 25 सितम्बर को सदन में अपने स्वत: संज्ञान बयान में विपक्षी दलों को कथित तौर पर जनविरोधी कहा था। इस मुद्दे को लेकर भाजपा पटनायक से माफी की मांग कर रही है। शून्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस पेश करते हुए माझी ने आरोप लगाया कि पटनायक ने विपक्षी दलों का अपमान किया है और सदन और सदस्यों की गरिमा को ठेस पहुंचाई है।

मांझी ने मांग की कि मुख्यमंत्री 25 सितम्बर को सदन में दिए अपने बयान के लिए सदन से माफी मांगें। उन्होंने कहा कि पटनायक ने 25 सितम्बर को सदन में एक बयान में कहा था कि विपक्ष जनविरोधी है और लोग उन्हें करारा जवाब देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा था कि लोग खुश हैं, जनप्रतिनिधि खुश हैं और विपक्षी सदस्यों को राजनीतिक कारणों से नाखुश नहीं होना चाहिए। माझी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने अपने सचिव को बचाने के लिए सदन में बयान दिया और विपक्ष का अपमान किया। उन्होंने कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधि हैं और जनता ने हमें चुना है और मुख्यमंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि हम जनविरोधी कैसे हो सकते हैं।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक युगांतकारी : धनखड़

**नई दिल्ली,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को एक युगांतकारी करार देते हुए बुधवार को कहा कि जब तक 50 प्रतिशत मानवता के लिए न्याय सुनिश्चित नहीं किया जाता तब तक समाज का विकास नहीं हो सकता। धनखड़ ने बुधवार को राजस्थान में बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (बिट्स) पिलानी के छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में एक तिहाई आरक्षण देने के विधेयक का उल्लेख करते हुए कहा कि यह महिलाओं के अधिकारों की मान्यता और उनके अधिकार की पुष्टि है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आम जनता के जीवन को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा को सबसे प्रभावी और प्रभावशाली यंत्र बताया और कहा कि इससे भारत के विकास में तेजी आएगी।



- राजस्थान में बिट्स पिलानी के छात्रों को किया संबोधित
- जीवन की बेहतरी के लिए शिक्षा को बताया प्रभावी यंत्र

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जवाबदेही और नागरिक भागीदारी के महत्व को सुदृढ़ करते हुए प्रत्येक नागरिक को संसद में याचिका प्रस्तुत करने का अधिकार है। उपराष्ट्रपति जगदीप ने कहा कि जी-20 सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ को शामिल करना भारत के सभ्यतागत लोकाचार के साथ गहराई से मेल खाता है।

### भ्रष्टाचार लोकतंत्र व विकास का हत्यारा

भ्रष्टाचार को लोकतंत्र और विकास का हत्यारा करार देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में, सत्ता के दलालों के प्रभाव वाले सत्ता गलियारों को बेअसर करने के लिए महत्वपूर्ण प्रगति की गई है। उन्होंने लोगों से भारतीय संस्थानों को कलंकित करने, बदनाम करने और कमजोर करने वाले भारत विरोधी वक्तव्यों का सक्रिय रूप से मुकाबला करने का आह्वान किया।

## सार संक्षेप

### ईद-ए-मिलाद की ओम बिरला ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ईद-ए-मिलाद उन नबी की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। बिरला ने अपने संदेश में कहा कि ईद-ए-मिलाद के अवसर पर शुभकामनाएं। इस दिन, आइए हम करुणा, एकता और भाईचारे के संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करें। इस अवसर पर मैं सभी भारतीयों के लिए शांति, सहिष्णुता, दया और समझ की कामना करता हूं।

### तमिलनाडु कांग्रेस पदाधिकारी की सड़क दुर्घटना में मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के एक जिला पदाधिकारी की कल रात उपनगरीय तांबरम के पास एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। कांचीपुरम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अलावुर नागराज की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब नागराज सड़क किनारे एक भोजनालय में खाना खा रहे थे तब एक वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। नागराज वालाजाबाद यूनियन काउंसलर भी थे।

### गया में लोजपा नेता की गोली मारकर हत्या

**गया।** बिहार में गया जिले के आमस थाना क्षेत्र के गमहरिया गांव के निकट जीटी रोड पर आज बाइक सवार तीन अपराधियों ने लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा-पशुपति गुट) नेता अनवर खान की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि आमस थाना क्षेत्र के सिहुली गांव के रहने वाले लोजपा नेता अनवर खान सैलून से आ रहे थे। जैसे ही वे गमहरिया बाजार के पास पहुंचे तभी बाइक सवार तीन अपराधियों ने उनपर ताबड़तोड़ गोलिया चलानी शुरू कर दी। जब-तक लोग कुछ समझ पाते तीनों अपराधी मोटरसाइकिल छोड़कर मौके से फरार हो गए। लोजपा नेता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### मोदी की तेलंगाना यात्रा को लेकर तैयारियां तेज

**हैदराबाद।** तेलंगाना की मुख्य सचिव शांति कुमारी ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक अक्टूबर की राज्य की प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों के लिए विभिन्न विभागों के साथ मिलकर सावधानीपूर्वक व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजधानी 365 खम्मम-सूर्यपेट सड़क को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और वारंगल-खम्मम तथा खम्मम-विजयवाड़ा एनएच 163 ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल राजमार्ग की आधारशिला रखेंगे, जो नागपुर-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारा का एक हिस्सा है।

## पूर्व विधान पार्षद रणवीर नंदन ने जदयू से दिया इस्तीफा

**पटना,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के पूर्व विधान परिषद सदस्य रणवीर नंदन ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया और इसके तुरंत बाद ही जदयू ने उन्हें निष्कासित कर दिया। नंदन ने बुधवार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को अपना त्याग पत्र भेजा, जिसमें लिखा था, मैं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं। उन्होंने इस त्यगपत्र में पार्टी को छोड़ने का कोई कारण नहीं बताया है। वहीं, नंदन के इस्तीफा देने के तुरंत बाद ही जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने उनकी (नंदन की) पार्टी की प्राथमिक सदस्यता रद्द करते हुए उन्हें छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। कुशवाहा की ओर से जारी पत्र में कहा गया है, आपके द्वारा पार्टी की विचारधारा से विपरीत लगातार प्रेस विज्ञप्ति जारी करने, बयान देने और पार्टी विरोधी कार्य में संलिप्त रहने के कारण तत्काल प्रभाव से पार्टी के सभी पद से पदमुक्त कर प्राथमिक सदस्यता रद्द करते हुए छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित किया जाता है। गौरतलब है कि राजनीतक गलियारे में कयास लगाया जा रहा है कि नंदन को जदयू के उचित स्थान नहीं दिये जाने की वजह से काफी समय से नाराज चल रहे थे और अंततः उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। साथ ही यह भी माना जा रहा है कि वह जल्द ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का फिर से दामन थामेंगे।

**पार्टी ने किया निष्कासित**

## दिग्विजय ने सिंधिया पर बोला हमला

# बिकने वाले बिक गए अब कोई बिकने वाला नहीं

**उज्जैन,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ज्योतिरादित्य सिंधिया पर हमला बोलते हुए कहा कि जो बिकने वाले थे बिक गए अब कांग्रेस में बिकने वाला कोई नहीं है। सिंधिया कहीं से भी चुनाव लड़ें पार्टी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उनके बारे में तो मेरे विचार उसी दिन खत्म हो गए थे जब वे भाजपा में चले गए थे। उनके लड़ने से कांग्रेस को कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। लोगों ने मन बना लिया है कि जो लोग धोखा देते हैं ऐसे लोगों को इस बार जनता धोखा देने वाली है। इन लोगों के साथ भी इस बार जनता उसी प्रकार का व्यवहार करेगी जो की होना चाहिए। उज्जैन में नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में दिग्विजय सिंह ने कहा कि ऐसी वीभत्स घटना में सख्ती से कार्रवाई होना चाहिए और दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलना चाहिए। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह बुधवार को बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचे, जहां उन्होंने चांदी द्वार से भगवान महाकाल का पूजन-अर्चन किया। इस दौरान वे हाथ जोड़कर बाबा महाकाल की भक्ति में लीन दिखाई दिए। दिग्विजय ने कहा कि भाजपा ने व्यापारियों को लूटा है, चंदा वसूली की और जीएसटी के नाम पर व्यापारियों को परेशान किया। हमने 15 महीने की सरकार के दौरान किसानों का 2 लाख का कर्ज माफ करने का निर्णय लिया था जिसमें 27 लाख किसानों के 1 लाख तक के कर्ज माफ भी हुए। हमारा वादा 2 लाख तक का था हम किसानों के 2 लाख तक का कर्ज माफ कर देते लेकिन तब तक उन्होंने सरकार गिरा दी। यानी भाजपा ने किसानों के साथ भी नुकसान किया। उनका भला भी नहीं किया। अनुसूचित जाति के भाइयों बहनों के बच्चों के बैकलॉग खाली पड़ा है, वह नहीं भरा जा रहा है। डेढ़ लाख नौकरियां उनको मिल सकती थीं वह नहीं भरी गईं। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति जनजाति के बच्चों को जो छात्रवृत्ति मिलती थी पिछले 3 सालों से वह छात्रवृत्ति उन्हें नहीं मिल पाई। भाजपा पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग पूरी नहीं कर पाए, जबकि हमने उसे पूरा कर दिया था।



धोखेबाजों को जनता देगी धोखा : दिग्विजय सिंह

### भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा फ्लॉप

भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा पर हमला करते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि आज कौन सा वर्ग भाजपा को आशीर्वाद दे, जब लोगों को परेशान कर रहे हो, उनका हक छीन रहे हो। भाजपा को लोगों का काम करना चाहिए या उन्हें दर्द देना चाहिए। इसीलिए भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा फ्लॉप हो गई। आज लोगों में गुस्सा है और वह अब भाजपा को दंड देने के लिए बैठे हुए हैं। दिग्विजय सिंह ने कहा कि अब भाजपा को काली कमाई का गुरूर है कि हम सभी को खरीद लेंगे लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि जो बिकने वाले थे वे बिक गए, अब कोई बिकने वाला नहीं है।

## मध्य प्रदेश में महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर

- महिला सशक्तिकरण के प्रतिबद्ध सरकार ने कीं अहम पहले
- स्थानीय निकाय चुनावों में 17 हजार महिलाओं ने चुनाव जीता

**भोपाल,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध मध्य प्रदेश में बहनें चहुंओर तरक्की कर रही हैं। महिला उद्यमिता से लेकर, आवास योजना हो या फिर शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देना प्रदेश सरकार की शुरुआती योजनाओं ने महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए एक खुला आसमान दिया है। जिसका असर अब परिणाम के रूप में सामने आने लगा है। प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने के कारण बहनें आर्थिक रूप से स्वावलंब हुई और स्थानीय निकाय चुनावों में स्वयं सहायता समूहों की 17 हजार महिलाओं ने चुनाव जीता। महिला के नाम संपत्ति होने पर पंजीयन शुल्क घटाकर एक प्रतिशत कर दिया गया, जिससे महिलाओं को घर में बराबरी का दर्जा मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्य प्रदेश के एमवाई का नारा दिया गया, जिसका सीधा आश्य महिला योजना से है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में शुरू की गई महिला विकास एवं सशक्तिकरण की योजनओं से बहनें आत्मनिर्भर हो रही हैं। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए राज्य की सरकार शुरू से इस बात की पैरोकार रही है कि महिलाओं को कारोबार शुरू करने के लिए हर संभव अनुकूल परिस्थितियां दी जाएं। इसके लिए सहकार के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया गया। बाल विवाह कम होने और बीच में पढ़ाई छोड़ने वाली बेटियों की संख्या बढ़ोतरी हुई, बेटियों को आगे बढ़ने की राह दिखी तो उत्साह दोगुना हुआ। 12वीं कक्षा में पास टॉप करने वाली बेटियों को प्रदेश सरकार द्वारा ई स्कूटी दी जा रही है। प्रदेश में बेटियों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर व्यवसाय में भी आगे बढ़ाने के लिए सरकार सहयोग कर रही है। जिससे बहनों का भविष्य उज्ज्वल हो रहा है।

### स्वयं सहायता समूहों से 57 लाख परिवारों को जोड़ा

मध्य प्रदेश में 4 लाख 78 हजार स्वयं सहायता समूहों से 57 लाख परिवारों को जोड़ा गया। अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए इच्छुक पांच लाख स्वयं सहायता समूहों को 6083 करोड़ का क्रेडिट लिंकेज दिलाया गया। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा एक अप्रैल 2007 में लाड़ली लक्ष्मी योजना की शुरूआत की गई, योजना के माध्यम से अब तक 13 लाख 30 हजार बेटियों को 366 करोड़ रुपए से ज्यादा की छात्रवृति दी जा चुकी है। योजनाओं को शुरू करने और संचालित करने में धन की कमी को आड़े नहीं आए इसके लिए सबसे पहले महिला एवं बाल विकास के वार्षिक बजट को बढ़ाया गया। वर्ष 2003 से पहले विभाग का वार्षिक बजट मात्र 262.60 करोड़ रुपए था, जिसे बढ़ाकर 14,688 करोड़ रुपए कर दिया गया।

## केसीआर ने ईद मिलाद उन नबी पर दी बधाई



**हैदराबाद,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने मिलाद उन नबी के अवसर पर मुसलमान भाइयों को बधाई दी। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि मुसलमानों का मानना है कि अल्लाह ने विश्व शांति की स्थापना के लिए मुहम्मद को आखिरी पैगंबर नियुक्त किया था। मुख्यमंत्री केसीआर ने कामना की कि पैगंबर मोहम्मद की शांति, करुणा, धार्मिक सोच, दान, एकता और सभी मनुष्यों की समानता जैसी शिक्षाएं पूरी दुनिया में फैलेंगी। मुस्लिम अल्पसंख्यक लोगों के सामाजिक-आर्थिक और आध्यात्मिक विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम फलदायी हैं। केसीआर ने साफ कर दिया कि तेलंगाना में गंगा जमुना तहजीब के संरक्षण के लिए उनके प्रयास जारी रहेंगे।

## आदिवासी, सरना धर्म कोड पारित करे केंद्र : सोरेन



**रांची,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुन: मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आदिवासियों के हित में आदिवासी, सरना धर्म कोड पारित करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से कहा कि हम आदिवासी समाज के लोग प्राचीन परंपराओं एवं प्रकृति के उपासक हैं तथा पेड़ों, पहाड़ों की पूजा और जंगलों को संरक्षण देने को ही अपना धर्म मानते हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार देश में लगभग 12 करोड़ आदिवासी निवास करते हैं। झारखंड प्रदेश जिसका मैं प्रतिनिधित्व करता हूं एक आदिवासी बाहुल्य राज्य है, जहां इनकी संख्या एक करोड़ से भी अधिक है। झारखंड की एक बड़ी आबादी सरना धर्म को मानने वाली है।

इस प्राचीनतम सरना धर्म का जीता-जागता ग्रंथ स्वंय जल, जंगल, जमीन एवं प्रकृति हैं। सरना धर्म की संस्कृति, पूजा पद्धति, आदर्श एवं मान्यताएं प्रचलित सभी धर्मों से अलग है। मुख्यमंत्री ने कहा झारखंड ही नहीं अपितु पूरे देश का आदिवासी समुदाय पिछले कई वर्षों से अपने धार्मिक अस्तित्व की रक्षा के लिए जनगणना कोड में प्रकृति पूजक आदिवासी/ सरना धर्मावलंबियों को शामिल करने की मांग को लेकर संघर्षरत है। प्रकृति पर आधारित आदिवासियों के पारंपरिक धार्मिक अस्तित्व के रक्षा की चिंता निश्चित तौर पर एक गंभीर सवाल है। आज आदिवासी/सरना धर्म कोड की मांग इसलिए उठ रही है ताकि प्रकृति का उपासक यह आदिवासी समुदाय अपनी पहचान के प्रति आश्वस्त हो सके। वर्तमान में जब समान नागरिक संहिता की मांग कतिपय संगठनों द्वारा उठाई जा रही है, तो आदिवासी / सरना समुदाय की इस मांग पर सकारात्मक पहल उनके संरक्षण के लिए नितांत ही आवश्यक है।

चिंता — *कश्मीर में कई सालों से जान ले रहे अखरोट के पेड़*

# पिछले तीन सालों में पेड़ से गिरकर 16 लोगों की गई जान

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 27 सितम्बर (देशबन्धु)। यह जानकर आप हैरान होंगें की कश्मीर में पेड़ भी कश्मीरियों की जानें ले रहे हैं। यह सच है कि अखरोट के पेड़ अक्सर जानलेवा बन जाते हैं और उन पर चढ़ने वाले कश्मीरी जमीन पर गिर कर जान गंवा दे रहे हैं। आज भी अनंतनाग में एक कश्मीरी।**

साहिल बट की इसी तरह जान चली गई है। वैसे यह कोई पहला हादसा नहीं था कश्मीर में बल्कि पिछले तीन सालों में अखरोट के पेड़ों से गिरकर जान गंवाने वालों की संख्या 16 को पार कर चुकी है। सबसे अधिक मौतें वर्ष 2021 में हुई थी।

जब 6 ने जान गंवा दी। अखरेट के पेड़ से गिर कर कश्मीरी सिर्फ जान ही नहीं गंवा रहे हैं बल्कि कईयों के सिर भी फूट चुके हैं, कइयों की हड्डियां भी टूट चुकी हैं और कई बिस्तर पर जिन्दगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं।



- कश्मीर में जितना भी ड्राई फ्रूट पैदा होता है उसमें 98 प्रतिशत स्थान अखरोट का है

दरअसल कश्मीर में प्रतिवर्ष 2.66 लाख मीट्रिक टन अखरोट 90 हजार हेक्टर भूमि पर उगाया जाता है। कश्मीर में जितना भी ड्राई फ्रूट पैदा होता है उसमें 98 प्रतिशत स्थान अखरोट का है और इस समय अखरोट के पेड़ों से फलों को एकत्र करने का सीजन चल रहा है। क

रीब सवा सौ करोड़ के अखरोट के बाजार में अखरोट को एकत्र करना कोई आसान कार्य नहीं है। तीस से 40 फुट की ऊंचाई वाले पेड़ों पर बिना किसी रस्सी और सुरक्षा उपकरणों के चढ़ कर फलों को एकत्र करने का जोखिम ही अब कश्मीरियों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। हालांकि कश्मीर में नए बने हुए इस व्यावसायिक खतरे से निपटने को बागवानी विभाग कई बार कार्यशलाओं का भी आयोजन कर चुका है तथा कश्मीरियों को सुरक्षा प्रबंध करने की ताकिद भी कर चुका है पर किसी ने भी विभाग की चेतावनियों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। नतीजतन पेड़ों से गिर कर होने वाली मौतों और चोटों का आंकड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। अधिकारिक रूप से जम्मू-कश्मीर में अखरोट का पेड़ काटने पर बैन लगा हुआ है।

जानकारों की मानें तो अखरोट के पेड़ की लकड़ी फर्नीचर के लिए बहुत अच्छी मानी जाती है। कश्मीर में घरों में भी अखरोट के पेड़ की लकड़ी का इस्तेमाल किया जाता है। सूत्र बताते हैं कि बैन लगा होने के बाद भी कई बार अखरोट के पेड़ काटे जाने की खबरें आती रहती हैं क्योंकि डिमांड के चलते लकड़ी का दाम अच्छा मिल जाता है। इस बात का सुबूत यह है कि थोड़ी सी मेहनत और जान-पहचान के बाद आज भी अखरोट के पेड़ की लकड़ी से बना फर्नीचर मिल ही जाता है।

अखरोट देने वाले एक पेड़ की उम्र 150 से 200 साल तक होती है।कई पुराने पेड़ आज भी कश्मीर में लगे हुए हैं। पुराने पेड़ों की खूब देखभाल होती है।






**आने वाले महीनों में मेरी स्पेशल ट्रिप का प्लान, फ्रांस और पेरू के बीच में उलझी हूं: निक्की शर्मा**

मुंबई, 27 सितम्बर (एजेंसियां)। शो 'प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति' में 'शक्ति' की भूमिका निभा रही एक्ट्रेस निक्की शर्मा ने 'विश्व पर्यटन दिवस' पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि दुनिया अद्‌भुत जगहों से भरी है और हर यात्रा अपने आप में एक खास अनुभव है। दिल्ली की रहने वाली निक्की ने कहा कि 'विश्व पर्यटन दिवस' पर, वह केवल अपनी अद्‌भुत यात्राओं के बारे में सोच सकती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, 'यात्रा करना सिर्फ नई जगहों पर जाने के बारे में नहीं है। यह खुद को बेहतर तरीके से जानने के बारे में भी है। मैं गोवा गई हूं और लंदन, सर्बिया और आयरलैंड की बिजी सड़कों का अनुभव भी किया है। हर एक लोकेशन की अपनी स्पेशल स्टोरी मेरे दिल में है।'

# आईआईटी कानपुर ने खोजा दूर बैठे फेफड़ों के मरीजों की निगरानी का उपाय




**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर ने फेफड़ों को स्वस्थ्य रखने के लिए 'ए-कंटीन्यूअस लंग हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम' नामक एक तकनीक विकसित की है। यह दूर बैठे मरीज की न सिर्फ निगरानी करेगा, बल्कि उसकी आवाज का डेटा एकत्रित कर इलाज में सहयोग प्रदान करेगा।**

**कानपुर,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर ने फेफड़ों को स्वस्थ्य रखने के लिए 'ए-कंटीन्यूअस लंग हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम' नामक एक तकनीक विकसित की है। यह दूर बैठे मरीज की न सिर्फ निगरानी करेगा, बल्कि उसकी आवाज का डेटा एकत्रित कर इलाज में सहयोग प्रदान करेगा। इस प्राणली से डॉक्टरों को मरीजों की किसी भी स्थिति में परिवर्तन गिरावट के बारे में तत्काल जानकारी हो जायेगी। यह तकनीक आईआईटी कानपुर ने आईआईटी खड़गपुर और आईआईआईटी रायपुर के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर विकसित की है। यह मास्क रिपोर्ट बताने के साथ डॉक्टर तक भी रियल टाइम रिपोर्ट भेज देगा। संस्थान के कार्यवाहक निदेशक प्रो. एस गणेश ने बताया कि इस सिस्टम का नाम ए कंटीन्यूअस लंग हेल्थ मॉनीटरिंग सिस्टम रखा गया है। इसे विकसित करने के लिए इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने वित्तीय सहायता दी थी। इसका पेटेंट मिल गया है। प्रो. एस गणेश ने बताया कि शोधकर्ताओं की टीम ने एक किफायती और क्रांतिकारी रोगी निगरानी प्रणाली का आविष्कार किया है, जो विशेष रूप से फेफड़ों की देखभाल की क्षमता को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह आईआईटी कानपुर की अत्याधुनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो मरीजों को सीधे लाभ पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि यह देखा गया है कि संक्रामक फेफड़ों की बीमारियों के कारण मरीज आमतौर पर घर पर ही रहते हैं, जिससे निरंतर चिकित्सा निगरानी के लिए चुनौतियां पैदा होती हैं। रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम एक समाधान तो प्रदान करते हैं, फिर भी उन्हें देरी और नेटवर्क समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में आईआईटी कानपुर की यह तकनीक फेफड़ों की बीमारी के डेटा तक तेजी से पहुंच प्रदान करती है और मरीज की कहीं भी बैठकर बीमारी की निगरानी करने की सुविधा देती है। इस सिस्टम में अत्यधिक संवेदनशील ध्वनि सेंसर के साथ ध्वनिक मास्क है जिसे मुंह और नाक में लगाया जाएगा। इससे श्वास की आवाज को इंटेलीजेंट कार्ड व साउंड कार्ड डिवाइस तक पहुंचेगी। यह डिवाइस में एक वाई-फाई मॉड्यूल लगा है। इसमें प्रोसेसिंग इकाई है, जिसमें इनबिल्ट मेमोरी और माइक्रोप्रोसेसर है जो रिपोर्ट तैयार करेगी। इसके बाद रियल टाइम रिपोर्ट डॉक्टर तक पहुंचाने में मदद करेगी।

प्रो.एस गणेश ने कहा कि इस उपकरण का रोगी स्वास्थ्य निगरानी बाजार पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा क्योंकि यूएस-आधारित मार्केट्स एंड मार्केट्स की एक वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार यह अनुमान लगाया गया है कि 2027 तक निगरानी उपकरणों का मूल्य पूर्वानुमानित अवधि के दौरान 9.1 फीसद की सीएजीआर से बढ़कर 65.4 बिलियन डॉलर होने की संभावना है।

# धोने के बाद चेहरे की त्वचा के सख्त होने का खुलासा



**'यह कार्य इस बात की एक नई समझ प्रदान करता है कि उत्पाद हमारी त्वचा के भौतिक गुणों को कैसे प्रभावित करते हैं जिसमें न केवल त्वचा का स्वास्थ्य बल्कि त्वचा की संवेदी धारणा भी शामिल है। यह एक महत्वपूर्ण प्रगति है:- रेनहोल्ड डौस्कार्ड,**

**न्यूयॉर्क,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। क्या आपने कभी सोचा है कि क्लींजर से धोने के बाद आपके चेहरे की त्वचा सख्त क्यों महसूस होती है? एक शोध में इस समस्या के पीछे का कारण पता चला है। शोध से इस बात का पता चला है कि यह हमारी त्वचा की सबसे बाहरी परत स्ट्रेटम कॉर्नियम के संकुचन के कारण होता है। त्वचा शरीर का सबसे बड़ा अंग है। यह लगातार हमारे आस-पास के वातावरण के संपर्क में रहती है। स्ट्रेटम कॉर्नियम अवांछित रसायनों और बैक्टीरिया को बाहर रखने और नमी बनाए रखने के लिए एक बाधा के रूप में कार्य करता है। अमेरिका में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने दिखाया है कि कैसे हमारी त्वचा की बाहरी सतह परिवर्तन संवेदनाओं में तब्दील हो जाती है। यह निर्धारित करने के लिए एक मात्रात्मक दृष्टिकोण कि मॉइस्चराइजर या क्लींजर का उपयोग करने के बाद लोग अपनी त्वचा को कैसा महसूस करेंगे।

स्टैनफोर्ड के सामग्री विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर रेनहोल्ड डौस्कार्ड ने कहा, 'यह कार्य इस बात की एक नई समझ प्रदान करता है कि उत्पाद हमारी त्वचा के भौतिक गुणों को कैसे प्रभावित करते हैं जिसमें न केवल त्वचा का स्वास्थ्य बल्कि त्वचा की संवेदी धारणा भी शामिल है। यह एक महत्वपूर्ण प्रगति है।' टीम ने अनुमान लगाया कि इस सिकुड़न या सूजन से उत्पन्न यांत्रिक बल त्वचा के माध्यम से एपिडर्मिस के नीचे मैकेनोरिसेप्टर (एक इंद्रिय अंग) तक पहुंचते हैं, जो तब मस्तिष्क को संकेत भेजते हैं जिसे हम त्वचा की जकड़न की भावना के रूप में समझते हैं। 'पीएनएएस नेक्सस' जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने मानव शरीर के तीन स्थानों - गाल, माथे और पेट - की त्वचा के नमूनों पर नौ अलग-अलग मॉइस्चराइजिंग फॉर्मूला और छह अलग-अलग क्लींजर के प्रभावों का अध्ययन किया। उन्होंने प्रयोगशाला में स्ट्रेटम कॉर्नियम में परिवर्तनों को मापा और फिर उस जानकारी को मानव त्वचा के परिष्कृत मॉडल में डाला ताकि मैकेनोरिसेप्टर्स द्वारा भेजे जाने वाले संकेतों की भविष्यवाणी की जा सके। उनके विश्लेषण की भविष्यवाणियां लगभग पूरी तरह से प्रत्येक सूत्र के लिए मानव परीक्षणों में लोगों द्वारा बताई गई बातों से मेल खाती हैं।

लोरियल रिसर्च एंड इनोवेशन के सहयोगियों ने नौ मॉइस्चराइजर का आकलन करने के लिए फ्रांस में 2,000 महिलाओं और चीन में छह क्लींजर का आकलन करने के लिए 700 महिलाओं को भर्ती किया। प्रतिभागियों को दिए गए फ़ॉर्मूले का उपयोग करने के बाद त्वचा की जकड़न की उनकी कथित भावनाओं को क्रमबद्ध किया गया। डॉसकार्ड ने कहा, 'त्वचा उपचार प्रसाधनों का उपयोग करने के बाद लोग कैसा महसूस करेंगे यह समझने के लिए सौंदर्य प्रसाधन कंपनियों को अपने फॉर्मूलेशन में सुधार करने में मदद मिल सकती है।'

## उत्तराखंड के भरदूरा पट्टी में शिकारी ने शूट कर आदमखोर गुलदार का किया अंत



**टिहरी,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। लम्बे समय से उत्तराखंड के भरदूरा पट्टी के भरपुरिया गांव के लोग आदमखोर गुलदार के डर में जीने को मजबूर थे। 1 अगस्त को लमगांव इलाके में एक महिला को अपना निवाला बनाने के बाद 26 अगस्त को फिर भरपूरिया गाँव के एक मासूम बच्चे को इस आदमखोर गुलदार ने अपना निवाला बनाया था। अब इसे शूट कर मार दिया गया है। गुलदार के आतंक पर पूरे इलाके के ग्रामीणों ने वन विभाग के ख़िलाफ़ ज़बरदस्त रोष प्रकट किया था। इसके बाद विभाग ने इस आदमखोर गुलदार को मारने का परमिट जारी किया। मशहूर शिकारी जॉय हुकिल को ये ज़िम्मा दिया गया। वन रेंज अधिकारी मुकेश रतूड़ी ने बताया सोमवार शाम को गुलदार ने गांव की सड़क पर आवारा गाय को निवाला बनाया था। तभी से शूटर उसी जगह पर गुलदार के पहुंचे का इंतजार कर रहे थे। मंगलवार शाम करीब सवा 7 बजे गुलदार को शूटर जॉय हुकिल ने प्राथमिक स्कूल से 10 मीटर पहले शूट किया। नर गुलदार की उम्र 8 साल है। वन रेंज अधिकारी ने बताया कि गुलदार को शूट करने के लिए गांव में 2 ट्रैप कैमरा, पिंजरा और शिकारी तैनात किया गया था। ठीक

## न्यूजीलैंड में पिछले दशक के 10 सबसे गर्म वर्षों में से आठ में रिकॉर्ड गर्मी



**वेलिंगटन,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड में 2022 तक दर्ज किए गए 10 सबसे गर्म वर्षों में से आठ पिछले दशक में सबसे गर्म वर्ष रहे हैं। सांख्यिकी विभाग स्टैट्स एनजेड ने बुधवार को यह जानकारी दी। स्टैट्स एनजेड के पर्यावरण और कृषि सांख्यिकी के वरिष्ठ प्रबंधक स्टुअर्ट जोन्स ने कहा, 'पिछली शताब्दी में देश भर में औसत वार्षिक तापमान में वृद्धि हुई है और 2022 में दर्ज किए गए रिकॉर्ड पर सबसे गर्म वर्ष था।' उन्होंने बताया कि 1909 से 2022 के बीच न्यूजीलैंड का वार्षिक औसत तापमान 1.26 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया। देश भर में 30 स्थानों पर औसत वार्षिक तापमान 1972 और 2022 के बीच बढ़ा हुआ दिखाया गया। ये रुझान औसत तापमान के वैश्विक रुझानों के अनुरूप हैं, जिसमें पिछली शताब्दी में लगभग एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। बढ़ते तापमान का कृषि, ऊर्जा मांग, पारिस्थितिकी तंत्र और मनोरंजन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। स्टैट्स एनजेड ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वॉटर एंड एटमॉस्फेरिक रिसर्च की सात-स्टेशन तापमान शृंखला के आधार पर, 1909 और 2022 के बीच राष्ट्रीय औसत तापमान दिखाते हुए अपने तापमान पर्यावरण संकेतक को अपडेट किया।

# सुल्तान ऑफ दिल्ली में काम कर खुश है मौनी रॉय



**मुंबई,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री मौनी रॉय फिल्म सुल्तान ऑफ दिल्ली में काम कर बेहद खुश है। सुल्तान ऑफ दिल्ली, असेंशन बाय अर्णब रे किताब पर आधारित है।इस सीरीज के प्रोड्यूसर रिलायंस एंटरटेनमेन्ट और इसका निर्देशन मिलन लुथरिया ने किया है। सुपर्ण वर्मा ने इसे सह-निर्देशित किया है और इसके सह-लेखक भी हैं। मौनी रॉय ने 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' में नयनतारा की भूमिका निभायी है। सुल्तान ऑफ दिल्ली में अपने किरदार के बारे में मौनी रॉय ने कहा, नयनतारा आजाद और निडर है। उसके विचार स्पष्ट हैं और वह जानती है कि उसे क्या चाहिये। वह एक बंगाली शेरनी जैसी है। जब मैं पहली बार मिलन सर से मिली और उन्होंने इस किरदार के बारे में मुझे बताया, तब मैं अपने मन में उम्मीद कर रही थी कि वह मुझे लेंगे। वह जिस तरह से सोचती है, महसूस करती है और अपने रास्ते में आगे बढ़ती है, इससे मैं सचमुच प्रभावित हुई। यदि आप किताब को पढ़ेंगे, तो उसकी दुनिया में होने का अनुभव करेंगे और मैं यही चाहती थी, इसलिये अपनी भूमिका से बेहद खुश हूं। सुल्तान ऑफ दिल्ली में ताहिर राज भसीन, अंजुम शर्मा, विनय पाठक और निशांत दहिया,अनुप्रिया गोयनका, मौनी रॉय, हरलीन सेठी और मेहरीन पीरज़ादा की मुख्य भूमिका है। 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' 13 अक्टूबर 2023 को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी।



## 13 अक्टूबर को रिलीज होगी तापसी पन्नू की फिल्म धकधक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू निर्मित फिल्म धकधक 13 अक्टूबर को रिलीज होगी। तापसी पन्नू फिल्म धक-धक से बतौर प्रोड्यूसर नया सफर शुरू करने जा रही हैं। इस फिल्म को तापसी पन्नू वायाकॉम 18 के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रही हैं।

तरुण दुदेजा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में फातिमा सना शेख ,दीया मिर्जा, रत्ना पाठक शाह और संजना सांघी की मुख्य भूमिका है।फातिमा सना शेख ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म धकधक का पोस्टर शेयर किया, जिसमें फातिमा सना शेख, रत्ना पाठक शाह, दीया मिर्जा और संजना सांघी नजर आ रही हैं। इस पोस्टर में चारों बाइक पर सवार हैं। तापसी पन्नू ने फिल्म धकधक के पोस्टर को शेयर करते हुए लिखा, मेरी चार हीरोज आपको एक ऐसे सफर पर आपको ले जाने के लिए तैयार हैं, जो आपको जिंदगी भर याद रहेगा। फिल्म 'धक-धक' 13 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## डेंगू का डेन-2 स्ट्रेन मिलने से गाजियाबाद के सरकारी अस्पतालों में जांच शुरू

**डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए लगातार स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर**



**गाजियाबाद**, 27 सितम्बर (एजेंसियां)। डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए लगातार स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है लेकिन दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा में मरीजों में डेंगू का डेन-2 स्ट्रेन पाए जाने के बाद स्वास्थ्य महकमा और चौकन्ना हो गया है। गाजियाबाद और नोएडा में स्वास्थ्य विभाग ने सभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डेंगू-मलेरिया की जांच शुरू कर दी है। अस्पतालों में बेड आरक्षित कर दिए गए हैं। 26 सितम्बर की शाम तक गाजियाबाद में डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 594 पहुंच गई है। यहां अब तक दो मरीजों की मौत हो चुकी है। डॉक्टरों के अनुसार, दोनों मरीजों की मेडिकल हिस्ट्री देखी गई तो मल्टी ऑर्गन फेल्योर से मौत होने की बात सामने आई है। गौतमबुद्धनगर में भी 26 सितंबर तक डेंगू मरीजों की संख्या 506 पहुंच गई है। गाजियाबाद में स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर आरके गुप्ता ने बताया, 10 सितंबर को डेंगू के 50 पॉजिटिव और निगेटिव सैंपल जांच के लिए केजीएमसी लखनऊ भेजे गए थे। रैंडमाइजेशन के बाद इसमें पांच केस डेन-2 सीरो टाइपिंग मिले हैं। बता दें कि पिछले दिनों नोएडा में भी 17 मरीजों में डेंगू के डेन-2 स्ट्रेन की पुष्टि हुई थी।

# चीन ने अपना नवीनतम रिमोट सेंसिंग उपग्रह प्रक्षेपित किया



**जिउक्वान,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन ने बुधवार को उत्तर पश्चिम चीन के जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से अपना नवीनतम रिमोट सेंसिंग उपग्रह अंतरिक्ष में भेजा। उपग्रह, याओगन-33 04, को लॉन्ग मार्च-4सी वाहक रॉकेट पर सुबह 4:15 बजे (बीजिंग समय) पर प्रक्षेपित किया गया। यह सफलतापूर्वक अपनी नियोजित कक्षा में प्रवेश कर गया है। उपग्रह का उपयोग वैज्ञानिक प्रयोगों, भूमि संसाधन सर्वेक्षण, फसल उपज अनुमान और आपदा रोकथाम और राहत कार्यों के लिए किया जाएगा। यह प्रक्षेपण लॉन्ग मार्च वाहक रॉकेट शृंखला का 489वां उड़ान मिशन था।

# आवाज के जादू से संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज किया लता मंगेश्कर ने



**मुंबई,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड में लता मंगेश्कर को ऐसी पार्श्वगायिका के तौर पर याद किया जाता है, जिन्होंने अपनी आवाज के जादू से संगीत प्रेमियों के दिलों पर करीब सात दशक तक राज किया। मध्य प्रदेश के इंदौर में 28 सितम्बर 1929 को जन्मीं लता मंगेशकर (मूल नाम हेमा हरिदकर) के पिता दीनानाथ मंगेशकर मराठी रंगमंच से जुड़े हुये थे। पांच वर्ष की उम्र में लता ने अपने पिता के साथ नाटकों में अभिनय करना शुरू कर दिया। इसके साथ ही लता संगीत की शिक्षा अपने पिता से लेने लगी। उन्होंने वर्ष 1942 में फिल्म किटी हसाल के लिये अपना पहला गाना गाया लेकिन उनके पिता को लता का फिल्मों के लिये गाना पसंद नहीं आया और उन्होंने उस फिल्म से लता के गाये गीत को हटवा दिया। वर्ष 1942 में 13 वर्ष की छोटी उम्र में ही लता के सिर से पिता का साया उठ गया और परिवार की जिम्मेदारी उनके उपर आ गयी। इसके बाद उनका पूरा परिवार पुणे से मुंबई

**'जन्मदिवस 28 सितम्बर के अवसर पर'**

आ गया। लता को फिल्मों में अभिनय करना जरा भी पसंद नहीं था बावजूद इसके परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी को उठाते हुये उन्होंने फिल्मो में अभिनय करना शुरू कर दिया।

वर्ष 1942 मे लता को 'पहली मंगलगौर' में अभिनय करने का मौका मिला। वर्ष 1945 में लता की मुलाकात संगीतकार गुलाम हैदर से हुयी। गुलाम हैदर लता के गाने के अंदाज से काफी प्रभावित हुये। गुलाम हैदर ने फिल्म निर्माता एस .मुखर्जी से यह गुजारिश की कि वह लता को अपनी फिल्म शहीद में गाने का मौका दे। एस.मुखर्जी को लता की आवाज पसंद नही आई और उन्होंने लता को अपनी फिल्म में लेने से मना कर दिया । इस बात को लेकर गुलाम हैदर काफी गुस्सा हुये और उन्होंने कहा यह लड़की आगे इतना अधिक नाम करेगी कि बड़े-बड़े निमार्ता-निर्देशक उसे अपनी फिल्मों में गाने के लिये गुजारिश करेगें।

वर्ष 1949 में फिल्म महल के गाने आयेगा आने वाला गाने के बाद लता बालीवुड में अपनी पहचान बनाने में सफल हो गयी। इसके बाद राजकपूर की बरसात के गाने जिया बेकरार है, हवा मे उड़ता जाये जैसे गीत गाने के बाद लता बालीवुड में एक सफल पार्श्वगायिका के रूप में स्थापित हो गयी। सी.रामचंद्र के संगीत निर्देशन में लता ने प्रदीप के लिखे गीत पर एक कार्यक्रम के दौरान एक गैर फिल्मी गीत ए मेरे वतन के लोगों गाया। इस गीत को सुनकर तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू इतने प्रभावित हुये कि उनकी आंखो मे आंसू आ गये। लता के गाये इस गीत से आज भी लोगो की आंखे नम हो उठती है ।

लता की आवाज से नौशाद का संगीत सज उठता था । संगीतकार नौशाद लता के आवाज के इस कदर दीवाने थे कि उन्होने अपनी हर फिल्म में लता को ही लिया करते थे ।वर्ष 1960 मे प्रदर्शित फिल्म मुगले आजम के गीत मोहे पनघट पे गीत की रिकाडिंग के दौरान नौशाद ने लता से कहा था मैंने यह गीत केवल तुम्हारे लिये ही बनाया है, इस गीत को कोई और नहीं गा सकता है। हिन्दी सिनेमा के शो मैन कहे जाने वाले राजकपूर को सदा अपनी फिल्मो के लिये लता की आवाज की जरूरत रहा करती थी। राजकपूर लता के आवाज के इस कदर प्रभावित थे कि उन्होने लता मंगेश्कर को सरस्वती का दर्जा तक दे रखा था। साठ के दशक में लता पार्श्वगायिकाओं की महारानी कही जाने लगी।

# गौवंश को लंपी से बचाने के लिए एक करोड़ वैक्सीन लगवाएगी यूपी सरकार



■ **उत्तर प्रदेश सरकार ने गोवंश को लंपी चर्म रोग से बचाने के लिए एक माह में एक करोड़ वैक्सीन लगाने का निर्देश दिया**

**लखनऊ,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश सरकार ने गोवंश को लंपी चर्म रोग से बचाने के लिए एक माह में एक करोड़ वैक्सीन लगाने का निर्देश दिया है। प्रतिदिन 3.5 लाख टीकाकरण करने का निर्देश दिया गया है। यूपी के पशुधन व दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने टीम के साथ बैठक कर प्रदेश में लंपी की रोकथाम के लिए किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। सरकार की ओर से कहा गया है कि गोवंश के बचाव के लिए प्रत्येक स्तर पर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाएं। प्रदेश के जो जनपद प्रभावित नहीं हैं, वहां गोटपॉक्स वैक्सीन से टीकाकरण कराया जाएगा। अपर मुख्य सचिव डॉ. रजनीश दुबे ने बताया कि अब तक 65 लाख टीकाकरण किया गया है। प्रदेश के समस्त जनपदों को वैक्सीन उपलब्ध करा दी गई है। अब तक 1,17,84,100 वैक्सीन जनपदों को वितरित की जा चुकी है। बीमारी से 40 जनपद प्रभावित हुए हैं। कुल 8,825 गोवंश प्रभावित हैं। बीमारी से मात्र 59 गोवंश की मृत्यु हुई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोआश्रय स्थलों एवं गोसंरक्षण केंद्रों के सैनिटाइजेशन एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। लंपी रोग से बचाव के लिए और अधिक सतर्कता बरतने व प्रभावित गोवंश के समुचित उपचार का भी निर्देश दिया गया है। वहीं पशु मेला/हाट आदि के आयोजन पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया गया है।

देशबन्धु

रायपुर, गुरूवार 28 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## सांसदी से विधायकी की भाजपायी उलटबांसी

भारतीय जनता पार्टी प्रयोगों के नये दौर से गुजर रही है। दुनिया में नेतृत्व व जनप्रतिनिधित्व का विकास नीचे से ऊपर तरफ होता है। कतिपय अपवादों को छोड़कर अपने कार्यकर्ताओं को ग्राम पंचायत या पार्षद स्तर से विधायकी और फिर वहां से सासंदी का रास्ता दिखलाया जाता है लेकिन भाजपा में उल्टी धारा बह रही है। इसी नवम्बर में जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं उनमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ भी हैं। दोनों राज्यों के अब तक जितने उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है उनमें अनेक ऐसे हैं जो साफ तौर पर भाजपायी प्रयोग के गिनीपिग बनाये जा रहे हैं। ये सांसद हैं लेकिन उन्हें विभिन्न विधानसभाई सीटों पर लड़ाया जा रहा है। कुछ तो मंत्री भी हैं। संसद सदस्यों को राज्यों में विधानसभा चुनाव लड़ने के लिये उतारना साबित करता है कि भाजपा के पास मुद्दों के साथ-साथ चेहरों की भी कमी है। हालांकि कई राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इसके पीछे पार्टी के सर्वेसर्वा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके प्रमुख सहयोगी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सुनियोजित चाल हो सकती है। देखना होगा कि यह कदम आत्मघाती साबित होता है या सफलता दिलाएगा।

छत्तीसगढ़ की पहले बात कर लें! यहां भाजपा बेहद कमजोर स्थिति में है जहां 90 सीटों वाले सदन में उसके केवल 14 सदस्य हैं। यहां जिन प्रत्याशियों के नामों का ऐलान हो गया है, उनमें दुर्ग से लोकसभा में पहुंचे विजय बघेल को उनके चाचा व प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ पाटन क्षेत्र से उतारा गया है। यह सीट दुर्ग की 8 विधानसभा सीटों में से एक है। राज्यसभा के सदस्य रामविचार नेताम सरगुजा क्षेत्र की रामानुजगंज सीट से चुनाव लड़ेंगे। रायपुर (शहर) सीट पर वर्तमान विधायक श्रीचंद सुंदरानी के साथ ही राजधानी के पूर्व महापौर सुनील सोनी का नाम सबसे आगे चल रहा है जो इस वक्त रायपुर के सांसद हैं। बिलासपुर सीट का लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने वाले अरूण साव भाजपा के अध्यक्ष हैं जिनके बारे में कहा जा रहा है कि उन्हें बिलासपुर विधानसभा सीट से लड़ाया जा सकता है ताकि जीत की स्थिति में (जो वर्तमान परिदृश्य में दूर की कौड़ी है) उनका ओबीसी चेहरा काम आ सके और भूपेश बघेल का यह चुनाव प्रचार के दौरान जवाबी नाम भी हो। छत्तीसगढ़ की पिछले मुख्यमंत्रियों के समय से यह परम्परा बनी है कि जो पार्टी अध्यक्ष बहुमत दिला सके वही सीएम बन सकता है। 2003 में डॉ. रमन सिंह को सीएम पद इसलिये मिला था क्योंकि उन्हीं के नेतृत्व में भाजपा जीती थी। ऐसे ही, भूपेश बघेल की अध्यक्षता में कांग्रेस जीती जिसके बाद उनकी इस पद की दावेदारी पर पार्टी हाईकमान की मुहर लगी थी। देखना होगा कि अरूण साव को टिकट थमाई जाती है या नहीं और अगर ऐसा होता है तो क्या साव इस मौके को अपने लिये भुना पायेंगे? छत्तीसगढ़ की केन्द्रीय मंत्रिमंडल में एकमात्र प्रतिनिधि सरगुजा लोकसभा क्षेत्र की सांसद रेणुका सिंह हैं। क्या उन्हें भी छग में किसी सीट पर विधानसभा चुनाव लड़ने के लिये कहा जायेगा? अब तक इसका खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि अभी काफी सीटों पर नाम घोषित होने बकाया हैं।

खैर, मध्यप्रदेश का मसला और भी दिलचस्प है। पेचीदा भी। छग में तो भाजपा के पास खोने के लिये कुछ नहीं है परन्तु मप्र में तो पूरी सरकार ही उसकी झोली से सरक सकती है। वैसे भी पिछली बार कांग्रेस की ही सरकार बनी थी। कमलनाथ के नेतृत्व में वह डेढ़ साल चली भी परन्तु ज्योतिरादित्य सिंधिया की अगुवाई में दर्जन भर से ज्यादा विधायकों को तोड़कर अपने पक्ष में लेते हुए शिवराज सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी थी। इस लिहाज से यह पराजित पार्टी की सरकार है। इस बीच सरकार के खिलाफ जन आक्रोश तगड़ा है। वहां तीन तरह की भाजपा बतलाई जाती है- शिवराज की, महाराज की (सिंधिया) और नाराज की (असंतुष्टों की)। यहां पीएम व शाह के लगातार दौरे हो रहे हैं लेकिन हालत सुधरने के नाम नहीं ले रहे हैं। उल्टे, कांग्रेस सतत मजबूत हो रही है। ज्योतिरादित्य के निकटस्थ कई लोग कांग्रेस में लौट चुके हैं। पिछले हफ्ते मोदी जब आये तो उन्होंने मंच पर शिवराज से जो व्यवहार किया तथा सम्बोधन के दौरान उनका नाम तक नहीं लिया, उससे कुछ साफ संकेत मिल रहे हैं। कहा जा रहा है कि चौहान साहब अब मोदी के विश्वासपात्र नहीं रहे। उन्हें निपटाने के लिये ही मोदी-शाह ने तीन केन्द्रीय मंत्रियों- प्रह्लाद पटेल, नरेन्द्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते समेत 7 सांसदों को विधानसभा सीटों की टिकटें थमाकर राज्य में भेज दिया है। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित, जो कभी खुद ही प्रत्याशी तय करते थे, अब इंदौर-1 से चुनाव लड़ेंगे। कहा जाता है कि मप्र भाजपा के सामने मुद्दों के साथ चेहरों के भारी अभाव के ही चलते भाजपा ने इतने सांसदों को उतारा है। अब भाजपा को बहुमत मिलता है तो मुख्यमंत्री पद के लिये और हारती है तो विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के लिये बड़ों के बीच घमासान तय है। मजेदार बात यह है कि अब तक खुद शिवराज सिंह चौहान की उम्मीदवारी का अता-पता नहीं है। अगर वे चुनावी मैदान में नहीं उतारे जाते तो किसके चेहरे पर पार्टी चुनाव लड़ेगी, यह सवाल भी बड़ा है। स्थानीय चेहरे के अभाव में यह चुनाव अपने आप मोदी की छवि और उन्हीं के चेहरे पर लड़ा जायेगा। पराजय सामने दिख रही है, तो ऐसे में क्या मोदी अपना नाम राज्य इकाई को उधार देंगे? रणनीति की यह उलटबांसी भाजपा के लिये वरदान बनती है या कयामत- देखना दिलचस्प होगा।

# सरकार की अंतरात्मा कहां है?

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

कुछ दिनों पहले की घटना है। उत्तरप्रदेश में एक स्कूल में शिक्षिका ने एक मुस्लिम बच्चे को कथित तौर पर उसके ही सहपाठियों से थप्पड़ लगवाए थे। बच्चे एक-एक करके आ रहे थे और उस रोते हुए बच्चे को थप्पड़ मार कर जा रहे थे। इस घटना का वीडियो भी बनाया गया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एक धक्का और तर्ज की पर उस शिक्षिका को वीडियो में ये कहते हुए सुना गया कि थोड़ा और जोर से मारो। इस मामले ने बड़ा विवाद खड़ा किया। शिक्षिका ने अपनी सफाई दी, वहीं ये भी पता चला कि बच्चे के पिता ने अपने बच्चे को उस स्कूल से निकाल लेने का फैसला किया, कुछ किसान नेताओं ने पिटने वाले और पीटने वाले बच्चों को आपस में गले मिलवाकर मामले को खत्म करवाने की कोशिश भी की। इस बीच वो मासूम किस मानसिक पीड़ा से गुजर रहा होगा, इसकी परवाह व्यापक समाज करे, इतनी फुर्सत शायद नहीं है। क्योंकि समाज तो सरकार के रचे नित नए मायाजाल में ही फंसता जा रहा है। नए संसद भवन में प्रवेश, सत्ता का राजदंड सोने का भारी-भरकम सेंगोल, आसमान छूती मूर्तियों का अनावरण, आडंबर से भरे पूजा-पाठ, ट्रेनों, बसों को हरी झंडी दिखाना, चुनाव को ध्यान में रखते हुए नए-नए विधेयक पारित करवाना, जी-20 की तड़क-भड़क, ऐसे कई किस्म के जगर-मगर करते इवेंट भाजपा सरकार में किए जा रहे हैं और इनकी चकाचौंध के बीच समाज में कालिमा बढ़ाने वाली घटनाएं हो रही हैं। उप्र में स्कूल में बच्चे को उसके ही सहपाठियों से पिटवाना ऐसी ही एक घटना थी। इस मामले को रफा-दफा करने की तमाम कोशिशों के बीच इसे सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचाया गया, जहां न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने सुनवाई के दौरान जांच के तरीकों और दर्ज एफआईआर में पिता के लगाए आरोप हटाने को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस को फटकार लगाई है। पीठ ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में संवेदनशील शिक्षा भी शामिल है। जिस तरह की यह घटना हुई है उससे राज्य की अंतरात्मा को झकझोर देना चाहिए।

अदालत ने राज्य की अंतरात्मा और संवेदनशीलता का जिक्र तो किया है, लेकिन सवाल यही है कि क्या इस वक्त भाजपा सरकार में अंतरात्मा की आवाज सुनी जाती है या किन्हीं और ही आवाजों के निर्देश पर काम हो रहा है। अंतरात्मा जैसी कोई चीज सरकार में है नहीं या फिर राहुल गांधी की बात ही सही है कि ये सरकार रिमोट कंट्रोल से चल रही है। राजा की जान तोते में बसी होने की कहानी समाज ने सुनी है, वैसे ही सरकार के प्राण आखिर किस रिमोट कंट्रोल में है और वो रिमोट कंट्रोल किसके पिंजरे में है, ये भी तो जनता को पता होना चाहिए। सरकार के पास अंतरात्मा होती तो अब तक न जाने कितनी बार हिल चुकी होती। अभी तो जैसा हाल देश का है, उसमें यही समझ आ रहा है कि अंतरात्मा को या तो पूरी तरह कुचल दिया गया है, या उसे किसी तहखाने में दबा दिया गया है। भाजपा सरकार अगर अंतरात्मा की आवाज सुनने लगे तो उन आवाजों का शोर इतना अधिक होगा कि सरकार का चैन उड़ जाएगा। अंतरात्मा की आवाज सुनने का मतलब सच और इंसाफ की

> **अदालत ने राज्य की अंतरात्मा और संवेदनशीलता का जिक्र तो किया है, लेकिन सवाल यही है कि क्या इस वक्त भाजपा सरकार में अंतरात्मा की आवाज सुनी जाती है या किन्हीं और ही आवाजों के निर्देश पर काम हो रहा है। अंतरात्मा जैसी कोई चीज सरकार में है नहीं या फिर राहुल गांधी की बात ही सही है कि ये सरकार रिमोट कंट्रोल से चल रही है।**

राह पर निकल पड़ना है, जाहिर है सरकार इस वक्त इसके लिए तैयार नहीं है।

जिस उत्तरप्रदेश के मामले में अदालत ने यह सख्त टिप्पणी की, उसी राज्य में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने लव जिहाद, धर्मांतरण और इसके साथ लैंड जिहाद का मुद्दा छेड़ दिया है। लव जिहाद और धर्मांतरण की बात तो देश बहुत समय से सुनता आया है, अब इसमें लैंड जिहाद भी जोड़ा गया है, इसमें मुस्लिमों पर आरोप लगाया जाता है कि मजार, मस्जिदें बनाने के नाम पर मुस्लिम जमीनों पर कब्जे करते जा रहे हैं। देश में किसी भी पीपल, नीम, इमली, बरगद या आंवले के पेड़ के नीचे या बीच चौराहे पर किसी पत्थर पर केसरिया रंग पोतकर उसे सिद्धि वाले मंदिर कितने बनाए गए हैं, इसकी कोई गिनती नहीं है। नवरात्रि और गणेश चतुर्थी जैसे मौकों पर सड़कें घेर कर धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं, लोगों की आवाजाही, कामकाज, पढ़ाई, कारोबार सब बाधित होते हैं, तब कोई तकलीफ नहीं होती, तब किसी को लैंड या सैंड या ट्री जिहाद दिखाई नहीं दिया। मगर अब मुस्लिमों को निशाने पर लेने के लिए ये नए किस्म का जिहाद गढ़ दिया गया है। संघ प्रमुख ने अपने लोगों से कहा कि इसको रोकने के लिए तेजी से और आक्रामक ढंग से अभियान चलाने की ज़रूरत है।

भाजपा ने अपने शासन की मजबूती दिखाने के लिए कानून व्यवस्था से अधिक बुलडोजर के इस्तेमाल पर भरोसा किया, इससे पहले डबल इंजन सरकार का मुहावरा चलाया गया और अब संघ प्रमुख आक्रामक अभियानों की बात कह रहे हैं। क्या भाजपा इस बात का जवाब दे पाएगी कि यहां किस किस्म की आक्रामकता की वकालत की जा रही है। अखलाक और नासिर-जुनैद जैसे लोगों को मारने जैसी आक्रामकता, मुस्लिम बच्चे को पिटवाने और नूंह में दंगे करवाने जैसी आक्रामकता, ट्रेन में कपड़ों से पहचान कर मारने जैसी या फिर संसद में गालियां देकर शाब्दिक हिंसा करने जैसी आक्रामकता। संघ की निगाह में ये सारे प्रकरण पिछले साढ़े 9 सालों के मोदी राज की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों में शुमार हो सकते हैं। इन्हीं से हिंदुओं को ये समझ आया है कि अब उनका हिंदुत्व सुरक्षित है। क्योंकि जिस हिंदुत्व की पैरवी संघ करता आया है, और जो भाजपा की सत्ता का मूल मंत्र है, उसमें ऐसी ही आक्रामकता ऑक्सीजन का काम करती रही है। जब तक ऐसी आक्रामकता नहीं थी और देश में सब कुछ संविधान के हिसाब से चल रहा था। मंदिर-मस्जिद के झगड़ों के बीच भी समाज में जिहाद जैसे शब्दों के लिए ज्यादा जगह नहीं बनी थी। लोग ईद, दीवाली जैसे त्योहार बिना आक्रामक हुए मनाते थे। त्योहारों में खुशियां आती थीं, तनाव नहीं होते थे। धार्मिक काम सद्भाव की छांव में हो जाते थे, पुलिस के पहरों में नहीं। और खास बात ये है कि तब समाज में हिंदुओं के एक बड़े तबके के सामने यह सवाल खड़ा ही नहीं हुआ था कि उसका धर्म सुरक्षित है या नहीं। लेकिन भाजपा ने धर्म की असुरक्षा का एक भाव बड़ी चालाकी से लोगों के मन में भर दिया। इससे धर्म सुरक्षित हुआ या अधर्म बढ़ा, इसका विश्लेषण लोग अपने विवेक से कर लें, लेकिन इतना तय है कि धर्म को असुरक्षित बताकर भाजपा ने अपनी सत्ता की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर ली। और भाजपा की सत्ता को संरक्षित करने का काम कुछेक उद्योगपतियों ने कर लिया। राहुल गांधी इन्हीं के हाथों में सत्ता का रिमोट कंट्रोल होने की बात कहते हैं। इसलिए माननीय अदालत की टिप्पणी का पूरा सम्मान करते हुए यह तथ्य रेखांकित किया जाना चाहिए कि भाजपा में आत्मा, परमात्मा, अंतरात्मा जैसी कोई अवधारणाएं काम नहीं कर रही हैं। अगर ज़मीर जिंदा होता तो फिर नकली आंसू निकालने के लिए नकली बहाने गढ़ने की जरूरत नहीं पड़ती। तब मणिपुर में महीनों से चल रही हिंसा को सरकार देख कर भी चुप नहीं बैठती। मित्रो के हवाईजहाज में इतना ईंधन तो आ ही जाता, जो सरकार बहादुर को मणिपुर तक ले जाता। या कि संसद में गालियां देने वाले रमेश बिधूड़ी के खिलाफ लोकतंत्र की मानहानि का मुकदमा दर्ज करा दिया जाता और उतनी ही तेजी से उन्हें संसद से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता, जिस तेजी से राहुल गांधी को संसद से निकाला गया था। ज़मीर जिंदा होता तो सरकार के कामों के बूते भाजपा चुनावी मैदान में उतरती, और विपक्ष का सम्मान करते हुए चुनाव लड़ती।

लेकिन अभी श्री मोदी इंडिया गठबंधन को घमंडिया के अलावा और कौन से नए नाम देकर उसे कमतर साबित करें, कैसे गांधी-नेहरू परिवार की आलोचना करें, कैसे खुद ग्यारहवें अवतार के तौर पर साबित करें, इन्हीं प्रयासों में जुटे नजर आ रहे हैं। इन कोशिशों के बीच अंतरात्मा के सवाल पर सोचने का अवकाश उनके या भाजपा के नेताओं के पास कहां हैं। अंतरात्मा को जिंदा रखा जाता तो देश के हाल देखकर उसमें हलचल होती, अन्याय और उत्पीड़न देकर वह हिल जाती, लेकिन अभी अंतरात्मा और आक्रामकता के बीच भाजपा दूसरे पक्ष को चुनती दिखाई दे रही है।

# भाजपा ने खुली रखी है मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री की कुर्सी की दावेदारी

एक आश्चर्यजनक और नाटकीय कदम में, भाजपा ने तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित सांसदों को राज्य में स्थानांतरित कर दिया, और उन्हें आगामी चुनावों में मध्यप्रदेश में विधानसभा के लिए लड़ने के लिए कहा। पर्यवेक्षकों का मानना है कि इस कदम के दोहरे उद्देश्य हैं। पार्टी को लगता है कि इस बार उसकी स्थिति डांवाडोल है और इसलिए वह ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारना चाहती है जिनकी जीत सौ फीसदी तय मानी जाये। दूसरे, अगर मुख्यमंत्री बदलना हो तो इस पद के लिए अनुभवी नेता उपलब्ध हों। गौरतलब है कि यह नाटकीय बदलाव तब किया गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी रैलियों को संबोधित करने के बाद भोपाल से रवाना हुए।

सांसदों के अलावा, एक और आश्चर्यजनक समावेशन कैलाश विजयवर्गीय का है। वह पार्टी के महासचिव का कार्यभार संभाल रहे हैं। इससे पहले वह राज्य विधानमंडल के सदस्य थे। 2018 के विधानसभा चुनाव में उनकी जगह उनके बेटे को टिकट दिया गया था। भाजपा द्वारा घोषित उम्मीदवारों की दूसरी सूची में सात सांसद शामिल हैं। पहली और दूसरी दोनों सूचियों में 39-39 उम्मीदवार, कुल 78 उम्मीदवार शामिल हैं।

सूची में तीन केंद्रीय मंत्री – नरेंद्र सिंह तोमर (कृषि), जो भाजपा राज्य चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख हैं, प्रह्लाद सिंह पटेल (खाद्य प्रसंस्करण और जलशक्ति मंत्रालय में राज्यमंत्री) और फग्गन सिंह कुलस्ते (इस्पात और ग्रामीण विकास में राज्यमंत्री) हैं। चार लोकसभा सांसद – पूर्व राज्य भाजपा प्रमुख राकेश सिंह, गणेश सिंह, रीति पाठक और उदय प्रताप सिंह भी नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

इस सूची में कम से कम चार नाम शामिल हैं, जिन्हें कभी न कभी संभावित मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में देखा गया है। यदि भाजपा जीतती है, तो शीर्ष पद के लिए कई दावेदार होने की संभावना है। 2000 के बाद से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ही भाजपा सरकार और संगठन का एकमात्र चेहरा रहे हैं।

तोमर को मुरैना की दिमनी विधानसभा सीट से मैदान में उतारा गया है। वह दो बार राज्य भाजपा प्रमुख रहे और तीन बार ग्वालियर और मुरैना लोकसभा सीटों से सांसद रहे। तोमर 2014 से नरेंद्र मोदी सरकार के दिग्गजों में से एक हैं, जिनके पास ग्रामीण विकास और पंचायती राज, खान, इस्पात, आवास और शहरी मामले, कृषि और किसान कल्याण जैसे प्रमुख विभाग हैं। वह 2003 से 2008 तक राज्य में कैबिनेट मंत्री रहे।

प्रह्लाद सिंह पटेल, जो दमोह से सांसद हैं, नरसिंगपुर विधानसभा सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, जिसका प्रतिनिधित्व वर्तमान में उनके भाई और दो बार के विधायक जालिम सिंह पटेल कर रहे हैं। प्रह्लाद बालाघाट और दमोह से पांच बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। 2004 में उन्हें छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ के खिलाफ मैदान में उतारा गया था, जिसमें वह 63,708 वोटों से हार गये। मंडला से छह बार सांसद रहे कुलस्ते को निवास आदिवासी आरक्षित सीट से मैदान में उतारा गया है। उन्हें मध्यप्रदेश में बीजेपी का सबसे प्रमुख आदिवासी चेहरा माना जाता है।

भाजपा की दूसरी सूची पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा- यह तथ्य कि उन्होंने लोकसभा से अपने दिग्गजों को चुना है, यह दर्शाता है कि उन्होंने पहले ही हार स्वीकार कर ली है। उन्होंने ट्वीट किया, 'मध्यप्रदेश में हार स्वीकार कर चुकी भाजपा ने आज उम्मीद का आखिरी झूठा दांव खेला है। भाजपा उम्मीदवारों की सूची भाजपा सरकार के 18.5 साल और शिवराज शासन के 15 साल से अधिक के विकास के दावों को खारिज करती है।'

यह सूची करोड़ों कार्यकर्ताओं का दावा करने वाली पार्टी की अंदरूनी हार पर पक्की मुहर है। यह सांसदों के विकास के 'खोखले दावों' की पोल खोलता है। उन्होंने कहा, 'भाजपा को यह अहसास होना चाहिए कि लोग सब कुछ जानते हैं, जनता उनसे 18 साल के कुशासन का हिसाब लेगी।'


एल एस हरदेनिया

> **यह सूची करोड़ों कार्यकर्ताओं का दावा करने वाली पार्टी की अंदरूनी हार पर पक्की मुहर है। यह सांसदों के विकास के 'खोखले दावों' की पोल खोलता है। उन्होंने कहा, 'भाजपा को यह अहसास होना चाहिए कि लोग सब कुछ जानते हैं, जनता उनसे 18 साल के कुशासन का हिसाब लेगी।' चुनावी राज्य मध्यप्रदेश के दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर सबसे तीखा हमला बोला।**

चुनावी राज्य मध्यप्रदेश के दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर सबसे तीखा हमला बोला। पार्टी कार्यकर्ताओं की एक विशाल बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस की तुलना जंग लगे लोहे से की और कहा कि अगर वह विधानसभा चुनाव जीतती है तो वह मध्यप्रदेश को फिर से 'बीमारू' राज्य की श्रेणी (बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, और उत्तरप्रदेश) में ले जायेगी। कांग्रेस ने नारों से लेकर नीतियों तक, शहरी नक्सलियों तक सब कुछ आउटसोर्स कर दिया है, उन्होंने कहा।

छह महीने में मध्यप्रदेश के अपने सातवें दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, कांग्रेस ने भारत के 'लोकतंत्र' को वंशवाद शासन में बदल दिया है। उन्होंने मतदाताओं से विकास को चुनने का आग्रह किया और कहा, 'जहां भी कांग्रेस गई है, उसने उस राज्य को नष्ट कर दिया है'।

भाजपा के पितामह पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित भाजपा रैली ने अपनी जन आशीर्वाद यात्रा के समापन का प्रतीक बनाया, जिसने राज्य के 230 विधानसभा क्षेत्रों में से 210 से होते हुए गुजरा।

विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक को 'घमंडिया गठबंधन' कहते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने महिला आरक्षण विधेयक का 'झिझक' के साथ समर्थन किया क्योंकि उनके पास कोई रास्ता नहीं था। 'उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वे नारी शक्ति की शक्ति को समझती थीं। पिछले नौ वर्षों में महिलाएं सशक्त हुई हैं और इन दलों में महिला आरक्षण बिल का विरोध करने की हिम्मत नहीं थी। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मोदी का मतलब है गारंटी को पूरा करने की गारंटी' इसलिए बिल पास हुआ।'

उन्होंने केंद्र में सत्ता में रहते हुए इस विधेयक को पारित नहीं होने देने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि अगर 'मौका दिया गया' तो विपक्षी गठबंधन आसानी से इससे पीछे हट सकता है।

## पावन प्रसंग

### तन और मन दोनों को स्वस्थ रखने की आवश्यकता

व्यक्ति से समाज बनता है और समाज से राष्ट्र बनता है एक व्यक्ति का मस्तिष्क तथा शरीर यदि स्वस्थ रहे तो संपूर्ण समाज स्वस्थ रहेगा और इस तरह संपूर्ण राष्ट्र स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे देश में होगा। इस तरह राष्ट्र की प्रगति तथा विकास द्रुत गति से होने लगेगा, अत: स्वस्थ रहें और यह समझ लें कि स्वास्थ्य ही जीवन का सबसे बड़ा धन है।

मनुष्य यदि स्वस्थ नहीं रहेगा तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और न ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है। तन के स्वस्थ रखने के साथ मन को स्वस्थ रखना होगा अन्यथा उसका जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रह सकता है। इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके। भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वाकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में प्रचार प्रसार कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का निश्चय लेकर आगे बढ़ना होगा। फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा। शुरुआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा।

स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वत: दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाले खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज,ब्लड प्रेशर आदि बीमारियों से बचा जा सकता है। हिंदुस्तान में हृदय रोग, डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज हैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अत: जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने क्विट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके। शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार व्यक्ति के जीवन में पारिवारिक व्यक्तिगत संबंधों एवं व्यवसाय तथा आर्थिक गतिविधियों एवं हर सामाजिक पहलू पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को भी कम करके आप परिवार तथा समाज में सहायता प्रदान कर सकते हैं।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

### बदल रहा है पीर पंजाल में पर्यटन का दौर

जब भी प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन की बात आती है तो लोगों के दिल और दिमाग में एकमात्र नाम कश्मीर की वादियों का आता है. इसमें कोई दो राय नहीं है कि कश्मीर को कुदरत ने अपने हाथों से संवारा है। लेकिन बहुत कम लोगों को मालूम है कि जम्मू के पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती जिलों से लगे पीर पंजाल के खूबसूरत पहाड़ और इन पहाड़ों से गुजरने वाले ऐतिहासिक मुगल राजमार्ग भी किसी सुंदरता से कम नहीं है. स्थानीय स्तर पर इसे मिनी कश्मीर भी कहा जाता है। लेकिन इसके बावजूद इसे कभी भी वह दर्जा हासिल नहीं हुआ जो कश्मीर की वादियों को मिलता रहा है।

लेकिन 'सबका साथ, सबका विकास' के नारों ने अब समूचे परिदृश्य को बदलना शुरू कर दिया है। पिछले कई वर्षों से पर्यटन मानचित्र से गायब पीर पंजाल का क्षेत्र वर्तमान में पर्यटन विकास की राह पर चल पड़ा है। हाल ही में जम्मू-कश्मीर में संपन्न हुए जी 20 पर्यटन समूह की सफल बैठक के बाद पूरी दुनिया की निगाहें इस जन्नत-ए-बेनजीर की ओर बढ़ने लगी हैं, वहीं पीर पंजाल और चिनाब क्षेत्र में भी पर्यटकों का आगमन शुरू हो गया है। जिसका ताजा उदाहरण हाल के दिनों का है, जब पुंछ के जिला विकास आयुक्त ने पीर पंजाल क्षेत्र में ट्रैकिंग के नए क्षेत्रों और पर्यटक स्थलों की खोज के लिए इंडिया हाइक्स (ट्रैकर्स) की एक टीम भेजी है। वहीं इससे पहले स्थानीय युवाओं के एक ट्रैकिंग ग्रुप ने न केवल पीर पंजाल की ऊंची चोटियों का भ्रमण किया, बल्कि कुछ नए पर्यटक स्थलों की भी खोज की, जिससे पर्यटन की असीम संभावनाएं बढ़ गई हैं. इसके अलावा जम्मू के पुंछ और राजौरी जिलों में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं जो सराहनीय हैं।

पीर पंजाल में कितने पर्यटक स्थल हैं या उनका इतिहास क्या है? इसकी सूची बनाने के लिए एक लंबे लेख की आवश्यकता होगी। मगर जम्मू-कश्मीर में जी 20 शिखर सम्मेलन ने इस पीर पंजाल क्षेत्र के लिए पर्यटन के कई सारे द्वार खोल दिए हैं। इस दिशा में जहां केंद्र सरकार की कई सारी नीतियां कारगर साबित हो रही हैं, वहीं इस केंद्रशासित प्रदेश के मुखिया एलजी मनोज सिन्हा की भूमिका भी सराहनीय है जो स्वयं इन क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने में विशेष रुचि ले रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में पुंछ के जिला विकास आयुक्त यासीन मुहम्मद चौधरी और पुंछ विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. मुहम्मद तनवीर भी सम्मान और बधाई के पात्र हैं। जिनकी देखरेख में न केवल पूरे जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, बल्कि पुंछ जिले के अंतर्गत आने वाली तहसील मंडी के पांच गांवों को पर्यटन गांव भी घोषित किया गया है। इसके अलावा पुंछ जिले की प्रसिद्ध नदी सुरन नदी में पहली बार राफ्टिंग की पहल, जाभी में लोक उत्सव का आयोजन, विभिन्न स्थानों पर ट्रैकिंग, पुंछ और मंडी में कई जगहों पर सेल्फी पॉइंट की स्थापना, सीमा पर बसे गांव अजोट में सेना द्वारा 70 फीट ऊंचा तिरंगा का फहराना और विशेष पर्यटन हॉट स्पॉट बनाने की योजना तैयार करना जैसे सराहनीय पहल शामिल हैं।

आने वाले दिनों में हम पीर पंजाल के पर्यटन क्षेत्र में और अधिक विकास की बहार देखेंगे। बहरहाल, इससे उम्मीद की जा सकती है कि निश्चित रूप से आने वाले कुछ वर्षों में पीर पंजाल के क्षेत्र में न केवल विकास होगा बल्कि रोजगार के नए अध्याय भी खुलेंगे जो यहां के बेरोजगार युवाओं के लिए आजीविका का साधन भी बनेंगे। जरूरत इस बात की है कि पीर पंजाल में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने में जरा भी लापरवाही न बरती जाए, क्योंकि पहले ही बहुत देर हो चुकी है।

**सैयद अनीस उल हक, पुंछ, जम्मू**

# देश विदेश

## इजराइल ने गाजा सीमा पर किया ड्रोन हमला

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने गाजा-इजरायल सीमा के पास हमास की एक चौकी पर ड्रोन से हमला किया। यह हवाई हमला इजरायली सैन्य चौकी पर पहले फेंके गए पेट्रोल बम का जवाब था। एक बयान में कहा कि एक मानव रहित विमान द्वारा हमला इजराइल और गाजा पट्टी के बीच सुरक्षा बाड़ पर एक हिंसक दंगे के जवाब में शुरू किया गया था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, विरोध प्रदर्शन के दौरान, एक संदिग्ध ने बाड़ के पास एक इजरायली सैन्य चौकी पर मोलोटोव कॉकटेल फेंका, जिससे सैन्य चौकी में आग लग गई।

# नाजी इकाई के लड़ाके को 'हीरो' कहने वाले कनाडाई संसद के अध्यक्ष का इस्तीफा



■ सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक के बाद पद छोड़ने की घोषणा की

**ओटावा,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। एंथनी रोटा ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी इकाई के लिए लड़ने वाले एक व्यक्ति को निमंत्रण दिए जाने और बाद में सदन द्वारा उसे सम्मानित किए जाने पर कनाडाई संसद के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है।

सीटीवी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, रोटा ने मंगलवार दोपहर पार्लियामेंट हिल में सदन में सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक के बाद पद छोड़ने के अपने अभूतपूर्व निर्णय की घोषणा की। सभी पार्टियों के सांसदों की ओर से सम्मानजनक काम करने और अध्यक्ष की कुर्सी छोड़ने के लिए लगातार बढ़ते दबाव के बीच उन्होंने यह कदम उठाया है। रोटा ने कहा, इस सदन का काम हममें से किसी से भी ऊपर है। इसलिए, मुझे आपके अध्यक्ष पद से हट जाना चाहिए। पिछले शुक्रवार को कनाडाई संसद में यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के संबोधन के बाद रोटा ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यूक्रेन की स्?वतंत्रता के लिए लड़ने वाले यूक्रेनी व्यक्ति यारोस्लाव हुंका की प्रशंसा की और संसद की ओर से उसे सम्?मानित किया। दो दिन बाद पता चला कि वह यूक्रेनी नाजी इकाई की ओर से लड़ा था। इसके बाद सदन में उसे दिए गये सम्मान और स्टैंडिग ओवेशन पर विवाद शुरू हो गया। रोटा ने पहले रविवार को और फिर सोमवार को सभी सांसदों से माफ़ी मांगते हुये गलती की पूरी ज़िम्मेदारी ली। उन्?होंने वेफेन-एसएस गैलिसिया डिवीजन के साथ अपने घटक की ऐतिहासिक भागीदारी के बारे में विवाद उजागर होने तक जागरूक नहीं होने के लिए माफी मांगी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, 98 वर्षीय हुंका कनाडा की संसद में गैलरी में बैठे थे और रोटा ने यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की की यात्रा के दौरान उन्हें हीरो बताया, जिसके बाद उन्हें सांसदों द्वारा स्टैंडिंग ओवेशन दिया गया।

# फंडिंग कम होने से बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों के सामने संकट




संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतरेस के प्रवक्ता ने दी जानकारी

**संयुक्त राष्ट्र,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने कहा कि सहायता राशि में कमी के कारण बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में रोहिंग्या शरणार्थियों को अब गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को कहा कि सात साल पहले म्यांमार से पलायन के बाद से बार-बार जलवायु के झटके झेलने वाले रोहिंग्या को अब भूख का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी कमजोरियां और बढ़ गई हैं। दुजारिक ने विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) की रिपोर्ट के हवाले से कहा कि दानदाता फंडिंग में कटौती ने एजेंसी को कॉक्स बाजार में पूरी रोहिंग्या आबादी के लिए अपनी जीवन रक्षक सहायता को कम करने के लिए मजबूर किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, फंडिंग की कमी के कारण रोहिंग्या के राशन में दो बार में एक-तिहाई की कटौती की जा चुकी है। मार्च में इसे प्रति व्यक्ति प्रति माह 12 डॉलर से घटाकर 10 डॉलर और फिर जून में घटाकर 8 डॉलर कर दिया गया। डब्ल्यूएफपी ने कहा कि मौजूदा नकद भत्ते के साथ, रोहिंग्या के पास प्रत्येक भोजन के लिए 9 सेंट से भी कम है जो उन्हें हाशिये पर धकेल रहा है।

## सुडोकू 6330

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 2 | | 1 | |
| 1 | 8 | | | | 7 | | | |
| | | | 1 | | | 6 | | |
| 8 | 9 | 5 | | 3 | | 1 | | |
| | 1 | | | | | | 6 | |
| | | 6 | | 2 | | 9 | 5 | 8 |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | 9 | 1 |
| | 3 | | 9 | | | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# पुलिस ने निज्जर की हत्या की जांच में देरी का दावा किया खारिज

**टोरंटो।** कट्टरपंथी खालिस्तान नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद पुलिस की प्रारंभिक प्रतिक्रिया में देरी हुई थी। इस दावे को रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने खारिज कर दिया है और कहा कि उसके अधिकारी घटनास्थल पर चार मिनट में ही पहुंच गए थे। आरसीएमपी के सरे डिवीजन की ओर से यह स्पष्टीकरण सोमवार को वाशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट के बाद आया जिसमें कहा गया था कि 18 जून को सरे के एक गुरुद्वारे की पार्किंग में निज्जर की हत्या में कम से कम छह लोग और दो वाहन शामिल थे। प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि गोलियों की आवाज के बाद पुलिस को पहुंचने में 12 से 20 मिनट का समय लगा। सरे आरसीएमपी ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा, इस घटना के संबंध में पहली कॉल रात 8.27 बजे प्राप्त हुई थी और अधिकारी चार मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंच गए थे।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 28 सितम्बर, 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 14

### राशिफल

मेष - सामाजिक प्रसंग में सगे- संबंधियों और मित्रों के साथ आपका समय अच्छा गुजरेगा। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा और उनसे लाभ भी होगा। पर्यटन पर जाना हो सकता है। सरकारी और अर्ध सरकारी काम में सफलता मिलेगी।

वृषभ - नए काम की शुरुआत करने वालों के लिए समय अनुकूल है। नौकरी तथा व्यवसाय में लाभदायक परिणाम मिलेगा। पदोन्नति मिलेगी। व्यापार में नई दिशाएं खुलती हुई प्रतीत होंगी। सरकार से लाभ के समाचार मिलेंगे।

मिथुन - आज आपको थोड़ी-सी प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ेगा। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। परिणामस्वरूप निर्धारित काम पूरे नहीं होंगे। मानसिक चिंता से थकान का अनुभव होगा।

कर्क - क्रोध और नकारात्मक विचार से आपका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होगा। ऐसे में खुद पर संयम रखें। खान-पान का ध्यान रखें, अन्यथा स्वास्थ्य खराब होने की पूरी संभावना है। परिवार में वाद-विवाद होगा।

सिंह - आज दांपत्यजीवन में मामूली बात पर जीवनसाथी से मनमुटाव होने की आशंका बनी रहेगी। पति- पत्नी दोनों में से किसी एक का स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है। व्यापारी भागीदारों के साथ धैर्य से चर्चा करें।

कन्या - आज आपको सभी मामले में अनुकूलता का अनुभव होगा। घर में सुख-शांति स्थापित होगी, इससे मन प्रसन्न रहेगा। सुखप्रद घटनाएं घटेंगी। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

तुला - बौद्धिक चर्चा जोरों पर रहेंगी। आपकी कल्पना और सृजनशक्ति की प्रगति से संतोष का अनुभव होगा। व्यर्थ वाद-विवाद या चर्चा में न पड़ें। स्वास्थ्य के मामले में पाचनतंत्र से संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

वृश्चिक - मानसिक और शारीरिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। बुजुर्गों के साथ अनबन होने की घटना आपके मन को व्यथित करेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आर्थिक नुकसान और सार्वजनिक जीवन में मानहानि होगी।

धनु - आध्यात्म की तरफ आपका विशेष आकर्षण रहेगा। नए काम की शुरुआत के लिए शुभ समय है। मित्रों और सगे- संबंधियों के आगमन से घर में प्रसन्नता रहेगी। हाथ में लिए हुए काम सफलतापूर्वक पूरे होंगे। यात्रा होगी।

मकर - आपको वाणी और व्यवहार में संयम रखने की सलाह दी जाती है। परिजनों के साथ मनमुटाव न हो, इसका ध्यान रखें। शेयर- सट्टे में पूंजी निवेश का आयोजन करेंगे। आर्थिक लाभ होगा। स्वास्थ्य संबंधी कुछ शिकायत रहेगी।

कुंभ - आज शारीरिक मानसिक रूप से आपका दिन प्रफुल्लित रहेगा। सगे- संबधियों तथा मित्रों और पारिवारिक सदस्यों के साथ घर में उत्सव का वातावरण रहेगा। सुरुचिपूर्ण भोजन का आनंद लेंगे।

मीन - आर्थिक आयोजन और पूंजी निवेश के समय खूब ध्यान रखें। एकाग्रता कम और बेचैनी अनुभव करेंगे। धार्मिक कार्यों के पीछे खर्च होगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ मतभेद खड़े होंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# इराक में विवाह हॉल में आग लगने से 114 लोगों की मौत



**बगदाद,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। इराक के उत्तरी प्रांत निनेवेह के अल-हमदानिया शहर में एक विवाह हॉल में आग लगने से 114 लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक घायल हो गए है। निनेवेह के गवर्नर नज्म अल-जुबौरी ने बुधवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। आधिकारिक इराकी समाचार एजेंसी (आईएनए) ने इराकी नागरिक सुरक्षा के हवाले से बताया कि प्रांतीय राजधानी मोसुल से 35 किमी दक्षिण-पूर्व में अल-हमदानिया शहर में अल-हेथम विवाह हॉल में मंगलवार रात आग लग गई। आईएनए ने कहा कि शुरुआती रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि जश्न के दौरान आतिशबाजी की गई होगी जिससे आग लग सकती है। इमारत अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थों से ढकी हुई थी, जिससे आग तेज हो गई और इमारत का एक हिस्सा ढह गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**19 थाना क्षेत्रों को छोड़कर...**

पोरोमपट , हिन्जेंग, लेमलेई, इरिलबंग, लेमिखांग , थोबल, विष्णुपुर, नामबोल, मोइरंग, काकचिंग और जिरबाम शामिल हैं।

दूसरे दिन भी छात्रों का विरोध प्रदर्शन जारी- मुख्यमंत्री सचिवालय से लगभग 200 मीटर दूर इंफाल के मोइरंगखोम इलाके में सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारी छात्रों को तितर-बितर करने के लिए कई राउंड आंसूगैस के गोले दागे, जिसके बाद बुधवार को कई आंदोलनकारी छात्र घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि आंदोलनकारी छात्रों ने सुरक्षा बलों पर पथराव किया, जिसके बाद भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसूगैस के गोले और धुआं बम छोड़े। छह जुलाई को लापता एक लड़की समेत दो युवा छात्रों के अपहरण और हत्या के खिलाफ विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने दूसरे दिन भी आंदोलन किया। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। छात्र जब हमें न्याय चाहिए के नारे लगाते हुए मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के बंगले की ओर बढ़ रहे थे, सुरक्षा बलों ने उन्हें रोक दिया, जिसके बाद झड़प हो गई। दूसरी ओर, एक प्रमुख आदिवासी संस्था, इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) की महिला शाखा ने राज्य में 3 मई को जातीय हिंसा के दौरान आदिवासियों की हत्या और दुष्?कर्म की घटनाओं की सीबीआई जांच में देरी के विरोध में चुराचांदपुर में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया।

**रायपुर को 1022 करोड़ के..**

सुविधाओं का ध्यान रखते हुए ही इन विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन महीनों में ही छत्तीसगढ़ सरकार ने 36 सौ करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया है जिससे राज्य की जनता को लाभ मिलेगा। बघेल ने कहा कि खारून नदी क रिवर फ्रंट निर्माण से शहर के लोगों को घूमने फिरने का एक नया स्थान मिलेगा जहां वो अपने परिवार के साथ वक्त बिता सकेंगे। बघेल ने कहा कि पांच वर्ष पहले खूबचंद बघेल एवं अन्य महान पुरखों के नक्शे कदम पर चलते हुए ही गढ़बो नया छत्तीसगढ़ का ध्येय रखा गया था और इसी के तहत सरकार लोगों की आय में वृद्धि और अधोसंरचना के लगातार निर्माण पर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में उपस्थित लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने संबोधन में एक हजार करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात मिलने पर रायपुर शहर के लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में पूरे प्रदेश में सड़कों एवं पुल पुलियों का जाल बिछाया गया है। साहू ने कहा कि सड़कों के निर्माण से लोगों की तकलीफें दूर होती हैं और जीवन सुगम बनता है।

तात्यापारा नवीन मार्केट में आयोजित इस कार्यक्रम में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलाम रिजवी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, लोक निर्माण विभाग के सचिव आलोक कटियार के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गण उपस्थित थे।

**छत्तीसगढ़ की पहली और सबसे बड़ी ...**

में 17.15 करोड़ रूपए की लागत से तैयार ये टेनिक अकादमी छत्तीसगढ़ की पहली और सबसे बड़ी अकादमी है। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को अपना खेल निखारने और नेशनल, इंटरनेशनल लेवल पर अपना जलवा दिखाने का मौका मिलेगा।

4 एकड़ क्षेत्र में स्थापित की गयी टेनिस स्पोर्ट्स अकादमी को तीन मुख्य हिस्सों में विभाजित किया गया है। पहला भाग एडमिन बिल्डिंग है जो तीन मंजिला है। इसमें रूम, हाल, जिम, वीआईपी लाउंज के साथ ही मीडिया सेंटर के साथ ही 500 की दर्शक क्षमता के साथ अनेक सुविधाएं होंगी। दूसरे हिस्से के रूप में अकादमी की हास्टल बिल्डिंग है। यह भी तीन मंजिला है जिसमें कार्यालय, अधीक्षक रूम, पार्किंग, किचन, डायनिंग जैसी अनेक सुविधाएं होगी। तीसरे हिस्से के रूप में मुख्य स्टेडियम है जहां 2500 दर्शकों के बैठने की क्षमता है।

**मुख्यमंत्री ने पेश की ...**

उसे निकलने का रास्ता नहीं मिल रहा है। जैसे ही मुख्यमंत्री की नजर एंबुलेंस पर पड़ी उन्होंने अपने प्रोटोकाल के विपरीत जाकर तुरंत ही कार्यक्रम को रोकने का इशारा किया और खुद ही अपनी कुर्सी छोड़कर एंबुलेंस को रास्ता देने की अपील करने लगे। मुख्यमंत्री के खड़े होने के बाद तुरंत ही वाहनों ने एंबुलेंस को रास्ता दिया इसके बाद मुख्यमंत्री वापस अपनी कुर्सी पर बैठे और कार्यक्रम शुरू हुआ। मुख्यमंत्री के इस मानवीय पहल से वहां उपस्थित हर किसी ने उनकी जमकर तारीफ की और मुख्यमंत्री के सहृदयता की खूब सराहना भी की।

**सुमभाठा में आज...**

को जाएगी। इसे मिलाकर राजीव गांधी किसान न्याय योजना में अंतरित की जाने वाली राशि बढ़कर 23 हजार 893 करोड़ रूपए और गोधन न्याय योजना में अंतरित की जाने वाली राशि बढ़कर 507.14 करोड़ रूपए हो जाएगी। इसके अलावा 33 हजार 642 गन्ना उत्पादक किसानों को 57 करोड़ 18 लाख रुपए प्रोत्साहक राशि भी दी जाएगी।

सम्मेलन में मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना का शुभारंभ भी होगा। इस योजना अंतर्गत दस साल तक पंजीकृत रहे एवं 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके निर्माणी श्रमिकों को जीवन पर्यंत प्रति माह 15 सौ रुपए की पेंशन सहायता दी जाएगी।

सम्मेलन में 1 लाख 2 हजार 889 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 55 करोड़ 76 लाख 26 हजार रुपए राशि का वितरण किया जाएगा। इनमें छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा मंडल के 2881 हितग्राहियों को 3 करोड़ 86 लाख रुपए, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के 3236 हितग्राहियों को 1 करोड़ 65 लाख रुपए तथा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के 96 हजार 772 हितग्राहियों को 50 करोड़ 24 लाख रुपए की राशि का वितरण किया जाएगा।

**देश में पहली बार ...**

की अधिकतम बोली लगाई गई। इसी प्रकार सलोनी लाईमस्टोन ब्लॉक हेतु मेसर्स स्टार सीमेंट मेघालय लि. द्वारा 200.00 प्रतिशत की अधिकतम बोली (फायनल प्राईस ऑफर) लगाई गई। उक्त तीनों ब्लॉक्स को जीएसआई द्वारा जी-4 लेवल पर अन्वेषण किया गया था। ई-नीलामी पध्दति से खानों का आबंटन पारदर्शिता एवं राज्य शासन को राजस्व में भागीदारी के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण व्यवस्था की गई है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 में खनिज अधिनियम में उपर्युक्त व्यवस्था हेतु किये गये संशोधन उपरांत छत्तीसगढ़ खनिज विभाग द्वारा अब तक इस प्रकार से चूनापत्थर, बाक्साईट, लौह अयस्क स्वर्णधातु, ग्रेफाईट एवं निकल, क्रोमियम एवं पीजीई के कुल 33 खनिज ब्लॉकों का सफलतापूर्वक आबंटन किया जा चुका है। इनसे आने वाले वर्षों में रायल्टी, डीएमएफ, पर्यावरण एवं अधोसंरचना उपकर के अतिरिक्त लगभग 1 लाख करोड़ से अधिक की अतिरिक्त आय राज्य शासन को होगी।

**मुख्यमंत्री ने किया...**

यातायात व्यवस्था के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। इस संबंध में परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नवीन व्यवस्था के तहत स्कूल बस के रूट में भी मैप रहेगा ताकि स्कूल बस यदि बच्चों को लेकर निर्धारित रूट के अलावा कहीं जाये तो ऑटोमैटिक अलर्ट आ जाये। इसके लिए कंट्रोल रूम में शिफ्ट के हिसाब से चार कर्मचारियों की ड्युटी लगाई जाएगी जो लगातार सभी बस को मॉनिटर करते रहेंगे और इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस विभाग को सूचित करेंगे।

**बसों में लगेगा पैनिक बटन, दुर्घटना की तुरंत लगेगी जानकारी**

क्या है पैनिक बटन-पैनिक बटन लगने से दुर्घटना या कोई समस्या होने पर बस में सवार यात्री पैनिक बटन को दबाएंगे। बटन के दबते ही पुलिस कंट्रोल रूम व परिवहन कंट्रोल रूम को जानकारी मिलेगी और नजदीकी पुलिस थाने के कर्मचारी तुरंत बस तक पहुंचकर यात्रियों की मदद करेंगे।

दिल्ली में हुए निर्भया प्रकरण के बाद से ही केंद्र सरकार ने महिला सुरक्षा की दिशा में कदम उठाने के लिये निर्देश दिए थे ताकि इस तरह के प्रकरण की पुनरावृत्ति न हो। इसी के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में निर्भया फण्ड के अंतर्गत सभी यात्री वाहनो को ट्रैक करने के लिए यात्री वाहनों में जीपीएस लगवा कर व्हीकल ट्रैकिंग प्लेटफ़ार्म के माध्यम से ट्रैकिंग करने का निर्णय लिया गया। व्हीकल ट्रैकिंग सॉफ्टवेर को चिप्स के माध्यम से बनाया गया है और समस्त गाड़ी के लाइव ट्रैकिंग देखने और त्वरित कार्यवाही करने के लिए सिविल लाइंस रायपुर में स्थित डायल 112 भवन में ही कमांड और कंट्रोल सेंटर भी बनाया गया है ।

**जानिए क्या है जीपीएस**

ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम यानी जीपीएस एक ऐसा उपकरण है, जिसे अगर गाड़ी में फिट कर दिया जाए तो एक निर्धारित सर्वर पर गाड़ी का लोकेशन पता लगाया जा सकता है। जीपीएस सिस्टम लगने से आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगेगा। बसों के सही रूट की जानकारी मिल सकेगी। महिला और बच्चों के सुरक्षा के लिए राज्य के सभी स्कूल बस और यात्री बस को पैनिक बटन सुसज्जित जीपीएस के माध्यम से मॉनिटर किया जायेगा। इसके लिए निर्भया कमांड सेंटर बन कर तैयार हो चुका है।

वर्जन

प्रदेश में चलने वाली निजी बसों में जीपीएस सिस्टम और पैनिक बटन लगाने का निर्णय लिया गया है। इससे बस की पल-पल की जानकारी मिल सकेगी।

-दीपांशु काबरा, आयुक्त, परिवहन विभाग, छत्तीसगढ़

**देश भर के 795 गांवों में...**

पुरस्कार मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बतादे कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कबीरधाम जिले में पर्यटन के विकास की संभावनाओं को विस्तार देने के लिए अलग-अलग प्रयास की जा रही है। ग्रामीण पर्यटन ग्राम सरोदा दादर के विकास के अध्ययन के लिए कलेक्टर जनमेजय महोबे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल द्वारा राज्य के अलग-अलग जिलों में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने वाले इन्फ्लूएंसर को आमंत्रित कर भ्रमण कराया गया था। साथ ही कबीरधाम जिले में ग्रामीण पर्यटन के विकास की संभावनाओं के अध्ययन से अवगत भी कराया गया था।

पुरस्कार के सम्बन्ध में बताया गया है कि सरोधा-दादर का चयन देश भर के 31 राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के 795 गांवों में से किया गया है। सरोधा-दादर को ग्रामीण पर्यटन के लिहाज से स्थानीय परिवेश और प्राकृतिक मूल्यों के साथ ही श्रेष्ठ गतिविधियों के कारण नौ विभिन्न खण्डों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर यह पुरस्कार दिया गया। इनमें प्राकृतिक और सांस्कृतिक संसाधनों के संरक्षण, आर्थिक आत्म-निर्भरता, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सामाजिक आत्म निर्भरता, अधो संरचना तथा परिवहन संपर्क जैसे मापदण्ड शामिल थे।

पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सरोधा-दादर की प्रविष्टि भेजने से पहले राज्य के भीतर जिले एक अन्दर ही प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सात गांवों को शामिल किया गया. इनमें से चौरा, डोंगरियाकला और सरोधा-दादर का चयन किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर तीन चरणों में स्पर्धा हुई। आवेदन पत्र के साथ ही सरोधा-दादर पर केन्द्रित पॉवरप्वाइंट प्रस्तुति और वीडियो भी भेजा गया। इसके अलावा इस गाँव की विशेषताओं को प्रदर्शित करने वाले फोटो भी पर्याप्त संख्या में भेजे गए।

अधिकारियों ने बताया कि सरोधा-दादर के अदिवासी परिवेश और ठेठ ग्रामीण वातावरण को सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र मानते हुए इन्फ्लुएन्सर मीट के अलावा, स्थानीय स्तर पर रोजगार पैदा करने वाली पर्यटन संस्थाओं और एजेंसियों की सक्रिय भागीदारी को भी विशेष रूप से प्रचारित किया गया। साथ ही चिल्फी घाटी में प्रचलित हाथ से की गई कशीदाकारी और चित्रकारी को पर्याप्त प्रचार किया गया, जिसे स्पर्धा में विशेष महत्त्व मिला. इसी आधार पर सरोधा-दादर का चयन रजत वर्ग में देश के सर्वश्रेष्ठ ग्राम के रूप में संभव हुआ। सरोधा-दादर को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम का पुरस्कार मिलने में यह तथ्य भी विशेष प्रभावी रहा कि यहाँ सैलानियों और ग्रामीणों में बीच किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होता साथ ही सरकार के प्रयासों में स्थानीय समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक संसाधनों के संरक्षण को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। यहाँ पर्यटन के माध्यम से ग्रामीण में क्षमता और ज्ञान का विकास भी किया जा रहा है. ये सभी कारण सरोधा-दादर को सर्वश्रेष्ठ गाँव बनाने में निर्णायक रहे।

**NECC**

| 28.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.15 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |


डिलीवरी 530 सैकड़ा

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

## वर्ग पहेली 6330



**बायें से दायें:-**

१. अपहरण करने वाला चोर, डाकू
४. किसी मार्ग, पुल पर से आवागमन करने पर लगने वाला कर
६. आंखों के सामने
७. किसी वस्तु के निर्माण आदि पर होने वाला खर्च
८. विद्यालय
१०. प्रमाणित (उर्दू)
११. परिवर्तित होना या करना
१३. लालच
१४. सूर्य
१५. दूर करना, हटाना
१७. यूनान का निवासी
१९. प्रकाश, उजाला
२१. विनाश, बर्बादी (उर्दू)
२२. व्यापार (उर्दू)
२४. नपुंसक, हिजड़ा

**ऊपर से नीचे:-**

१. कामना, हसरत
२. इच्छुक, जिसे आवश्यकता हो (उर्दू)
३. कुलबुलाना
४. तरफ़दारी
५. झगड़ालू स्त्री
९. लाख का बना घर जिसे दुर्योधन ने पांडवोंको जीवित जलानेकेलिए बनवाया था
११. झगड़ा, उपद्रव, दंगा (उर्दू)
१२. आसार
१३. वह उपसर्ग जैसा शब्द जो किसी धातु या मूल शब्द के अंत में कोई संज्ञापद-क्रियापद अव्यय या विशेषण बनने के लिए लगाया जाता है
१४. हुक्म, आज्ञा,
१५. घर, मकान
१६. नीरस
१८. वर्ष, साल
१९. दिलचस्प, रुचिकर
२०. वह आधारभूत, सिद्धांत जिसके अनुसार कोई कार्य संचालित किया जाए
२३. दलील

### वर्ग पहेली-6329



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1836-आध्यात्मिक गुरु शिरडी साई बाबा का जन्म।
1837-अंतिम मुग़ल बादशाह बहादुर शाह द्वितीय ने दिल्ली का शासन संभाला।
1887-चीन के ह्वांग-हो नदी में बाढ़ से करीब 15 लाख लोग मरे।
1907-महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह का जन्म।
1923-इथोपिया ने राष्ट्र संघ की सदस्यता छोड़ी।
1928-अमेरिका ने चीन की राष्ट्रवादी च्यांग काई-शेक की सरकार को मान्यता दी।
1929-ख्यातिप्राप्त भारतीय पार्श्वगायिका लता मंगेशकर का जन्म।
1950-इंडोनेशिया संयुक्त राष्ट्र का 60वां सदस्य बना।
1958-फ्रांस में संविधान लागू हुआ।
1982-प्रसिद्ध भारतीय निशानेबाज़ अभिनव बिन्द्रा का जन्म।
1994-एतोमिया के जल पोत के तुर्क सागर में डूब जाने से 800 लोगों की मृत्यु।
1997-अमेरिकी अंतरिक्ष शटल अटलांटिक रूसी अंतरिक्ष केन्द्र %मीर% से जुड़ा।
2000-सिडनी ओलम्पिक में 200 मीटर की दौड़ के स्वर्ण पदक का ख़िताब मोरियाना जोंस तथा केंटेरिस ने जीता।
2001-अमेरिका एवं ब्रिटिश सेना और सहयोगियों ने 'ऑपरेशन एंड्योरिंग फ्रीडम' प्रारम्भ किया।
2003-यान रूस की धरती पर सुरक्षित उतरा।
2004-विश्व बैंक ने भारत को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कहा।
2006-जापान के नव निर्वाचित एवं 90वें प्रधानमंत्री के रूप में शिंजो एबे ने शपथ ली।
2007-मेक्सिको के तटीय क्षेत्रों में चक्रवर्ती तूफ़ान लोरेंजो ने भारी तबाही मचाई।

## दुनिया को जानें

# बाइडेन के जर्मन शेफर्ड कुत्ते ने एक और सीक्रेट सर्विस एजेंट को काटा

**वाशिंगटन,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन परिवार के दो वर्षीय जर्मन शेफर्ड कुत्ते 'कमांडर' ने एक और सीक्रेट सर्विस एजेंट को काट लिया है। बीबीसी के मुताबिक सीक्रेट सर्विस ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि कमांडर ने अधिकारी पर सोमवार रात को हमला किया और घटनास्थल पर ही अधिकारी का इलाज किया गया। यह 11वीं बार है जब कुत्ते ने व्हाइट हाउस या बाइडेन परिवार के घर पर किसी गार्ड को काटा है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने पहले इन हमलों के लिए व्हाइट हाउस में रहने के कारण होने वाले तनाव को जिम्मेदार ठहराया था। प्रेस सचिव ने जुलाई में कहा था, जैसा कि आप सभी जानते हैं, व्हाइट हाउस परिसर अनोखा और बहुत तनावपूर्ण हो सकता है। मुझे यकीन है कि आप सभी इसे समझ सकते हैं। उन्होंने कहा, यह अनोखा है और यह हम सभी के लिए तनावपूर्ण है। तो आप कल्पना कर सकते हैं कि परिवार के पालतू जानवर या परिवार के पालतू जानवरों के लिए यह कैसा होगा। कमांडर बाइडेन परिवार के दो जर्मन शेफर्ड में सबसे छोटा है।

# खेल जगत

## अंकिता रैना, सुमित नागल एकल क्वार्टर में हारे

**हांगझोउ,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। सर्वोच्च रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना का 19वें एशियाई खेलों के महिला एकल में अभियान बुधवार को यहां जापान की हारुका काजी से हार के साथ समाप्त हो गया, जबकि पुरुष एकल में सुमित नागल का अभियान क्वार्टर फाइनल में हार के साथ समाप्त हुआ। 2018 संस्करण में कांस्य पदक जीतने वाली अंकिता को करीबी मुकाबले में हारुका से 6-3, 4-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। 30 वर्षीय भारतीय, दिन के अंत में युकी भांबरी के साथ फिलीपींस के खिलाफ मिश्रित युगल राउंड 3 मैच में भाग लेंगे। दूसरी ओर, पांचवीं वरीयता प्राप्त सुमित शीर्ष वरीय चीन के झांग झिझेन के खिलाफ 7-6(3) 1-6 2-6 से हार गए। पहले सेट में टाई-ब्रेकर जीतने के बाद, भारतीय खिलाड़ी शेष मैच में झांग की तीव्रता का मुकाबला करने में विफल रहा।



# भारत ने दो स्वर्ण समेत सात पदकों पर लगाया निशाना

**हांगझोउ** 27 सितंबर (एजेंसियां)। 19वें एशियाई खेलों के चौथे दिन बुधवार को भारत ने निशानेबाजी स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य सहित सात पदक जीत लिये। मनु भाकर, ईशा सिंह और रिद्म सांगवान की तिकड़ी को महिलाओं के 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक मिला। इसके बाद 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में भारत की सिफ्ट कौर सामरा ने दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। सिफ्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 469.6 अंक का स्कोर करते हुए व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता, जो नया विश्व रिकॉर्ड है। सिफ्ट कौर सामरा ने नीलिंग में 154.6, प्रोन में 157.9 और स्टैंडिंग एलिमिनेशन में 157.1 का स्कोर बना कर महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3पी में क्यूनग्यू झांग चीन को 7.3 अंकों के आसान अंतर से हराया।

भारत की कांस्य पदक विजेता आशी चौकसे रजत पदक जीतने की रेस में थीं, लेकिन उनके आखिरी शॉट में 8.9 से नीचे के स्कोर के कारण क्यूनग्यू झांग ने रजत पदक अपने नाम किया और उन्हे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। क्वालीफाइंग राउंड में, सिफ्ट कौर सामरा ने 594 (28) के स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि आशी चौकसे 590 (24) के साथ छठे स्थान पर रहीं और मानिनी कौशिक 580 (28) के साथ 18वें स्थान पर रहीं। भारत की तिकड़ी ने क्वालीफाइंग राउंड में अपने क्युमुलेटिव स्कोर 1764 के दम पर टीम रजत पदक जीता। चीन (1773) और कोरिया गणराज्य (1756) ने क्रमश: स्वर्ण और कांस्य पदक हासिल किया। मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान की भारतीय महिला 25 मीटर पिस्टल टीम ने 1759 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन (1756) और दक्षिण कोरिया (1742) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया।

मनु भाकर क्वालीफाइंग राउंड में 590 (28) के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान पर रहीं, जबकि ईशा सिंह ने 586 (17) के स्कोर के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। रिदम सांगवान 583 (23) के साथ सातवें स्थान पर रहीं। ज्ञातव्य है कि व्यक्तिगत स्पर्धा में एक देश से केवल दो ही निशानेबाज अंतिम आठ में पहुंच सकते हैं इसलिए रिदम सांगवान जगह बनाने से चूक गईं। ईशा सिंह ने अपनी शुरुआती सीरीज में केवल 2/5 स्कोर करने के बावजूद फाइनल में रजत पदक जीता। ईशा सिंह ने कुल 34/50 का स्कोर बनाया। वहीं, चीन की रुई लियू ने एशियाई खेलों के रिकॉर्ड 38/50 स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि दक्षिण कोरिया के जिन यांग ने 29/45 के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।



मनु भाकर शानदार शुरुआत करने के बावजूद 21/35 के कुल स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। वह सातवीं सीरीज के अंत में बाहर हो गईं। पुरुषों की स्कीट में, अनंतजीत सिंह नरूका ने 58/60 का प्रभावशाली स्कोर हासिल करते हुए रजत पदक जीता। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कुवैत के अब्दुल्ला अब्दुल्ला अल-रशीदी ने भारतीय निशानेबाज को हराने के लिए 60/60 के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। कतर के नासिर अल-अत्तिया को 46/50 के स्कोर के साथ कांस्य पदक मिला। पुरुष टीम स्पर्धा में, अनंतजीत सिंह नरूका, गुरजोत सिंह खंगुरा और अंगद वीर सिंह बाजवा ने मिलकर 355 के स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। चीन ने 362 अंकों के साथ स्वर्ण पदक पर अपना कब्ज़ा किया और कतर ने 359 अंकों के साथ रजत पदक जीता।

अनंतजीत सिंह नरुका पांच राउंड में 121 के स्कोर के साथ क्वालीफाइंग में चौथे स्थान पर रहने के बाद छह सदस्यीय व्यक्तिगत फाइनल में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय थे। गुरजोत सिंह खंगुरा और अंगद वीर सिंह बाजवा ने 16वें और 17वें स्थान के लिए 117-117 अंक हासिल किए।

## अंतिम दौड़ रद्द होने से विष्णु स्वर्ण पदक से चूके, पुरुषों की डिंगी में कांस्य पदक मिला



**हांगझोउ,** 27 सितंबर (एजेंसिया)। पुरुषों की डिंगी-आईएलसीए7 वर्ग की 12वीं और अंतिम दौड़ रद्द होने की घोषणा से भारतीय नौकायन शिविर में निराशा फैल गई क्योंकि इससे ओलंपियन विष्णु सरवनन को 19वें एशियाई खेलों में बुधवार को यहां स्वर्ण पदक जीतने से रोक दिया गया। इसके बजाय, विष्णु को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा क्योंकि उन्हें सिंगापुर और कोरिया गणराज्य के विरोधियों से आगे निकलने का मौका नहीं मिल सका। सरवनन सिंगापुर के स्वर्ण पदक विजेता जून हान रयान लो और कोरिया गणराज्य के रजत पदक विजेता जीमिन हा के बाद तीसरे स्थान पर रहे। निंगबो, जहां एशियाई खेलों की नौकायन प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, के एक वरिष्ठ नौकायन संघ (वाईएआई) अधिकारी ने कहा, विष्णु को स्वर्ण पदक के लिए लड़ना था। लेकिन दुर्भाग्यवश, आज हवा नहीं थी और दौड़ रद्द करनी पड़ी। विष्णु मंगलवार को 11वीं रेस जीतकर पदक की दौड़ में शामिल हो गए थे, जबकि उनके करीबी प्रतिद्वंद्वी हांगकांग के एनबी बेंजी रेस पूरी नहीं कर पाए और उन्हें 14 अंकों की पेनल्टी दी गई।

विष्णु पुरुष लेजर वर्ग में एशियाई चैंपियन हैं, उन्होंने 2022 में अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में स्वर्ण पदक जीता था। यह एशियाई खेलों में उनका पहला पदक था। मंगलवार को नेहा ठाकुर (रजत) और इबाद अली (कांस्य) के बाद 19वें एशियाई खेलों में नौकायन में भारत का यह तीसरा पदक है। एशियाई खेलों में यह पहली बार था कि भारत ने आईएलसीए 7 और आरएसएक्स वर्ग में पदक जीते हैं।

निंगबो के एक समुद्री रिसॉर्ट में निंगबो जियांगशान सेलिंग सेंटर में 11वीं रेस में विष्णु की जीत से उनके कुल 48 अंक और 34 नेट अंक हो गए। और जब बुधवार को अंतिम दौड़ रद्द कर दी गई, तो विष्णु ने लो से आगे निकलने का मौका खो दिया, जो 32 कुल अंक और 26 नेट अंक के साथ पहले स्थान पर थे, और जीमिन हा, जिनके पास 42 कुल अंक और 33 नेट अंक थे। अच्छी दौड़ और थोड़ी किस्मत के साथ, विष्णु अपने दो प्रतिद्वंद्वियों से आगे निकल सकते थे और स्वर्ण पदक जीत सकते थे।

विष्णु ने 19वें एशियाई खेलों में शानदार शुरुआत की थी और पहली और तीसरी रेस जीती थी। वह छठी रेस में दूसरे स्थान पर रहे लेकिन आठवीं रेस में उन्हें रिटायर होना पड़ा, जिससे उनकी प्रगति बाधित हुई। हालाँकि, 24 वर्षीय नाविक विष्णु, जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक खेलों में पुरुष लेजर वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और कुल मिलाकर 20वें स्थान पर थे, 10वीं दौड़ में दूसरे स्थान पर और 11वीं दौड़ में प्रथम स्थान पर रहकर जोरदार वापसी की और खुद को आगे रखा।

स्वर्ण पदक के लिए लड़ने के लिए एक बेहतरीन स्थिति, लेकिन दुर्भाग्य से मौसम की मार ने उनका दिन खराब कर दिया और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

## जापान के खिलाफ रोमांचक मुकाबले के लिये भारत ने कसी कमर



**हांगझाउ,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। उज्बेकिस्तान और सिंगापुर को रौंदने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम 19वें एशियाई खेल में गुरुवार को गत चैंपियन जापान के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारत ने पिछले हफ्ते अपने शुरुआती पूल ए मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 16-0 से हराया जबकि मंगलवार को हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने सिंगापुर को 16-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। भारत अब तक की अपनी सबसे कठिन चुनौती के लिए कमर कस चुका है जब गुरुवार को उसका मुकाबला 2018 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जापान से होगा।

सिंगापुर के खिलाफ चार गोल करने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, हम कल के मैच स्तर से अच्छी तरह वाकिफ हैं। जापान के पास एक मजबूत इकाई है और हम उनकी ताकत और कमजोरियों से परिचित हैं। हमें अपनी खेल शैली पर ध्यान केंद्रित करना होगा, लेकिन अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए मैदान पर जरूरत पड़ने पर रणनीति बदलने के लिए भी तैयार रहना होगा।

जापान भी खेलों में अब तक अजेय रहा है, उसने अपने पहले पूल ए मैच में बांग्लादेश को 7-2 से हराया और उसके बाद अपने दूसरे गेम में उज्बेकिस्तान पर 10-1 से जीत दर्ज की।

हरमनप्रीत ने कहा, जापान की टीम में बहुत सारे गोलस्कोरर हैं। इसलिए उनकी आक्रामक गतिविधियों से निपटने के लिए हमारी रक्षा पंक्ति को मजबूत होने की जरूरत है ताकि हम समय रहते अंतरालों को पाट सकें और उन्हें लय हासिल करने का मौका न दें। यह एक दिलचस्प प्रतियोगिता होगी और हम सभी इसके लिए तैयार हैं।

जापान के खिलाफ भारत की आखिरी भिड़ंत पिछले महीने हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के सेमीफाइनल में हुई थी, जिसे भारत ने 5-0 से जीता था। भारत ने इसी टूर्नामेंट में पूल मैच में जापान के खिलाफ भी 1-1 से ड्रा खेला। 2013 के बाद से दोनों टीमें 26 बार आमने-सामने हुई हैं, जिसमें भारत ने 21 बार जीत हासिल की है, जापान ने तीन बार जीत हासिल की है और दो गेम ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।

टीम के उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, हमने हाल ही में जापान के खिलाफ खेला है, जिससे हमें मैच से पहले आत्मविश्वास मिला है। हम उम्मीद करते हैं कि यह एक करीबी मुकाबला होगा। अगर हम मैदान पर सही निर्णय लेते हैं, तो हमें खेल से सकारात्मक परिणाम मिलेगा। भारतीय टीम का जापान से मुकाबला गुरुवार, 28 सितंबर को शाम सवा छह बजे होगा।

# हमें सही रणनीतियों पर टिके रहना चाहिए: सुनील छेत्री

**होंगझोउ** , 27 सितंबर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों में सउदी अरब के साथ भारत के राउंड-16 मुकाबले की पूर्व संध्या पर, राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने बुधवार को कहा कि वह उन समस्याओं से अवगत हैं जिनका सामना टीम कर रही है। वह सऊदी अरब के खिलाफ भारत के निराशाजनक ट्रैक रिकॉर्ड और पश्चिम एशियाई पक्ष की वर्तमान ताकत से भी अवगत हैं।

हालाँकि, यह उन्हें गुरुवार को हुआंगलोंग स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में खेले जाने वाले राउंड ऑफ़ 16 मुकाबले पर अपना ध्यान केंद्रित रखने से शायद ही रोक सके।

कप्तान का मानना है कि अगर भारत सही रणनीतियों पर कायम रह सकता है और अगर उसके युवा साथी एकजुट इकाई के रूप में खेलना जारी रखते हैं जैसा कि उन्होंने पहले तीन मुकाबलों में किया था, तो प्री-क्वार्टर फाइनल की लड़ाई रोमांचक हो सकती है। छेत्री ने कहा, हमारे कोच (इगोर स्टिमैक) ने हमें सऊदी खेलों के बहुत सारे क्लिप दिखाए, न केवल वे जो उन्होंने यहां खेले, बल्कि हाल के दिनों के उनके कुछ मैच भी दिखाए। उन्होंने विभिन्न तरीकों के बारे में बात की जिसमें हमें बाहर जाकर खुद को लागू करना चाहिए। अंकित मूल्य पर, वे कई अच्छे खिलाड़ियों के साथ एक बहुत अच्छी टीम हैं ।



एशिया का पांचवां सबसे बड़ा देश और फीफा रैंकिंग में 57वें स्थान पर रहने वाला सऊदी अरब, 102वें स्थान पर मौजूद भारत के खिलाफ हमेशा भारी रहा है, जिसने पांच मुकाबलों में 18 गोल किए हैं, जबकि भारत केवल दो ही गोल कर सका। एशियाई खेलों में दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला दिल्ली में 1982 एशियाड के क्वार्टर फाइनल में सऊदी अरब की एकमात्र गोल की जीत में समाप्त हुआ था। छेत्री ने टीम के भीतर एकता और एकजुटता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एकजुट इकाई के रूप में एक साथ काम करने के महत्व पर जोर दिया।

और इसीलिए कोच का जोर बहुत सरल है- हम एक इकाई के रूप में मैच में जाते हैं और उन स्थितियों से बचते हैं जहां उन्हें एक बनाम एक मिलता है; यह प्रमुख युक्तियों में से एक है। हमने बहुत सारी कतरनें, बहुत सारी संरचनाएँ और विभिन्न चीज़ें देखीं जिन्हें कोच आज़माना चाहता है। उनके पास यह देखने के लिए एक और दिन भी है कि लड़के पांच दिनों में तीन गेम खेलने के बाद कैसे उबरते हैं। अब तक का अनुभव काफी कठिन रहा है। लेकिन अब जब हमने (16वें राउंड के लिए) क्वालीफाई कर लिया है, तो यह भी फायदेमंद है। लेकिन मुझे यह स्वीकार करना होगा, यह उतना आसान नहीं था जितना यह था... लेकिन जो हो गया वह हो गया और अब हम अपना सारा ध्यान और एकाग्रता सऊदी मैच पर केंद्रित कर रहे हैं।

टीम में कई युवा प्रतिभाएं हैं और छेत्री ने उनकी क्षमता पर भरोसा जताते हुए कहा, टीम में कई युवा खिलाड़ी हैं जिन्हें शायद इस तरह के टूर्नामेंट के माहौल का स्वाद नहीं मिला।

## बायर्न म्यूनिख ने प्रीसेन मुंस्टर को 4-0 से दी मात

**बर्लिन,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। बायर्न म्यूनिख ने तीसरे डिवीजन की टीम प्रीसेन मुंस्टर को 4-0 से हराकर जर्मन कप के दूसरे दौर में प्रवेश किया। जर्मन दिग्गजों ने शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। बायर्न ने लगातार प्रीसेन मुंस्टर के खिलाफ दबाव बनाया और 4-0 से जीत हासिल की। मुंस्टर के कोच साशा हिल्डमैन ने कहा, एक कोच के रूप में आप स्पष्ट रूप से गेम हारना पसंद नहीं करते। लड़कों ने मेहनत की। मैं अपनी टीम को स्कोर करते हुए देखना पसंद करता लेकिन मुझे अभी भी गर्व है। बायर्न के कोच थॉमस ट्यूशेल ने कहा, हमने मैच को गंभीरता से लिया और जवाबी हमले की अनुमति नहीं दी। हम 90 मिनट तक सतर्क रहे और पहले हाफ में तीन गोल करके मैच को अपने पक्ष में किया। हालांकि, दूसरा हाफ कठिन था क्योंकि प्रतिस्थापनों ने मुश्किलें पैदा की।

## पीटरसन एमआई केप टाउन के मुख्य कोच नियुक्त, मलिंगा बने गेंदबाजी कोच

**केप टाउन,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्पिनर रॉबिन पीटरसन को एसए 20 2024 के लिए एमआई केप टाउन का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। पीटरसन ने एमआई न्यूयॉर्क को उद्घाटन एमएलसी खिताब के लिए प्रशिक्षित किया था।

श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा को गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। एमआई केप टाउन 10 मैचों में 3 जीत के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर रहा, पीटरसन 2023 में एमआई केप टाउन के महाप्रबंधक थे। वह मुख्य कोच के रूप में साइमन कैटिच की जगह लेंगे, जबकि मलिंगा न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जैकब ओरम की जगह लेंगे। .

पीटरसन और मलिंगा इस साल की शुरुआत में यूएसए के मेजर लीग क्रिकेट के उद्घाटन सत्र में क्रमश: मुख्य कोच और गेंदबाजी कोच के रूप में एमआई न्यूयॉर्क के खिताब जीतने के अभियान का हिस्सा थे। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला राशिद खान की कप्तानी वाली एमआई केपटाउन के बल्लेबाजी कोच बने रहेंगे।



एमआई केप टाउन ने अगले सीज़न से पहले चार खिलाड़ियों को रिटेन किया है, सैम करेन, कैगिसो रबाडा और डेवाल्ड ब्रेविस के साथ राशिद खान भी चार खिलाड़ियों में शामिल हैं।

# संगीता की हैट्रिक व नवनीत कौर के दो गोल से भारतीय महिला हॉकी का सिंगापुर पर बड़ी जीत के साथ आगाज

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

■ भारत ने छह मैदानी गोल किए और छह गोल पेनल्टी कॉर्नर किए

नई दिल्ली, 27 सितंबर (देशबन्धु)। नौजवान स्ट्राइकर संगीता कुमारी की हैट्रिक तथा आक्रामक मिडफील्डर नवनीत कौर के दो गोल की बदौलत दुनिया में सातवें नंबर पर काबिज भारत की महिला हॉकी टीम ने सिंगापुर का हांगजू (चीन) एशियाई खेलों में बृहस्पतिवार को पूल ए में तेज गर्मी में खेले मैच में अपने सभी प्रयोग करते हुए 13-0 से जोरदार जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। संगीता (23 वें, 47 वें और 56 वें मिनट) ने दो मैदानी गोल किए जबकि एक गोल पेनल्टी कॉर्नर पर दागा। वहीं नवनीत (14 वें मिनट, एक मैदानी और एक पेनल्टी कॉर्नर पर)दागा। संगीता और नवनीत सहित भारत की महिला हॉकी के लिए दस अलग-अलग खिलाडियों का - उदिता(छठे मिनट), सुशीला चानू (8 वें मिनट), दीप ग्रेस एक्का(17वें मिनट), नेहा गोयल (19वें मिनट), सलीमा टेटे(35 वें मिनट) मोनिका(52 वें मिनट) और वंदना कटारिया(56 वें) एक-एक गोल करना बेहद सुखद रहा है। भारत ने छह मैदानी गोल किए और छह गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए जबकि सुशीला चानू ने पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। भारत ने तूफानी अंदाज में आगाज कर पहले ही क्वार्टर में 5-0 की बढ़त ले ली थी और दूसरे क्वार्टर में तीन और गोल कर हाफ टाइम तक 8-0 की बढ़त ले ली थी



सिंगापुर ने तीसरे क्वार्टर में गोलरक्षक सहित अपनी सभी 11 खिलाड़ी भारत के हमलों को रोकने के लिए लगा दी। तीसरे क्वार्टर में भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अकेली सलीमा टेटे ही एक मैदानी गोल कर पाई। भारत ने चौथे और आखिरी क्वार्टर में चार मैदानी गोल कर मैच 13-0 से जीत लिया। भारत की चीफ कोच ने खिलाडि़यों को तेज उमस और गर्मी में अगले मैचों के लिए अपनी ताकत बचाए रखने के मकसद से बहुत समझदारी से अपनी खिलाडि़यों का इस्तेमाल किया और अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया को आखिरी क्वॉर्टर में उतारी कर अपनी नौजवान स्ट्राइकरों दीपिका, संगीता को ललरेमसियामी के मिल कर आगे बढ़ कर सिंगापुर के गोल पर हमलों की रणनीति अपनाई। अपनी ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर के बाहर रहने पर भारत की चीफ कोच शॉपमैन की इनडायरेक्ट गोल करने के लिए नेहा गोयल, मोनिका, नवनीत और उदिता को पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने का मौका देना बहुत कारगर रहा।

मोनिका, अनुभवी वंदना कटारिया, ललरेमसियामी, संगीता कुमारी और दीपिका जैसी भारत की स्ट्राइकरों ने परस्पर तालमेल से खेलते हुए से खेलते हुए हांगजू (चीन) में सिंगापुर के खिलाफ एशियाई खेलों में महिला हॉकी के पूल में ऐसा दबाव बनाया कि उसके किले को बिखेरते देर नहीं लगी। भारत की अग्रिम पंक्ति ने अपनी मध्य पंक्ति में सलीमा टेटे, नवजोत कौर और नेहा गोयल द्वारा ने शुरू के दो क्वार्टर में खासतौर पर पेनल्टी कॉर्नर बनाए और शुरू के दो क्वॉर्टर में छह को गोल मे बदला ही एक गोल पेनल्टी स्ट्रोक पर और एक मैदानी गोल किया। मोनि को भारत की चीफ कोच यांकी शॉपमैन ने डिफेसिंव मिडफील्डर को सेंटर फॉरवर्ड के रूप में खिलाकर सभी को चौंका दिया।

## सार संक्षेप

### विश्व चैंपियन धावक डाफने शिपर्स ने लिया संन्यास

**द हेग।** नीदरलैंड की दो बार की विश्व चैंपियन एथलीट डाफने शिपर्स ने 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की। हर एक खिलाड़ी के जीवन में एक ऐसा क्षण आता है जब उसे न चाहते हुए भी अपने करियर को अलविदा कहना पड़ता है। ऐसा ही समय अब विश्व चैंपियन एथलीट डाफने शिपर्स के करियर में आया है। काफी समय से चोटों से जूझने के बाद उन्होंने 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की। शिपर्स के करियर का मुख्य आकर्षण बीजिंग में 2015 विश्व चैंपियनशिप थी जब उन्होंने 200 मीटर में स्वर्ण और 100 मीटर में रजत पदक जीता था। फिर, दो साल बाद लंदन में उन्होंने 200 मीटर में अपने खिताब का बचाव किया और 100 मीटर में तीसरे स्थान पर रहीं। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने 2016 के रियो ओलंपिक खेलों में 200 मीटर में रजत पदक जीता था। शिपर्स के पास अभी भी 2015 में बीजिंग में 21.63 सेकंड के समय के साथ 200 मीटर में यूरोपीय रिकॉर्ड है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में शिपर्स को कई चोटों का सामना करना पड़ा। उनका अभी भी पेरिस में 2024 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने का सपना था, लेकिन अब उन्हें एहसास हुआ कि सपना सच नहीं होगा तो उन्होंने इसे छोड़ने का फैसला किया।

### दीपेंद्र सिंह ने तोड़ा युवराज का 16 साल पुराना रिकॉर्ड, 9 गेंदों में ठोका सबसे तेज अर्धशतक

**हांगझोऊ।** नेपाल क्रिकेट टीम ने चीन में जारी एशियन गेम्स में रिकॉर्ड की बारिश कर दी है। इस टीम के खिलाड़ी दीपेंद्र सिंह ऐरी ने युवराज सिंह के 16 साल पुराने सबसे तेज अर्धशतक के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। क्रिकेट में बुधवार को मंगोलिया और नेपाल की टक्कर थी। नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में तीन विकेट खोकर 314 रन बनाए। ये टी20 में सबसे बड़ा स्कोर है। इस दौरान एशियाई खेलों के ग्रुप मैच में दीपेंद्र ने मंगोलिया के खिलाफ सिर्फ 10 गेंदों पर नाबाद 52 रन बनाए। उनकी रिकॉर्ड पारी आठ छक्कों से सजी थी।

### सुडोकू 6330 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 7 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 9 | 1 | 8 | 3 | 6 | 7 | 5 |
| 8 | 9 | 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 7 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 |
| 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 6 | 7 | 8 | 2 |

# [ अर्थ जगत ]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर**

**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम बुधवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एलटी | 1.70 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.51 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.44 प्रतिशत |
| मारुति | 1.42 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.18 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टाइटन | 1.24 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.81 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.68 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.57 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.54 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम) स्टैंडर्ड | 60370 |
| बिटुर | 55200 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,800 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 999 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## बासमती पर न्यूनतम निर्यात मूल्य घटाने की तैयारी में सरकार



**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय चावल निर्यातक संघ (आईआरईएफ) के अध्यक्ष डॉ. प्रेम गर्ग ने कहा है कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बासमती चावल के निर्यात पर न्यूतम निर्यात मूल्य (एमईपी) घटाने का आश्वासन दिया है। डॉ गर्ग ने बासमती चावल पर एमईपी को बढ़ाए जाने के कारण निर्यातकों की परेशानी को वाणिज्य मंत्रालय के सामने एक बैठक में उठाया जिसमें केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि एमईपी बढ़ाने से ईराक और ईरान जैसे बाजारों में पहले से सस्ती दर के बासमती का निर्यात करने वाले निर्यातकों का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

डॉ गर्ग ने 'यूनीवार्ता' को बताया कि श्री गोयल ने चावल निर्यातक समुदाय की ओर से रखी गयी उनकी बात को गौर से सुना और बासमती पर एमईपी 850 डालर प्रति टन (एफओबी) तक घटाने की मांग पर आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व दुनिया के बाजारों में चावल की कीमतों में तेजी को देखते हुए सरकार ने गैर बसमती चावल के निर्यात पर पाबंदी लगा दी। इसके अलावा सस्ते किस्म के बामती के निर्यात को हतोत्साहित करने के लिए यह अधिसूचना भी जारी कर दी कि 1200 डालर प्रति टन (एफओबी) से कम मूल्य पर बासमती का निर्यात नहीं किया जा सकता।

डॉ गर्ग का कहना है कि बासमती पर 1200 डालर/टन का एमईपी लागू किए जाने से ऐसे निर्यातकों के कारोबार पर बहुत बुरा असर पड़ा है जो पहले से ही 850-1000 डॉलर/टन की दर पर ईरान, इराक और कुछ अन्य देशों में निर्यात कर रहे थे। भारतीय चावल निर्यात ने इस मुद्दे पर सरकार और एपेडा से बातचीत करने का अनुरोध किया था। उनके अनुरोध पर सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक में गोयल, एपेडा अध्यक्ष - अभिषेक देव, अतिरिक्त सचिव - राजेश अग्रवाल और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। चावल निर्यातक संघ के अध्यक्ष ने कहा कि बासमती पर एमईपी घटाए जाने पर भारत फिर से पिछले वर्ष के आदेश के अनुसार बड़ी मात्रा में निर्यात कर सकेगा। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय अर्थव्यवस्था और किसानों को उनकी आने वाली फसल के लिए बेहतर मूल्य मिलेगा।

## फंडिंग खबरों के बीच डंज़ो ने की 150-200 और कर्मचारियों की छंटनी

- प्रभावित कर्मचारियों को सूचित किया है कि उन्हें जनवरी में अपना फुल एंड फाइनल सेटलमेंट्स प्राप्त होगा
- स्टार्टअप ने इस साल अब तक दो जॉब कट राउंड में लगभग 400 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है



**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। क्विक-ग्रोसरी डिलीवरी प्रोवाइडर डंज़ो गंभीर नकदी संकट के बीच कथित तौर पर 150-200 कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है। कई रिपोर्टों के अनुसार, डंज़ो अपने कर्मचारियों की संख्या में लगभग 30-40 प्रतिशत की और कटौती कर सकता है।

कंपनी ने कथित तौर पर प्रभावित कर्मचारियों को सूचित किया है कि उन्हें जनवरी में अपना फुल एंड फाइनल सेटलमेंट्स प्राप्त होगा। एक बैठक में कर्मचारियों को आधिकारिक तौर पर ताजा छंटनी की जानकारी दी गई। स्टार्टअप ने इस साल अब तक दो जॉब कट राउंड में लगभग 400 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। इस महीने की शुरुआत में, फंड की कमी के कारण डंजो ने अपने कर्मचारियों के जून और जुलाई के वेतन में इस बार नवंबर तक की देरी कर दी। इसके सह-संस्थापक और सीईओ कबीर बिस्वास के अनुसार, स्टार्टअप लागत में कटौती के लिए बेंगलुरु में अपना कार्यालय भी खाली कर सकता है। बिस्वास ने कथित तौर पर कर्मचारियों से कहा कि उनका जून और जुलाई का लंबित भुगतान अब नवंबर में कर दिया जाएगा।

धन जुटाने में असमर्थ होने के कारण डंज़ो ने पहले वेतन को अक्टूबर के पहले सप्ताह तक विलंबित कर दिया था। कंपनी ने अब तक लगभग 500 मिलियन डॉलर जुटाए हैं, 2022 की शुरुआत से लगभग 300 मिलियन डॉलर आ रहे हैं।

## कामधेनु लिमिटेड ने दिल्ली और हरियाणा के डीलरों किया सम्मानित

नई दिल्ली, 27 सितंबर (देशबन्धु)। खुदरा क्षेत्र में ब्रांडेड सरिया निर्माता कंपनी कामधेनु लिमिटेड ने कारोबार विस्तार में सहयोग करने वाले डीलरों को सम्मानित किया। अमृतसर में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली और हरियाणा के डीलरों को कंपनी के निदेशक सचिन अग्रवाल और वरिष्ठ अधिकारी राजीव शर्मा ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान, उत्पाद परिचय, नए विपणन और व्यावसायिक रणनीतियों, प्रचार अभियान, ब्रांड जागरूकता अभियान और बिक्री बढ़ाने के लिए अनूठी तकनीकों पर चर्चा भी की गई। इसके साथ वित्तीय वर्ष के लिए सभी डीलरों को बिक्री लक्ष्य को भी अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर सचिन अग्रवाल ने कहा कि कामधेनु परिवार के अभिन्न सदस्यों के रूप में हमारे सम्मानित चैनल भागीदारों और डीलरों की महत्वपूर्ण उपस्थिति को कम करके आंका नहीं जा सकता है। हम उनके असाधारण प्रदर्शन का बहुत सम्मान करते हैं, और यह कार्यक्रम हमारी वास्तविक कृतज्ञता व्यक्त करने का मौका हमें प्रदान करता है। इसके अलावा, यह हमें अधिक व्यक्तिगत बंधन स्थापित करने, उनकी जरूरतों के बारे में गहरी जानकारी प्राप्त करने और मजबूत सहयोग को बढ़ावा देने की सुविधा देता है। यह खुशी और उत्सव का क्षण है, हमारे विस्तारित परिवार को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान और सराहना करने का समय है, उन्हें कंपनी की सेवा में और भी अधिक सफलता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करती हैं।


## 2023 में भारतीय कंपनियों में महिला कार्यबल बढ़कर हुआ 26 प्रतिशत : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। एक रिपोर्ट से यह बात सामने आई है कि भारतीय कंपनियों में काम करने वाली महिलाओं की संख?या में बढ़ोत्तरी आई है। 2023 में महिला कार्यबल बढ़कर 26 प्रतिशत हो गया। यह 2021 में 21 प्रतिशत था। ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, जहां उच्चतम और निम्नतम महिला उपस्थिति वाले उद्योगों के बीच महिलाओं के प्रतिनिधित्व में 38 प्रतिशत का अंतर है। इससे पता चलता है कि महिलाएं कम महिला प्रतिनिधित्व वाले उद्योगों में भी काम कर रही है। इसके अलावा, लगभग आठ प्रतिशत भारतीय सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) महिलाएं हैं, जिनमें से 32 प्रतिशत महिलाएं वरिष्ठ नेतृत्व पदों पर हैं, जिनके संगठनों में महिला साथियों की कमी है। ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया की सीईओ यशस्विनी रामास्वामी ने कहा, हमारे निष्कर्षों से पता चलता है कि 2023 में भारतीय कंपनियों में महिला कार्यबल में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिसके परिणामस्वरूप 89 प्रतिशत महिलाएं अपनी भूमिकाओं से मजबूत प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती हैं।



उन्होंने कहा, यह 2021 में 21 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में प्रभावशाली 26 प्रतिशत हो गई है, जिसमें सबसे अच्छे कार्यस्थल अपने समकक्षों की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक महिलाओं को रोजगार देकर आगे बढ़ रहे हैं। इसके अलावा, रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि शिक्षा और प्रशिक्षण और गैर-लाभकारी और चैरिटी आर्गेनाइजेशन जैसे क्षेत्र, क्रमशः 45 प्रतिशत और 47 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व के साथ बढ़े हुए विश्वास स्तर को प्रदर्शित करते हैं। जबकि, परिवहन, विनिर्माण और उत्पादन जैसे उद्योग, 13 प्रतिशत और 9 प्रतिशत की कम लिंग विविधता के साथ, अभी भी कर्मचारियों के बीच मध्यम से उच्च विश्वास स्तर हासिल करने का प्रबंधन करते हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि सभी के लिए अनुभव को प्राथमिकता देने वाले संगठनों में पेशेवर और नेतृत्व विकास के साथ-साथ निर्णय लेने में कर्मचारियों की भागीदारी 14 प्रतिशत बढ़ी है।

# शेयर बाजार गुलजार




**मुंबई** 27 सितंबर (एजेंसियां)। एशियाई बाजारों की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, कैपिटल गुड्स और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार गुलजार रहा। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 173.22 अंक की तेजी लेकर 66118.69 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 51.75 अंक की बढ़त के साथ 19716.45 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.76 प्रतिशत की छलांग लगाकर 32,309.87 अंक और स्मॉलकैप 0.68 प्रतिशत उछलकर 37,476.71 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3799 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2008 में तेजी जबकि 1640 में गिरावट रही वहीं 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 33 कंपनियों में लिवाली जबकि 17 में बिकवाली हुई। बीएसई के सोलह समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.11, सीडी 0.12, ऊर्जा 0.33, एफएमसीजी 0.77, वित्तीय सेवाएं 0.10, हेल्थकेयर 1.13, इंडस्ट्रियल्स 0.97, आईटी 0.48, दूरसंचार 0.77, यूटिलिटीज 0.08, कैपिटल गुड्स 1.14, धातु 0.14, पावर 0.17, रियल्टी 0.70, टेक 0.43 और सर्विसेज समूह के शेयरों में 0.27 प्रतिशत की तेजी रही।

एशियाई बाजारों में तेजी जबकि यूरोपीय बाजार में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान जापान का निक्केई 0.18, हांगकांग का हैंगसेंग 0.83 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.16 प्रतिशत चढ़ गया जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.16 और जर्मनी का डैक्स 0.10 प्रतिशत गिर गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 20 अंक फिसलकर 65,925.64 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,549.96 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 66,172.27 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,945.47 अंक के मुकाबले 0.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 66,118.69 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 28 अंक उतरकर 19,637.05 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,554.00 अंक के निचले जबकि 19,730.70 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले सत्र के 19,664.70 अंक की तुलना में 0.26 प्रतिशत उछलकर 19,716.45 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही 20 कंपनियों में एलटी ने सबसे अधिक 1.70 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही आईटीसी 1.51, सन फार्मा 1.44, मारुति 1.42, रिलायंस 1.18, एक्सिस बैंक 1.17, भारती एयरटेल 0.82, विप्रो 0.69, इंफोसिस 0.51, टेक महिंद्रा 0.49, टीसीएस 0.13, टाटा मोटर्स 0.10, एचसीएल टेक 0.08 और जेएसडब्ल्यूएस के शेयर 0.04 प्रतिशत तक मजबूत रहे। वहीं, टाइटन 1.24, एसबीआई 0.81, एचडीएफसी बैंक 0.68, आईसीआईसीआई बैंक 0.57, टाटा स्टील 0.54, नेस्ले इंडिया 0.42, बजाज फाइनेंस 0.41, एनटीपीसी 0.35, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.33 और बजाज फिनसर्व के शेयरों में 0.11 प्रतिशत की गिरावट रही।

## गिफ्ट निफ्टी में कल हुआ 15.25 अरब डॉलर का रिकार्ड कारोबार



**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय इक्विटी बाजार की विकास की कहानी के लिए एक नए बेंचमार्क के रूप में उभरे गिफ्ट निफ्टी ने एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है और व्यापारिक गतिविधियों के मामले में एक नयी उपलब्धि हासिल की है।

गिफ्ट निफ्टी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि 26 सितंबर, 2023 को गिफ्ट निफ्टी 15.25 अरब डॉलर (1,26,930 करोड़ रुपए के बराबर) के टर्नओवर के साथ 3,86,350 कॉन्ट्रैक्ट्स की एक दिन की ट्रेडिंग गतिविधि के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। गिफ्ट निफ्टी ने एक महीने में अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया जब टर्नओवर 29 अगस्त, 2023 को 12.98 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया था।

गत 3 जुलाई को गिफ्ट निफ्टी के पूर्ण पैमाने पर संचालन की शुरुआत के बाद से एनएसई आईएक्स पर ट्रेडिंग टर्नओवर तेजी से बढ़ रहा है। पूर्ण पैमाने के संचालन के पहले दिन से, गिफ्ट निफ्टी में अनुबंधों की कुल संख्या 45.9 लाख से अधिक दर्ज की गई है। कुल संचयी कारोबार 178.54 अरब डॉलर रहा।

**सार संक्षेप**

### कोटक म्यूचुअल फंड का सीखो पैसे की भाषा अभियान

**नई दिल्ली।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केएमएएमसी)/कोटक म्यूचुअल फंड (केएमएफ) ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के साथ साझेदारी में एक निवेशक शिक्षा और जागरूकता संबंधी पहल सीखो पैसे की भाषा शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि यह पहल भारत में शिक्षकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शिक्षा और जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों की एक व्यापक श्रृंखला आयोजित करके वित्तीय साक्षरता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए तैयार है। इस पहल का उद्देश्य लगभग 75,000 शिक्षकों को शिक्षित करना और उनमें जागरूकता पैदा करना है, ताकि उन्हें सशक्त बनाया जा सके तथा उनकी वित्तीय समझ के विकास को बढ़ावा दिया जा सके, जिससे अंततः संभावित प्रगतिशील भविष्य की दिशा में भारत की यात्रा में योगदान करने में भी मदद मिल सकती है।इस पहल के तहत अक्टूबर तक 1,000 वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। %सीखो पैसे की भाषा% पहल वित्तीय रूप से सजग नागरिकों की एक पीढ़ी को तैयार करने के उद्देश्य से तैयार की गई है। कार्यक्रम 100 से अधिक स्थानों पर आयोजित किए जाने वाले हैं, जिससे पूरे देश में शिक्षकों के लिए व्यापक पहुंच और उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

### होंडा एक्टिवा का लिमिटेड एडिशन लाँच

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज एक्टिवा लिमिटेड एडिशन को लॉन्च करने की घोषणा की जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 80,734 रुपये है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि नये स्कूटर के लिए बुकिंग शुरू हो चुकी हैं और यह सीमित अवधि के लिए देश भर में होंडा की सभी रैडविंग डीलरशिप पर उपलब्ध होगा। नए दौर के युवा उपभोक्ताओं को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया एक्टिवा लिमिटेड एडीशन दो आकर्षक कलर शेड्स मैट स्टील ब्लैक मैटेलिक और पर्ल साइरेन ब्लू में उपलब्ध है। राइडर की सुविधा को बढ़ाने के लिए डीएलएक्स वेरिएन्ट में एलॉय व्हील्स दिए गए हैं, जबकि टॉप-स्पेक वेरिएन्ट में स्मार्ट की दी गई है।

### बैंक कर्मचारी 4 दिसंबर से 20 जनवरी के बीच 13 दिन की हड़ताल करेंगे

**चेन्नई।** बैंकिंग क्षेत्र के सबसे बड़े कर्मचारी संघ, ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन ने कर्मचारियों की भर्ती की मांग को लेकर 4 दिसंबर से 20 जनवरी 2024 के बीच देश भर में श्रृंखलाबद्ध हड़ताल का आह्वान किया है। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) के महासचिव सीएच वेंकटचलम ने कहा, सरकार और बैंकों की ओर से बैंकों में क्लेरिकल और अधीनस्थ कैडर्स में कर्मचारियों की संख्या कम करने और पर्यवेक्षी कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने का एक जानबूझकर प्रयास किया जा रहा है। विचार बिल्कुल स्पष्ट है कि वे कम वर्कर चाहते हैं जो औद्योगिक विवाद अधिनियम द्वारा शासित हों। इसी तरह हमने यह भी पाया है कि हमारे द्विपक्षीय समझौते के अनुसार वेतन के भुगतान से बचने के लिए बैंकों में नियमित और स्थायी नौकरियों को अनुबंध के आधार पर आउटसोर्स करने का एक वंचित प्रयास किया जा रहा है।

## सोया रिफाइंड सस्ता

**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड तेल सस्ता हो गया जबकि अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 66 रिंगिट उबलकर 3684 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.43 सेंट की तेजी के साथ 58.14 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सोया रिफाइंड में 146 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर शेष खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6350-6450, दाल चना 7350-7450, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 10400-10500 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## भारत से मोबाइल फोन निर्यात 45,000 करोड़ रुपये के पार, एप्पल सबसे आगे

**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजंसियां)। मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देते हुए, भारत ने चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त की अवधि के बीच 5.5 बिलियन डॉलर (45,000 करोड़ रुपये से अधिक) के मोबाइल फोन निर्यात किए। आईएएनएस को मिले वाणिज्य विभाग और इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के अनुमान के अनुसार, अप्रैल-अगस्त की अवधि में 5.5 अरब डॉलर के मोबाइल फोन निर्यात हुए, जबकि वित्त वर्ष 22-23 की समान अवधि में 3 अरब डॉलर का निर्यात हुआ था। उद्योग सूत्रों के अनुसार अप्रैल-अगस्त की अवधि में भारत निर्मित फोन निर्यात में एप्पल सबसे आगे रहा और पहली बार कुल अनुमानित आंकड़े के 50 प्रतिशत से अधिक को पार कर सैमसंग दूसरे स्थान पर रहा। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि जून तिमाही में, एप्पल ने देश के कुल 12 मिलियन स्मार्टफोन शिपमेंट में से लगभग 50 प्रतिशत निर्यात किया, जबकि सैमसंग ने 45 प्रतिशत निर्यात किया। यह पहली बार है जब एप्पल ने देश से स्मार्टफोन निर्यात मात्रा में अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष सैमसंग को पीछे छोड़ दिया है, क्योंकि इसमें आईफोन 15 सीरीज की मजबूत बिक्री और मांग देखी गई जो पिछले साल की तुलना में 100 प्रतिशत (या 2 गुना) से अधिक थी। भारत चालू वित्त वर्ष में मोबाइल फोन निर्यात में 1,20,000 करोड़ रुपये को पार करने के लिए तैयार है, जिसमें एप्पल वित्त वर्ष 24 में 50 प्रतिशत से अधिक के साथ बाजार में अग्रणी रहेगा।



नवीनतम आंकड़ों के अनुसार घरेलू विनिर्माण से प्रेरित, एप्पल आईफोन इस साल एंड्रॉइड-प्रभुत्व वाले स्मार्टफोन बाजार में 7 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के लिए भी तैयार है। देश में इस साल की पहली छमाही में एप्पल आईफोन शिपमेंट में 68 प्रतिशत (साल-दर-साल) की वृद्धि हुई।

मार्केट रिसर्च फर्म साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के अनुसार, पहली छमाही में एप्पल ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में 6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की और 63 प्रतिशत की मजबूत बाजार हिस्सेदारी के साथ सुपर-प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट (50,000 रुपये से 100,000 रुपये के बीच) पर अपना दबदबा बनाया। पहली बार एप्पल ने अपनी वैश्विक बिक्री के पहले दिन भारत निर्मित आईफोन 15 और 15 प्लस बेचे, साथ ही उन इकाइयों को कुछ अन्य बाजारों में भी निर्यात किया। ऐसा अनुमान है कि लॉन्च तिमाही में आईफोन 15 की शिपमेंट, जो भारत में बड़े पैमाने पर त्योहारी सीजन की शुरुआत करती है, मेक इन इंडिया पहल में वृद्धि के कारण लगभग 65 प्रतिशत रहेगी।



# कृषक सह श्रमिक सम्मेलन

28 सितम्बर 2023, दोपहर 12 बजे
सुमाभाठा, भाटापारा



## राजीव गांधी किसान न्याय योजना

15वीं किस्त

24.52 लाख किसानों को 1,895 करोड़ रु का अंतरण

अब तक कुल 23,893 करोड़ रु की राशि का भुगतान

33,642 गन्ना किसानों को 57.18 करोड़ रु की प्रोत्साहन राशि

माननीय सांसद

## श्री मल्लिकार्जुन खरगे जी

की गरिमामयी उपस्थिति में

### गोधन न्याय योजना

5.16 करोड़ रु की 76 वीं किस्त का अंतरण
हितग्राहियों को अब तक 587.63 करोड़ रु का भुगतान

गोधन न्याय योजना में 3.72 लाख और
महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क में 11,762 हितग्राहियों को मिला लाभ


### लोकार्पण एवं भूमिपूजन

बलौदा बाजार-भाटापारा जिले में 266 करोड़ रु की
राशि की लागत वाले 264 निर्माण एवं विकास कार्यों का

### मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन योजना का शुभारंभ

10 साल से पंजीकृत 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके निर्माण श्रमिकों को
जीवन पर्यन्त मिलेगी प्रति माह 1,500 रुपये की पेंशन

निर्माण/असंगठित एवं मजदूर श्रेणी के 1.3 लाख हितग्राहियों को
विभिन्न योजनाओं के तहत 55.76 करोड़ रु की राशि का वितरण



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

प्रादेशिकी
जगदलपुर-कांकेर-कोण्डागांव-बीजापुर-दंतेवाड़ा

ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व 2023

# सिरहासार भवन में सम्पन्न हुई डेरी गड़ाई पूजा विधान





**संसदीय सचिव सहित बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष, मांझी, मेंबर, मेंबरीन और कलेक्टर तहसीलदार हुए शामिल**

**जगदलपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व की दूसरी महत्वपूर्ण विधान डेरी गड़ाई पूजा बुधवार को सिरहासार भवन में आस्था और श्रद्धा के साथ पूरे उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुई। बस्तर विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा की दूसरी रस्म डेरी गड़ाई मंगलवार को सिराहसार में संपन्न कराई गई। इस अवसर पर कचरापाटी परगना,ग्राम बिरनपाल के जंगल से लाई गई साल की दो बल्लीयों को स्थापित किया गया। इस रस्म के बाद विशालकाय रथ बनाने के लिए लकड़ी आना शुरू हो जाती है। इस दौरान बाजे-गाजे के साथ पारम्परिक विधि-विधान से डेरी गड़ाई रस्म अदा की गई। दंतेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारी कृष्ण प्रसाद पाढ़ी के द्वारा पूजा अनुष्ठान किया गया।

इस मौके पर जगदलपुर विधायक एवं संसदीय सचिव रेखचन्द जैन, बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष मंगडू मांझी और कलेक्टर विजय दयाराम के.,अपर कलेक्टर सीपी बघेल, एसडीएम नन्द कुमार चौबे, तहसीलदार एवं सचिव बस्तर दशहरा समिति यूके मानकर तथा मांझी-चालकी,मेम्बर-मेम्बरीन,पुजारी-सेवादार एवं बस्तर दशहरा समिति के सदस्यों के साथ ही बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने डेरी गड़ाई पूजा विधान में श्रद्धापूर्वक सहभागिता निभाई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सिरहासार परिसर बस्तर के पारंपरिक वाद्यों के सुमधुर ध्वनि से गुंजायमान हुआ।

## दीपेन्द्र देवांगन की गुमशुदगी में पुलिस की धीमी चल रही कार्रवाई को लेकर शिक्षक हुए आक्रोशित



**शिक्षक संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**सुकमा,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। दीपेंद्र देवांगन प्राचार्य एकलव्य के लापता हुए तीन दिन हो चुका है। पुलिस की कार्यवाही के कछुआ चाल से समस्त शिक्षक संवर्ग में आक्रोश है जिसके चलते सुकमा जिले के शिक्षकों के तीनों संगठन छ ग टी ऐशो , सहायक शिक्षक फेडरेशन,शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवम शिक्षकगण आज कलेक्टर हरिश एस जी को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने मांग की जल्द से जल्द दीपेंद्र देवांगन का पता लगाया जाए। ड्यूटी के दौरान लापता हुआ विभाग से जानकारी ली जाए कहीं किसी दबाव में तो नहीं था। पुलिस की कार्यवाही तेजी से करने का आग्रह किया। साथ ही संघ पदाधिकारियों ने बताया अगर कार्यवाही तेजी से नहीं होगी तो समस्त शिक्षकों के संगठन मिलकर सामूहिक धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान आशीष राम, धीरेंद्र मांझी,शैलेंद्र भदौरिया,किरण मरकाम, राजेंद्र सिंह ,कोमलदेव मरकाम, रामसिंह नायक,जी आर कवाची, सोन सिंह कश्यप, दिनेश पाल,प्रदीप नायर, अगस्टिन राम, सीताराम राणा,नवीन जॉन, रजनीश सिंह, शतीश रात्रे, गवर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## मां हिंगलाजीन की निकली भव्य शोभायात्रा



**जगदलपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय ब्रह्म क्षत्रीय समाज (खत्री) के द्वारा मंगलवार को माता हिंगलाजिन महोत्सव मनाया गया। संतोषी वार्ड स्थित सामाजिक भवन में विधि विधान पूर्व पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सामाजिक भवन पहुंची। जगह-जगह चौक चौराहों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल लोग मां हिंगलाजीन के रथ को खींचते माता की भजनों पर झूमते नाचते चल रहे थे। चौक चौराहों पर जमकर आतिशबाजी भी की गई। सामाजिक भवन में महा आरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# संसदीय सचिव ने चलित पशु चिकित्सा वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**गोठान के पशुओं का हो सकेगा उपचार**

**जगदलपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। संसदीय सचिव एवं जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन द्वारा दो चलित पशु चिकित्सा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संभागीय पशु चिकित्सालय जगदलपुर परिसर से पशुधन विकास विभाग द्वारा सर्व सुविधायुक्त एंबुलेंस वाहन जिले के दो विकासखंड जगदलपुर एवं दरभा हेतु रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना नरवा गरवा घूरवा और बाड़ी योजना अंतर्गत जिले के प्रत्येक गोठनों में पशु संबंधित विभिन्न गतिविधियां संचालित है।

पशु चिकित्सा विभाग जिला बस्तर के संयुक्त संचालक डॉक्टर देवेंद्र कुमार नेताम ने इस योजना के संबंध में बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा सर्विस प्रोवाइडर के माध्यम से जिले के प्रत्येक विकासखंड में एक मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई की स्थापना की गई है जिसके अंतर्गत प्रत्येक विकासखंड हेतु एक सर्व सुविधा युक्त एंबुलेंस वाहन जिसमें एक पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ एक सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी एवम एक वाहन परिचालक कम हेल्पर की नियुक्ति की गई है। इस मोबाइल वाहन में सभी आवश्यक पशु 27 चिकित्सा संबंधी उपकरण, उपचार हेतु औषधि प्रतिबंधात्मक टीका द्रव्य कृत्रिम गर्भाधान हेतु कंटेनर एवं अन्य उपकरण रोग अन्वेषण हेतु रक्त पट्टी एवम गोबर की जांच आदि की आवश्यक सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस वाहन में एक बड़ी टीवी स्क्रीन भी लगाई गई है जिसके माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीण पशुपालकों को दिखाई एवं सुनाई जावेगी। यह मोबाइल गाड़ी स्थानीय पशु चिकित्सा संस्थानों में पदस्थ अमले के साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक दिवस प्रत्येक विकासखंड के दो गोठानों में निर्धारित रोस्टर अनुसार शिविर आयोजित कर पशु उपचार, बधियाकरण, संक्रामक बीमारियों के बचाव हेतु टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान कार्य, डीटीकिंग, डिवर्मिंग, विभागीय व्यक्ति मुल्क योजनाओं का प्रचार प्रसार कार्य प्रात: 8 से शाम 4 बजे तक किया जावेगा। प्रत्येक सप्ताह एक दिन अवकाश होगा जो की रोस्टर के अनुसार होगा। इस वाहन में जीपीएस ट्रैकिंग >> शेष पृष्ठ 9 पर >


# निर्वाचन कार्य की सहूलियत के लिए सभी सड़कों को किया जाए दुरुस्त : कमिश्नर



- **कमिश्नर ने लिया विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक**
- **आदर्श आचार संहिता लागू होने से पूर्व अब तक स्वीकृत निर्माण कार्यों को करें प्रारंभ**

**जगदलपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। कमिश्नर श्याम धावड़े ने कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन कार्य की सहूलियत हेतु सभी सड़को को दुरुस्त किया जाए। साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू होने से पूर्व अब तक स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने बुधवार को आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में लोक निर्माण,जल संसाधन, शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,कृषि एवं संबद्ध विभाग, पंजीयक, सहकारी बैंक, खाद्य एवं जिला विपणन विभाग के विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक ली।

कमिश्नर श्री धावड़े ने लोक निर्माण विभाग के विभागीय मद के सभी सड़कों और केंद्र के मद से स्वीकृत सड़कों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि अंदरूनी इलाकों के ग्रामीणों को बारहमासी सड़कों की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सड़कों के निर्माण कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण कराएं। सड़कों के निर्माण से अन्य योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में मदद मिलती है। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों से हो रही क्षतिग्रस्त सड़को को तत्काल सुधार कार्य करने के निर्देश भी दिए। कमिश्नर ने संभाग के सभी जिलों में जल जीवन मिशन और नल जल योजना के कार्यों की समीक्षा की। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत दी जा रही नल कनेक्शन को घरों के अंदर देने पर जोर दिया,ताकि पानी का निस्तारण का मार्ग सब्जी-बाड़ी में किया जा सके। उन्होंने शिक्षण संस्थानों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने बस्तर के वन अधिकार मान्यता पत्र धारक किसानों का अधिक से अधिक पंजीयन करने पर जोर दिया साथ ही केसीसी पंजीयन के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ दिया जाए। उन्होंने दंतेवाड़ा के नेरली-धुरली प्रोजेक्ट को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ पेयजल समस्या का निराकरण कर दिसम्बर तक कार्य को पूर्ण करने कहा। उन्होंने बीजापुर के मिनगाचल नदी में स्वीकृत जलावर्धन योजना की प्रगति की चर्चा कर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को जल्द कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बीजापुर जिले के कुछ क्षेत्रों में पानी से होने वाली स्वास्थ्य समस्या का निराकरण हेतु पानी का सैम्पल लेकर जांच करवाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने बस्तर संभाग में शिक्षा का स्तर को बढ़ाने पर जोर दिया, शिक्षा विभाग को बच्चों की पढ़ाई लिखाई और स्किल सुधार पर फोकस करने कहा, ताकि मूल बस्तर के लोंगों को रोजगार के अवसर मिले। उन्होंने बैठक में आवारा पशुओं के व्यवस्थापन, धान खरीदी केंद्र, बारदाना की उपलब्धता, सहकारी बैंकों व समितियों की व्यवस्था, ई-केवायसी की स्थिति की समीक्षा की। इसके उपरांत कमिश्नर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और जिला सांख्यकी एवं योजना विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने प्राधिकरण के मद से स्वीकृत कार्यों, सांसद निधि, विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही बस्तर विकास प्राधिकरण के बैठक में सम्माननीय सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर भी चर्चा >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# भूपेश के छत्तीसगढ़ियावाद का क्रेज, रिपीट होगी सरकार



- पूरे देश के लिए विकास का रोल मॉडल भूपेश सरकार : पर्यवेक्षक
- 75 से ज्यादा सीट के साथ एक बार फिर जीत का किया दावा

**दंतेवाड़ा,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के प्रदेश पर्यवेक्षक एवं एआईसीसी सचिव डॉ. श्रीवेल्ला प्रसाद आज दंतेवाड़ा प्रवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने संगठन के कामकाज की समीक्षा की। पदाधिकारियों से एक-एक कर मुलाकात की। राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस 75 से ज्यादा सीटों पर शानदार जीत दर्ज करेगी और प्रदेश में भूपेश बघेल की सरकार रिपीट हो रही है।

श्रीवेल्ला प्रसाद ने कहा कि सरकार के पक्ष में पूरे प्रदेश में जबरदस्त लहर है। वे शहर के साथ-साथ गांवों में भी लोगों से मुलाकात करते हैं तो यह बात पता चलती है कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, खान-पान, बोली-भाषा को बढ़ावा देने के कारण भूपेश बघेल की सरकार को जनता बेहद पसंद करती है। एक और केन्द्र की मोदी सरकार आदिवासियों, किसानों, दलितों और मजदूरों की विरोधी है तो वहीं दूसरी ओर भूपेश सरकार ने अपने पांच साल के कार्यकाल में इन वर्गो के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं चलायी। इसी वजह से वे दावे के साथ कह रहे हैं कि सरकार फिर से प्रदेश में लोगों की सेवा के लिए आने वाली है।

उन्होंने आगे कहा कि लोग मोदी सरकार के 9 साल, रमन सरकार के 15 साल को भी देख चुके हैं। भूपेश बघेल की सरकार ने विकास के जो कीर्तिमान रचे हैं वह पूरे देश में विकास का रोल मॉडल साबित हो रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार की चर्चा देश के दूसरे हिस्सों में भी होती है। टिकट की घोषणा कब ? इस सवाल पर डॉ. प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस में एक सिस्टम के तहत टिकट के लिए प्रक्रिया होती है, उसका पालन हो रहा है। फिर भी आचार संहिता के पहले उम्मीदवारों की घोषणा हो जाएगा। इस बार भी बस्तर की पूरी 12 की 12 सीटें कांग्रेस के हिस्से में आएगी। सरकार विरोधी मुद्दे अथवा विरोध से इंकार करते उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल सरकार की विकास संबंधी योजनाओं ने लोगों का दिल जीत लिया, इसलिए सरकार के खिलाफ कोई माहौल नहीं है।

कांग्रेस भवन में भूपेश बघेल जिंदाबाद के नारों के बीच पर्यवेक्षक ने कहा कि यहां संगठन किस तरह काम कर रहा है, जीत के लिए रणनीति कैसी है, इसी की जानकारी लेने वे आए हैं। संगठन के कामकाज से बेहद संतुष्ट नजर आते उन्होंने कहा कि सभी को रिचार्ज किया जा रहा है। पत्रकारों से चर्चा के दौरान मनोज सिंह, मनोज कौरव, विरेन्द्र गुप्ता, सलीम रजा उस्मानी, रितेश जैन, मनीष भट्टाचार्य, विकास देवांगन, श्रीमती सुलोचना कर्मा, श्रीमती इंदिरा शर्मा, विमल सलाम, साक्षी सुराना सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शारदीय नवरात्र में पदयात्री सुविधा के लिए 15 केन्द्र

- दंतेश्वरी मंदिर में तैयारी शुरू, 15 से पर्व
- कलेक्टर की अध्यक्षता में टेम्पल कमेटी की बैठक
- पार्किंग सहित कई बिन्दुओं पर चर्चा

**दंतेवाड़ा,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी अक्टूबर माह में शुरू होने वाले नवरात्र पर्व की तैयारी दंतेश्वरी मंदिर में शुरू कर दी गई है। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर बस्तर की आराध्या देवी माई दंतेश्वरी के दंतेवाड़ा स्थित शक्तिपीठ प्राचीन मंदिर में लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं, भक्तों, पदयात्रियों एवं पर्यटकों को सुविधा देने के लिए एवं तैयारी को लेकर टेंपल स्टेट कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।



कलेक्टर विनीत नंदनवार की अध्यक्षता में हुई बैठक विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय गए। बैठक में नवरात्रि पर्व के अवसर पर चिकित्सा सुविधा व्यवस्था, पेयजल एवं साफ सफाई व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि नवरात्रि के लिए 15 सुविधा केंद्र बनाए जाएगे। इनमें जावंगा, फरसपाल, पनेड़ा, गीदम, कारली, ऑवराभाटा सहित अन्य स्थानों शामिल किया गया है। नवरात्र के दौरान वाहन पार्किंग के लिए मुख्यालय में 5 जगह का चिन्हांकित किया गया। इसके साथ ही नवरात्र पर्व के दौरान मंदिर परिसर में आवश्यक प्रकाश व्यवस्था के संबंध में, जूता-चप्पल रखने की व्यवस्था के संबंध में, नवरात्रि पर्व के सफल सम्पादन हेतु समिति का गठन और पदयात्रियों की सुविधा हेतु जिला बस्तर, सुकमा, बीजापुर से आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा दशहरा पर्व में माई जी पालकी ले जाने हेतु एक-चार के गार्ड की व्यवस्था, दशहरा पर्व हेतु वाहन एवं डीजल की व्यवस्था के संबंध में, आंवराभाटा में माई जी के विश्राम स्थल में जिया डेरा हेतु भवन में व्यवस्था, नवरात्रि पर्व में दुकान हेतु स्थल का चयन एवं आबंटन के संबंध में चर्चा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री तुलिका कर्मा, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि विमल सुराना, मंदिर के जिया लोकेन्द्र नाथ जिया, अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर, तहसीलदार हुलेश्वर नाथ खुटे सहित मंदिर के पुजारी, सेवादार सहित मंदिर समिति के सदस्य और क्षेत्र के विभिन्न समाज प्रमुख तथा अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# केन्द्रीय जेल में मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर



**जगदलपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय जेल जगदलपुर में मंगलवार को डीएमएचपी नोडल अधिकारी डॉ ऋषभ साव के निर्देशानुसार एवं डॉक्टर रुखसार खान के मार्गदर्शन में मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 58 कैदियों का मानसिक स्वास्थ्य जाँच किया गया। जिसमें अल्कोहल एडिक्शन, चिंता विकार, अवसाद, कैनाबीस एडिक्शन, निकोटीन एडिक्शन , इंसोमनिया के मरीज पाए गए जिनका काउंसलिंग किया गया। सभी कैदियों को उनके बेहतर मानसिक स्वास्थ्य हेतु साइको एजुकेट किया गया जिसमें विभिन्न उपायों योग, मेडिटेशन, प्रार्थना, डायरी रिपोर्ट, अपने विचारों को साझा करना, सामाजिक संपर्क रखने, अच्छी पुस्तकें पढ़ने, शारीरिक व्यायाम, आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही नशे का शरीर और मन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव, जोखिम कारक, और उससे बचने के उपाय बताए गए । कार्यक्रम आयोजन में जेल अधीक्षक, उप-जेल अधीक्षक, सभी कर्मचारियों एवं स्पर्श क्लिनिक स्टाफ, महारानी अस्पताल जगदलपुर का विशेष योगदान रहा।

# भ्रष्टाचार में दिव्यांगों को भी नहीं बख्श रही सरकार : रामू



- फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के जरिए लगा दी नौकरी
- कांग्रेस पार्टी की मूल में भ्रष्टाचार, संवैधानिक संस्थाएं चौपट

**दंतेवाड़ा,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने अपने हर विभाग में किए अपने अनगिनत भ्रष्टाचार से प्रदेश के युवाओं के भविष्य पर ग्रहण लगा दिया है। यह बातें जिला पंचायत सदस्य और भाजपा मंडल महामंत्री रामू नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही है।

जारी विज्ञप्ति में श्री नेताम ने कहा है कि कांग्रेस भ्रष्टाचार में इस कदर लिप्त है कि दिव्यांगों तक को नहीं छोड़ रही है और अपने चहेतों को फर्जी दिव्यांग बनाकर उन्हें नौकरी दे रही है । उन्होंने कहा कि विगत दिनों प्रदेश के दिव्यांग संघ ने कांग्रेस सरकार में फर्जी दिव्यांग बनकर नौकरी कर रहे लोगों को सूची जारी की है जिसमें, कांग्रेस सरकार के उन भ्रष्ट कर्मचारियों के नाम हैं जिन्होंने कांग्रेस सरकार की मदद से फर्जी दिव्यांग बनकर नौकरी हासिल की है। जब पीएससी जैसी संवैधानिक संस्था कांग्रेस के भ्रष्टाचार से मुक्त नहीं है तो विचार कीजिए जो तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की भर्तियों में कांग्रेस ने कैसा भ्रष्टाचार किया होगा। मंडल महामंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार में कांग्रेसी नेताओं और इनके चहेते कर्मचारियों के बेटे-बेटी और बहुओं को नौकरी मिली है, आम जनता को इस सरकार ने गोबर बिनने की नौकरी दी है। श्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ दिव्यांग संघ ने मुख्यमंत्री को फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाकर नौकरी करने वालों को सूची नाम के साथ सौंपी है, जिसमें दंतेवाड़ा जिले में नौकरी कर रहे एक अधिकारी का नाम भी है, परन्तु सरकार अपने ही विरुद्ध कैसे जांच करेगी, इसलिए दिव्यांग जनों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। चुनाव निकट है और जनता ने मन बना लिया है इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रदेश के कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई हर नियुक्ति की जांच कराई जायेगी ।

# कलेक्टर व अध्यक्ष खनिज संस्थान न्यास की अध्यक्षता में डीएमएफ की बैठक संपन्न



**सुकमा,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास हरिस. एस की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास की प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में कलेक्टर एवं अध्यक्ष हरिस. एस ने जिला खनिज संस्थान न्यास के स्वीकृत, पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कार्यों की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी संबंधित विभाग अपने कार्यों की समीक्षा करें। प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का प्रयास करें। वित्तीय वर्ष 2022-23 से पूर्व के स्वीकृत कार्य लंबित ना रहें। उन्होंने कहा कि समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से सभी कार्य पूरा कर लिया जाए। उन्होंने बैठक में डीएमएफ तहत वित्तीय प्रक्रियाओं के पालन का अद्यतन रखने पर ज़रूरी निर्देश दिए। बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास के कार्यों की भौतिक-वित्तीय प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति सहित अन्य विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही बैठक में कार्यों की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव एवं अन्य विषयों के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

# मेरी माटी मेरा देश के द्वितीय चरण में विभिन्न पंचायतों में अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम आयोजित

**बीजापुर,** 27 सितंबर। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत मेरी मारी मेरा देशज्ञ कार्यक्रम के द्वितीय चरण के दौरान बीजापुर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में च्अमृत कलश यात्राज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे ग्राम पंचायत स्तर में वीरों का वंदन करते हुए कलश में मिट्टी एवं चावल एकत्र करते हुए रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या मे ग्रामीण, विद्यार्थी, अध्यापक, शहीदों के परिवार जन एवं केन्द्रीय तथा राज्य के पुलिस बल के जवानों ने भाग लिया। इस अवसर पर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कुटारा के मार्गदर्शन मे पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, जेवी तुसिंग कमांडेन्ट 85 बटालियन सीआरपीएफ, रविकुमार साहू सीईओ जिला पंचायत, गीत कुमार सिन्हा उपसंचालक पंचायत एवं नोडल अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्रों का परखा ज्ञान

- आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल दंतेवाड़ा में आयोजन
- ब्लाक स्तर के विजेता जिले में होंगे शामिल

**दंतेवाड़ा,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। विकासखंड स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन सेजस हिन्दी माध्यम स्कूल दंतेवाड़ा में किया गया।



इस कार्यक्रम में दंतेवाड़ा विकासखंड के विभिन्न हाई/हायर सेकण्डरी एवं माध्यमिक स्तर के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। हाई/हायर सेकण्डरी स्तर के कार्यक्रम का संचालन (हिन्दी ) श्रीमती रेखा गुप्ता (व्याख्याता-जीवविज्ञान, आदर्श विद्यालय बालूद ) एवं (अंग्रेजी) श्रीमती टी. शारदा (व्याख्याता-गणित, कन्या शि.परिसर पातररास) एवं माध्यमिक स्तर पर (हिन्दी) जागृति कुंजाम (व्याख्याता-गणित, सेजस अंग्रेजी माध्यम दंतेवाड़ा) एवं (अंग्रेजी) निशा दीपू वर्मा (व्याख्याता-जीवविज्ञान, शा.कन्या.उ.मा.वि.दंतेवाड़ा ) द्वारा किया गया। स्कोरिंग एवं मंच संचालन की जिम्मेदारी अनिल साहू ( व्याख्याता-गणित, हाई स्कूल बालूद)ने बखूबी संभाला। विशेष सहयोग शेषमणी पाण्डेय (प्र.अ.,मा. वि. बालूद ), वरिष्ठ व्याख्याता पुष्पलता बघेल, अरूण ठाकुर, दीपाली कदम (सेजस हिन्दी मा. दंतेवाड़ा ) का रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य बी.बी.चक्रवर्ती ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विकासखंड स्तरीय क्विज में हाई/हायर सेकण्ड स्तर पर प्रथम स्थान सेजस अंग्रेजी माध्यम दंतेवाड़ा, द्वितीय हाई स्कूल बालूद एवं माध्यमिक स्तर पर प्रथम सेजस अंग्रेजी मा.दंतेवाड़ा एवं द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से कन्या शिक्षा परिसर पातररास एवं सेजस हिन्दी माध्यम दंतेवाड़ा के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया। दोनों स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय क्विज के लिए हुआ है। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर के निर्देशानुसार, एपीसी नेहा नाथ एवं एपीओ कमल कर्मकार के मार्गदर्शन एवं विकासखंड दंतेवाड़ा की नोडल अधिकारी टी. विजयलक्ष्मी (व्याख्याता-जीवविज्ञान, सेजस हिन्दी माध्यम दंतेवाड़ा) के संयोजन में संपन्न हुआ। बीईओ दंतेवाड़ा श्री ध्रुव, बीआरसी आरसी नागेश, सभी प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई प्रेषित की है।

# एक प्राथमिक शाला में दो हेडमास्टर

- गायब फिर भी निकलता रहा वेतन
- गीदम ब्लाक के बालेंगपाल का मामला
- बीईओ ने किया इंकार, कही जांच की बात

**दंतेवाड़ा,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। दक्षिण बस्तर में शिक्षा व्यवस्था पर लगातार फोकस के बावजूद कई तरह की खामियां उजागर हो रही हैं। गीदम ब्लाक के प्राथमिक शाला बालेंगपाल में एक साथ दो-दो हेड मास्टर की पोस्टिंग की जानकारी मिल रही है। इनमें से एक हेडमास्टर लगातार स्कूल आ रहे हैं, जबकि दूसरा गायब है। गायब हेडमास्टर का वेतन संबंधित अफसर लंबे समय से निकाल भी रहे हैं।

हिड़पाल पंचायत के अंतर्गत आने वाले बालेंगपाल प्राथमिक शाला में सुखराम नाग और योगेन्द्र नेगी दो हेडमास्टर की पोस्टिंग है । इनमें से सुखराम नाग लंबे समय से स्कूल ही नहीं आ रहे हैं। इसके बावजूद इनका वेतन निकलता रहा। केवल यही स्कूल नहीं बल्कि जिले के अन्य विकास खण्डों में भी इसी तरह के मामले हैं। इसकी पड़ताल नहीं होने का एक मात्र कारण लेन-देन कर वेतन आहरण करना है। अभी जिले में लगभग 275 शिक्षकों का संलग्नीकरण खत्म हुआ है। मनमानी संलग्नीकरण के कारण स्कूलों की व्यवस्था चौपट हो रही है। कुछ स्कूल एकल शिक्षकीय हैं, तो कहीं जरूरत से ज्यादा शिक्षकों को संलग्न कर दिया गया है। संलग्नीकरण खत्म करने का विरोध भी हो रहा है। विरोध की वजह शैक्षणिक सत्र के बीच में शिक्षकों को स्कूलों से हटाया जाना भी है।

बहरहाल प्राथमिक शाला बालेंगपाल के मामले में खण्ड शिक्षा अधिकारी शेख रफीक का कहना है कि संबंधित हेडमास्टर सुखराम नाग को बालेंगपाल में अटैच किया गया था। अभी संलग्नीकरण खत्म होने के बाद उन्हें मूल स्कूल में भेज दिया गया है। पिछले दो महीने से उनका वेतन भी नहीं निकला है। लंबे समय से स्कूल नहीं आने और वेतन निकालने जाने की बात गलत है। इसके बावजूद वे इसकी पड़ताल करवा रहे हैं। अभी संलग्नीकरण खत्म हो जाने के बाद इस तरह की खामियां दूर हो जायेंगी।

# आयुष्मान हेल्थ मेला व रक्तदान शिविर का आयोजन

**जगदलपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। आयुष्मान भव: कार्यक्रम में जिला बस्तर जगदलपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बस्तर में आज 27 सितम्बर को आयुष्मान हेल्थ मेला एंव रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर के चतुर्वेदी ने बताया कि इस शिविर में 133 मरीजों की स्वास्थ्य जाँच की गयी जिसमें 15 बी.पी. मरीज, 12 मधुमेह मरीज, ओरल कैंसर के मरीज पाये गये। शिविर में 15 आयुष्मान कार्ड वितरण, 10 युनिट रक्तदान एवं 8 अंगदान प्लेज किया गया।



## प्रादेशिकी का शेष...

### दीपेन्द्र देवांगन की गुमशुदगी...

सिंह कुंजाम, चंद्र मणि शर्मा,लखनलाल जुर्री, नेताम,पूजा कनौजिया,आकाश कनौजिया, अंजना पोया , बसंती नागुल,चंद्रकला जंगटी, अर्पना राय, सुनीता डेविड एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### संसदीय सचिव ने चलित पशु...

सिस्टम भी लगा हुआ है, जिससे राज्य स्तर पर एम्बुलेंस का लोकेशन रियल टाइम भी देखा जा सकेगा। इसके साथ-ही राज्य स्तर पर एक कॉल सेंटर भी संचालित होगा जिसमें तीन वेटरनरी डॉक्टर एवं 10 कॉल एग्जीक्यूटिव होंगे। यह कॉल सेंटर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होंगे जिसका की टोल फ्री नंबर 1962 होगा। पशु पालक इस नंबर पर कॉल करके पशु चिकित्सा संस्थान से अपनी समस्या का समाधान एवं परामर्श प्राप्त कर सकेगा। प्रदेश की समस्त चिकित्सा संस्थानों में पदस्थ वेटरनरी डॉक्टर, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के साथ-साथ सभी प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता कॉल सेंटर के सॉफ्टवेयर में मैप्ड किया जावेगा। इस मोबाइल वेटरनरी यूनिट के उद्घाटन कार्यक्रम में संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला बस्तर डॉक्टर देवेंद्र कुमार नेताम संभागीय पशु चिकित्सालय के डॉक्टर विवेक नायक, डॉक्टर गीतिका ध्रुव सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के आर कश्यप, मुकेश तिवारी, सुनील भटनागर, श्रीमती मंजू सारथी एवं संयुक्त संचालक कार्यालय के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी राकेश कुमार दुबे एवं अन्य फील्ड के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### निर्वाचन कार्य की सहूलियत...

किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर बी एस सिदार, मुख्य अभियंता लोक निर्माण रावटे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी साहू सहित संबंधित विभागों के संभागीय एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# आपसी सामंजस्य व भाईचारे के साथ पर्वों को मनाकर बस्तर की मिसाल को रखें कायम : कलेक्टर

**जगदलपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा सामाजिक सौहाद्र के अनुरूप आपसी सामंजस्य और भाईचारे के साथ विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व, अनन्त चतुर्दशी, ईद-ए-मिलाद, पर्युषण पर्व के महाआरती इत्यादि सभी पर्वों को मनाकर शांति का टापू बस्तर की मिसाल को कायम रखने के लिए सभी समाज के लोग मिलकर सक्रिय सहभागिता निभाएं। उक्त अपील कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विजय दयाराम के. ने कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित शांति समिति की बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों, विभिन्न समाज प्रमुखों सहित समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों और गणमान्य नागरिकों से की।



कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बैठक में कहा कि जिले में सभी आयोजनों के लिए सदैव ही सभी लोगों का सहयोग मिलता रहा है,इसी तरह निरन्तर सहयोग अपेक्षित है। शांति समिति के सदस्य होने के नाते समिति के निर्णयों का परिपालन सुनिश्चित करने के लिए समन्वित सहयोग प्रदान करें।इस दिशा में समुदाय के लोगों को अवगत कराएं और व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु जरूरत के अनुसार समाज के लोगों को समझाईश भी अवश्य देवें। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन को सहयोग प्रदान करने का आग्रह करते हुए कहा कि जो नियम तय किये गए हैं उसका अनुपालन त्योहारों एवं पर्वों को मनाने के दौरान अवश्य सुनिश्चित करें। माननीय सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जारी गाइडलाइन तथा ध्वनि प्रदूषण विनियमन एवं नियंत्रण अधिनियम, मोटर व्हीकल एक्ट और छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों का परिपालन किया जाये। उन्होंने परीक्षाओं तथा अस्पताल में उपचारार्थ भर्ती मरीजों के मद्देनजर निर्धारित मानदंडों का पालन करते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग किये जाने पर बल दिया। कलेक्टर विजय ने विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर्व के दौरान पार्किंग एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने आश्वस्त किया। बैठक के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा ने सभी लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि सामाजिक सद्भाव एवं सौहाद्रपूर्ण माहौल के लिए बस्तर का नाम पूरे देश में लिया जाता है। यह बस्तर के लोगों की परिपचता को दर्शाता है। इसे हम सब लोग मिलकर हमेशा बनाकर रखें यह हम सभी का दायित्व है। उन्होंने सभी त्योहारों और पर्वों को एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए मनाये जाने का आग्रह किया और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सहयोग प्रदान करने पर बल दिया। बैठक में स्थानीय विधायक एवं संसदीय सचिव रेखचन्द जैन तथा महापौर सफीरा साहू ने भी बस्तर की सामाजिक समरसता को रेखांकित करते हुए कहा कि एक-दूसरे के प्रति सद्भावना रखना हमारी विशिष्ट पहचान है। इस ओर हम सभी मिलकर त्योहारों और पर्वों को सौहाद्रपूर्ण ढंग से मनाएं तथा इस पहचान को संजोकर रखें। बैठक में त्योहारों एवं पर्वों के दौरान आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था,सुचारू यातायात व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, प्रशिक्षित गोताखोर-लाइफ जैकेट, अग्निशमन दल, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था इत्यादि समयपूर्व सुनिश्चित किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों ने अपने अमूल्य सुझाव दिए। इस बैठक में अपर कलेक्टर सीपी बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल, नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि गण, विभिन्न समाज प्रमुख, पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# सीईओ जिपं ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

## आयुष्मान भव: कार्यक्रम के तहत अधिकारियों ने ली अंगदान की शपथ



**बीजापुर,** 27 सितंबर। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित समस्त विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में मिले दायित्वों का निर्वहन कुशलतापूर्वक करने निर्वाचन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर उपस्थित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने आयुष्मान भव: कार्यक्रम के अर्न्तगत अंगदान महादान करने एवं लोगो को अंगदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ भी ली। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी सहित जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारीगण, सभी अनुभाग के एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय के सीएमओ उपस्थित थे।

# अड़ेगा रीपा में विस उपाध्यक्ष ने प्राकृतिक गोबर पेंट इकाई का किया शुभारंभ




## गोबर पेंट निर्माण करने वाले महिला समूह को प्रदान किया 1 लाख का चेक

**कोण्डागांव**, 27 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के विकास खंड केशकाल अंतर्गत ग्राम पंचायत अड़ेगा में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत निर्मित महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क में कोण्डागांव जिले के ग्रामीण अंचल में निर्मित पहले प्राकृतिक गोबर पेंट इकाई का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में विधान सभा उपाध्यक्ष एवं विधायक केशकाल संतराम नेताम एवं जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों के साथ फीता काट कर प्राकृतिक गोबर पेंट यूनिट का उद्घाटन करने के साथ ही गोबर पेंट निर्माण कर रही महिला समूह को 01 लाख रुपए का चेक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया।

संतराम नेताम ने कहा कि मुख्य मंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से केशकाल विकास खंड के ग्राम अड़ेगा में ग्रामीण अंचल में बनने वाले प्रथम गोबर पेंट इकाई की शुरुआत हुई है। निश्चित रूप से समूह की महिलाओं को गोबर पेंट निर्माण एवं बिक्री से भरपूर लाभ मिलेगा साथ ही इससे होने वाले आय से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत बनेंगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने अड़ेंगा में गोंडवाना समाज भवन का भूमिपूजन, देवगुड़ी भवन का लोकार्पण, कंवर समाज भवन का लोकार्पण तथा प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भवन में प्रोजेक्टर का शुभारंभ भी किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने कहा शासन द्वारा हर वर्ग के विकास और उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी कार्य किए गए हैं। इस सम्बंध में जनपन पंचायत सीईओ रामेश्वर महापात्र ने बताया कि महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क में कुल 04 महिला समूह कार्यरत हैं, प्रत्येक समूह में 10 महिलाओं को शामिल किया गया है। ये महिला समूह दोना पत्तल निर्माण, दाल प्रसंस्करण, बीसी सखी एवं गोबर पेंट निर्माण का कार्य कर के आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं।

इस कार्यक्रम में उर्दू अकादमी बोर्ड के सदस्य सगीर कुरैशी, जनपद उपाध्यक्ष गिरधारी सिन्हा, सरपंच सरीदा नाग, उपसरपंच प्रेम नेताम, सरपंचगण ओमप्रकाश माला, माहेश्वरी हिड़को, संगीता नेताम, जनपद सीईओ रामेश्वर महापात्र, रीपा नोडल अधिकारी कुंजलाल सिन्हा, बीपीएम हरीश मंडावी, नलिश अंचल, नीलोफर नबी समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं स्थानीय ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# भंडार सिवनी में हुआ विकासखंड स्तरीय आयुष मेला, वितरित किया आयुष काढ़ा

**कोण्डागांव**, 27 सितम्बर (देशबन्धु)। भंडार सिवनी में विकास खंड स्तरीय आयुष मेला का आयोजन हुआ, जहां ग्रामीणजनों को आयुष काढा का वितरण किया गया और सैकड़ों को आयुर्वेद, होम्योपैथी चिकित्सा का लाभ मिला।



## सैकड़ों को मिली आयुर्वेद होम्योपैथी चिकित्सा

संचालनालय आयुष के सौजन्य तथा जिला आयुर्वेद अधिकारी बस्तर डॉ. जेआर नेताम के मार्गदर्शन में 26 सितम्बर मंगलवार को ग्राम भंडार सिवनी में विकास खंड स्तरीय एक दिवसीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला के आयोजन का शुभारंभ स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नागरिकों की मौजूदगी में आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर किया गया।

आयुष मेला में मुख्य तौर पर वात रोग, उदर विकार, त्वचा रोग, प्रतिश्याय कास, अर्श बवासीर सहित मौसमी रोगों के मरीजों का नि:शुल्क उपचार किया गया। शिविर प्रभारी डॉ.योगेश विश्वकर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में अधिकांश सर्दी, खांसी, बुखार आदि मौसमी रोगों के ज्यादा मरीज मिले। आयुष चिकित्सकों की टीम द्वारा 411 रोगियों का आयुर्वेद और होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से उपचार के साथ ही मौसमी रोगों से बचाव हेतु काढा वितरण और योग परामर्श दिया। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा मौसमी रोगों से बचाव के लिए 315 लोगों को आयुर्वेदिक काढ़ा का वितरण भी किया गया। शिविर में उपलब्ध पैथोलॉजी जांच अंतर्गत 37 मधुमेह की जांच की गई। आयुष मेला में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.पी.एल.बनपेला, डॉ.सी.एस.मंडावी, डॉ.श्रीकांत साहू, डॉ.चंचल नाग, फार्मासिस्ट सुनील गायकवाड, रूपेंद्र जुरेसिया, मनोज प्रधान, डिसेंद यादव, देवनाथ मरकाम, खगेश्वर नाग, शांति बाकड़े, ज्योति शर्मा एवं पैथालाजिस्ट कर्मचारी आदि का शिविर के सफल आयोजन में विशेष योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री ने छग महतारी की प्रतिमा का किया लोकार्पण



**कोण्डागांव,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला कार्यालय परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का वर्चुअल लोकार्पण किया। मुख्य मंत्री श्री बघेल ने मंगलवार को रायपुर स्थित अपने निवास से छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए लगभग 6080 करोड़ के 7300 कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कोण्डागांव के जिला कार्यालय परिसर में 19 लाख 19 हजार रूपये की लागत से निर्मित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम का प्रसारण जिला कार्यालय स्थित एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एआर मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# भंडारसिवनी में किया गया सास बहू सम्मेलन

## नव दंपत्ति को किया गया नई पहल किट का वितरण

**कोण्डागांव,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक कुमार सोनी के निर्देशानुसार जिले में संचालित मिशन परिवार विकास योजना के तहत जिला के सभी नव विवाहित दम्पत्तियों की काउंसलिंग कर परिवार नियोजन में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.सिंह तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.भावना महलवार के मार्गदर्शन में सभी उपस्वास्थ्य केन्द्र भंडारसिवनी में 'सास बहु सम्मेलन' का आयोजन किया गया।



इस सम्मेलन में आये हुऐ दम्पतियों को 'नई पहल किट' का वितरण किया गया। इस किट में परिवार नियोजन के सभी साधन उपलब्ध कराये गये हैं। नई पहल किट में जनसंख्या स्थिरीकरण एवं दो बच्चों के बीच में होने वाले अन्तर रखने में मुख्य भूमिका निभाता है। इस किट में इमरजेंसी कांट्रासेप्टीव पील (ओरल), कंडोम, छाया, माला-एन, प्रेग्नेसी टेस्ट किट (पी.टी.के.) इत्यादि दिया जा रहा है। सास बहु सम्मेलन में सास एवं बहू दोनों को बुला कर उनका काउंसलिंग किया जाता है। उसके पश्चात नई पहल किट में उपलब्ध सामाग्रियों के उपयोग एवं सेवन की जानकारी एएनएम के द्वारा हितग्राहियों को दिया गया है।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत भीरागांव में निकाली गई कलश यात्रा



**कोण्डागांव,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव विकास खण्ड के ग्राम पंचायत भीरागांव में मंगलवार को माध्यमिक और प्राथमिक स्कूल के बच्चों और शिक्षकों के द्वारा 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत ग्राम पंचायत भीरागांव में कलश यात्रा एवं रैली निकाली गयी। इसका उद्देश्य लोगों को देश के प्रति जागरूक करना और मेरी माटी मेरा देश अभियान के बारे में बताना और उनके अंदर देशभक्ति, सेवा भाव, समर्पण की भावना को जागृत करना है। इस कार्यक्रम में सरपंच ग्राम पंचायत भीरागांव ब मेहतूराम सोढ़ी, प्रधानाध्यापक प्राथमिक शाला भीरागांव ब अशोक कुमार साहू, सचिव आयतुराम सोरी, आकांक्षी जिला टीम के सूरज झरिया, भूपेंद्र चंद्र, निर्मला देवांगन, ललिता पांडे, टीनू ठाकुर, डोमीनी गोस्वामी, पूनम एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# आज नि:शुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण सह जागरूकता कार्यक्रम

**कोण्डागांव,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर 28 सितंबर को कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन में उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं के नेतृत्व में नि:शुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर पशु चिकित्सालय कोण्डागांव में सुबह 8 बजे से 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। पशुचिकित्सा सेवाएं द्वारा आम जनों से अपील की गयी है कि 28 सितंबर गुरुवार को पशु चिकित्सालय कोण्डागांव में अपने पालतू पशुओं (श्वान एवं बिल्ली) का एंटी रेबीज टीकाकरण अवश्य करवाएं एवं रेबीज बीमारी से सुरक्षित रहें।

# आयुष्मान भव: के तहत 30 तक लगेंगे रक्तदान शिविर

**कोण्डागांव,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। आयुष्मान भव: अभियान के अंर्तगत कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.सिंह के निर्देशानुसार जिले में हर गाँव, हर घर तक पहुंच कर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। जिसके तहत आयुष्मान भव: कार्यक्रम के अंतर्गत रक्तदान का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सभी स्वैच्छिक रक्तदाता रक्तदान का कार्य भी कर सकते हैं। जिसमें विकास खण्ड एवं जिला स्तर पर कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत कोण्डागांव में 26 सितम्बर को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। वहीं 27 सितम्बर को बड़ेराजपुर, 29 सितम्बर को माकड़ी, 30 सितम्बर को केशकाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला में अब तक रक्तदान के द्वारा फरसगांव शिविर से 13 युनिट का रक्तदान किया गया है। इस हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को अधिक से अधिक आगे आकर आयुष्मान भव: कार्यक्रम अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान कर स्वयं एवं दूसरों की साहायता का कर्म करने हेतु अपील की गयी है।

# पशुपालन विभाग की मोबाइल पशुचिकित्सा सेवा, की एंबुलेंस गौठानों में पहुंची



**भानुप्रतापपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग के माध्यम से एंबुलेंस सेवा प्रारंभ की गई है,वह बेहद सफल हो रही है, भानुप्रतापपुर विकास खंड के दुर दराज के गांवों में स्थित गौठानों में यह एंबुलेंस पहुंच रही है,साथ ही पशुचिकित्सा विभाग के कर्मचारी/अधिकारी पहुंच कर पशुओं का आवश्यकता अनुसार सेवा दे रहे हैं, ,ज्ञात हो कि ईस एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान,पशु उपचार, टीकाकरण, बधीयाकरण, औषधि वितरण इत्यादि सभी कार्य किए जाते हैं,पशु चिकित्सा विभाग द्वारा लोगों से अपील की गई कि अपने मवेशियों को गौठानों में लाकर शासन के ईस महत्वपूर्ण योजना का अधिक से अधिक लाभ उठायें , मवेशियों को सड़कों पर खुला ना छोड़ें, ईससे वाहन दुर्घटना बड़ रही है,तथा कृषकों को पशुधन की भी हानि हो रही है, पशु विभाग की एंबुलेंस सेवा प्राप्त करने के लिए अपने क्षेत्र के पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, प्राईवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता,पशु सखी मित्र आदि से संपर्क करें,या टोल-फ्री नम्बर 1962 में आप फोन कर सकते हैं, विकास खंड के गौठान ग्राम में एंबुलेंस सेवा में डाक्टर पी.एल.सरल, डाक्टर हर्षिता साहू,तथा यामन साहू, एवं खिलावन साहू,मार्गदर्शन में शिविर आयोजित कर टीकाकरण व पशु उपचार निरंतर किया जा रहा है।

# पैरालीगल वालिंटियर्स का एक दिवसीय मासिक बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**कोण्डागांव,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिरकण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में पैरालीगल वालिंटियर्स का 26 सितम्बर 2023 को एक दिवसीय मासिक बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला न्यायालय परिसर के न्याय सदन में आयोजित किया गया, जिसमें स्वयं न्यायाधीश ने उपस्थित होकर पैरालीगल वालिंटियर्स के कार्य का अवलोकन करते हुए आमजनों के बीच जाकर विधिक जागरूकता फैलाने के उदेश्य से अधिक से अधिक विधिक जागरूकता सह साक्षरता शिविर का आयोजन करते हुए जरूरतमंद व्यक्तियों को सहायता प्रदाय करने सहित शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं से भी आमजनों को लाभ दिलाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कमलेश कुमार जुर्री अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी पॉक्सो कोण्डागांव, श्रीमती यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव, श्रीमती अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता कोण्डागांव, चन्द्रप्रकाश कश्यप प्रतिधारक अधिवक्ता नारायणपुर, रजनीश कुमार चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोण्डागांव, दीनेश ध्रुव डिप्टी लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोण्डागांव, शिवराम मरकाम असिस्टेंड लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोण्डागावं, जसवंत गौतम असिस्टेंड लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोण्डागांव एवं समस्त पैरालीगल वालिंटियर्स कोण्डागांव/नारायणपुर उपस्थित रहे।



# स्कूलों का औचक निरीक्षण



**भानुप्रतापपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर महोदया एवं जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर भानुप्रतापपुर खण्ड शिक्षा अधिकारी आदरणीय श्री सदेसिंह कोमरे सर एवं संकुल समन्वयक श्री लीलाधर ठाकुर द्वारा संकुल केंद्र भेजा के समस्त स्कूलो का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान संकुल केंद्र भेजा के हाई स्कूल भेजा, मा.शा.भेजा, कुडाल, प्रा.शा.भेजा, तेलम्मा, गायतापारा, के संस्था प्रमुखो व शिक्षक-शिक्षिकाओ को शैक्षणिक स्तर में सुधार एवं नवोदय, एन.एम.एम.एस.ई. परीक्षा की तैयारी हेतु कार्य योजना बनाकर बच्चों की तैयारी करवाने हेतु दिशानिर्देश दिया गया साथ ही साथ,शाला मरम्मत, शिक्षा गुणवत्ता पर सभी स्कूलों के संस्था प्रमुखों से सुधार हेतु विशेष चर्चा किया गया।

# धर्मनगरी संबलपुर में विभिन्न स्थानों पर विघ्नहर्ता गणपति की प्रतिमा के साथ विराजित

**भानुप्रतापपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। धर्मानगरी संबलपुर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर विघ्नहर्ता गणपति की प्रतिमा उत्साह के साथ विराजित की गई है, गणपति जी की मूर्ति विराजित करने युवाओं एवं बच्चों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। नगर में इस बार विभिन्न समिति जैसे सिद्ध श्री गणेश स्वामी मंदिर समिति संबलपुर, मां शीतला मंदिर समिति संबलपुर, श्री गणेश युवा समिति चांदनी चौक संबलपुर, ओम शांति सेवा गणेश उत्सव शांतिपारा संबलपुर, बस स्टैंड गणेश उत्सव समिति संबलपुर, श्री अष्टविनायक गणेश उत्सव समिति सुंदर नगर संबलपुर, इसी प्रकार 15 से अधिक स्थान पर आकर्षक पंडाल एवं आकर्षक कलाकृतियों की मूर्तियां विराजित की गई है ,जहां विधि विधान से भगवान गणपति की पूजा किए जाते हैं। जिससे संबलपुर धर्मानगरी में भक्ति में माहौल बना हुआ है। आज संबलपुर में कई जगहों पर हवन का कार्यक्रम रखा गया है। **क्रमश:**1 माता पार्वती की गोद में गणेश युवा समिति चांदनी चौक, 2 चार भुजा वाले सिद्ध श्री गणेश स्वामी मंदिर, 3 शंकर पार्वती के साथ मां शीतला दंतेश्वरी मंदिर, 4 नीले गणेश जी ओम शांति सेवा समिति, 5 गुलाबी गणेश जी बस स्टैंड गणेश समिति, 6 हनुमान जी के साथ अष्ट विनायक गणेश समिति सुंदरनगर पढ़े।



# डाटा एंट्री आपरेटर व वाहन चालक के लिए कौशल परीक्षा कल

**कोण्डागांव,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) जिला कोण्डागांव अंतर्गत डाटा एन्ट्री आपरेटर के 01 पद एवं वाहन चालक के 01 पद हेतु प्राप्त आवेदनों की स्कूटनी पश्चात दावा-आपत्ति का जिला चयन समिति द्वारा निराकरण कर वरियता सूची के आधार पर प्रति 01 पद हेतु शीर्षक्रम के 50 अभ्यार्थियों को कौशल परीक्षा एवं प्रायोगिक परीक्षा हेतु 28 सितम्बर को प्रात: 11 बजे आमंत्रित किया गया है। इस हेतु कौशल परीक्षा डाटा ऐण्ट्री आपरेटर पद हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जोंदरापदर कोण्डागांव एवं वाहन चालक पद हेतु क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के सामने मैदान कोण्डागांव में आयोजित की गई है। उपरोक्तानुसार वरियता सूची के आधार पर दोनों पृथक-पृथक पदों के वरियता क्रम के अभ्यर्थियों की पूर्ण सूची जिला कोण्डागांव के वेबसाईट पद एवं जिला कार्यालय की नोटिस बोर्ड पर अवलोकन किया जा सकता है।

# रेत खदान हेतु संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोण्डागांव,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। शासन के निर्देशानुसार जिले में रेत खदान स्वीकृत एवं सुचारू रूप से संचालन किया जाना है। इस हेतु संबंधित ग्राम पंचायतों में रेत से संबंधित निर्धारित आवेदन प्रारूप कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा कोण्डागांव कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आवेदन प्राप्त किया जा सकता है। इस हेतु सभा का प्रस्ताव, नदी का नक्शा खसरा, रकबा एवं नक्शा आवेदित क्षेत्र रकबा के साथ तथा 1000 रूपये आवेदन शुल्क चालान के माध्यम से जमा कर आवेदन किया जा सकता है।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

एक दिन एक कंजूस ने भिखारी को घर बुलाया और पेटभर खाना खिलाया।

**भिखारी-** क्या बात है आज तो आपने दिल खोलकर पेट भर खाना खिलाया।

**कंजूस-** दरअसल कल हमारे यहां एक महात्मा आए थे। उन्होंने कहा कि खाना कभी बर्बाद नहीं करना चाहिए।

# सेंट्रल जीएसटी का छापा

## 3 गोदामों में दी दबिश, करोड़ों का माल जब्त

**रायपुर**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। सेंट्रल जीएसटी ने राजधानी रायपुर के विभिन्न ट्रांसपोर्टरों के गोडाउन पर शिकंजा कसा है करोड़ों का माल जब्त हुआ ह रॉवाभाठा स्थित 3 गोदामों में टीम ने दबिश दी है भारी मात्रा में साड़िया सायकल समेत फ्लैश लाइट जब्त की गई है छापेमारी से शहर के व्यापारियों में हड़कंप मच गया है केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर रायपुर मुख्यालय के अधिकारियों ने रायपुर शहर स्थित विभिन्न ट्रांसपोर्टरों के गोडाउन में कार्रवाई की।



व्यापारियों में मचा हड़कंप

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर रायपुर कमिश्नरेट के आयुक्त मोहम्मद अबू समा के निर्देशन में तीन टीमों का गठन किया गया जिनका नेतृत्व अधीक्षक राजेश रंजन द्वारा किया गया जिनके द्वारा कल दोपहर से जांच शुरू कर देर रात तक की गई जानकारी के आधार पर सेंट्रल जीएसटी के अधिकारियों ने भनपुरी स्थित दो गोडाउन एवं रावाभाटा स्थित एक गोडाउन का औचक जांच और निरीक्षण किया जो परिवहन और लॉजिस्टिक फर्मों के स्वामित्व में थे जहां पाया गया कि गोडाउन का इस्तेमाल विभिन्न ट्रांसपोर्टरों द्वारा माल जैसे साडी साइकिल इत्यादि के भंडारण के लिए किया जा रहा था माल के संबंध में जब सम्बंधित ट्रांसपोर्टरों से पूछताछ की गई तो वे कुछ भी संतोषजनक बता पाने में असमर्थ रहे कि ट्रांसपोर्टरों द्वारा माल का भंडारण किस मकसद से किया जा रहा था इसके अतिरिक्त ट्रांसपोर्टर गोडाउन में रखे माल के सम्बन्ध में उचित दस्तावेज जैसे वैध मूंल बिल भी प्रस्तुत नहीं कर सके कथित तौर पर माल पिछले चार महीनों से गोदामों में रखा हुआ था पूछे जाने पर गोदाम मालिकों ने बताया कि उक्त माल का परिवहन उन्ही के द्वारा किया गया था हालांकि वे उक्त माल के वास्तविक मालिकों की पहचान करने में असमर्थ थे ऐसी स्थिति में अधिकारियों द्वारा की गई विवेचना के आधार पर ऐसे सभी माल को जब्त कर नियमानुसार मामला पंजीबद्ध किया गया गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य में आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनज़र मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा विभाग को चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए बांटे जाने वाली वस्तुओं पर निगरानी रखने के लिए निर्देश दिए गए थे इस क्रम में सेंट्रल जीएसटी द्वारा मूंल बिल चेकिंग के माध्यम से अब तक कई मर्तबा माल की धर पकड़ की गई ➤➤ *शेष पृष्ठ 4 पर* ➤

## अब जनरल टिकट के लिए नहीं लगना होगा कतार में

**रायपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सफर के दौरान अपने यात्रियों की हर छोटी जरूरत और परेशानी का बड़ी बारीकी से ध्यान रखती है । इसी तारतम्य में रेलवे स्टेशनों पर नई ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन लगाया गया है । इससे रोजाना यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी फायदा हो रहा है । इन मशीनों से उन्हें जल्दी टिकट मिल सकेगा, जिससे अब स्टेशनों पर लगने वाली टिकट की लाइन का झंझट भी खत्म हो गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 55 प्रमुख स्टेशनों पर 88 एटीवीएम स्थापित किया गया है। इसमे बिलासपुर मण्डल के 19 स्टेशनों पर 38 एटीवीएम, रायपुर मण्डल के 13 स्टेशनों पर 19 एटीवीएम, नागपुर मण्डल के 23 स्टेशनों पर 30 एटीवीएम मशीनों की व्यवस्था की गई है।

## छत्तीसगढ़ के पत्रकारों को मकान खरीदने पर मिलेगी 15 फीसदी की छूट, 6 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सीएम भूपेश बघेल के नेतृत्व में स्टेट कैबिनेट की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय पत्रकारों के लिए भी लिया गया। अब आवास ऋण पर अनुदान मिलेगा।




मुख्यमंत्री की घोषणा के परिपालन में पत्रकारों को नगर विकास योजना क्रमांक-4 कौशल्या माता विहार में मकान खरीदनें पर राज्य शासन की तरफ से 15 प्रतिशत की छूट प्रदान करने का निर्णय का अनुमोदन करते हुए इसके प्रथम स्टेज प्राक्कलन के अनुसार 309 पत्रकारों को दी जाने वाली छूट की राशि 6 करोड़ 37 लाख 20 हजार 450 रूपए रायपुर विकास प्राधिकरण को स्वीकृत किया गया। इसी तरह कई अन्य निर्णय लिए गए हैं।

पत्रकारों के आवास अनुदान में ये हैं खास जनसंपर्क विभाग द्वारा 'श्री ललित सुरजन संचार प्रतिनिधि आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना' राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है। योजना अंतर्गत 30 लाख तक के आवास ऋण के लिए 5 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज अनुदान 5 वर्षों तक दिया जाएगा। यह योजना एक अप्रैल 2023 के बाद से क्रय मकान पर प्रभावशील होगी। ➤➤ *शेष पृष्ठ 4 पर* ➤







# बीमा पॉलिसी में अधिक रकम दिलाने के नाम पर देश भर में ठगी, अंतर्राज्यीय ठग गिरफ्तार

**रायपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। प्रार्थी भानू प्रताप सिंह ने थाना न्यू राजेन्द्र नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह सी.116 आचमन गुरूघासीदास कालोनी न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर का निवासी है। प्रार्थी एवं उसकी पत्नि का मैक्स लाईफइन्शोरेंस में 3 पॉलिसी है। प्रार्थी को मैंक्स लाईफइंश्योरेंस के विरूद्ध शिकायत करना था। जिस पर प्रार्थी मैक्स लाईफइन्शोरेन्स के विरूद्ध शिकायत करने के लिए समक्ष अधिकारी का नाम एवं फोन नंबर मांगा तो वहां से लोकपाल के नाम से पंकज त्रिपाठी का नाम एवं मोबाईल नं0 9012207395 बताया गया। प्रार्थी द्वारा उक्त मोबाईल नंबर पर फोन करने पर पंकज त्रिपाठी ने बताया कि आपके 3 तीन मैक्स लाईफ इन्श्योरेंस की राशि 28.50 लाख रूपये आपको मिलेंगे। इसके लिए बताये अनुसार आप आर.टी.जी.एस.से रूपये भेजते रहेंगे तो आपको मिलने वाले रूपयों के साथ वह भी वापस हो जाएगा कि प्रार्थी उसकी बातो में विश्वास कर उसके बताये बैंक खातों में रूपये भेजते गया तथा पंकज त्रिपाठी प्रार्थी से और रूपयों की मांग करते हुए रूपये प्राप्त करते रहा। इस प्रकार पंकज त्रिपाठी नामक व्यक्ति द्वारा 30 जनवरी से 1अगस्त 23 तक प्रार्थी को अपने झांसे में लेकर अलग अलग किश्तों में उससे कुल 20 लाख 82 हजार रूपये की ठगी किया गया। जिस पर आरोपी के विरूद्ध थाना न्यू राजेन्द्र नगर में धारा 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। लाखों रूपये ठगी की घटना को गंभीरता लिया गया जिस पर प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी न्यू राजेन्द्र नगर को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा जिन मोबाईल नंबरों से प्रार्थी के मोबाईल फोन पर कॉल आया था उन मोबाईल नंबरों का तकनीकी विश्लेषण करने के साथ ही जिन खातों में रकम स्थानांतरित किये गये थे



**आरोपी के कब्जे से विभिन्न कंपनियों के 34 नग मोबाईल फोन व 30 नग सिम कार्ड जप्त**

उन खातों के संबंध में भी संबंधित बैंकों एवं मैक्स लाईफइंश्योरेंस कंपनी से दस्तावेज व जानकारी प्राप्त की जाकर अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास करते हुये ठगी हेतु आये मोबाईल नंबरों के साथ.साथ उनसे संबंधित अन्य कई मोबाईल नंबरों तथा दस्तावेजों का लगातार विश्लेषण करते हुये अंतत: आरोपी को चिन्हांकित करने में सफलता मिली तथा आरोपी की पहचान रंजीत यादव के रूप में करते हुए उसे दिल्ली में लोकेट किया गया। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम को दिल्ली रवाना किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा दिल्ली पहुंचकर दिल्ली में लगातार कैम्प करते हुए आरोपी की पड़ताल करने पर यह सुनिश्चित हुआ कि आरोपी द्वारा बहुत ही सर्तकता से अपनी स्वयं की पहचान छिपाते हुये इस तरह की ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया है। आरोपी द्वारा उपयोग किये गये मोबाईल नंबर फर्जी होने के साथ ही बैंक खातों के पते भी दूसरे स्थानों के थे। आरोपी द्वारा उन मोबाईल नंबरों एवं खातों का उपयोग सिर्फऔर सिर्फठगी की वारदात को कारित करने के लिए किया गया था। दिल्ली में कैम्प कर रही टीम को तकनीकी विश्लेषण के आधार पर घटना में संलिप्त आरोपी रंजीत यादव के निवास के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई।

जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपी रंजीत यादव को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा ठगी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार करने के साथ ही देश भर में इसी तरीका वारदात के आधार पर ठगी की अन्य कई घटनाओं को भी कारित करना बताया गया।आरोपी रंजीत यादव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ठगी की घटना में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों के 34 नग मोबाईल फोन एवं 30 नग सिम कार्ड जप्त किया जाकर आरोपी को ट्रांजिस्ट रिमाण्ड पर दिल्ली से रायपुर लाकर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

# नक्सलियों को बढ़ावा देने वाले संबित पात्रा के बयान पर क्या सहमत है भारत सरकार : भूपेश

## फर्जी गिरफ्तारियां हमारे कार्यकाल में नहीं हो रही, इसलिए भाजपा को तकलीफ हो रही

**रायपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा नेता संबित पात्रा के छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के नक्सलियों को बढ़ावा देने वाला बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार किया है।उन्होंने कहा कि क्या उनके गृह मंत्री इस बात से सहमत है? क्या संबित पात्रा के बयान से भारत सरकार सहमत है?



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकाल में आदिवासियों को नक्सली बताकर एनकाउंटर किए जाते थे। काले कानून अधिनियम के तहत जेल में ठूंस दिया जाता था। फर्जी एनकाउंटर और फर्जी गिरफ्तारियां हमारे कार्यकाल में नहीं हो रही है, इसलिए उन्हें तकलीफ हो रही है।

सांसद मनोज तिवारी के इंडिया गठबंधन पर सनातन धर्म खत्म करने के आरोप पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सनातन है क्या जानते है वो? विभिन्न टीवी इंटरव्यू में मैने कहा है सनातन है क्या? गुरु-शिष्य परंपरा है सनातन में।जितने उपनिषद है, वेद है उसमें देखें।महाभारत में अगर अर्जुन सवाल नहीं करते तो गीता जैसा महान ग्रंथ हमें नहीं मिलता।हमारे विश्वगुरु सवालों से कतराते है, प्रश्नों से घबराते है।कोई प्रश्न पूछ दे तो पलायन कर जाते हैं।

सौगतों को चुनावी झुनझुना बताने वाले भाजपा के बयान पर भूपेश बघेल ने कहा कि हर विधानसभा में गया हूं। भाजपा किस दिशा में ले जाना चाहती है, यह जनता ने देख लिया है। उनके पास कोई विजन नहीं है। कैबिनेट में धान खरीदी को लेकर मुहर लगाई। 20 चिंटल धान खरीदी की जाएगी। मार्कफेड को बैंक गारंटी दी गई है। 14 हजार करोड़ का लोन लेकर वह किसानों के धान खरीद सकें। भूपेश बघेल ने कहा कि गुजरात मॉडल को लेकर देश की सत्ता में 2014 में आए।रायपुर में लोग बता सकते हैं क्या कि उन्हें क्या लाभ मिला। ट्रेन कहीं चल नहीं रही है। ट्रेन रद्द होने की सूचना मिल रही है ट्रेन डिले चल रहा है। यात्री ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है।

जनता महंगी दरों पर यात्रा कर रही है। वहीं भाजपा सांसदों को टिकट दिए जाने पर भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा मध्य प्रदेश में अपनी हार स्वीकार कर ली है।केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा चुनाव लड़ा रहे है। छत्तीसगढ़ में पहले ही उन्होंने हार मान ली है।

# चाकू की नोक पर केनाल लिंकिंग रोड में तीन युवकों से लूट

## मारपीट कर लूटे पर्स व मोबाइल

**रायपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के केनाल लिंकिंग रोड में तीन युवकों से लूट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने चाकू की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश मोबाइल और पर्स लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुराने आरोपियों को बुलाकर पूछताछ कर रही है। सिविल लाइन थाने में कुशालपुर निवासी दीपक कसेर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को उनका बेटा आदित्य कसेर उसका दोस्त सागर पटेल और शुभम अग्रवाल के साथ राजातालाब निवासी दोस्त से मिलने गए थे। रात लगभग साढे आठ बजे सागर ने अपने दोस्त से फोन में बात किया तो वह पहले आक्सीजोन नामक जगह पर बुलाया। ये सभी वहां पहुंचे तो वहां कोई नहीं था। इसके बाद सागर ने अपनी गाड़ी वहीं खड़ी कर दी और केनाल रोड में आ गए। तीनों खड़े होकर बात कर रहे थे। इसी बीच तीन युवक पैदल आए और सागर से मारपीट शुरू कर दी। आदित्य कुछ समझ पाता इससे पहले उसकी भी पिटाई कर दी। चाकू और बेल्ट निकाल लिया। सभी के मोबाइल और पर्स छीन लिए। गाड़ी की चाभी भी ले लिए थे। हालांकि बाद में चाभी वापस कर दी। लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए।

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल होने भोजपुरी एक्टर मनोज तिवारी पहुंचे रायपुर

**रायपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा की परिवर्तन यात्रा प्रदेश के हर एक विधानसभा क्षेत्रों में पहुंच रही है और जगह-जगह यात्रा का जबरदस्त उत्साह के साथ स्वागत हो रहा है. वहीं आज परिवर्तन यात्रा में शामिल होने भोजपुरी एक्टर और सांसद मनोज तिवारी रायपुर पहुंचे हुए हैं. भाजपा नेताओं के साथ उत्तर भारतीय समाज के लोगों ने एयरपोर्ट में बाजे गाजे के साथ उनका स्वागत किया गया. इस दौरान मनोज तिवारी ने कांग्रेस पार्टी और सरकार पर जमकर निशाना साधा है.



**कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना**

परिवर्तन यात्रा को लेकर सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि हर तरफ से ये वाइब्रेशन आने लगा हैं. छत्तीसगढ़ में प्रशासन भ्रष्टाचार है, उसके खिलाफ हम खड़े हो रहे हैं. बीजेपी की सरकार आए प्रयास करेंगे. पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी की कार्यशैली का जो फल है वो छत्तीसगढ़ को मिले. बीजेपी की एमपी और छत्तीसगढ़ में दूसरी सूची को लेकर सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि सांसद अगर विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं तो ये तो हम गंभीरता से ले रहे हैं. अगर वो सोच रहे कि चुनाव को हम गंभीरता से नहीं ले रहे तो ये उनकी रणनीति है. वे किस बात पर जीतेंगे ये बड़ी बात. इनकी गठबंधन पार्टियां सनातन धर्म को समाप्त करने की बात करती है. सनातन धर्म को नष्ट करने की भावना रखेंगे तो मुझे नहीं लगता कि किसी भी राज्य में ये आगे रह पाएंगे. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस 75+ सीट का टारगेट को लेकर मनोज तिवारी ने कहा कि कांग्रेस का बचा-खुचा किसी तरह छत्तीसगढ़ में जो इज्जत बची हुई थी. राजस्थान में जो इनका करम है उसे आधार पर वह भी चला जाएगा. सीएम भूपेश बघेल के बीजेपी मुक्त भारत के बयान पर मनोज तिवारी ने कहा कि हम किसी कार्यक्रम में देख रहे थे. मुख्यमंत्री के सामने ही किसी ने कहा कि उनका ओवर कॉन्फिडेंस ही उनका राजनीतिक एक्सीडेंट कराएगा. ओवर कॉन्फिडेंस ने ही इनको हर जगह समाप्त किया. छत्तीसगढ़ को उसका हक मिलना चाहिए जो भाजपा दे सकती है. भाजपा की पहली परिवर्तन यात्रा 12 सितंबर को दंतेवाड़ा और दूसरी 13 सितंबर को जशपुर से शुरू हुई थी. दंतेवाड़ा से रथ मंगलवार को रायपुर पहुंची. राजधानी में जगह जगह रथ यात्रा का स्वागत हुआ और सभा भी हुए. वहीं आज मनोज तिवारी परिवर्तन यात्रा-2 में शामिल होने पहुंचे हुए हैं.

# कांग्रेस सरकार का विरोध करते-करते भाजपा जनता का विरोध करने लगी

**रायपुर,** 27 सितंबर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने के निर्णय से भाजपा डर गयी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा छत्तीसगढ़ में मुद्दाविहीन हो गयी है। वह भूपेश सरकार के द्वारा लिये जा रहे जनकल्याणकारी निर्णयों से घबरा गयी है। भाजपा आने वाले चुनाव में झूठ और भ्रम के सहारे राजनीति करना चाह रही। भाजपा युवाओं के बेरोजगारी भत्ते का भी विरोध करने लगी है। लगातार भाजपा के वरिष्ठ नेता लोकप्रिय योजनाओं के बारे में झूठे और अनर्गल बयानबाजी कर रहे है। उन्हें लगने लगा है कि छत्तीसगढ़ में उनका वजूद खतरे में पड़ गया है इसीलिये वे कांग्रेस सरकार का विरोध करते-करते बौखलाहट में जनता से जुड़ी योजनाओं का विरोध करने लगे है। श्री शुक्ला ने कहा कि भाजपा ने 2003 में युवाओं से वायदा किया था कि उनकी सरकार आने पर 500 रू. बेरोजगारी भत्ता देंगे लेकिन तीन बार सरकार में आने के बाद भी भत्ता नहीं दिया। भूपेश सरकार भत्ता दे रही तो भाजपा को पीड़ा हो रही है। 15 साल तक युवाओं का शोषण करने वाली भाजपा किस मुंह से बेरोजगारी भत्ता देने बनाए गए नियमों पर सवाल उठा रही है? मुख्यमंत्री भूपेश बघेल युवाओं को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रहे है यही कारण है कि छत्तीसगढ़ की बेरोजगारी दर आधा प्रतिशत से कम है। बेरोजगारी भत्ता इसीलिये दिया जा रहा है ताकि युवा आगे के लिये तैयारी कर सके, आर्थिक बोझ न पड़े। कांग्रेस रोजगार देने में विश्वास रखती है।

# मन-वचन-काया की मशीन को आराम देना जरुरी : प्रवीण ऋषि

**रायपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। उपाध्याय प्रवर प्रवीण ऋषि ने कहा कि लेश्या का विज्ञान प्रभु महावीर ने प्रदान किया है, लेकिन अज्ञानता वश हम कृष्ण लेश्या, नील लेश्या और कपोत लेश्या के चक्कर में उलझते रहते हैं। अगर इसका ज्ञान हमें मिल जाये तो जीवन में तेजो लेश्या, पद्म लेश्या और शुक्ल लेश्या की वर्षा शुरू हो जायेगी। उपाध्याय प्रवर बुधवार को टैगोर नगर स्थित लालगंगा पटवा भवन में आयोजित प्रवचन माला में लेश्या का वर्णन कर रहे थे। 15 दिवसीय इस विशेष प्रवचन माला में उपाध्याय प्रवर लेश्या और इसके हमारे जीवन में प्रभाव व इससे बचने के उपाय बता रहे हैं। आज की प्रवचन माला में उन्होंने नील लेश्या के विषय में आगे बताया। उक्ताशय की जानकारी रायपुर श्रमण संघ के अध्यक्ष ललित पटवा ने दी।



उपाध्याय प्रवर ने कहा कि प्रभु महावीर ने नील लेश्या से बचने के लिए संत जीवन में कई छोटी-छोटी बातें बताई हैं, जिनका आप लोग भी अनुसरण कर सकते हैं। इसमें सबसे पहला है विराम। जैसे कोई मशीन आप 24 घंटे चलाएंगे हो वह ख़राब हो जाती है। मशीन को कुछ समय के लिए बंद कर दिया जाता है, फिर काम शुरू करते हैं। वैसे ही हम भी जब कोई काम करते है, तो दूसरा काम शुरू करने से पहले थोड़ा विराम जरुरी है। एक प्रवृत्ति के बाद तुरंत दूसरी प्रवृत्ति शुरू मत करें, थोड़ा विराम दें।

उपाध्याय प्रवर ने आगे बताया कि नील लेश्या की जीवन शैली बन्दर की तरह रहती है। बन्दर की तरह सोचते हैं, और दिमाग भी वैसी रहता है। न तो ये चुपचाप बैठते हैं, और न ही किसी को शांति से रहने देते हैं। ये व्यक्ति अपने अंतिम समय में भी उधेड़बुन में रहते हैं। जो चक्रवर्ती आराम करना जनते हैं, मोक्ष में जाते हैं। जो निरंतर उद्योग में लगे रहते हैं, क्या अच्छा काम पर पाते हैं? अच्छा काम करने के लिए निरंतर लगे रहने जरूरी है कि थोड़ा आराम जरुरी है?

**1 अक्टूबर से शुरू होगा नवकार तीर्थ कलश अनुष्ठान**

रायपुर श्रमण के अध्यक्ष ललित पटवा ने बताया कि 1 अक्टूबर से उपाध्याय प्रवर प्रवीण ऋषि आदि ठाना 2 के सानिध्य में लालगंगा पटवा भवन नवकार तीर्थ कलश अनुष्ठान शुरू होने जा रहा है। 1 अक्टूबर को 24 घंटों का नवकार महामंत्र जाप होगा। इसके बाद 2 अक्टूबर को नवकार कलश अनुष्ठान होगा। उन्होंने बताया कि रायपुर समेत छत्तीसगढ़ और देशभर से जैन परिवारों के नाम इस अनुष्ठान में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। इस कलश अनुष्ठान में जुड़ने के लिए लंदन, सिंगापूर, दुबई, अमेरिका में रहने वाले जैन परिवारों के नाम भी आ रहे हैं। उन परिवारों के लिए इस अनुष्ठान से जुड़ने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था भी की गई है।

**अंबेडकर अस्पताल के डॉक्टरों का कमाल**

# पांच लिगामेंट का पुनर्निर्माण कर पैरों में डाली जान

**रायपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। मोटरसाईकिल से गिरकर जख्मी हुए 26 वर्षीय युवक के घुटने की हड्डी के अंदर स्थित लिगामेंट के टूट जाने से पैर में जान बाकी नहीं था। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के अस्थि रोग विभाग के डॉक्टर प्रो. राजेन्द्र अहिरे और उनकी टीम ने एक के बाद एक पांच लिगामेंट का पुनर्निर्माण (रिकन्स्ट्रक्शन) करके घुटने में प्रत्यारोपित कर मरीज के दायें पैर को खराब होने से बचा लिया। हालांकि यह मरीज अन्य जगहों पर इलाज कराते हुए दुर्घटना के ढाई महीने बाद काफी देरी से अम्बेडकर अस्पताल पहुंचा था। तब तक मरीज के घुटने की स्थिति बेहद खराब हो चुकी थी।



अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं मरीज का इलाज करने वाले डॉक्टर राजेंद्र अहिरे बताते हैं कि कबीरधाम प्रानखेरा निवासी 26 वर्षीय मरीज का 10 अप्रैल को मोटरसाईकिल से एक्सीडेंट हुआ था। उसे बिलासपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां उसको घुटने के ऊपर तक 2 माह के लिए प्लास्टर चढ़ा दिया गया था जिसके कारण उसका घुटना नहीं मुड़ रहा था। घुटना पूरी तरह से अकड़ गया था एवं पैर में जान नहीं था। मरीज पैर के सहारे चल नहीं पाता था फिर इसे बाहर से एमआरआई करवाने पर पता चला कि घुटने का सभी तन्तु (लिगामेंट) टूट गए हैं जिसके कारण बाहर के डॉक्टरों ने कॉम्प्लीकेटेड केस है, यह जानकारी दी। फिर मरीज को अम्बेडकर अस्पताल में दिखाया। यहां आगे के उपचार की योजना बनाई गई। दो बार क्रमबद्ध दो चरणों में ऑपरेशन करने का निर्णय लिया गया। मरीज का पहले 3 लिगामेंट (लेटरल कोलेटरल लिगामेंट, पॉप्लिटियस लिगामेंट, पॉपलिटियो फिबुलर लिगामेंट) का पुनर्निर्माण किया गया एवं उसके 6 हफ्ते बाद पुन: दूरबीन पद्धति से 2 लिगामेंट (एन्टीरियर एवं पोस्टीरियर क्रुसियेट लिगामेंट) का पुनर्निर्माण किया गया। कुल 5 लिगामेंट (तन्तुओं) का पुनर्निर्माण किया गया है। अभी मरीज अपने पैर पर चल रहा है एवं घुटना भी 100 डिग्री मुड़ रहा है। डॉ. राजेन्द्र अहिरे बताते हैं कि फीमर एवं टिबिया में टनल बनाकर यह ऑपरेशन किया जाता है। इस ऑपरेशन में सबसे बड़ी चुनौती टिबिया और फीमर में टनल बनाना था। बहुत सारे टनल होने के कारण एक टनल के, दूसरे टनल से टकराने की संभावना हो सकती है जिससे ऑपरेशन फेल भी हो सकता है। दूसरी सबसे बड़ी समस्या होती है कि इतने सारे तंतु को बनाने के कारण कई बार घुटना जाम हो जाता है। मरीज के दूसरे ऑपरेशन को अभी एक सप्ताह हुए हैं। मरीज अभी चलना चालू किया गया है।

## कैपिटल जोन का शेष...

### सेंट्रल जीएसटी का...

जिसका परिवहन बिना बिल मूंल बिल के साथ किया जा रहा था, जिसका कुल मूल्य लगभग 1 करोड़ रूपए था इस प्रकार ऐसी संभावनाओं को नज़र अंदाज नहीं किया जा सकता कि गोडाउन में पाए गए माल जैसे साडी साइकिल इत्यादि का इस्तेमाल मतदाताओं को लुभाने के लिए किया जाना तय किया होगा इस पहलू पर भी अधिकारियों द्वारा जांच की जा रही है रावाभाटा स्थित गोडाउन में भारी मात्रा में सोलर फ्लैश लाइट भी पाई गई जिसके बारे में पूछे जाने पर सम्बंधित ट्रांसपोर्टर ने बताया कि उक्त माल को सम्बंधित खरीददार को सौंपा जाना है अधिकारियों द्वारा उक्त माल पर भी निगरानी रखी जा रही है कार्रवाई में सीजीएसटी अधिकारियों ने पाया कि माल को गोदाम में सूरत, लुधियाना एवं दिल्ली में स्थित आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त किया गया परन्तु माल को गंतव्य तक न पहुंचाकर पिछले 4 माह से गोडाउन में रख लिया गया प्रारंभिक जांच में माल का अवमूल्यन होना भी पाया गया।

### छत्तीसगढ़ के पत्रकारों को ...

योजना का लाभ केवल आवासीय ऋण पर दिया जाएगा तथा क्रय किया जाने वाला मकान छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर होना चाहिए। ब्याज अनुदान अधिकतम 30 लाख रुपये के आवास ऋण की सीमा तक दिया जाएगा। राष्ट्रीयकृत बैंकों, रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया से अधिसूचित वित्तीय संस्थानों एवं सहकारी बैंकों से लिए गए आवास ऋण पर प्रतिमाह 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 5 वर्षों तक दिया जाएगा।

योजना का लाभ न्यूनतम 5 वर्ष से छत्तीसगढ़ में निवास कर दैनिक समाचार तथा टी।वी। न्यूज चैनल्स में पंजीकृत समाचार एजेंसियों के सम्पादकीय शाखा में कार्य कर रहे पूर्णकालिक तथा अंशकालिक संचार प्रतिनिधि तथा अधिमान्यता नियमों की अर्हतादायी शर्तों को पूरा करने वाले न्यूज पोर्टल्स के सम्पादक एवं स्वतंत्र पत्रकार ले सकेंगे। संचार प्रतिनिधि स्वयं या पत्नी के साथ संयुक्त नाम से आवास ऋण लें तभी पात्रता। पूर्व से अपने या पत्नी के स्वामित्व का मकान योजना लागू होने के बाद अवयस्क/वयस्क संतान को अंतरित कर नया आवास लेने की दशा में योजना का लाभ नहीं मिलेगा। पूर्व से स्वीकृत आवास ऋण पटाकर नए आवास ऋण प्राप्त करने पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

संचार प्रतिनिधियों द्वारा नियमित ऋण और ब्याज अदायगी करने पर ही इस योजना का लाभ मिलेगा, डिफॉल्टर होने की स्थिति में पात्रता समाप्त। योजना में पात्रता के लिए स्वयं अथवा पत्नी, आश्रित पुत्र-पुत्री के नाम से कोई अन्य आवासीय भवन नहीं होना चाहिए। इस आशय का शपथ-पत्र देना होगा।

# इतवारी से आने वाली शिवनाथ एक्सप्रेस अब कोरबा तक जाएगी

**रायपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलकर बिलासपुर में टर्मिनेट होने वाली शिवनाथ एक्सप्रेस अब कोरबा रेलवे स्टेशन तक चलेगी। यात्रियों की मांग व सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने यह बदलाव किया है। विस्तार के साथ ही इस ट्रेन का और अन्य ट्रेनों के परिचालन समय में बदलाव किया गया है। इससे यात्रियों को राहत मिलेगी। शिवनाथ एक्सप्रेस का बिलासपुर पहुंचने का समय सुबह सात बजे के लगभग है।



अभी तक यह व्यवस्था थी कि यह ट्रेन बिलासपुर में पहुंचने के बाद टर्मिनेट हो जाती थी। इसके दोपहर दो बजे के करीब इस ट्रेन की रैक से बिलासपुर-कोरबा पैसेंजर ट्रेन चलाई जाती थी। वापसी में कोरबा से यह ट्रेन शिवनाथ एक्सप्रेस बनकर रवाना होती थी। यात्रियों की मांग थी कि शिवनाथ एक्सप्रेस को बिलासपुर में टर्मिनेट न किया जाए, बल्कि सीधे कोरबा तक चलाई जाए। रेलवे ने उनकी मांग स्वीकार ली है।

कोरबा, नैला, अकलतरा समेत अन्य स्टेशन के यात्रियों को अब दिक्कत नहीं होगी। इस ट्रेन का कोरबा तक विस्तार करने के साथ ही रेलवे ने 12855/12856 बिलासपुर-नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस, 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल, 08709 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल एवं 08725 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन की समय-सारिणी में अंशिक परिवर्तन किया गया है। विस्तार व समय में बदलाव की सुविधा 29 सितंबर से लागू होगी।

**जानिए ट्रेनों के बदले समय**

बिलासपुर- नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरसिटी एक्सप्रेस अब बिलासपुर से 15:20 बजे छूटकर 16:03 बजे भाटापारा, 16:26 बजे तिल्दा, 17:05 बजे रायपुर पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में बिलासपुर रेलवे स्टेशन में 14:15 बजे पहुंचेगी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस रेलवे स्टेशन से सात बजे छूटेगी।

इसी तरह शिवनाथ एक्सप्रेस बिलासपुर रेलवे स्टेशन में सुबह 7:05 बजे पहुंचने के बाद 7:15 बजे रवाना होकर 7:40 बजे अकलतरा, 7:55 बजे नैला, 8:10 बजे चांपा और 8:55 बजे कोरबा रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। वहां से रवाना होने के समय पहले की तरह रहेगा। 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर झारसुगुडा रेलवे स्टेशन से सात बजे रवाना होगी और 17:10 बजे रायपुर, 17:24 बजे सरस्वती नगर और 21:20 बजे गोंदिया रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। 08709 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू रायपुर स्टेशन से 20:40 बजे रवाना होगी। वापसी में भी दुर्ग से इस ट्रेन का परिचालन समय बदलेगा।

## निधन

### फनिंद्र पाण्डेय

**महासमुंद,** 27 सितंबर। स्थानीय कलबपारा निवासी स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी फनिंद्र पाण्डेय 83 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में 27 सितंबर को किया गया। वे जिला एवं सत्र न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पाण्डेय के पिता थे।



### उमेश चंद्राकर

**महासमुंद,**27 सितंबर। ग्राम धनसुली निवासी उमेश चंद्राकर 43 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार 27 सितंबर को गृह ग्राम धनसुली में किया गया। वे गौरव चंद्राकर के भाई व छग राज्य बीज निगम के अध्यक्ष अग्नि चंद्राकर, दौलत चंद्राकर, चोवाराम चंद्राकर के भतीजा थे।





# ईद-ए-मिलादुन्नबी की दिली मुबारकबाद


























# राजधानी में गणेशोत्सव का नजारा


बालाजी गणेशोत्सव समिति, बूढ़ापारा


स्वास्तिक गणेशोत्सव समिति, पचपेड़ी नाका


सिद्धि विनायक गणेशोत्सव समिति, रायपुर


नवयुवक संघ गणेशोत्सव समिति, राजीव गांधी चौक

## अवैध रूप से गैस सिलेण्डरों में गैस रिफिलिंग व बिक्री, सांईनाथ ट्रेडर्स का संचालक गिरफ्तार

**रायपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना मौदहापारा क्षेत्रांतर्गत ललिता चौक स्थित सांईनाथ ट्रेडर्स के

**आरोपी के कब्जे से अलग– अलग कंपनियों के 39 नग सिलेण्डर सहित अन्य सामग्री किया गया है जप्त**

संचालक द्वारा अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डरों से छोटे गैस सिलेण्डरों में गैस रिफलिंग कर अवैध रूप से गैस सिलेण्डर बिक्री की जा रहीं है। जिस पर थाना प्रभारी मौदहापारा को सूचना की तस्दीक कर आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। मौदहापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सांईनाथ ट्रेडर्स में जाकर रेड कार्यवाही की गई। रेड कार्यवाही के दौरान दुकान में एक व्यक्ति उपस्थित था जिसने पूछताछ में अपना नाम बादल साहू होने के साथ ही स्वयं को सांईनाथ ट्रेडर्स का संचालक होना बताया।



टीम के सदस्यों द्वारा दुकान की तलाशी लेने पर घरेलू गैस सिलेण्डरों से छोटे गैस सिलेण्डरों में अवैध रूप से गैस रिफलिंग करना पाया गया। गैस रिफलिंग करने व गैस सिलेण्डर रखने व खरीदी.बिक्री करने के संबंध में बादल साहू से दस्तावेज, पंजीयन व अन्य कागजात की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई वैध दस्तावेज, पंजीयन या अन्य कोई कागजात प्रस्तुत न कर टीम को लगातार गुमराह किया जा रहा था। जिस पर आरोपी बादल साहू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 39 नग सिलेण्डर 07 नग नोजल 02 नग पानाए 3 नग पेचकस जुमला कीमती लगभग 50,000६ रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना धारा 3,7 आवश्यक वस्तु अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

## कर्मचारी से दुष्कर्म, स्पा सेंटर संचालक गिरफ्तार

**रायपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी में एक स्पा सेंटर की कर्मचारी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है पीड़ित युवती ने आरोप लगाया है कि स्पा सेंटर के मालिक ने नशीला पदार्थ पिलाकर होटल में उसके साथ दुष्कर्म किया पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी स्पा सेंटर के मालिक अभिषेक साहू को गिरफ्तार कर लिया है पीड़ित युवती की ओर से रायपुर कालीबाड़ी स्थित विशेष थाने में कराई गई शिकायत के मुताबिक बीते जुलाई महीने में काम के सिलसिले में कटोरा तालाब स्थित स्पा सेंटर में पहुंची थी यहां पर उसकी मुलाकात स्पा के मालिक अभिषेक साहू से हुई अभिषेक ने उसे काम पर रख लिया 29 जुलाई को स्पा का काम सिखाने के लिए आरोपी ने उसे रुकने को कहा रात होने पर अभिषेक ने उसे खाना खिलाने एक ढाबे में ले गया। युवती का आरोप है कि खाना खाने के बाद काम समझाने की बात कहते हुए राजधानी के एक होटल में ले गया यहां पर कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिलाया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया घटना के दौरान वो बेहोश थी सुबह उठी तो उसे खुद के साथ अनाचार होने का अहसास हुआ जिसके बाद पीड़िता ने अभिषेक के खिलाफथाने में शिकायत करने की बात कही आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि मैंने तुम्हारा वीडियो बना लिया है शिकायत करोगी तो वायरल कर दूंगा पीड़िता लोक लाज के डर से काफी दिनों तक डिप्रेशन में रही जिसके बाद हिम्मत जुटा कर इसकी शिकायत विशेष थाने में दर्ज कराई पीड़िता की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



**काम समझाने के बहाने युवती को ले गया था होटल**

## अवैध शराब के साथ आरोपी युवक गिरफ्तार

**रायपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इस दौरान थाना सरस्वती नगर पुलिस की टीम द्वारा थाना सरस्वती नगर क्षेत्रांतर्गत कुकुरबेड़ा स्थित सामुदायिक भवन के पास अवैध रूप से शराब के साथ आरोपी राका देवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 30 पौवा देशी शराब कीमती 3,300 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सरस्वती नगर में धारा 34;2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।



## एयरपोर्ट के पार्किंग स्थल में मारपीट, दोनों पक्षों के 8 आरोपी, कार्रवाई

**रायपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। विगत दिनों थाना माना कैम्प क्षेत्रांतर्गत स्थित एयरपोर्ट के पार्किंग स्थल में कुछ महिलाओं द्वारा आपस में विवाद कर मारपीट करने का विडियों वायरल हुआ था। मारपीट की वायरल विडियो को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गंभीरता पूर्वक लेते हुए थाना प्रभारी माना को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिस पर थाना प्रभारी माना के नेतृत्व में थाना माना पुलिस की टीम द्वारा विडियों में दिख रहे लोगों की पहचान एयरपोर्ट स्थित डब्ल्य.टी.आई ट्रेवल्स में कार्यरत ऐश्वर्या तारक, पूजा साह, सुष्मिता एवं सुभाष मिश्रा तथा राहुल ट्रेवल्स में कार्यरत प्रीति बर्मन, अमीषा बर्मन, मनीषा यादव एवं अंजु बर्मन के रूप में की गई।



पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के विरूद्ध धारा 294, 506, 323, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर उक्त सभी 08 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए पहले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद उन्हें मुचलकें पर छोड़ दिया गया हैं। उल्लेखनीय हैकि राजधानी स्थित माना एयरपोर्ट पर मारपीट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। मिली जानकारी अनुसार बुकिंग को लेकर दो ट्रेवल्र्स कंपनियों के कर्मचारियों में विवाद हो गया। इसमें एक कंपनी की यूनिफार्म पहनी महिला कर्मचारियों द्वारा मिलकर एक युवती की जमकर पिटाई कर दी। गौरतलब है कि माना एयरपोर्ट में मारपीट का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी एक ट्रेवल्र्स कंपनी की महिला कर्मी एक यात्री की पिटाई कर दी थी। एयरपोर्ट पर बार.बार टैक्सी और ट्रेवल्र्स कंपनियों द्वारा यात्रियों के साथ बदसलूकी और मारपीट की घटनाएं की जा रही है। या फिर खुद आपस में लड़ रहे।

रायपुर पुलिस को लगता है इससे कोई वास्ता ही नहीं। पिछले बार महिला कर्मियों ने एक यात्री की पिटाई की थी।

## गांजा ब्रिकी के लिए ग्राहक तलाशते 4 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इस दौरान पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गोलबाजार क्षेत्रांतर्गत मोतीबाग चौक यूनियन क्लब के सामने एक व्यक्ति एवं डबरी स्कूल के पास अपने पास दो व्यक्ति गांजा रखे हैं तथा बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश में हैं। जिस पर थाना प्रभारी थाना गोलबाजार निरीक्षक योगेश कुमार कश्यप को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी गोलबाजार के नेतृत्व में थाना गोलबाजार पुलिस की दो पृथक पृथक टीम को उक्त स्थानों पर रवाना हुई। पुलिस टीम द्वारा यूनियन क्लब के पास जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम राम किशोर मिहिर निवासी बालंगीर उड़ीसा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी राम किशोर मिहिर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलोग्राम गांजा कीमती लगभग 10,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध में धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार थाना गोलबाजार पुलिस की दूसरी टीम द्वारा डाबरी स्कूल के पास जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम मनप्रीत सिंह उर्फमन्नू पिता जग्गा सिंह पता जिला मौंग पंजाब एवं मनप्रीत सिंह पिता मुख्तयार सिंह निवासी जिला फिरोजनपुर पंजाब का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा दोनों के पास रखें नीले रंग के 2 थैले की तलाशी लेने पर थैले में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी मनप्रीत सिंह उर्फमन्नू के कब्जे से 6 किलो 350 ग्राम कीमती 30,000 एवं मनप्रीत सिंह पिता मुख्तयार सिंह के कब्जे से 5 किलो 600 ग्राम कीमती 25,500 11 किलो 950 ग्राम गांजा कीमती लगभग 55,000६ रूपये जप्त किया गया इसके अलावा आरोपी दिनेश उर्फबुधराम साहू भीमनगर आमा तालाब के पास आजाद चौक निरीक्षक जितेन्द्र एसैया के नेतृत्व में विधीवत कार्यवाही करते हुये घेराबंदी कर आरोपी दिनेश उर्फ बुधराम साहू पिता गणेश साहू उम्र 37 साल पता भरत नगर गुढ़ियारी रायपुर को पकड़ा गया जिसके पास रखे झोला की तलाशी लेने पर मादक पदार्थ गांजा 01 किलो 800 ग्राम कीमती 10000 जप्त कर थाना धारा 20 पंजीबद् कर विवेचना मे लिया गया।

## राजधानी में नाबालिग को बंधक बनाकर मारपीट, 4 गिरफ्तार

**रायपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी में अशांति फैलाने वालों पर लगातार पुलिस की सख्ती जारी है इस बीच शहर के डीडी नगर इलाके से एक नाबालिग को बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने मुख्य आरोपी नारायण यादव टीपू को गिरफ्तार कर लिया है उसके खिलाफधारा 34,2 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है इसके अलावा मारपीट के मामले में भी परिजनों की शिकायत के आधार पर अतिरिक्त कार्रवाई की गई है मामले में ईश्वर साहू, डम्पी और दिनेश को गिरफ्तार कर लिया है आरोपी डम्पी और दिनेश घटना के बाद से फरार थे नारायण यादव आदतन अपराधी है इसके पहले भी वाह 2 महीने के लिए जेल जा चुका था 10 दिन पहले ही कोर्ट से जमानत पर वाह बाहर आया था और बाहर आते ही एक और घटना को अंजाम दिया है इधर छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने नारायण यादव के गुर्गे ईश्वर साहू को गिरफ्तार किया गया है और उसे भी जेल दाखिल किया गया है डीडी नगर थाने में एक नाबालिग लड़की ने ईश्वर साहू के खिलाफछेड़छाड़ की शिकायत की थी उसने बताया कि आरोपी युवक ने उसका हाथ पकड़कर उसे छेड़ खानी की थी और किसी को बताने पर चाकू से जान से मारने की धमकी भी दी थी नाबालिग की शिकायत के आधार पर थाना डीडी नगर में आरोपी ईश्वर साहू के खिलाफपोस्को एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल किया गया है दरअसल नारायण यादव के जेल से छूटते ही किसी ने नारायण को यह बता दिया था कि नाबलिग ने नारायण की छोटी बेटी को चाकू दिखाया था जिसके फलस्वरूप नारायण ने अपने साथियों डम्पी और दिनेश को पकड़ा और गांजा, बेचने का आरोप लगाते बंधक बना लिया था जिसके बाद उसके साथ मारपीट की गई थी



## धारदार चाकू के साथ दो बदमाश युवक पकड़ाए

**रायपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। थाना पण्डरी पुलिस की टीम द्वारा थाना पण्डरी क्षेत्रांतर्गत दलदलसिवनी पास अवैध रूप से चाकू लेकर घुमते आरोपी कोमल साहू उर्फ बादशाह पिता नीलकंठ साहू उम्र 22 साल निवासी दलदलसिवनी शीतलापारा थाना पंडरी रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना पंडरी में धारा 25 आर्म्र्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। इधर एक अन्य मामलें थाना सरस्वती नगर पुलिस की टीम द्वारा थाना सरस्वती नगर क्षेत्रांतर्गत कुकुरबेड़ा मोहबा बाजार स्थित ओव्हर ब्रीज के नीचे हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते आरोपी विजय देवराज पिता जितेन्द्र कुमार देवराज उम्र 19 साल निवासी शीतला मंदिर तालाब के पास लालपुर थाना टिकरापारा रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सरस्वती नगर में धारा 25, 27 आर्म्र्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।



## पितृ पक्ष कल से, 16 दिनों तक करेंगे पितरों की पूजा

**रायपुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। मृत्यु के पश्चात पूर्वजों को मान.सम्मान देने के लिए पितृ पक्ष में पूर्वजों के नाम पर अर्पण.तर्पण और ब्राह्मण भोज का आयोजन किया जाएगा। 16 दिनों तक चलने वाले पितृ पक्ष की शुरुआत 29 सितंबर से होगी और 14 अक्टूबर को समापन होगा। अंतिम दिन सर्व पितृ अमावस्या पर ज्ञात.अज्ञात सभी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए तालाब नदी किनारे और घरों में अर्पण.तर्पण किया जाएगा।

### 30 साल बाद सर्वार्थसिद्धि और अमृत सिद्धि योग

हिंदू संवत्सर 2080 के भाद्रपद पूर्णिमा तिथि और अंग्रेजी वर्ष 2023 के 29 सितंबर से पितृ पक्ष प्रारंभ हो रहा है। पितृ पक्ष अमावस्या तिथि तक यानी 14 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। हिंदू धर्म को मानने वाले प्रत्येक घर के मुखिया अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान और तर्पण की परंपरा निभाएंगे। इस साल के पितृ पक्ष में लगभग 30 वर्ष के बाद सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का संयोग बन रहा है। अनेक राशि के जातकों को शुभ फल की प्राप्ति होगी। शंकराचार्य आश्रम के प्रमुख ब्रह्मचारी डा.इंदुभवानंद के अनुसार पूर्वजों जिन्हें पितृ देव कहा जाता है उनकी आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध कर्म करने की परंपरा है। ऐसी मान्यता है कि पितृ पक्ष के दौरान पूर्वज अपने परिवार वालों से मिलने के लिए पृथ्वी लोक में पधारते हैं। पूर्वजों का स्वागत करने उनके निमित्त जल अर्पण करके पितरों को भोग लगाकर ब्राह्मण को भोजन करवाकर यथाशक्ति रुपये, अनाज, वस्त्र आदि देकर विदा किया जाता है। इससे पूर्वज प्रसन्न होकर सुख.समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।




### मृत्यु तिथि पर श्राद्ध

पूर्वजों की मृत्यु की तिथि पर ही श्राद्ध करने की परंपरा है। ऐसे पूर्वज जिनकी मृत्यु तिथि के बारे में जानकारी नहीं हैए उनका श्राद्ध अंतिम दिन अमावस्या तिथि पर 14 अक्टूबर को किया जा सकता है।

### पहले ब्राह्मणों को कराएं भोजन

कुछ दिनों पहले ही ब्राह्मण को आमंत्रण देकर अपने घर पर सम्मानपूर्वक बुलाएं। पितरों से भोजन करने का आह्वान करके ब्राह्मणों को सात्विक भोजन कराएं। ब्राह्मणों को भोजन कराकर दक्षिणा भेंटकर विदा करें। साथ ही गायए कुत्ते कौवे को भी भोजन कराएं।

दोपहर का समय पितरों का काल माना गया है इसलिए दोपहर को ही श्राद्ध कर्म संपन्न करें।

प्रादेशिकी
दुर्ग-भिलाई-बालोद-कवर्धा-बेमेतरा-राजनांदगांव

उल्टा पुल्टा

एक दिन एक कंजूस ने भिखारी को घर बुलाया और पेटभर खाना खिलाया।
**भिखारी**- क्या बात है आज तो आपने दिल खोलकर पेट भर खाना खिलाया।
**कंजूस**- दरअसल कल हमारे यहां एक महात्मा आए थे। उन्होंने कहा कि खाना कभी बर्बाद नहीं करना चाहिए।

# मुख्यमंत्री ने गोढ़ी बायो-एथेनॉल प्रदर्शन संयंत्र का किया लोकार्पण





**दुर्ग**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में बायोफ्यूल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए दुर्ग जिले के ग्राम गोढ़ी में अत्याधुनिक बायो एथेनाल प्रदर्शन संयंत्र स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज इस संयंत्र का वर्चअल रूप से लोकार्पण किया। भारत सरकार के सीएसआईआर और सीएसएमआरआई के वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण द्वारा संयंत्र की तकनीकी डिजाईन और ड्राईंग तैयार की गई है। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित इस वर्चुअल लोकार्पण समारोह में उप मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री टी.एस. सिंहदेव और ऊर्जा सचिव अंकित आनंद सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

सीबीडीए द्वारा दुर्ग जिले के ग्राम गोढ़ी स्थित बायोफ्यूल काम्प्लेक्स परियोजना परिसर में स्थापित 1जी बायो-एथेनॉल प्रदर्शन संयंत्र में विशुद्ध रूप से जैवईंधन अनुसंधान एवं विकास गतिविधियाँ जैसे कि जैवईंधन उत्पादन, प्रसंस्करण और रूपांतरण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में कार्य हेतु स्थापित किया गया है। संयंत्र में स्थानीय कच्चा माल के रूप में छत्तीसगढ़ में उपलब्ध स्टार्च युक्त कम्पाउन्ड जैसे कि अधिशेष धान, अनाज जैसे गेहूँ, चावल के खराब दाने जो कि खाने योग्य न हो, गन्ने का रस, मोलासेस, मक्का आदि का उपयोग किया जायेगा। गौरतलब है कि बायो-एथेनॉल संयंत्र में प्रारंभिक तौर पर मार्कफेड में उपलब्ध खरीफविपणन वर्ष 2019-20 के फीड 2 श्रेणी के अधिशेष धान का क्रय कर बायो-एथेनॉल उत्पादन का प्रयोगमूलक (अनुसंधान) कार्य जारी है। बायोफ्यूल काम्प्लेक्स परियोजना परिसर में एक अत्याधुनिक बायो-टेक्नोलॉजी प्रयोगशाला की स्थापना भी की गई है। प्रयोगशाला में बायो-एथेनॉल का भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित मापदंड अनुसार गुणवत्ता परीक्षण, सह-उत्पाद का उपयोग की क्षमता बढ़ाने के लिये दक्षता सुधार और नवाचार को प्रोत्साहित किया जाएगा तथा जहाँ संभव हो पेंटेन्ट पंजीकृत किये जायेंगे।

**छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार किया गया है प्रदर्शन संयंत्र का तकनीकी डिजाईन**

## आज ईद मिलादुन्नबी पर भव्य जुलूस

**दुर्ग**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। ईद मिलादुन्नबी पर कल 28 सितंबर को जामा मस्जिद से दोपहर ढाई बजे जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जायेगा। जुलूस को जामा मस्जिद सेक्टर 6 के शाबिक इमाम अजमलुद्दीन हैदर रवाना करेगें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मौलाना हाफिज मुफ्ती एंहतेशाम रजा अजहरी राजनांदगांव होगें। जुलूसे मोहम्मदी नगर भ्रमण करते हुए शाम 5 बजे ईदगाह गंजपारा पहुंचेगा जहां असर की नमाज होगी। इसके बाद जामा मस्जिद परचम कुशाई की रस्म होगी। जामा मस्जिद में होने वाली मगरिक की नमाज में सभी मस्जिदों के इमाम पहुंचेगें। इसके बाद हिन्दुस्तान व इस्लाम के हक में दुआ मांगी जायेगी। यह जानकारी सीरत पाक कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष जाकिर हुसैन खोखर ने दी।

# विधायक-महापौर ने किया 90 एचपी के दो मोटर पंपों का लोकार्पण



- और भी बेहतर होगी शहर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था
- अगले सप्ताह तक लगेगें दो और मोटर पंप

**दुर्ग**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। विधायक अरूण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा आज शिवनाथ नदी स्थित 24 एमएलडी इंटकवेल में 90 एचपी के दो नये मोटर पंपों का लोकार्पण किया गया। इसी क्षमता के दो और मोटर पंप को एक सप्ताह के भीतर लगाया जायेगा। इस बहुप्रतिक्षीत व्यवस्था के हो जाने से शहर में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था और भी बेहतर हो जायेगी। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा, मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अलताफ अहमद, जलकार्य प्रभारी संजय कोहले भी उपस्थित थे। इन चार पंपों की खरीदी डीएमएफ मद की राशि 1 करोड़ 60 लाख से की गई है।

उल्लेखनीय है कि दुर्ग नगर निगम क्षेत्र की आबादी बढ़ने के साथ ही पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता भी महसूस की जाने लगी थी। कतिपय वार्डो की भौगोलिक स्थिति के कारण वहां पर पानी का कम दबाव पड़ रहा था। पानी सरलता से पहुंच नहीं पाता था। इसे ध्यान में रखकर विधायक अरूण वोरा के लगातार प्रयासों से 4 नये मोटर पंप खरीदे गये है। इनमें से 90-90 एचपी की क्षमता के दो पंपों ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# मोदी के कुशल नेतृत्व से ही संभव हो पाया महिला आरक्षण विधेयक : डॉ. सरोज पाण्डेय



- महिला डाक्टर सहित अन्य लोगों ने भाजपा में किया प्रवेश
- महिला आरक्षण के लिये मोदी के प्रति आभार सम्मेलन

**दुर्ग**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। लोकसभा व राज्यसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण विधेयक पारित करने पर आज भाजपा महिला पार्षदों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार ज्ञापित करने नारी शक्ति महिला वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय थी। इस मौके पर डॉ. सरोज पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस के पास आज कहने को कुछ नहीं है। इसीलिये वे जातिगत जनगणना, ओबीसी कोटा तय करने की बात कर रही है। सुश्री पाण्डेय ने विधायक अरूण वोरा पर तंज कसते हुए कहा कि विधायक और महापौर दोनों एक दूसरे के पिछलग्गू है। इसीलिए पूरा शहर दुर्दशा का शिकार हो गया है। इसी सम्मेलन में विभिन्न समाज की महिला अध्यक्षों, वरिष्ठ महिलाओं का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इसी कार्यक्रम में शहर की एक दर्जन से ज्यादा महिला चिकित्सकों व अन्य लोगों ने भाजपा में प्रवेश लिया। ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## कलेक्टर के आश्वासन पर आम आदमी पार्टी व सूरज परिवार का धरना आंदोलन खत्म, आज होगा दाह संस्कार



- मृतक की पत्नी को नौकरी व बच्चों की पढ़ाई का भरोसा मिला

**दुर्ग**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। सूरज साहू हत्याकांड को लेकर विगत 6 दिनों से आम आदमी पार्टी का धरना प्रदर्शन आज प्रशासन की पहल के बाद स्थगित कर दिया गया है। कल सूरज साहू का पोस्टमार्टम होने के बाद अंतिम संस्कार भी कर दिया जायेगा। प्रशासन ने आम आदमी पार्टी व सूरज के माता पिता पत्नी द्वारा की जा रही 50 लाख रूपये के मुआवजे व परिवार के एक व्यक्ति को शासकीय नौकरी देने की मांगों में से उनकी पत्नी ज्योति साहू को नौकरी देने की मांग लिखित में स्वीकार ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## अमीषा पटेल आज दुर्ग में



**दुर्ग**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल का नृत्य संगीत से भरा सांस्कृतिक कार्यक्रम कल 28 सितंबर को रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में शाम 7 बजे से होगा। रात्रि 11 बजे तक चलने वाला इस कार्यक्रम का आयोजन दिव्यांग बच्चों के कल्याण हेतु किया जा रहा है। यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजक वरूण जोशी ने दी।

# हेमचंद विवि के 60 निजी महाविद्यालयों का अब तक नहीं हुआ नैक मूल्यांकन

- मार्गदर्शन हेतु विवि द्वारा 4 अक्टूबर को

**दुर्ग**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग द्वारा निजी महाविद्यालयों हेतु नैक मूल्यांकन संबंधी कार्यशाला का आयोजन 4 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे सेंट थॉमस कॉलेज, रूआबांधा भिलाई के सभागार में किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए वि.वि. के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने बताया कि वि.वि. से सम्बद्ध 14 निजी महाविद्यालयों का नैक मूल्यांकन हो चुका है जिनमें से 04 निजी महाविद्यालय श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी भिलाई, सेंट थॉमस कॉलेज, भिलाई, समाधान कॉलेज, बेमेतरा तथा शैलदेवी महाविद्यालय, अण्डा को नैक मूल्यांकन के दौरान ''ए'' ग्रेड प्राप्त हुआ है। वहीं अन्य महाविद्यालयों में सांई कॉलेज, सेक्टर 06 भिलाई, एम.जे कॉलेज, भिलाई, सेठ आर. सी. एस कॉलेज, दुर्ग स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय, भिलाई को बी डबल प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है। कार्यशाला के संयोजक, डीसीडीसी, डॉ. प्रीता लाल ने बताया कि शासन द्वारा ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# प्रदेश की मौजूदा दुर्दशा के लिए नौकरशाह जिम्मेदार : नेताम


## राजनेता समाज की बजाय अपनी पार्टियों पर ज्यादा ध्यान देते है



**दुर्ग**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ियां सर्व समाज महासंघ द्वारा आयोजित एक दिवसीय चिंतन संगोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने छत्तीसगढ़ियों की वर्तमान दुर्दशा के लिये नौकरशाहों को जिम्मेदार बताते हुए राजनेताओं को भी कम जिम्मेदार नहीं ठहराया। वे अपने समाज का प्रतिनिधित्व नहीं करते। श्री नेताम ने कहा कि इसे देखते हुए हमें सामाजिक प्रतिनिधित्व के के प्रति संवेदनशील व्यक्ति को राजनीति में भेजना होगा।

श्री नेताम ने कहा कि विधायकों का कार्य केवल स्थानांतरण कराना व रोकना रह गया है। राज्य के मंत्री कभी केन्द्रीय मंत्रालय नहीं जाते। अपने विभाग के नीतिगत मामलों तक को नहीं जान पाते। वे अपने विभागीय मामलों में एक बयान तक नहीं दे पाते। उन्होंने मंत्रियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि वनमंत्री हो या गृहमंत्री बस्तर नहीं जाते। मोधघाट परियोजना को मुख्यमंत्री और अरविंद नेताम के बीच का मामला बनाकर रख दिया गया है। नगरघाट में एक भी बस्तरिया ठेकेदार नहीं है। यहां तक कि सिक्यूरिटी गार्ड की नौकरी भी बाहरी आदमी के हाथों में है।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री नेताम ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों व अधिकारियों से छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दूर करने ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢




CMYK

## सम्पत्तिकर में 30 तक 4 प्रतिशत छूट

**भिलाईनगर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। निगम भिलाई ने सम्पत्तिकर भुगतान करने पर नागरिकों को 4 प्रतिशत विशेष छूट कर प्रावधान किया है। 30 सितम्बर तक नागरिक अपने भवन तथा व्यवसायिक भूखण्ड का सम्पत्तिकर का भुगतान कर 4 प्रतिशत छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है। नागरिक 2 हजार के नोट से भी टैक्स जमा कर सकते है। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निगम के राजस्व वसुली हेतु एस.पी.एस. ठेका कम्पनी को निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के सक्त निर्देश दिये है। आयुक्त ने कंपनी के प्रतिनिधियों से कहा है कि निगम क्षेत्र में बने नवीन भवन तथा नवनिर्मित तलो का गणना कर टैक्स का निर्धारण का मांग पत्र भेजे और टेक्स जमा कराएं। 30 सितम्बर तक सम्पत्तिकर जमा कर नागरिक 4 प्रतिशत तक के छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है। बता दे कि रिर्जव बैंक द्वारा पूर्व घोषित अनुसार 30 सितंबर के बाद 2 हजार के नोट बाजार में चलन से बाहर हो जाएगा।

# सेल अनिश्चितता-अस्थिरता का सामना कर सकता है

## चेयरमेन अमरेंदु प्रकाश ने कंपनी के मजबूत प्रदर्शन पर डाला प्रकाश




**भिलाईनगर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। सेल ने आज लोदी रोड नई दिल्ली स्थित कंपनी मुख्यालय में अपनी 51वीं वार्षिक आम बैठक आयोजित की। सेल अध्यक्ष ने शेयरधारकों को इस बैठक में वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संबोधित किया। कंपनी के शेयरधारकों को संबोधित करते हुए सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने भविष्य के बारे में बताते हुए कहा कि वे कंपनी के बारे में बहुत आश्वस्त और उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि सेल की अंतर्निहित ताकत और हाल के दिनों में कंपनी के मुख्य क्षेत्रों पर काम करने के प्रयास ऐसे कारक हैं जिन्होंने उन्हें आशावाद और विश्वास दिया है कि सेल इस्पात उद्योग की अनिश्चितता और अस्थिरता का सामना कर सकता है। वित्त वर्ष 2022.23 के दौरान कंपनी के प्रदर्शन को संक्षेप में बताते हुए उन्होंने जानकारी दी कि सेल ने 19.4 मिलियन टन (एमटी) हॉट मेटल और 18.3 एमटी क्रूड स्टील का उत्पादन करके रिकॉर्ड वार्षिक उत्पादन हासिल किया। साथ ही कंपनी के सभी एकीकृत स्टील प्लांटों ने अपना सर्वश्रेष्ठ उत्पादन भी हासिल किया जिसके कारणवश 94 प्रतिशत क्रूड स्टील क्षमता उपयोग हुआ। जो अब तक का सबसे अच्छा क्रूड स्टील क्षमता उपयोग है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सेल ने लगातार दूसरे वर्ष 1 लाख करोड़ रुपये का कारोबार पार किया। उन्होंने कहा कि बाजार में अस्थिरता से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को कम करने में मदद, परिचालन प्रथाओं में सुधार पर ध्यान केंद्रित करने और प्रोडक्ट मिक्स को ऑप्टिमाइज़ करने के लिए ग्राहकों की मांग को री.अलाइन करने से मिली। क्षमता का अधिकतम उपयोग करना और सेल के ग्राहकों को सर्वोत्तम मूल्य प्रदान करना, कंपनी के इन दो फोकस क्षेत्रों पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इनके लिए रणनीतिक हस्तक्षेप आवश्यक है जिसमे उत्पादन में तेजी लाने, कच्चे माल को सुरक्षित करने, इनपुट की गुणवत्ता में सुधार करने, संसाधन जुटाने में दीर्घावधि में व्यावसायिक जोखिमों को कम करने, ग्राहक अनुभव बेहतर करने, डीकार्बोनाइजेशन और सस्टेनेबिलिटी इनिशिएटिव्स पर ध्यान केंद्रित करना आदि शामिल है। सेल अध्यक्ष के संबोधन में सेल के सस्टेनेबिलिटी इनिशिएटिव्स, उत्पाद विकास, डिजिटल हस्तक्षेप, भविष्य की योजनाएं और कंपनी द्वारा अपनाई गई नैतिक व्यावसायिक प्रथाएं भी शामिल थीं। भारतीय इस्पात उद्योग की विकास संभावनाओं पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस्पात उद्योग में हो रहे महत्वपूर्ण बदलावों से सेल पूरी तरह से अवगत है और कंपनी अपने प्रतिस्पर्धात्मक लाभ कॉम्पिटिटिव एडवांटेज को मजबूत करने और अपने हितधारकों के लिए मूल्य बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

## गंगाजली एजुकेशन की अध्यक्षा ने नयनदीप विद्यालय का किया दौरा



**भिलाईनगर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। गंगाजली एजुकेशन ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती जया मिश्रा ने रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट भिलाई द्वारा संचालित दृष्टि बाधित छात्रों के विद्यालय नयनदीप विद्या मंदिर छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर उनके अध्ययन की जानकारी दी और उनके स्वास्थ्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए श्री शंकराचार्य चिकित्सा एवं विज्ञान केंद्र की टीम के माध्यम से बच्चों की निशुल्क जांच की घोषणा की। श्रीमती जया मिश्रा ने विद्यालय के बच्चों के साथ लंबा वक्त गुजारा। रोटरी भवन में उनके आगमन पर ट्रस्ट के सम्मानित अध्यक्ष डॉ संतोष राय, सचिव एस सजीव, ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं नयनदीप विद्या मंदिर संचालन प्रमुख ज्ञानचंद जैन एवं पी एस बिंद्रा ने शाल पहनाकर एवं स्वागत किया। विद्यालय की प्राचार्या श्वेता महोबिया ने श्रीमति जया मिश्रा, शंकराचार्य महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अर्चना झा का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर शंकराचार्य महाविद्यालय के डीन एकेडमिक डॉ राव सहित अनेक प्राध्यापिकाये उपस्थित थी। छात्रों ने श्रीमती जया मिश्रा को गीत गजल और संगीत से ओतप्रोत किया। नयनदीप विद्या मंदिर से संबंधित जानकारी ज्ञानचंद जैन ने दी कार्यक्रम का संचालन पी एस बिंद्रा ने आभार प्रदर्शन संस्था के सचिव एस सजीव ने किया।

## शासकीय महाविद्यालय में इतिहास परिषद का गठन किया गया



**सहसपुर लोहारा,** 27 सितंबर। शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम में सत्र 2023 -24 में इतिहास विभाग की विभिन्न गतिविधियों के संचालन के लिए इतिहास परिषद का गठन मनोनयन पद्धति से किया गया मनोनीत किए गए पदाधिकारी गण में अध्यक्ष -दुर्गेश साहू, उपाध्यक्ष- भूपेंद्र राजपूत, सचिव- पायल साहू, सह सचिव- सुरुचि यादव को नियुक्त किया गया! इस अवसर पर इतिहास विभाग की डॉ.(श्रीमती )के . एस. परिहार(इतिहास विभागाध्यक्ष)एवं गिरधारी वर्मा जन भागीदारी सहायक प्राध्यापक तथा इतिहास विषय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रात10 बजे के बाद डीजे चलाने की अनुमति नहीं



**भिलाईनगर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। आज बुधवार को दोपहर 12 बजे पुलिस कंट्रोल रूम भिलाई के सभागार में डीजे संचालकों की बैठक ली गई। पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय कुमार ध्रुव के द्वारा डीजे संचालकों की बैठक ली गई। जिसमे एसडीएम उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर विश्व दीपक त्रिपाठी, थाना प्रभारी सुपेला दुर्गेश शर्मा के द्वारा डीजे संचालकों को उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली एवं उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा जारी किए गए निर्देशों के साथ ध्वनि प्रदूषण भी नियमन एवं नियंत्रण कानून 2000 के तहत एवं एनजीटी के द्वारा जारी किए गए निर्देशों का पालन करने के संबंध में आवश्यक जानकारी बताएं। सभी डीजे संचालकों को स्पष्ट रूप से यह निर्देश दिया गया है कि रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर और डीजे बजाने पर पाबंदी रहेगी, सार्वजनिक स्थान या निजी स्थान पर 60 डेसिबल से अधिक का ध्वनि नहीं होगा। कोई भी कार्यक्रम हो सर्वप्रथम संबंधित प्रभारी अधिकारी से अनुमति हो तभी डीजे या धुमाल का संचालन करें। साथ ही उस कार्यक्रम में डीजे या धुमाल बजाने के संबंध में अनुमति भी आवश्यक रहेगी। मालवाहक वाहनों में डीजे धुमाल को वाहन के बॉडी से बाहर ना निकाले, डीजे धुमाल लगे वाहनों में चमकीली लाइटें जिससे आंखें को प्रभावित हो ऐसा लाइट भी ना लगाएं। इन नियमों का उल्लंघन करने पर 20000 तक का जुर्माना का प्रावधान है। साइलेंट जोन में डीजे धुमाल बजाना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा जैसे की स्कूल, अस्पताल, कोर्ट परिसर, वृद्ध आश्रम, वाले हिस्सों को इस जोन में रखा गया है। धार्मिक माहौल खराब करने वाले गाने नही बजाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए, डीजे बजाने वाले लडको को आई कार्ड का उपयोग करने, बिना अनुमति के डीजे धुमाल बजाने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई आदि नियमों को डीजे संचालकों को पढ़ के साइन करवाया गया ताकि उल्लंघन होने पर उपरोक्त डीजे संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने एवं माहौल बिगाड़ने वाले शरारती तत्वों एवं सामाजिक तत्वों का फोटोए वीडियो लेकर पुलिस के पास भेजने जैसे जरूरी बातों को बताया गया।

## भिलाई के यश इंटरनेशनल बैडमिंटन स्पर्धा के बने विजेता

**भिलाईनगर** 27 सितंबर (देशबन्धु)। टोयाटा गाजु रेसिंग थाईलैण्ड इंटरनेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता का मध्य थाईलैंड में किया गया। भिलाई के यश योगी ने इस इंटरनेशनल प्रतियोगिता में क्वालीफाई करते हुए मेन्स ड्रा के प्रथम चरण में शीर्ष वरियता प्राप्त खिलाड़ी को हराकर भिलाई का नाम रौशन किया है। यश योगी बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के नगर विद्युत अभियांत्रिकी विभाग में कार्यरत शिव कुमार योगी के सुपुत्र है। इनके पिता शिव कुमार योगी बैडमिंटन के अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी व कोच भी रह चुके है। इंदौर में आयोजित वेस्ट जोन इंटर स्टेट बैडमिंटन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की ओर से खेलते हुए यश योगी ने सेमीफाइनल में स्थान बनाया। इसके साथ ही दिसम्बर माह में असम में आयोजित होने वाले प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। इसके अतिरिक्त मध्य इंडोनेशिया में आयोजित इंटरनेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारत की ओर से खेलते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विगत 15 वर्षों से भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से खेलते हुए इन्टरनेशनल व नेशनल चैम्पियनशिप में भारत तथा भिलाई इस्पात संयंत्र का नाम रौशन कर रहे है। यश योगी अपने पिता शिव कुमार योगी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन करते आ रहे है। इस प्रकार यश योगी ने अपने वर्ल्ड रैंकिंग में भी बढ़त हासिल की हैं। यश योगी छत्तीसगढ़ के एकमात्र खिलाड़ी है जिन्होंने सिंगल्स में सीनियर नेशनल के लिए क्वालीफाई किया है।



## गायत्री मंदिर हुडको में निशुल्क श्राद्ध तर्पण 29 से

**भिलाईनगर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। गायत्री मंदिर हुडको द्वारा पितृ पक्ष में नि:शुल्क पिंडदान, श्राद्ध एवं तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह आयोजन का 23 वां वर्ष है। 29 सितंबर पूर्णिमा से 14 अक्टूबर अमावस्या तक प्रतिदिन सुबह 7. 30 से 9. 30 बजे तक शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधियों द्वारा वैदिक पद्धति से सामूहिक श्राद्ध तर्पण कराया जायेगा। पुरुषों के समान महिलाएं भी इस कार्यक्रम में नि:संकोच सम्मिलित होकर अपने पितरों के लिए श्राद्ध तर्पण कर सकती हैं। ज्ञात हो कि गायत्री मंदिर हुडको द्वारा पितृ पक्ष के अवसर पर प्रतिवर्ष पितृपक्ष पर नि:शुल्क पिंडदान, श्राद्ध एवं तर्पण की व्यवस्था करते आ रहा है। इस कार्यक्रम में महिलाएं भी पिंडदान, श्राद्ध एवं तर्पण आदि की प्रक्रिया में भाग ले सकते है। इस वर्ष इसकी तैयारी पुरी कर ली गई है।

## कुम्हारी सर्विस रोड का चौड़ीकरण कार्य शुरु



भिलाईनगर, 27 सितम्बर (देशबन्धु)। आज बुधवार को उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीष ठाकुर एवं रॉयल इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर पीयूष के द्वारा कुम्हारी ओवर ब्रिज के नीचे सर्विस रोड का निरीक्षण कर 27 सिंतबर की रात्रि से सडक चौडीकरण एवम डामरीकरण निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम रायपुर से दुर्ग सर्विस रोड का चौडीकरण का कार्य किया शुरु किया गया। जिसमें 4 दिन का समय तय किया गया है। इसके पश्चात दुर्ग से रायपुर सर्विस रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जावेगा। निर्माण कार्य के दौरान सभी वाहनो को ओवर ब्रिज के मार्ग से डायवर्ट किया जायेगा। इसी प्रकार सर्विस रोड निर्माण कार्य के पश्चात 7 से 14 अक्टूबर कुम्हारी, 15 से 20 अक्टूबर डबरा पारा, 21 से 30 अक्टूबर पावर हाउस, 1 से 10 नवम्बर सुपेला में नेशनल हाईवे में डामरीकरण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। निर्माण कार्य के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा निर्माण कंपनी को सेफ्टी उपकरणों का प्रयोग करने वाहन डायवर्ट करने के लिए सुरक्षा गार्ड तैनात करने रात्रि के समय उचित प्रकाश व्यवस्था रखने हेतु निर्देश दिए गए साथ ही आम नागरिकों से अपील की है कि सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं। डीएसपी श्री ठाकुर के अनुसार सर्विस रोड की चौडाई 4 मीटर से 5-5 मीटर की होगी। कुम्हारी, डबरापारा, पावर हाउस, सुपेला मार्ग के डामरीकरण कार्य प्रारंभ किया जावेगा। श्री ठाकुर के अनुसार सर्विस रोड की चौड़ाई बढ जाने के लोगों को काफी राहत मिलेगी, तथा सड़क दुर्घटना में भी कमी आयेगी। ज्ञात हो कि कुम्हारी में बन रहे फ्लाई ओवरब्रिज भिलाई से रायपुर जाते समय वाला भाग का काम अभी शेष बाकी है। जिसके कारण अक्सर कुम्हारी में जाम की स्थिति निर्मित रहती है। सर्विस रोड चौड़ी होने से जाम से राहत मिल सकेगी।

## अतुल बने डोंगरगढ़ विधानसभा के प्रभारी

**भिलाईनगर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)।छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश प्रभारी शैलजा के सहमति से लोकसभा विधानसभा के प्रभारी की घोषणा कर दी गई है। 11 लोकसभा एवं 82 विधानसभा प्रभारी की सूची जारी कर दी है। कांग्रेस द्वारा जारी सूची के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अतुल चंद साहू को राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत डोंगरगढ़ विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। कांग्रेस के अंनुभवी सचिव अतुल चंद साहू मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व गृहमंत्री साहू के विश्वास पात्र माने जाते हैं। जारी सूची में कांग्रेस ने चुनाव के मद्देनजर लोकसभा प्रभारियों की सूची जारी कर दी है। रायपुर लोकसभा का प्रभारी पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर और दीपक दुबे को बनाया गया है। वहीं दुर्ग से गिरीश देवांगन और जीतेन्द्र साहू को जिम्मेदारी मिली है। प्रभारियों के बीच विधानसभा का बंटवारा भी किया गया है। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर इस सूची को जारी किया गया है। पिछले लम्बे समय से कांग्रेस की विचार धारा से जुडकर अतुल चंद साहू जिला के साथ-साथ प्रदेश स्तरीय कमेटी में काम कर रहे है। उन्होनें बताया कि प्रदेश में विधानसभा के साथ-साथ लोकसभा में भी इस बार कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आयेगी। उन्होनें प्रदेश कांग्रेस कमेटी का आभार व्यक्त किया है।




## गुजराती भवन सेक्टर-4 में बनेगा डोम शेड



**भिलाईनगर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के द्वारा की जा रही प्रगति यात्रा सेक्टर-4 पहुंची जहां उन्होनें गुजराती भवन सेक्टर 4 में डोम शेड का निर्माण किया जाने की घोषणा की। इसके अलावा नव जागरण दुर्गा उत्सव समिति ई मार्केट सेक्टर 6 में डोम शेड का भी निर्माण किया जाएगा। इन दोनों कार्यो का भूमिपूजन किया गया। आज प्रगति यात्रा निकाली गई। इस दौरान विधायक ने वार्ड में लाखों के विकास कार्यों की सौगात दी। कई समाजिक भवन का लोकार्पण भी विधायक श्री यादव ने किया। इस दौरान वार्डवासियों के साथ मिलकर विधायक श्री यादव ने प्रगति यात्रा के दौरान सेक्टर 4 एवं 6 में 27 लाख की लागत से होगा। विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। वार्ड में प्रगति यात्रा करते हुए पैदल-पैदल सभी गलियों और लोगों के घरों से होते हुए लोगों से मिलते गए। लोगों का हालचाल जाना और वार्ड की समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान वे बड़े बुजुर्गों से आर्शीवाद लिया। चौक-चौराहो में बैठकर लोगों के साथ बातचीत की और वार्ड के विकास को लेकर जानकारी ली। कई विकास कार्यों की सौगात दी। यात्रा के दौरान विधायक हर लोगों से मिलते हुए दुर्गा मंदिर पहुंचे। वहां माता की पूजा अर्चना की। उन्हें प्रणाम किए और पूजा अर्चना कर पुष्प अर्पित किए। पूजा अर्चना करके विधायक श्री यादव न भिलाई की भलाई, भिलाईवासियों की सुख-शांति, समृद्धि व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। यात्रा के दौरान गणेश पंडाल में पहुंच कर भगवान गणेश की पूजा अर्चना की। विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा निकाली जा रही पदयात्रा जहां-जहां पहुंच रही है वहां-वहां भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव विकास कार्यो की सौगात उन वार्ड के लोगों को दे रहे है।

## स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस




भिलाईनगर, 27 सितम्बर (देशबन्धु)। विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में फार्मासिस्टों को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने कहा कि सभी कैडर का अपना महत्व है। फार्मासिस्ट यानि भेषज चिकित्सक की लिखी हुई पर्ची पर मरीजों को सेवन विधि बताते हैं। किसके साथ उपयोग करना है खाली पेट, भोजन के बाद आदि जानकारी देते हैं जिससे मरीजों को दवा सेवन की विधि सरलता उपयोग करने मदद मिलती है। इसके अलावा दवाओं की आपूर्ति, रख रखाव ओर निष्पादन तिथि ओर एक्सपायरी डेट को ध्यान रखना के साथ स्टाक रजिस्टर मेंटेनेंस करना जैसी बड़ी जिम्मेदारी रहतीं हैं कार्यक्रम में फार्मासिस्ट श्रीमती स्मिता बागड़े ओर श्रीमती तृप्ति चंद्राकर को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में सीनियर कंसल्टेंट श्रीमती आर विश्वास, श्रीमती ए दत्ता, श्रीमती सोनसीर देशलहरे, मीरा साहू, आलिया, श्रीमती आर गजभिए, हिमांशु सूर्यवंशी, वेकंट राव, भास्कर, वंदना, बारले उपस्थित थे।

## दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरणों का वितरण

**भिलाईनगर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र द्वारा सीएसआर योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, एलिम्को के सहयोग से भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अन्तर्गत ट्राईसायकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन, दृष्टी बाधितार्थ फोल्डिंग छड़ी, ट्राईपोड, टेट्रोपोड, सर्वाइकल कालर, नी ब्रेस आदि उपकरणों का नि:शुल्क वितरण हेतु तीन दिवसीय परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय सेक्टर 6 ई मार्केट के पास सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक कुल 144 लोगों का परिक्षण हुआ। इसमें 32 महिलाएं तथा 112 पुरुषों का उपकरण के लिए चयन किया गया। इसके अतिरिक्त वहां उपस्थित सभी दिव्यांग जनों एवं वरिष्ठ जनों का परीक्षण किया गया। इसके साथ ही सियान सदन में भी शाम 6 बजे से शाम 7 बजे तक सियान सदन में परीक्षण किया गया। भिलाई, दुर्ग, रायपुर कैंप क्षेत्र, खुर्सीपार, सुपेला के अतिरिक्त आस पास गाँव जैसे जामुल, चीचा, अहेरि, डुन्डेरा, किलेपार, धनौरा, सिरसा, कोहका आदि से भी दिव्यांगजन इस परीक्षण का लाभ लेने आये थे। एलिम्को की टीम ने श्री राणा के नेतृत्व में परीक्षण किया। इसके अतिरिक्त समाज कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन की टीमें भी वहां मौजूद रही। साथ सीएसआर के भिलाई इस्पात विकास चिकत्सालय की पूरी टीम ने इस मानव सेवा के पुनीत कार्य में सहयोग किया। सीएसआर विभाग के महाप्रबन्धक शिवराजन नायर के संयोजन में श्रीमती रजनी रजक एवं अंजनी द्विवेदी ने एलिम्को की टीम को सियान सदन ले जाकर वहां निवासरत वृद्ध जनों का भी परीक्षण करवाया। सुबह 10 बजे से शाम 5.45 तक भिलाई इस्पात विकास चिकित्सालय तथा शाम 6 बजे से शाम 7 बजे तक सियान सदन में परीक्षण किया गया। भिलाई, भलाई के लिए जाना जाता है। इस कार्य को सफल बनाने में, सीएसआर की टीम ने भिलाई के उच्च अधिकारी एवं प्रबंधन के सहयोग से अपने कर्तव्य का पालन किया। इस शिविर में भिलाई नगर निगम के अजय शुक्ला एवं दुर्ग नगर निगम के जन प्रतिनिधी डॉ देव नारायण तांडी का सहयोग सराहनीय रहा। एलिम्को की टीम से ओर्थोटिस्ट एंड प्रोस्थेटिस्ट बिक्रम मोहाराणा ऑडियोलोगिस्ट, अरविन्द पाल ओर्थोटिस्ट टेक्निकल, मोहन यादव, ईडीपी विजय कुमार तथा डाटा मेन रितेश कुमार भिलाई इस्पात विकास चिकत्सालय की टीम से डॉ निशि मिंज, एस डी वानखेड़े, के एं यादव, विनय सिंह, शम्भू, मोहम्मद असलम खान, एस बी रॉय, के के कुम्भकार, सुश्री फिरोजा जोसेफ श्रीमती रेखा देव एवं श्रीमती लक्ष्मी के योगदान से यह शिविर सफल रहा।



## क्रेडा सदस्य ने किया सोलर हाई मास्ट लाईट का भूमिपूजन



**भिलाईनगर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। छ.ग. अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा ऊर्जा विभाग द्वारा अपारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतो को बढावा देने के उद्देश्य से ऊर्जा के वैल्पिक स्त्रोतो पर तेज गति से सौर ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किये जा रहे है। विजय साहू सदस्य क्रेडा द्वारा वैशाली नगर के विभिन्न वार्डो में रात्रिकालिन प्रकाश व्यवस्था हेतु क्रेडा द्वारा 20 नग सोलर हाई मास्ट लाईट संयंत्र की अनुशंसा उपरांत स्थापना कार्य हेतु इन 20 वार्डो में से 7 वार्डो में सोलर हाई मास्ट लाईट का भूमि पूजन कार्यक्रम विजय साहू के द्वारा किया गया। आज के भूमि पूजन कार्यक्रम में वार्ड-34 वीर शिवाजी नगर, वार्ड-33 गणेश चौक, वार्ड -26 रामनगर मुक्तिधाम, वार्ड-23, मंगल बाजार, घासीदास नगर, वार्ड-21 कुरूद मुक्तिधाम, वार्ड-19 आजाद चौक, रामनगर एवं वार्ड -35 जुडो एकेडमी कैम्प-2। कार्यक्रम में विजय साहू, धर्मराज शर्मा, राजेन्द्र यादव पार्षद जलंधर सिंह, श्रीमति एस. शैलजा, श्रीमति नेहा साहू, श्रीमति उषा शर्मा, इंजीनियर सलमान, चवन राम साहू, बलदाऊ पिपरिया, डॉ. विनय शर्मा, प्रकाश रेलवानी, विजय रेलवानी तथा वार्डवासी उपस्थित थे।

# धर्म सेवकों ने तीस लाख गौवंश बचाए 9 लाख लोगों को अन्य धर्म से लाए वापस

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। विश्व हिन्दू परिषद डौंडीलोहारा सहित बालोद जिला के सभी प्रखंडो के पदाधिकारियों विहिप राष्ट्रीय संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे का स्वागत किया विहिप महामंत्री एकदिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव शहर में आये थे। इस दौरे में विभाग स्तरीय बैठक भी ली राजनांदगांव शहर स्थित संघ कार्यालय में विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री विनायक राव देशपांडे ने विभाग स्तरीय संगठन पदाधिकारियों कि महत्त्वपूर्ण बैठक ली इस बैठक में प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र वर्मा,प्रांत सह मंत्री नंदुराम साहू,विभाग मंत्री अरुण गुप्ता भी मौजूद रहे। इस बैठक में विभाग के राजनांदगांव बालोद,मोहला मानपुर के जिला पदाधिकारी शामिल रहे। राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने सभी जिला अध्यक्षों से जिला स्तरीय कार्ययोजना की जानकारी ली व आगामी कार्यक्रम सम्बन्धी जानकारी दी महामंत्री विनायक राव देशपांडे ने कहा कि हिंदू धर्म समाज का सबसे बड़ा संगठन विहिप का वर्ष 2023 व 2024 में 60 वर्ष पूरे होने जा रहा है। इस षष्ठिपूर्ति वर्ष पर इस विशेष समय पर हम सबको जिला,खण्ड,व ग्राम केंद्र की समितियों का विस्तार करना है। आज देश भर में 79 हजार इकाई काम करी है। 29 देशों में संगठन काम कर रहा है। संगठन के धर्मसेवको ने 30 लाख गौवंश बचाये वही 10 हजार स्वयंसेवको की मौत हुई वही 1 हजार लोगों के ऊपर मुकदमे चल रहे है। हमने 35 लाख धर्मांतरण रोके है। वही 9 लाख लोगों को दूसरे धर्म से वापस लाने में सफलता मिली है। लव जिहाद की लड़ाई लगातार जारी है। बेटियों का जागरण जारी है। विहिप के धर्मसेवक हरपल हिंदू समाज को मजबूती देने व आनेवाली चुनोतियाँ से मुकाबला करने कार्य कर रहे है। विनायक राव देशपांडे ने विहिप के पदाधिकारियों से आने वाले समय मे दुर्गाष्टमी पर



## अयोध्या में राम मंदिर निर्माण जल्द ही होगा पूर्ण प्रधानमंत्री मोदी को दी शुभकामनाएं

कार्यक्रम करने व अयोध्या में आगामी समय मे प्रभु श्री राम जी की मन्दिर में विराजने व प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम हेतु हिंदू समाज के बीच जाकर अक्षत व रामजी की फोटो भेटकर उन्हें रामलाल के दर्शन करने का निमन्त्रण देने घर घर जाने हेतु कार्यक्रम बनाने की जानकारी दी। बैठक में प्रांत गौरक्षा प्रमुख प्रशांत दुबे बालोद जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता,मोहला मानपुर अध्यक्ष टेकराम भंडारी, जिला मंत्री राजेश सोनी,जिला कोषाध्यक्ष स्वाधीन जैन,जिला मातृशक्ति संयोजिका बालोद सत्या साहू,स्वेता राजपूत,नन्दा पसीने,उषा साहू, बालोद जिला विधि विभाग की प्रमुख संगीता शर्मा, बालोद शहर अध्यक्ष हरीश दहिया जिला सह मंत्री जयंत साहू,गुरुर अध्यक्ष लोकेश साहू,डौंडीलोहारा अध्यक्ष ढाल साहू,जिला उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर,नीलेश श्रीवास्तव जसवंता नायक,चौलेश देशमुख,जिला सत्संग प्रमुख बोधन भट्ट,धर्माचार्य प्रमुख बालोद जिला दिनेश द्विवेदी,मदन ठाकुर,इंद्रजीत गोस्वामी,गुरुर बजरंग दल अध्यक्ष तेजेन्द्र गंजीर प्रमुख रूप से शामिल थे।वही राजनांदगांव जिला के मंत्री व विशेष संपर्क प्रमुख लाल मुनाई सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित थे।विहिप महामंत्री देशपांडे ने बताया कि संगठन मे महिलाओं को भी शामिल कर उनको दायित्त्व दे देश के कुछ राज्यों में आज विहिप के प्रांत संगठन में महिला बड़ी जिम्मेदारी निभा रही है।आज महिला अबला नही सबला है। आज सभी क्षेत्रों में आगे है। देश को व हमसबको आज ऐसी महिलाओं पर गर्व है। विहिप के राष्ट्रीय महामंत्री विनायक राव देशपांडे ने राममन्दिर निर्माण पूर्ण होने के बाद जल्द ही मंदिर के गर्भगृह में प्रभु श्रीराम जी के विराजमान होने की शुभ घड़ी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को शुभ मुहूर्त की जानकारी के साथ शुभकामनाएं दी गई है।जल्द ही तयतिथि के अनुसार इस दिशा में कार्यक्रम तय होंगे व देश भर में उस दिन भव्य उत्साह का वातावरण बनेगा हिंदू धर्म समाज हर्षित होकर खुशियां मनाएगा।

# शा. कन्या उमावि के प्राचार्या को कारण बताओ नोटिस

**गंडई पंडरिया,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंडई के प्राचार्या को माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही बच्चों के भविष्य के प्रति गंभीर लापरवाही बरतने का हवाला देते हुए जवाब संतोषप्रद नही होने पर 1 वार्षिक की वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्यवाही करने हेतु शासन को प्रस्तावित किए जाने की बात कही गई है।

जानकारी के अनुसार गंडई नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ प्राचार्या संगीता पात्रिकर के नाम पर छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर ने 22 सितम्बर 2023 को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में बताया गया है कि परीक्षा सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 9 वी से 12वी में अध्ययनरत छात्राओं के पंजीयन हेतु यू डाइस पोर्टल में प्रविष्टि की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2023 तक था। जिसे 6 सितम्बर 2023 तक वृद्धि किया गया था। फिर भी विद्यालय द्वारा बहुत से छात्राओं का यू डाइस में पंजीयन नही किया गया है। तिथि की समाप्ति हो जाने के बाद मंडल कार्यालय को पोर्टल खोलने आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो की परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य में विद्यालय द्वारा बरती गई गम्भीर लापरवाही को दर्शाता है। जिसके चलते नोटिस जारी कर 25 सितम्बर तक स्पष्टिकरण प्रस्तुत करने को कहा गया था। यह भी कहा गया था कि जवाब संतोषप्रद नही होने पर एक वर्ष की वेतन वृद्धि रोकने शासन को प्रस्तावित किया जाएगा। इस मामले को जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. के.वी. राव ने गंभीर लापरवाही बरतना बताया है। उनके द्वारा जांच कर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के लिए शासन के पास प्रतिवेदन भेजने की बात कही गई है।



इस संबंध में प्राचार्या संगीता पात्रिकर से पूछे जाने पर उन्होंने गोलमोल जवाब देते हुए क्लास टीचर कमलेश कुमार खिल्लाड़ी, और राधारमण यदु पर मढ़ दिया है।

विज्ञान सहायक कमलेश कुमार खिल्लाड़ी बताते है कि उन्हें कंप्यूटर चलाना नहीं आता। जिसकी जानकारी उन्होंने पहले ही दे दिया है। टीचर खिल्लाड़ी बताते हैं कि छात्राओं से संपूर्ण जानकारी व दस्तावेज एकत्रित कर प्राचार्य को दे दिए हैं।

व्याख्याता राधारमण यदु बताते हैं कि प्राचार्या संगीता पात्रिकर मैडम बीमारी का हवाला देकर छुट्टी में रहती है। जिसके चलते यू डाइस में संपूर्ण पंजीयन नही हो सकता है। विगत वर्ष भी इसी प्रकार कोताही बरती गई थी और यू डाइस में पंजीयन नहीं हुआ था जिसे मेरे द्वारा रुपए खर्च कर पंजीयन कराया गया था जिसका भुगतान अभी तक मुझे प्राप्त नहीं हुआ है।

गंभीरता से जांच की जाए तो प्राचार्या संगीता पात्रिकर के खिलाफ और भी कई गंभीर आरोप व मामले प्रकाश में आएंगे। बताया जाता है कि प्राचार्य पात्रिकर अपनी मनमानी पूर्वक रवैया अपनाती है और कभी भी समय पर विद्यालय नहीं आती है। अब देखना यह है कि छात्राओं की भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली प्राचार्य संगीता पात्रिकर के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है या इस मामले को भी लीपापोती कर ठंडा बस्ती में डाल दिया जाएगा।

*यह एक गंभीर लापरवाही बरती गई है। मेरे द्वारा जांच कर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के लिए शासन के पास प्रतिवेदन भेजा जाएगा।*

- **डॉ. के.वी. राव** जिला शिक्षा अधिकारी

# आज जश्ने ईद मिलादुन्नबी, निकलेगा जुलूस शाम को तकरीर नामी मौलाना होंगे शामिल

**बेमेतरा,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। आज गुरुवार हजरत पैगंबर साहब के जन्म उत्सव पर जिला मुख्यालय सहित अंचल में मुस्लिम समुदाय के द्वारा हर्षो उल्लास के साथ जश्ने ईद मिलादुन नबी मनाई जाएगी। जश्ने ईद मिलादुन नबी की तैयारी विगत 15 दिनों से की जा रही थी बाकायदा मुस्लिम समाज घरों एवं मोहल्ले को दूधिया रोशनी से जगमगा दिए हैं। आज गुरुवार को जिला मुख्यालय में जुलूसे मोहम्मदिया दोपहर 02 बजे जामा मस्जिद बेमेतरा से निकली जायेगी यह जुलूस शहर के नयापारा, गश्ती चौक,सिग्नल चौक, परशुराम चौक,कचहरी चौक,भारत माता चौक व प्रताप चौक सहित विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए वापस जामा मस्जिद पहुँचेगी जामा मस्जिद पहुंचेगी इसके बाद फौरन स्थानीय जमा मस्जिद के धर्मगुरु मुस्लिम समुदाय की उपस्थिति में परचम कुशाई की रस्म अदा की जाएगी।

मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सैयद कौसर अली ने जानकारी देते बताएं कि शाम 07 बजे से मुस्लिम जमात खाना (सराये) में लंगर और रात 10 बजे रहमते ए आलम कॉन्फ्रेंस बाज़ार पारा में रखा गया है ,जिसमे मुम्बई से मौलाना फखरुद्दीन हशमती कादरी साहब,नात खा अब्दुल मुस्तफ़ा साहब मुम्बई व निज़ामत के लिए हलचल शिवानी साहब कोलकाता से आ रहे है।साथ ही बाहर से आये हुए मेहमानों के लिए खाने व ठहरने इंतेज़ाम किया गया है।

# शहर के दल्ली चौक से रेल्वे फाटकपारास तक मुख्य मार्ग का होगा चौड़ीकरण, शहर की बढ़ेगी सुंदरता

**बालोद**, 27 सितंबर। शहर के दल्ली चौक से रेल्वे फाटक पाररास तक मुख्य मार्ग का चौडीकरण कर सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने बताया कि दल्ली चौक से रेलवे फाटक तक रोड चौड़ीकरण और सौंदर्य करण के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के साथ मिलकर हमने स्थल भ्रमण कर एस्टीमेट तैयार कराया और इसके लिए मैंने भेंट मुलाक़ात के दौरान मान भूपेश बघेल से मांग की व स्थानीय विधायक संगीता सिन्हा को भी अवगत कराया की इस रोड का चौड़ीकरण, लाइटिंग व नया ड्रेनेज सिस्टम अति आवश्यक है। इसके बन जाने से जहां एक और शहर की सुंदरता बढ़ेगी साथ ही नया ड्रेनेज सिस्टम डेवलप हो जाने से आसपास के वार्डों में जल निकासी की हो रही समस्या का भी समाधान हो पाएगा। नतीजतन छत्तीसगढ़ सरकार ने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए लगभग 8 करोड़ की स्वीकृति दे दी व मुख्यमंत्री ने इसका भूमि पूजन कर एक बहुत बड़ी सौगात बालोद नगर को दी हैं। हमारी मांग को गंभीरता से लिया और इसके स्वीकृति प्रदान की। नपा अध्यक्ष चोपड़ा ने कहा कि हम सुनिश्चित करेंगे कि यह कार्य जन भावनाओं के अनुरूप जल्द प्रारम्भ किया जा सके।

## किसान विपणन सहकारी समिति की वार्षिक सभा



**गुण्डरदेही,** 27 सितंबर। किसान विपणन सहकारी समिति मर्यादित गुण्डरदेही की 41 वी वार्षिक साधारण सभा का आयोजन 25 सितंबर सोमवार को प्राधिकृत अधिकारी पीके मेश्राम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें संस्था के वार्षिक 2023 -24 के अनुमानित बजट वर्ष 2022 -2023 के आय व्यय पत्रक एवं 2023 -24 के आय व्यय पत्रक पर चर्चा उपरांत अनुमोदन किया गया जिसमें संस्था के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कुमार जैन एवं सदस्य गण व कर्मचारी उपस्थित रहे सभा में पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी लाभांश के तौर पर गिफ्ट भेंट किया गया सभा का आभार प्रदर्शन संस्था के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कुमार जैन द्वारा किया।

# कनेरी में चार पहिया वाहन ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, पिता-पुत्र घायल

## कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**गुरुर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। नेशनल हाईवे 930 में स्थित ग्राम कनेरी में तालाब के पास तेज रफ़्तार चार पहिया वाहन क्रमांक सीजी 0911 ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में मोटरसाइकिल में सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना 24 सितंबर को लगभग 3.30 बजे की है। पुलिस थाना पुरुर में ग्राम बोरतरा निवासी वेदप्रकाश सिन्हा ने मामला दर्ज कराया है कि घटना दिनांक को पिता लखन सिन्हा एवं बड़ा भाई संदीप कुमार सिन्हा ग्राम पुरुर की ओर जा रहे थे, तभी ग्राम कनेरी में तालाब के पास पहुंचे थे, कि चार पहिया वाहन हुंडई आई 20 क्रमांक सीजी 13 यूएफ 0911 के चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में मोटरसाइकिल में सवार लखन सिन्हा एवं संदीप कुमार अनियंत्रित होकर मुख्य मार्ग में गिर गए। घटना के बाद दोनों घायलों को संजीवनी 108 वाहन की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में लाया गया जहां बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों द्वारा श्री राम अस्पताल धमतरी में रेफर किया गया, जहां इलाज चल रहा है। इस घटना की शिकायत पर पुलिस ने चार पहिया वाहन आई 20 क्रमांक सीजी 13 युएफ 0911 के चालक के खिलाफ धारा 279 एवं 337 के तहत मामला दर्ज किया है।

# आज कांग्रेस राजीव भवन का लोकार्पण



**बेमेतरा,** 27 सितंबर। जिला मुख्यालय मे नवनिर्मित जिला कांग्रेस राजीव भवन का लोकार्पण कल 28 सितंबर को शाम 5.00 बजे दीपक बैज जी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, रविंद्र चौबे कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, गुरुदयाल सिंह बंजारे संसदीय सचिव एवं विधायक नवागढ़, माननीय श्री आशीष छाबड़ा जी विधायक बेमेतरा की गरिमामयी उपस्थिति मे संपन्न होने जा रहा है।

## श्री मोहनी बाबा गणेश उत्सव द्वारा भंडारा

**डोंगरगढ़,** 27 सितंबर। नगर के वार्ड न 8 छिरपानी मुक्ति धाम मे श्री मोहनी बाबा गणेश उत्सव समिति द्वारा बुधवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया उक्त भंडारे मे नगर व वार्डवासी सहित बाहर से आने वाले दर्शनार्थियो ने भी भंडारे मे भोजन प्रसादी ग्रहण कर श्री गणेश जी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष राजेश शेंडेए उपाध्यक्ष बिज्जू मानिकपुरीए कोषाध्यक्ष तपन लारोकरएसचिव बुज्जी वर्माए राकेश शुक्लाए सहसचिव रमेश साहूएसयोजक मनीष नीलेशए सह सयोजक, अमनए चिंटू व्यवस्थापक वतन चौधरीए पम्मी साहू संरक्षक सोनू लारोकारए अमन डाकह अनुशासन उमेश कटारे रोहित बंजारे सहित समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।



# शास. महाविद्यालय में 54वें राष्ट्रीय सेवा स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह

**दल्लीराजहरा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय द्वारा 54वें राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस एंव सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर अरुण कुमार वी. ने की, उन्होंने स्थापना दिवस पर रासेयो परिवार को शुभकामनाएं दी और इस तरह के कार्यक्रम किए जाने हेतु प्रोत्साहित करते हुए एनएसएस का विद्यार्थी जीवन में महत्व बताया, आदर्श वाक्य च मैं नहीं किंतु आपज् के संदर्भ को भी विस्तृत रूप से समझाया कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं वंदन कर,तथा महाविद्यालय प्रांगण में स्थित स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति का पूजन एवं माल्यार्पण कर किया गया, तत्पश्चात स्वयसेवकों ने राजकीय गीत च्अरपा पैरी के धार च्पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत के पश्चात विद्यार्थियों ने एनएसएस के संबंध में भाषण एवं कविता प्रस्तुत की।



## वरिष्ठ स्वयंसेवकों की बी ओर सी प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया

कार्यक्रम अधिकार राजेश कुमार ठाकुर नें राष्ट्रीय सेवा योजना की उपलब्धियों एवं नियमित गतिविधियों के बारे में अपने विचार व्यक्त किए, इसके उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि समाज सेवा के माध्यम से छात्रों का व्यक्तित्व विकास करना ही एनएसएस का प्रमुख उद्देश्य है, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.आर. साहू द्वारा विद्यार्थियों को ईमानदारी व जिम्मेदारी के साथ लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। कार्यक्रम में सम्मान समारोह के अंतर्गत प्राचार्य एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों के द्वारा वरिष्ठ स्वयंसेवकों को बी और सी प्रमाण पत्र, वितरित कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में एनएसएस के छात्रों द्वारा रंगारंग एवं मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई, इस दौरान महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी सहित बहुतायत में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही, मंच संचालन स्वयंसेवकों द्वारा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम अधिकारी ने महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकों, कार्यक्रम सहायक पुरन लाल कुलदीप एवं कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

# गंडई नगर में हमर क्लीनिक योजना के लिए भूमिपूजन

**गंडई पंडरिया,** 27 सितंबर। नगर गंडई के पंडरिया वार्ड नंबर 1 में बुनकर भवन के समीप लोगों को स्वास्थ्य जांच की सुविधा देने हमर क्लिनिक खुलेगा। जिसका भूमिपूजन पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन, पार्षद भिन्नेश यादव, सूरज नामदेव, एल्डरमैन बालक दास डहरिया, राजेंद्र झरिया, संगीता झरिया, जेठू राम साहू, पलटन वर्मा एवं वार्डवासी ने किया।



ज्ञात हो कि गंडई नगर के वार्ड नंबर 1 के पार्षद भिन्नेश यादव के प्रयास से अधोसंरचना मत से 25 लाख की लागत से हमर क्लीनिक भवन का निर्माण किया जाएगा। गौरतलब है कि दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर छत्तीसगढ़ सरकार ने भी हमर क्लीनिक योजना की शुरुआत किए जाने से लोगों को घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। मौसमी सर्दी, खांसी, बुखार सहित अन्य छोटी बीमारियों के इलाज में लोगों को राहत मिलेगी। आसपास के रहने वाले वार्ड सैकड़ों परिवारों को इलाज कराने के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत हमर क्लीनिक खुल रहा है। बताया जाता है कि हमर क्लिनिक में दो शिफ्ट में एमबीबीएस डाक्टर ओपीडी में बैठेंगे। एक पैथोलॉजी लैब रहेगा, जिसमें खून की अलग-अलग तरह की जांच, पेशाब की जांच होगी। साथ ही बी पी, शुगर, हीमोग्लोबिन, सिकलीन, एचआईवी, मलेरिया, डेंगू, के अलावा प्रेगनेंसी टेस्ट भी शामिल किया जाएगा। क्लीनिक में 46 तरह की दवाइयां उपलब्ध रहेंगी, जिसमें शुगर व बीपी की दवा भी शामिल है। हमर क्लिनिक में मरीजों के लिए ओपीडी में दवाइयां निशुल्क प्रदान की जाएंगी।

हमर क्लीनिक में योगा और व्यायाम जैसी वैलनेस एक्टिविटी उपलब्ध रहेगी। अधोसंरचना मद से भवन निर्माण हेतु 25 लाख रुपए एवं औषधि क्रय हेतु राशि 12 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है।

## निधन

### फनिंद्र पाण्डेय



**महासमुंद**, 27 सितंबर। स्थानीय क्लबपारा निवासी स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी फनिंद्र पाण्डेय 83 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में 27 सितंबर को किया गया। वे जिला एवं सत्र न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पाण्डेय के पिता थे।

### उमेश चंद्राकर



**महासमुंद,** 27 सितंबर। ग्राम धनसुली निवासी उमेश चंद्राकर 43 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार 27 सितंबर को गृह ग्राम धनसुली में किया गया। वे गौरव चंद्राकर के भाई व छग राज्य बीज निगम के अध्यक्ष अग्नि चंद्राकर, दौलत चंद्राकर, चोवाराम चंद्राकर के भतीजा थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### विधायक-महापौर ने किया ...

को स्थापित कर उनका लोकार्पण किया गया। दो पंप भी इसी सप्ताह लगाने के लिये विधायक श्री वोरा एवं महापौर श्री बाकलीवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया है। अभी तक शहर 45 एचपी के 6 मोटर पंप लगे थे। इसी तरह 12 पानी टंकियां भी बढ़ाकर 18 पानी टंकी हो गई है।

विधायक श्री वोरा ने अपने उद्बोधन में उपरोक्त स्थितियों का उल्लेख करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में शहर में आज एक और उपलब्धि प्राप्त की है। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्या ढीमर, एमआईसी के पार्षदगण, व एल्डरमेन उपस्थित थे। इनके अतिरिक्त नगर निगम अधिकारियों में आयुक्त लोकेश चंद्राकर, ईई आर.के.पाण्डेय, भवन अधिकारी प्रकाशचंद थावानी, मोहित मरकाम, नारायण सिंह ठाकुर भी उपस्थित थे।

### मोदी के कुशल नेतृत्व से ही ...

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. सरोज पाण्डेय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने के लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विधेयक एक कुशल नेतृत्वकर्ता प्रधानमंत्री की सरकार द्वारा पारित कराया है जिससे महिलाओं में अपूर्व उत्साह है। इससे देश की राजनीति में क्रांतिकारी परिवर्तन आयेगा। सुश्री सरोज पाण्डेय ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सन् 2010 में जब उन्हीं की सरकार ने महिला आरक्षण बिल लाया था। तब कांग्रेस व उनके सहयोगी लालू यादव ने इसका विरोध किया था। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री रमशीला साहू एवं महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण भाजपा पार्षद गायत्री साहू ने दिया। संचालन स्वाति साहू ने किया।

आज के मंच पर भाजपा की वरिष्ठ नेतागण एवं पदाधिकारी विभा अवस्थी, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, उषा टावरी, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमिला गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, उपनेता देवनारायण चंद्राकर, पार्षद नीता जैन, कविता तांडी, चमेली साहू, लीना देवांगन, हेमा साहू, कुमारी साहू, शशि साहू, पुष्पा वर्मा, सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार, विनायक नातू, मनोज मिश्रा, दिनेश देवांगन, राजा महोबिया, कांतिलाल बोथरा, डॉ. शरद अग्रवाल, चैनसुख भट्टड़, अनूप गटागट, रत्नेश चंद्राकर, कुमुद बघेल, शशि रायजादा, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### कलेक्टर के आश्वासन पर ...

कर ली है। इसके अलावा उनके बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देने का वादा भी प्रशासन ने दिया है। धरना प्रदर्शन स्थगित करने की घोषणा करते हुए आम आदमी पार्टी के जिला प्रमुख डॉ. एस.के.अग्रवाल, आरटीआई सल प्रमुख मेहरबान सिंह ने कहा कि वे प्रशासन के इस आश्वासन से संतुष्ट नहीं है। सूरज साहू का क्रियाकर्म निपट जाने के बाद वे फिर से मुआवजे की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन पर बैठेगें। हर हाल में इस परिवार को न्याय मिलना चाहिए। आज इस मामले में दोनों पक्षों के मध्य की चर्चा में सामाजिक कार्यकर्ता ध्रुव कुमार सोनी लंगूर ने काफी सक्रिय भूमिका निभाई।

उल्लेखनीय है कि दिवंगत सूरज साहू का परिवार व आम आदमी पार्टी के नेता कार्यकर्ता विगत 6 दिनों से पटेल चौक में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। विधायक, गृहमंत्री एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क करके वे इस मामले में हल निकालने का प्रयास कर रहे थे। उनका कहना था कि जब भिलाई खुर्सीपार के एक मामले में 10 लाख मुआवजा परिवार के सदस्यों को नौकरी दे दी गई है तो दुर्ग के मामले में प्रशासन कोताही क्यों कर रहा है। गत रात्रि प्रशासन ने परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी व बच्चों को अच्छी पढ़ाई का भरोसा दे चुका था। मामला क्षतिपूर्ति राशि पर अटका था। इसे लेकर आम आदमी पार्टी व प्रशासन के बीच लगातार चर्चा चल रही थी। शाम को एकाएक धरना स्थल पर लंगूर सोनी व एसडीएम, पुलिस के अधिकारी पहुंचे। लंगूर सोनी ने प्रशासन द्वारा लिखित आश्वासन को पढ़कर सार्वजनिक तौर पर सुनाया। इसके बाद प्रशासन द्वारा दिये गये समझौते के कागज पर मृतक के पिता व पत्नी ज्योति साहू ने भी हस्ताक्षर कर समझौते को मान्य कर दिया। इसके बाद आम आदमी पार्टी के जिला प्रमुख डॉ. एस.के.अग्रवाल व मेहरबान सिंह धरना स्थल पर पहुंचे और समझौते के मसविरे पर सहमति दी मगर स्पष्ट किया कि अभी भी परिवार संतुष्ट नहीं है। परिवार की स्थिति को देखते हुए पोस्टमार्टम व अंतिम संस्कार जरूरी है। इसके बाद फिर से आंदोलन तेज किया जायेगा।

### हेमचंद विवि के ...

निजी महाविद्यालयों को भी नैक मूल्यांकन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इसी संदर्भ में वि.वि. के अंतर्गत आने वाले ऐसे लगभग 60 निजी महाविद्यालय जिनका नैक मूल्यांकन नहीं हुआ है उनके मार्गदर्शन हेतु वि.वि. द्वारा यह एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में सहभागिता हेतु प्रत्येक निजी महाविद्यालय से प्राचार्य एवं आईक्यूएसी समन्वयकों को आमंत्रित किया जायेगा। इस कार्यशाला का उद्घाटन वि.वि. की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा करेंगी। 03 तकनीकी सत्रों में नैक विशेषज्ञ नैक मूल्यांकन के सभी 07 क्राइटेरिया से संबंधित जानकारी साझा करेंगे। शाम 3-5 बजे तक आयोजित होने वाले अंतिम सत्र में उपरोक्त चारों ''ए'' ग्रेड प्राप्त निजी महाविद्यालय के प्रतिनिधि अपने अनुभव साझा करेंगे तथा अंत में ए प्लस ग्रेड प्राप्त शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर महाविद्यालय के प्रतिनिधि सभी प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देंगे। इस कार्यशाला में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है।

### प्रदेश की मौजूदा दुर्दशा के लिए ...

के लिये योजना बनाने की अपील की। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस का कंट्रोल दिल्ली से है। यहां तक कि दो राज्यसभा सांसद भी छत्तीसगढ़ से बाहर के है। कृषि विश्वविद्यालय आज तक एक बीज नहीं बना पाये। कृषि के लिये औजार बनाये गयै है वे कहां बिकते है और किसानों के किस काम आते है ?

आयोजन के प्रारंभ आज के विषय पर प्रवेश कराते हुए कहा कि संयोजक भगतराम सोनी ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 23 वर्षो में यहां कांग्रेस व भाजपा का शासन रहा है। अमीर धरती पर गरीब छत्तीसगढ़ियां सामाजिक आर्थिक शैक्षिक प्रशासनिक एवं राजनीति दृष्टि से आज भी पिछड़ा हुआ राज्य है। इन्ही ज्वंलत समस्याओं के निराकरण का मार्ग तलाशने, चिंतन मनन करने के लिये सामाजिक मैत्री संगोष्ठी की जा रही है। संगोष्ठी की अध्यक्षता तिलकराम देवांगन ने की। विशेष अतिथि अजय साहू उत्तरप्रदेश सर्व आदिवासी छत्तीसगढ़ के कार्यकारिणी अध्यक्ष बी.एम.रावटे थे।

उक्त जानकारी देते हुए सर्व समाज महासंघ के मीडिया प्रभारी ध्रुव कुमार लंगूर सोनी ने बताया कि इस संगोष्ठी में दुर्ग राजनांदगांव कबीरधाम बालोद व बस्तर अंचल से भी पहुंचे थे।

कार्यक्रम का संचालन कलार समाज के भोजराम डड़सेना एवं हेमंत कोसरिया ने किया। इस अवसर पर सर्वकुर्मी समाज के संरक्षक मन्नूलाल परगनिया, तरूण धाकड़, पालन साहू, बसंत सिन्हा, लीलाराम साहू, राधेश्याम साहू, गिरधर मढ़रिया, कुमार गायकवाड़, बहलराम वर्मा, ज्वाला मरकाम, जावेद खान, सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# राम मंदिर ट्रस्ट की जमीन मामले में झूठा आरोप लगाने वालों के खिलाफ दायर करूंगा मानहानि का मुकदमा: छाबड़ा

- सनातन हिंदू समाज के अध्यक्ष, एवं भाजपा नेताओं के आरोप पर विधायक ने ली प्रेस वार्ता
- विधायक ने कहा ना मेरा और ना मेरे परिवार का उसे जमीन के मामले में लेना देना
- षड्यंत्र और राजनीतिक लाभ लेने लगाया जा रहा है आरोप

**बेमेतरा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। राम मंदिर ट्रस्ट की जमीन मामले में मेरे एवम मेरे परिवार के नाम से आरोप लगाया गया जो की एक राजनैतिक और झूठा आरोप है । आरोप लगाने वालों के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करूंगा । उक्त बातें प्रेस वार्ता के दौरान क्षेत्र के विधायक आशीष छाबड़ा ने पत्रकारों से कहीं

अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक आशीष छावड़ा ने कहा कि बीते दिनों सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यम में कुछ लोगों के उपस्थिति में सनातन हिंदू समाज के अध्यक्ष राजीव लोचन श्रीवास्तव एवं निष्कासित तथा पार्षद व एक भाजपा नेता ने बेमेतरा विधायक के रूप में मुझ पर आरोप लगाया गया है कि राम मंदिर भूमि ट्रस्ट के भूमि का पर अपनी पद का दुरुपयोग करते हुए अपने रिश्तेदारों के नाम पर राम जन्म ट्रस्ट के भूमि को अंतरण किया गया है, जिसे मैं स्पष्ट रूप से खंडन करता हूं । उन्होंने कहा कि उनके द्वारा दबाव पूर्व पूर्वक राम मंदिर न्यास की भूमि का अंतरण करने का जो बात कही गई वह बिल्कुल निराधार एवं मिथ्या है इस संबंध में यदि कोई सबूत हो गवाह हो या किसी तरह से कोई प्रमाण हो तो उन्हें सामने लाना चाहिए । विधायक ने कहा चुनावी माहौल को देखते हुए और मुद्दा विहीन भाजपा के लोग आने वाले समय में चुनाव होने वाला है जिसको ध्यान में रखते हुए इस तरह से मेरे छवि को धूमिल करने का जो कुषित प्रयास किया किया गया है। इसके खिलाफ में अपने वकील के माध्यम से न्यायालय में परिवारवाद दायर करूंगा ।



**भाजपा भयभीत और खिसियानी बिल्ली खंभा नोचने की तरह से काम कर रही**

उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा मुद्दा विहीन हो गई है, छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार के नेतृत्व में जिस तरह से काम चला है और लोगों का विश्वास भूपेश के ऊपर किया गया है उससे भाजपा भयभीत हो गई है और खिसियानी बिल्ली खंभा नोचने की तरह से काम कर रही है । उन्होंने पत्रकारों को बताया कि उनके परिवार का कोई भी व्यक्ति का इस मामले में लेना-देना नहीं है इसके साथ यह भी यह भी प्रश्न उठाते हुए कहा कि सन 2020 का यह मामला है ।राम मंदिर ट्रस्ट और सुमित कौर के द्वारा राम मंदिर ट्रस्ट की 4.42 एकड़ जमीन के बदले 5.25 एकड़ जमीन मंदिर ट्रस्ट को दिया गया है ।विधायक ने आगे बताया कि मामला के बारे में जब उन्होंने जानकारी ली उसके अनुसार मंदिर ट्रस्ट समिति के सदस्यों की बैठक में यह निर्णय लिया गया है और उनके निर्णय के बाद ही ऐसा करवाई किया गया है और बकायदा इस संबंध में दावा आपत्ति के लिए समाचार पत्र में भी इश्तहार प्रकाशित हुआ था लेकिन उसे समय किसी ने भी दावा आपत्ति नहीं किया गया ,केवल यह राजनीतिक लाभ लेने के लिए षड़्यंत्र पूर्वक काम किया गया है और मेरे छवि को धूमिल करने का यह कुषित प्रयास किया गया है । उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि राम जानकी मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा विधिवत्त बैठक कर राम जानकी मंदिर ट्रस्ट की भूमि को श्रीमती सुमितकौर सलूजा पति बलमीत सिंह सलूजा के नाम किए जाने हेतु बराबर बैठक की गई विधिवत बैठक में निर्णय लिया जाकर इस संबंध में अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया है भूमि अंतरण किए जाने के संबंध में तहसीलदार द्वारा विधिवत इश्तिहार का भी प्रकाशन किया गया है जिस समय इसका प्रकाशन किया गया उसे समय कोई संस्था अथवा किसी राजनीतिक दल यह किसी व्यक्ति के द्वारा कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई आपस में हुए इस समझौते के तहत राम जानकी मंदिर ट्रस्ट समिति को भूमि से संबंधित किसी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई है बल्कि मंदिर के जमीन के रकबे में वृद्धि हुई है तथाकथित भाजपा के षड़्यंत्र कारियो द्वारा द्वारा जो आरोप लगाया जा रहा है कि लोक न्यास की संपत्ति का अंतरण नहीं किया जा सकता उसे संबंध में छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 के अध्याय 3 में न्यास संपत्ति के प्रबंध की धारा 14 में लोक न्यास संबंधी संपत्ति के विक्रय आदि मामले में पंजीयन के पूर्व अनुमति तथा किसी अचल संपत्ति के विक्रय के संबंध में प्रावधान दिए गए हैं

**षड्यंत्र,राजनीतिक लाभ, राजनीतिक हत्या के उद्देश्य के चलते इस प्रकरण में मेरा नाम घसीटा जा रहा**

विधायक ने पत्रकारों से कहा कि वर्ष 2020 नवंबर माह के हुए इस अंतरण को 2023 में लगभग 3 वर्ष के बाद सोशल मीडिया एवं मीडिया के माध्यम से उछाल कर मात्र राजनीतिक लाभ लेने तथा एक षड्यंत्र के तहत मेरी राजनीतिक हत्या के प्रयास के रूप में इस प्रकरण में मेरा नाम घसीटा जा रहा है जिससे मुझे कोई लेना-देना नहीं है

सोशल मीडिया में यह खबर प्रसारित होने से लोग फोन करके पूछ रहे हैं , इससे मेरा एवं मेरे परिवार का अपयश हुआ है जबकि हमारा इस अंतरण से कोई लेना-देना नहीं है ना ही मैं किसी को कोई राजनीतिक संरक्षण दिया , मात्र राजनीतिक लाभ लेने के लिए यह झूठा लांछन लगाया गया । विधायक में यह भी कहा गया है कि भूमि हस्तांतरण में यदि दोनों पक्ष ने किसी भी प्रकार से गलत किया है तो उन पर कार्रवाई किया जाना चाहिए पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंसी पटेल पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अवनीश राघव जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री ललित विश्वकर्मा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लोकेश वर्मा पार्षद मनोज शर्मा शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी उपस्थित थे ।

# वाहन चालक की लापरवाही से 6 साल के मासूम की हुई मौत

**खैरागढ़,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। जालबांधा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम करमतरा में 26 सितंबर की रात्रि में दुर्ग से खैरागढ़ की तरफ आ रही इनोवा कार चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चालते हुए करमतरा के 6 वर्षीय बालक यश कुमार साहू को जोरदार ठोकर मार दी बालक गणेश देखकर रोड पार कर रहा था। उसी समय इनोवा कार चालक पृथ्वीराज सिंह पिता उत्तम ठाकुर के द्वारा 6 वर्षीय बालक को ठोकर मारकर 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गया करमतरा के ग्रामीणों ने गाड़ी का पीछा करते हुए आरोपी वाहन चालक को पकड़ लिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बालक को सिविल अस्पताल खैरागढ़ लाया गया जहां चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दिया करमतरा के नाराज ग्रामीणों ने रात में भी चक्का जाम कर दिया था। मामले की जानकारी होने पर एसपी अंकिता शर्मा एएसपी नेहा पाण्डेय एसडीओपी लालचंद मोहले के दिशा निर्देश पर चौकी प्रभारी प्रतिभा लहरे (प्रशिक्षु डीएसपी ) के द्वारा प्राथी पुनेश्वर साहू की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 279, 337, 304 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया इनोवा कार क्रमांक छ्त्त 08.ह 9888 के कार चालक पृथ्वीराज सिंह को पुलिस ने न्यायिक रिमांड न्यायालय में पेश किया है। इस कार्यवाही मे चौकी जालबाँधा प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी प्रतिभा लहरे, थाना खैरागढ़ प्रभारी राजेश देवदास, उप निरीक्षक दिनेश पूरेना, उप निरीक्षक शक्ति सिंह, सउनि एलएल भांडेकर, सउनि अरविन्द सिंह यादव, सहित अन्य पुलिस कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा है।





- करमतरा के ग्रामीणों ने किया मेन रोड़ में चक्का जाम
- पुलिस ने आरोपी युवक को लिया हिरासत में

# निर्वाचन संबंधी दायित्वों के निर्वहन हेतु अधिकारी-कर्मचारी पूरे समय मुस्तैद रहें :कलेक्टर

**बालोद,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए आदर्श आचार संहिता शीघ्र ही लागू होने वाली है। इसे देखते हुए जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरे समय मुस्तैद रहकर पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन करें। कलेक्टर शर्मा आज सयुंक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में त्रुटि की गुंजाईश बिल्कुल भी नहीं होती इसलिए निर्वाचन संबंधी कार्यों के संपादन करते समय विशेष सावधानी एवं सतर्कता बरती जाएगी। श्री शर्मा ने निर्वाचन संबंधी सभी प्रशिक्षणों के पश्चात् अनिवार्य रूप से टेस्ट भी आयोजित करने को कहा। उन्होंने इस दौरान सभी रिटर्निंग अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत फॉर्म 06, 07 एवं 08 के एंट्री के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि 04 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी मतदान केंद्रों, रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालयों एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में मतदाता सूची का प्रकाशन कराने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने कहा कि आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद किसी भी स्थिति में लोकार्पण एवं भूमिपूजन का कार्य नहीं कराया जा सकता। बैठक में कलेक्टर शर्मा ने कहा कि जिन विकास कार्यों का मंगलवार 26 सितंबर को मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल भूमिपूजन किया गया है। उन सभी कार्यों को 30 सितंबर तक अनिवार्य रूप से प्रारंभ कराई जाए। उन्होंने सभी स्वीकृत कार्यों को निर्धारित स्थल पर हर हाल में शुरू कराने तथा वहाँ पर नोटिस बोर्ड लगाकर कार्य प्रारंभ होने के अवधि भी अनिवार्य रूप से अंकित कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी कार्य के अंतर्गत किसान पंजीयन कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य में 01 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य शुरू हो जाएगी। इसके अंतर्गत उन्होंने अनुविभागवार किसान पंजीयन प्रगति की भी समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने धान खरीदी के लिए समुचित मात्रा में बारदानों की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के कार्य में किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कतें नहीं होनी चाहिए।



बैठक में कलेक्टर ने सड़क निर्माण कार्य से जुड़े विभाग के अधिकारियों को सड़कों के मरम्मत एवं गड्ढे भराव के कार्य को शीघ्र शुरू कराने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदारों को मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान की राशि को भी तत्काल जारी करने के निर्देश दिए। सहायक संचालक कौशल विकास को बेरोजगारी भत्ता से लाभान्वित हितग्राहियों के लिए रोजगार मेला के आयोजन करने के भी निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क एवं सी-मार्ट आदि के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को अपने कार्यालयों के लिए आवश्यक सामग्रियों की खरीदी सी-मार्ट से करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने सहकारी समितियों में समुचित मात्रा में खाद-बीज की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए पर्याप्त मात्रा में इसकी उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने राजस्व प्रकरणों की निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने रोका-छेका अभियान की समीक्षा करते हुए प्रत्येक शुक्रवार को इसके लिए अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की फील्ड में उपस्थिति की जानकारी लेते हुए कृषि विभाग के उपसंचालक को अनिवार्य रूप से फील्ड में इनकी उपस्थित सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबे समय तक अपने कार्य में अनुपस्थित गुण्डरदेही विकासखण्ड के आरईओ मुख्यालय कोड़ेवा में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के विरूद्ध तत्काल निलंबन की कार्रवाई भी करने के निर्देश दिए।

# हाईवा परिवहन संघ 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बालोद,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। शासन की गलत नीति के विरोध में हाईवा परिवहन संघ अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। हाईवा परिवहन संघ के द्वारा कहा गया है कि अवैध परिवहन में कार्यवाही होने पर अवैध लोडिंग करने वाले खदानो पर भी समान कार्यवाही की जावें। रेत खदानो एवं गिट्टी केशर से शासकीय मुल्य पर पर्याप्त मात्रा में रोयल्टी पर्ची उपलब्ध कराया जावें। जिस भंडारण एवं खदानों में रायल्टी उपलब्ध नहीं है उनको चिन्हांकित कर तत्काल राजसात किया जावे। खनिज विभाग की कार्य में केवल खनिज विभाग हि कार्यवाही करें। मुरूम लीज प्रक्रिया को सरल किया जावें और जल्द से जल्द रायल्टी पर्ची प्रदान किया जावें एवं निजी जमीन में पंचायत प्रस्ताव नही मांगने की मांग शामिल हैं। हाईवा संघ की हड़ताल के कारण बिल्डिंग मटेरियल सामग्रियों की सप्लाई ठप हो गई है। जिसके कारण निर्माण कार्यों पर ब्रेक लग गया है। हड़ताल का असर जमीनी स्तर पर देखने को मिल रहा है। बिल्डिंग मटेरियल की सप्लाई नहीं होने से मकान भवन सहित अन्य तरह निर्माण कार्य ठप हो गए हैं। लोगों को रेत, मुरुम, ईंट तथा गिट्टी के लिए भटकना पड़ रहा है। इस दौरान हाईवा परिवहन संघ के अध्यक्ष गोपाल राठी, उपाध्यक्ष प्रभात जैन, ओमू साहू, गोविंद चंद्राकर, तेज राम साहू, कोशाध्यक्ष लीलाराम साहू, सचिव आशीष चंदेल, सह सचिव, पप्पू साहू, सहयोजक गौतम गुप्ता, राजेश चुरेन्द्र, कार्यकारिणी सदस्य, दिलीप जैन, अतहर बक्श, योगेश साहू, आशीष साहू, सुग्रीव साहू, चंद्रहास साहू, टोकेश साहू एवं संघ के अन्य सदस्य उपस्थित थे।





**बालोद,** 27 सितम्बर (देशबन्धु) ।बुधवार को स्थानीय सर्किट हाउस में गणेश विसर्जन झांकी व विभिन्न आयोजनों के संबंध में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें निर्णय लिया गया की 1 अक्टूबर 2023 को शहर की गणेश झांकियां विसर्जित की जावेगी जो नगर के मुख्य मार्ग से गुजरते हुए विसर्जित की जावेगी। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विकास चोपड़ा, एसडीएम बालोद शीतल बंसल, एसडीओपी प्रतीक चतुर्वेदी, थाना प्रभारी रवि शंकर पांडे, सीएमओ नगर पालिका सुनील अग्रहरि, सहित प्रशासनिक अधिकारियों व नगर के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष भोला देशमुख को जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने दी बधाई व शुभकामनाएं



**बालोद,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। बालोद कृषि उपज मंडी को बुलन्दियों तक पहुचाने वाले बालोद कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष भोलाराम देशमुख के 60वां जन्मदिन पर पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, ब्लाक अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, तामेश्वर साहू, विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, किशोर साहू, महामंत्री शादिक अली, ओंकार महामला, अनिल चेनांनी, ब्लाक कोषाध्यक्ष जमील बख़ूश, निरुला खान सहित तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बालाजी रिसार्ट में मुलाकात कर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने मंडी अध्यक्ष भोलाराम देशमुख की लम्बी आयु अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। उन्होंने कहा की बालोद जिला आज मंडी अध्यक्ष की नेतृत्व में तरक़्क़ी की ओर अग्रसर है उन्होंने भगवान से अध्यक्ष की अच्छी सेहत खुशी और दीर्घायु रहने की कामना की है।

# केबिनेट मंत्री ने बोड़ला अनुविभाग अंतर्गत थाना चिल्फी के नवनिर्मित फोर्टीफाइड थाना भवन का किया लोकार्पण

**कवर्धा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, विधि-विधायी मंत्री एवं कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने बोड़ला अनुविभाग अंतर्गत थाना चिल्फी के नवनिर्मित फोर्टीफाइड थाना भवन का विधिवित लोकार्पण किया। उन्होंने नवनिर्मित थाना भवन का अवलोकन भी किया। मंत्री श्री अकबर ने क्षेत्रवासियों एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों को सर्व सुविधा युक्त नवनिर्मित भवन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने उपस्थित वनांचल ग्रामवासियों को छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा आम जनों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान कर पुलिस और जनता के बीच के मधुर संबंधों को इसी प्रकार बनाकर रखने तथा थाने में आने वाले प्रार्थी गणों के शिकायतों का जल्द से जल्द निराकरण करने संबंधी अन्य आवश्यक निर्देश दिया गया।



कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने बताया कि फोटिफाईड थाना भवन चिल्फी छत्तीसगढ़शासन गृह विभाग के आदेशानुसार पूर्व वर्ष स्पेशल इन्फास्ट्रक्चर स्कीम के तहत प्रदेश के 14 जिलों में 63 (फोर्टिफाईड पुलिस स्टेशन) सुदृढ़ीकृत थाना भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। जिसके अन्तर्गत कबीरधाम जिले के नक्सल प्रभावित चार थाने रेंगाखार, चिल्फी, सहसपुर लोहारा और बोड़ला में फोर्टिफाईड पुलिस थाना भवन स्वीकृत किया गया था। जिसमें थाना चिल्फी थाना भवन छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के पर्यवेक्षण में निर्माण कार्य संपन्न हुआ है। फोर्टिफाईड पुलिस थाना भवन जिसमें छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग द्वारा विद्युत ट्रांसफार्मर, फर्नीचर, जनरेटर आदि सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। फोर्टिफाईड पुलिस थाना भवन दो मंजिला की है। भूतल में थाना प्रभारी, विवेचक कक्षों के अलावा हवालात, मालखाना, शस्त्रागार, स्टोर, प्रशाधन की सुविधा उपलब्ध कराया गया है। प्रथम तल में चार बैरक निर्मित है। जिसमें एक महिला बैरक अटैच बाथरूम सहित है। तीन पुरुष बैरक निर्मित है। इसके अलावा किचन, डायनिंग एवं कर्मचारियों के लिए जिम की भी व्यवस्था है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फोर्टिफाईड पुलिस थाना भवन के उपरी मंजिल में दो नग अधिकारियों के लिए सुविधायुक्त विश्राम गृह बनाएं गए है। इसके अलावा सुरक्षा के लिए हर फ्लोर में चार-चार मोर्चा का निर्माण किया गया है। थाना भवन की सुरक्षा के लिए सामने की ओर तीन प्रोटेक्शन वाल का निर्माण किया गया है। नक्सल संवेदनशील क्षेत्र में फोर्टिफाईड पुलिस थाना भवन निर्माण के पीछे शासन का यह उद्देश्य रहता है, कि नक्सलियों द्वारा थाना भवन पर हमला कर पुलिस जवानों को क्षति पहुंचाकर आधुनिक हथियारों को लूट से बचाया जा सके। ऐसी घटना को रोकने के लिए एवं कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में फोर्टिफाईड थाना भवन का निर्माण किया गया है। फोर्टिफाईड थाना भवन के निर्माण से पुलिस अपने थाना भवन में कर्मचारियों की रक्षा करते हुए आसपास के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से नक्सल उन्मूलन हेतु प्रभावी कार्यवाही कर सकेगी कहा गया।

उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले के थाना चिल्फी परिसर में नवनिर्मित थाना भवन का 25 सितंबर को पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगाँव रेंज राजनंदगाँव राहुल भगत के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉ. अभिषेक पल्लव के मार्गदर्शन में नवनिर्मित थाना भवन का अवलोकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।



# स्वच्छंद जीवन की आड़ में बढ़ती अश्लीलता संस्कारधानी के उद्यानों में फल फूल रही !



**राजनांदगांव**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। देश में हर शहरों की एक अपनी पहचान और खासियत होती है। वह पहचान सबसे पहले वहां के रहने वालों के संस्कारों से परीक्षित होता है जिसके बूते वहां के रहवासी और नागरिक अपने आप को महफूज समझते हैं। राजनंदगांव का हमारा शहर इतिहास समेटा हुआ है इस लिए ऐतिहासिक तो है पर इसमें जो समेटा हुआ है वह संस्कार ही है।

यही कारण की राजनांदगांव च्संस्कारधानीज्ञ हमारे शहर की पहचान है। यही वजह है कि कई राज्यों से अपनी रोजी-रोटी की तलाश में या वो अधिकारी कर्मचारी जो शासकीय सेवाओं के बूते राजनांदगांव संस्कारधानी में सेवा देने के लिए आए वह यही के हो गए और उन्होंने अपनी हैसियत अनुरूप अपने आशियाने और भवनों का निर्माण कर संस्कारधानी में ही बस गए ऐसे अनेकों उदाहरण है। उनसे मिलने पर कई बार पूछा गया कि आप तो बड़े शहरों से तालुकात रखते हो बावजूद आखिर इस शहर को क्यों चुना उनका सीधा और सरल जवाब रहा यहां के संस्कार और यहां के लोगों के बीच में आपसी सामंजस और सौहार्दपूर्ण भाईचारे का वातावरण। यही संस्कारधानी अगर अपने मुख्य अस्तित्व को खोते नजर आएगी तो फिर वैसे ही माना जाएगा च्शरीर तो है पर उसमे आत्मा नहींज्ञ।

स्वच्छंद और पाश्चात्य जीवन के साथ बढ़ते गूगल के कंटेंट और मोबाइल की बढ़ती हर वर्ग उम्र तक पहुंच ने जीवन में संस्कारों को कम और पाश्चात्य जीवन शैली को जीने के लिए ज्यादा आकर्षित किया है। यही कारण है कि आए दिन राजनांदगांव शहर के मुख्य उद्यानों में अश्लीलता के वह नजारे देखने को मिलते है जिसे देखते ही अगर कोई अपने बहू बेटी और परिवार के साथ रहे तो निश्चित रूप से उन कृत्यों पर बेहद शर्मिंदगी झेलनी पड़ेगी यह सब हो रहा है संस्कारधानी के उद्यानों में ।राजनांदगांव का ऊर्जा पार्क, दिन भर खुली चौपाटी, शीतला मंदिर का गार्डन, कलेक्टर बंगला आरके नगर के सामने स्थित वीआईपी गार्डन, चौपाटी से लेकर वाईडनियर स्कूल जाने वाली रोड के किनारे, दिग्विजय कॉलेज के पिछवाड़े आपको वह प्रेमी युगल अपनी मस्ती में बैखौफ होकर उस अश्लीलता मे आमादा नजर आयेंगे जिसे देखने के बाद आंखे शर्म से अपने आप झुक जायेगी। राजनांदगांव के जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को कुछ हटके संस्कारों को बचाने के लिए साहस दिखाना होगा क्योंकि यहां के जिम्मेदार समाजसेवी सिर्फ अपने मकसद के लिए ही आगे आते हैं !

अन्यथा उन्हें शहर के संस्कारों पर मंडरा रहे खतरे से ना लेना है ना देना क्योंकि वह इन शहरों की बजाय लगता है बैंकॉक पटाया और फुकेट जैसे वातावरण को जीने की ज्यादा ख्वाहिश रखते हो ! च्संस्कारधानीज्ञ का मतलब सम्मान, गौरव और प्रतिष्ठा के साथ संस्कारो को संभालने की जिम्मेदारी सिर्फ जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ही नहीं होती वहां से नागरिकों की सबसे पहले होती है जिसकी जिम्मेदारी से यहां के लोग किनारा कर चुके है। इस लिए सावधान कृपया राजनांदगांव मे रानी सागर के आजू बाजू के बगीचे में अपनी बेटी और बहन के साथ न जाएं ।वहां अंदर जो हो रहा हे उसे देख आप को शर्मिंदगी उठानी पड़ेगी।

# मोहड़ चौक में आधा घंटा चक्का जाम अधिकारियों के समझाईश पर समाप्त



**डोंगरगांव**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। नगर से 3 किलोमीटर दूरी पर मोहड़ के तिराहे चौक में 27 सितंबर को दोपहर 12 बजे के बाद चक्का जाम ग्राम बमनीभाटा एवं मोहड़ और क्षेत्रवासियों ने किया था जो अधिकारियों के समझाइस पर आधा घंटा बाद ही समाप्त कर दिया गया तीन सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को मोहड़ चौक में आधा घंटा चक्का जाम किया गया था जिनमें ग्रामीणों ने ग्राम बमनीभाटा के जर्जर स्कूल भवन बिजली कटौती तथा बामणीभाटा से आसरा तक जर्जर मार्ग को तत्काल बनाने की मांग रखी गई थी।

एक दिन पूर्व ही सभी ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था क्षेत्र के ग्रामीणों ने बिजली कटौती से परेशान हो गया था यहां पर आए दिन विद्युत प्रवाह बंद रहता है जबकि वर्तमान में अरसीटोला गांव में सब स्टेशन का निर्माण भी हो चुका है जो अब तक शुरुआत नहीं की गई है।

इसी प्रकार से स्कूली बच्चे 2 किलोमीटर तक जर्जर सड़क को पार कर पैदल आसरा स्कूल जाते हैं यहां पर पहले से ही रोड की स्वीकृत हो चुकी है परंतु अब तक इस मार्ग को डामरीकरण नहीं किया गया है यह मार्ग बारिश के दिनों में चलने से भारी कठिनाई हो जाती है इन्हीं कारण ग्रामीणों ने मांग रखकर आंदोलन किया था यहाँ पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन बहुत ही जर्जर अवस्था में हो गया है जो कभी भी स्कूल में दुर्घटना घट सकती है यहां पर लंबे समय से नवीन मिडिल स्कूल भवन की मांग रखी गई है जो अब तक पूरा नहीं हुआ है उनके अलावा बामणीभाटा में रोजगार सहायक को पद से हटाने की मांग भी रखी गई है यहां पर रोजगार सहायक द्वारा विभिन्न कार्यों में घोर लापरवाही बरती गई है जिसके कारण गांव में असंतोष बना रहता है।

यहां पर तत्काल रोजगार सहायक को हटाने की मांग की गई है उनके अलावा मोहड़ में नवीन रेस्ट हाऊस लेकर ग्रामीणों ने पुरजोर विरोध किया है यहां पर गांव वालों ने धान संग्रह केंद्र की मांग की गई है इस क्षेत्र में 5 से 10 गांव से किसान धान बेचने डोंगरगांव जाते हैं क्षेत्र के ग्रामीण जनों ने अनेक समस्याएं को लेकर चक्का जाम किया था चक्का जाम स्थल पर ही एसडीओपी नेहा वर्मा एसडीएम असवन कुमार पुसाम टी आई उपेंद्र कुमार शाह एवं नायब तहसीलदार जेपी खुटे ने सभी मांगों को लेकर उच्च अधिकारियों से चर्चा कर पूरा करने का आश्वासन दिया गया।

जिस पर ग्रामीणों ने आधा घंटा बाद ही चक्का जाम समाप्त कर दिया गया चक्का जाम कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य जागृति यदु जनपद सदस्य वीरेंद्र साहू बमणीभाटा सरपंच देव सिंग साहू चुन्नी यदु एवं मोहड़ चिद्दो जंतर बमनीभाटा के ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# प्रदेश कांग्रेस ने दी शाहिद भाई को राजनांदगांव लोकसभा की बड़ी जिम्मेदारी

**राजनांदगांव**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई को उनके पार्टी के प्रति बेहतर क्रियाकलाप को देखते हुए राजनांदगांव लोकसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है।



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रभारी सुश्री शैलजा जी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ सह प्रभारी डॉ चंदन यादव, सांसद सप्तगिरि उल्का, विजय जांगिड़ की सहमति से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आगामी चुनाव को देखते हुए राजनांदगांव लोकसभा के अंतर्गत तीन जिलों जिसमे कवर्धा, पंडरिया, खैरागढ़ एवं मोहला मानपुर विधानसभा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है साथ ही राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के डोंगरगढ़, राजनंदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी विधानसभा की जिम्मेदारी पूर्व सांसद पी आर खूंटे जी को प्रदान की गई है यहां यह बताना लाजिमी है की शाहिद भाई लगातार दूसरी बार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री बने हैं वही कोरबा जिला कांग्रेस संगठन के प्रभारी के रूप में बेहतर कार्य कर वर्तमान में बालोद जिला कांग्रेस प्रभारी की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। पार्टी की रीति नीति सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करने में माहिर शाहिद भाई अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी निर्वाह करते हैं जिसके चलते कांग्रेस पार्टी ने आगामी विधानसभा और लोकसभा को ध्यान में रखते हुए यह जिम्मेदारी उन्हें प्रदान की है शाहिद भाई के नियुक्ति से संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह का संचार हुआ है साथ ही शाहिद भाई को लगातार बधाइयां प्रेषित कर शुभकामनाएं दी जा रही हैं शाहिद भाई ने इस जिम्मेदारी प्रदान करने के लिए प्रदेश प्रभारी सुश्री शैलजा जी सह प्रभारी डा चंदन यादव सांसद सप्तगिरि उल्का, विजय जांगिड़, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# छात्राओं को छेड़छाड़ से बचाने भूपेश सरकार की अभिनव पहल : विभा

**राजनांदगांव**, 27 सितंबर (देशबन्धु) ।प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव एवं डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र की तेजतर्रार कांग्रेस नेत्री श्रीमती विभा साहू ने भूपेश सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में यात्री बसों में महिलाओं एवं स्कूल बसों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए निर्भया फ्रेमवर्क के अंतर्गत सभी स्कूल बसों में पैनिक बटन लगाने के निर्णय को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व क्रांतिकारी कदम बताते हुए इस फैसले का स्वागत किया है। इससे अब प्रदेश में महिलाओं और स्कूली छात्राओं पर होने वाले अपराधों में कमी आएगी।

उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संवेदनशील सरकार के नेतृत्व में प्रदेश के सभी वर्ग के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। आज भूपेश सरकार द्वारा लिए गए निर्णय से यह साबित हो गया है कि कांग्रेस की महिलाओं और बहन-बेटियों की सुरक्षा कर सकती है। आज राजधानी में मुख्यमंत्री निवास में हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार अब व्हीकल ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर के माध्यम से गाडियों की ट्रैकिंग की जाएगी। पैनिक बटन लगने से बस में किसी प्रकार की दुर्घटना, छेड़छाड़ होने पर पैनिक बटन दबाने से तुरंत निर्भया कमांड सेंटर और पुलिस विभाग के डायल 112 को सूचना मिल जाएगी। इसके साथ ही बसों का लोकेशन, स्पीड आदि का भी पता चलता रहेगा। इससे बसें नियंत्रित गति से चलेंगी, जिससे हादसे की आशंका भी कम हो जाएगी।



कांग्रेस नेत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राजधानी रायपुर स्थित निवास कार्यालय से आज परिवहन विभाग की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया, जिसमें महिला सुरक्षा हेतु निर्भया कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (जीपीएस) शामिल है। इस व्यवस्था के शुरू होने से जनता को किसी तरह के खतरे तथा अनहोनी से निपटने में काफी सहूलियत होगी। बसों में पैनिक बटन और जीपीएस के लगने से बसों की पल-पल की जानकारी मिलेगी। नवीन व्यवस्था के तहत स्कूल बस के रूट में भी मैप रहेगा, ताकि स्कूल बस यदि बच्चों को लेकर निर्धारित रूट के अलावा कहीं जाए तो ऑटोमैटिक अलर्ट आ जाये। इसके लिए कंट्रोल रूम में शिफ्ट के हिसाब से चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी, जो लगातार सभी बस को मॉनिटर करते रहेंगे और इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस विभाग को सूचित करेंगे।

00 दुर्घटना की तुरंत लगेगी जानकारी

श्रीमती साहू ने जानकारी दी कि पैनिक बटन लगने से दुर्घटना या कोई समस्या होने पर बस में सवार यात्री पैनिक बटन को दबाएंगे। बटन के दबते ही पुलिस कंट्रोल रूम व परिवहन कंट्रोल रूम को जानकारी मिलेगी और नजदीकी पुलिस थाने के कर्मचारी तुरंत बस तक पहुंचकर यात्रियों की मदद करेंगे। दिल्ली में हुए निर्भया प्रकरण के बाद से ही छत्तीसगढ़ में निर्भया फण्ड के अंतर्गत सभी यात्री वाहनों को ट्रैक करने के लिए यात्री वाहनों में जीपीएस लगवा कर व्हीकल ट्रैकिंग प्लेटफार्म के माध्यम से ट्रैकिंग करने का निर्णय लिया गया। व्हीकल ट्रैकिंग सॉफ्टवेंर को चिप्स के माध्यम से बनाया गया है और समस्त गाड़ी के लाइव ट्रैकिंग देखने और त्वरित कार्यवाही करने के लिए सिविल लाइंस रायपुर में स्थित डायल 112 भवन में ही कमांड और कंट्रोल सेंटर भी बनाया गया है।

# कांग्रेस से बौद्ध समाज को टिकट देने की उठी मांग

**डोंगरगढ़**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में जैसे . जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे . वैसे राजनीति पार्टी के साथ सामाजिक स्तर पर भी अपना . अपना वचस्व बनाने के लिए रणनीति तेज कर दी गई है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 डोंगरगढ़ जहां पूरे छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा बौद्ध समाज के मतदाता निवास करते हैं अब इस विधानसभा चुनाव में बौद्ध समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने कांग्रेस पार्टी से बौद्ध समाज के व्यक्ति को टिकट देकर अपना प्रत्याशी बनाने की मांग की है। बताया गया कि कांग्रेस ने डोंगरगढ़ विधानसभा के ैण्बण् आरक्षित सीट क्रण् 74 से आजतक बौध्द समाज के ;महारद्ध जाति से अपना प्रत्याशी नही बनाया हैए जबकि भाजपा ने 4 बार अपना प्रत्याशी बनाया हैए जिसमें दो बार भाजपा के प्रत्याशी ने विजय भी प्राप्त की थी।

बौध्द समाज हमेशा ही कांग्रेस पार्टी की नीतियों का पक्षधर रहा है किन्तु पार्टी नें ैण्बण् की 10 आरक्षित सीटों में से बौध्द समाज को हमेशा उपेक्षित रखा है जिससे बौध्द समाज के 80: मतदाता कांग्रेस पार्टी से नाराज प्रतीत हो रहे हैं। बाबासाहब डॉ. बी. आर. आम्बेडकर जिन्होंने भारत का संविधान बनाया हैए उन्ही के कौम को 10 ैण्बण् की रिजर्व विधानसभा की सिटों में से एक भी सीट पर उम्मीदवार नही बनाना बाबासाहब का अपमान होना प्रतीत होता है।

आंकड़ों को देखे तो छत्तीसगढ़ में बौध्द के मतदाता रायपुर, भाठापारा. बिलासपुर, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग भिलाई, कवर्धा, कांकेर, धमतरी, दिल्ली राजहरा, जगदलपुर, सुकमा, दंतेवाडा, नारायणपुर, बीजापुर, महासमुन्द, गरियाबन्द, कोण्डागांव, बालोद, बेमेतरा, रायगढ़, सुरजपुर, जांजगीर चांपा, मुंगेली, कोरबा, मोहला मानपुर, खैरागढ़, सरगुजा शहरी मतदाता व ग्रामीण मतदाता लेकर लगभग 15 लाख आकी गई है।

बावजूद इसके बौद्ध समाज जो अबतक अपने प्रतिनिधित्व से विधानसभा में 90 विधायकों में कोई भी विधायक नहीं होने से उपेक्षित महसुस कर रहा है। चर्चा है कि भाजपा द्वारा इस बार विधानसभा चुनाव में बौद्ध समाज के व्यक्ति को प्रत्याशी बनाए जाने का अनुमान लगाया जा रहा है।

ऐसे में अगर कांग्रेस पार्टी द्वारा बौद्ध समाज को उपेक्षित किया गया तो विधानसभा चुनाव के साथ.साथ लोकसभा चुनाव में भी पार्टी को समाज की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है वही आगामी विधानसभा चुनाव वर्ष 2023 में डोंगरगढ़ विधानसभा से कांग्रेस पार्टी बौध्द समाज से अपना प्रत्याशी बनाती है तो समाज के मतदाता छत्तीसगढ़ की 15 विधानसभा सीटों में भी कांग्रेस की सीटें जिताकर बीजेपी मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

# बात हे स्वाभिमान के हमर पहली मतदान के : अमर झा



**राजनांदगांव**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। राजनांदगांव प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के निर्देशानुसार राजनांदगांव के एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा के नेतृत्व मे शासकीय पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय सुरगी मे च्बात हे स्वाभिमान के हमर पहली मतदान केज्ञ अभियान का पोस्टर विमोचन कर सभी छात्र छात्राओं को अपना पहला मत छात्र हितैषी भूपेश सरकार को देने की बात रखी गई !

जिला अध्यक्ष अमर झा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा निरंतर छात्र हित का कार्य किया जा रहा है जैसे स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज से लेके कॉलेज के छात्रों के लिए फ्री बस सुविधा की बात हो कोरोनो कॉल में ऑनलाइन परीक्षा निरंतर छात्रों की मांग पर मुख्यमंत्री भेट मुलाकात कार्यकर्म में प्रदेश में बहुत से नए महाविद्यालय प्रारंभ किए गए है होस्टल की संख्या में बडोतरी युवाओं को बेरोजगारी भते जैसे कार्य हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किया गया है।

पंडित शिव कुमार शास्त्री महाविद्यालय में पोस्टर विमोचन के दौरान मुख्य रूप से एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा, जिला उपाध्यक्ष साहिल सागर, एनएसयूआई डोंगरगांव विधानसभा अध्यक्ष उज्जवल निर्मलकर, कॉलेज अध्यक्ष हेमंत साहू, जिला सचिव यमन शंडे, विवेक भगत, 1. विवेक भगत, सत्यम, ओमकार साहू, हुमेश पटेल, मीनल सिंह, मांडवी आशीष कुमार, प्रतिमा, तनुज, कीर्ति यादव, करीना सहारे, मुस्कान, रामकरन, तरुण, युगेंद्र सिंह, प्रशांत नेताम, उदेश कुमार, एवं अन्य छात्र छात्राएं और एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# झांकी के लिए भी समुचित व्यवस्था नहीं बना सकी महापौर, यह शहर की परंपरा पर आघात

**राजनांदगांव**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम के भाजपा पार्षद दल ने बुधवार को महापौर हेमा देशमुख के खिलाफ कलेक्टर को अविश्वास प्रस्ताव सौंपा है। भाजपा पार्षदों ने प्रस्ताव सौंपते हुए जल्द से जल्द मतदान करवाए जाने की मांग भी रखी है। कलेक्टर ने प्रस्ताव स्वीकार करते हुए नियम संगत कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

पार्षदों ने प्रस्ताव में उल्लेख किया है कि, महापौर ने अपने कार्यकाल में शहर की मूलभूत आवश्यकताओं एवं अन्य समस्याओं के निराकरण को छोड़कर निगम के संसाधनों का दुरुपयोग किया है। उनपर निगम में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के आरोप भी लगाए गए हैं। भाजपा जिला संगठन के निर्देश पर अविश्वास प्रस्ताव सौंपे जाने के दौरान जिला भाजपा मंत्री व जिपं सदस्य राजेश श्यामकर, दक्षिण व उत्तर मंडल भाजपा अध्यक्षद्वय तरुण लहरवानी, हर्ष रामटेके की विशेष उपस्थिति में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु के नेतृत्व में भाजपा पार्षदगण शिव वर्मा, विजय राय, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, पारस वर्मा, शरद सिन्हा, गप्पु सोनकर, गगन आईच, श्रीमती मधु बैद, रानू जैन, कमलेश बंधे, अरुण देवांगन, श्रीमती रंजू मंटू यादव, श्रीमती जया यादव, श्रीमती उत्तरा अरुण दामले, श्रीमती सीताबाई डोंगरे, श्रीमती खेमिन राजेश यादव, श्रीमती टुमेश्वरी सेवक उइके, श्रीमती भानू साहू मौजूद थे। भाजपा पार्षद दल के नेता किशुन यदु ने अविश्वास प्रस्ताव पर जानकारी देते हुए कहा कि - 27 सितंबर को हमने महापौर हेमा देशमुख को अपदस्थ किए जाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव कलेक्टर के समक्ष पेश किया है। यह प्रस्ताव पूरे नगर के समुचित हित को ध्यान में रखकर लाया गया है। उन्होंने कहा कि - बीते वर्षों में महापौर हेमा देशमुख ने अपनी निष्क्रियता के चलते जनता का विश्वास खो दिया है।







राजनांदगांव मित्र मंडल सदर बाज़ार की झांकी झांकी का विषय -महाभारत का 12 दिन में अर्जुन और भगदत का युद्ध, तीन जीप में रहेगी झाकी फ़ोल्डेबल आर्च के साथ

महापौर हेमा देशमुख के कार्यकाल को लेकर उन्होंने कहा कि - पौने चार साल का यह वक्त शहर के लिए किसी श्राप से कम नहीं है। कांग्रेसी महापौर ने शहर की संस्कृति और परंपरा पर जो आघात किया है उसके घाव भरने में बरसों लग जाएंगे। उन्होंने कांग्रेसी विचारधारा में घुली-मिली भ्रष्टाचार की संस्कृति को ही निगम में पोषित किया है। उन्होंने अपनी नैतिक जिम्मेदारियां भी कभी नहीं निभाई। वे पहली महापौर हैं जिनके कार्यकाल में निगम से जुड़े मामलों में दो-दो आत्महत्याएं हुईं और महापौर इसे लेकर चुप हैं। निगम के कर्मचारियों को महिनों का वेतन नहीं मिल पा रहा है। निगम में राजस्व की हालत खस्ता है। इन सबके लिए महापौर हेमा देशमुख दोषी हैं। उन्हें इस अविश्वास प्रस्ताव से पहले ही नैतिकता के नाते इस्तीफा दे देना चाहिए था। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि - हेमा देशमुख के कार्यकाल में शहर बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहा है। सड़क, बिजली, पानी और सफाई की व्यवस्था चरमरा चुकी है। कईयों दफा आवेदन-निवेदन के बावजूद इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। संस्कारधानी की पहचान हॉकी और झांकी रही है। गुरुवार की शाम झांकियां निकलने वाली है लेकिन शहर की गड्ढेदार सड़क पर पैचवर्क तक नहीं किया जा सका है। शहर अंधेरे में है, स्ट्रीट लाईटें बंद हैं। हर ओर गंदगी है। मुक्कड़ों की संख्या बढ़ती जा रही है। अमृत मिशन योजना का लाभ अब तक शहरवासियों को नहीं मिल सका है। अलबत्ता गाहे-बेगाहे दो-दो दिनों तक पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था बाधित हो रही है। बूढ़ासागर सौंदर्यीकरण में भ्रष्टाचार के मामले पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि - यह एक गंभीर मुद्दा है जिसमें सीधे तौर पर महापौर की भूमिका संदिग्ध बनी हुई है। इस मामले में दोषी ठहराए गए सहायक अभियंता कामना यादव को दोबारा बहाल कर दिया गया है। यह प्रक्रिया गुपचुप तरीके से पूरी की गई है। जबकि उप अभियंता दीपक माहला अब भी निलंबित हैं। ये इस मामले में एक और लेन-देन की ओर इशारा करता है। जांच रिपोर्ट में आरोपों के साबित होने के बावजूद इस भ्रष्टाचार के प्रकरण में महापौर कार्रवाई से पीछे हट रहीं हैं। इस मामले में दोषियों पर अब तक एफआईआर भी नहीं करवाई गई है। किशुन यदु ने कहा कि टेंडर सहित दूसरे कामों पर निगम में 25 से 27 प्रतिशत कमीशन का खेल चल रहा है। पीएम आवास जैसे कार्यों के लिए भी खुलेआम रिश्वतखोरी हो रही है। इस योजना को लेकर शहर में अब तक दो आत्महत्या हो चुकीं हैं और इन मामलों पर कार्रवाई नहीं की गई है। ये साबित करता है कि यह सब महापौर हेमा देशमुख के इशारे पर हो रहा है। नगर की जनता का शोषण हो रहा है।

# विधायक चंद्रदेव राय ने किया जैत खाम एवं भीमराव अंबेडकर के मूर्ति का अनावरण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन



**भटगांव/बलौदाबाजार,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। संसदीय सचिव छ.ग.शासन एवं विधायक बिलाईगढ़ चंद्रदेव राय ने बिलाईगढ़ विधानसभा के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पवित्र जैत खाम एवं भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर के मूर्ति अनावरण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। बिलाईगढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत सरधाभाटा में जैत खाम व चबूतरा निर्माण एवं भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर मूर्ति का भूमिपूजन, ग्राम पंचायत कोट में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के मूर्ति का भूमिपूजन एवं चबूतरा सामुदायिक भवन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन, ग्राम पंचायत जैत पुर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के मूर्ती का अनावरण एवं विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन ग्राम पंचायत बछोरडीह में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति का अनावरण एवं ग्राम पंचायत झुमका में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति एवं चबूतरा, रंगमंच एवं सामुदायिक भवन का भूमिपूजन ग्राम पंचायत तिलाईपाली में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति अनावरण ग्राम पंचायत जुनवानी में डॉ. भीमराव अंबेडकर मूर्ति व चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन ग्राम पंचायत जोरा में डॉ. भीमराव अंबेडकर मूर्ति एवं चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन नगर पंचायत भटगांव में जैत खाम एवं चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन ग्राम पंचायत बन्दारी में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का मूर्ति एवं चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन ग्राम पंचायत छपोरा में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति निर्माण का भूमिपूजन ग्राम पंचायत पथरिया में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति निर्माण एवं चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन ग्राम पंचायत करबाडबरी में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति स्थापना एवं चबूतरा डब्लू बी एम सड़क निर्माण का भूमिपूजन ग्राम पंचायत बगलोटा में डॉ.भीमराव अंबेडकर जी के मूर्ती का अनावरण एवं ग्राम पंचायत मटिया में डॉ.भीमराव अंबेडकर जी के मूर्ति एवं चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन में सामिल हुए।

उक्त अवसर पर संसदीय सचिव छग शासन एवं विधायक बिलाईगढ़ चंद्रदेव राय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ ध्येय वाक्य के साथ आम जनता के आय में वृद्धि करने के साथ-साथ लगातार अधोसंरचना का कार्य कर रही है। उन्होंनें कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्यो के साथ ही किसानों, मजदूरों, वनवासियों, युवाओं, महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों के उत्थान और कल्याण के लिए अनेक जन हितैषी कार्य चलाये जा रहें हैं। जिनकी चर्चा पूरे देश में हो रही है। उक्त अवसर पर संसदीय सचिव छ.ग. शासन एवं विधायक >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## छग श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय सम्मेलन में शामिल हुए कसडोल ब्लाक के पत्रकार गण



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के निरंजन धर्मशाला में 27 सितम्बर 2023 को आयोजित छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय एक दिवसीय सम्मेलन में पुरे छत्तीसगढ़ के कोने - कोने से बड़ी संख्या में पत्रकार गण शामिल हुए। वहीं बलौदाबाजार बाजार जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल सहित कसडोल विकासखंड से अध्यक्ष साहेब लाल साहू की अगुवाई में बड़ी संख्या में पत्रकार गण शिरकत किए।

सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द अवस्थी की प्रांतीय टीम द्वारा सभी पत्रकारों का मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया गया। सम्मेलन के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष चरनदास महंत थे। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर सांसद सुनील सोनी ने सम्बोधित किए। वहीं तृतीय एवं अंतिम सत्र के मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व मंत्री एवं राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय थे। कसडोल क्षेत्र से प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव दिनेश मिश्रा, अध्यक्ष साहेबलाल साहू, संरक्षक देवेंद्र साहू, सचिव सुनील तिवारी, कोषाध्यक्ष गुनीराम साहू, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## बाल संदर्भ योजना अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम लच्छनपुर में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना अंतर्गत सेक्टर स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अमेरा सेक्टर के 6 माह से 5 वर्ष के मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया गया। कार्यक्रम में पालक, बच्चे के साथ सेक्टर पर्यवेक्षक नीता कुर्रे एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता वीणा वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सोनी कुर्रे, खुमीन वैष्णव, नंदनी यादव, तृप्तिराज, अनुसुइया पटेल, बृहस्पति ध्रुव आदि उपस्थित थे।

## प्रतिभाओं का सम्मान कर मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस



**नवापारा राजिम,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्या की देवी मां सरस्वती, युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी एवं छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पूर्व स्वयं सेवको जिन्होंने राज्य स्तर या राष्ट्रीय स्तर पर एनएसएस के विभिन्न शिविरो में भाग लिए थे उनका सम्मान किया गया। एनएसएस के द्वारा कराए गए विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के उद्धबोधन में डॉक्टर समीक्षा चंद्राकर ने विद्यार्थियों को एनएसएस के गाइडलाइन का अनुसरण कर व्यक्तित्व विकास करने की सलाह दिए। हिंदी के विभागाध्यक्ष श्री घनश्याम प्रसाद यदु के द्वारा बताया गया कि दूसरो की सेवा ही धर्म है। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य श्री एम एल वर्मा के द्वारा एनएसएस के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समाज सेवा पर बल दिए। कार्यक्रम के शुरुवात में एनएसएस के बारे मे जानकारी कार्यक्रम अधिकारी श्री तामेश्वर कुमार मारकंडे के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन कु सोनिया सोनी ने किया। इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉक्टर आर के मतावाले, भानुप्रताप नायक, मुकेश कुर्रे, आकाश बाघमारे, क्षमाशिल्पा चौहान, चित्रा खोटे के साथ बड़ी संख्या में महाविद्यालय स्टाप उपस्थित रहे। साथ ही इस कार्यक्रम में बडी संख्या में पूर्व स्वयं सेवक एवं वर्तमान के स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## जयंती पर भगत सिंह को किया याद




**महासमुंद,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय कांग्रेस भवन में देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह की जयंती के अवसर पर समस्त कांग्रेस जानो ने अमर शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए महान देशभक्त सरदार भगत सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। सरदार भगत सिंह ने चंद्रशेखर आजाद व पार्टी की अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया पहले लाहौर में बर्नी सैंडर्स की हत्या उसके बाद दिल्ली के केंद्रीय सांसद ;सेंट्रल असेंबली में बम विस्फोट करके ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध खुले विद्रोह की बुलंदी प्रदान की। इन्होंने असेंबली में बम फेंक कर भी भागने से मना कर दिया जिसके फ्ल स्वरुप अंग्रेज सरकार इन्हें 30 मार्च 1931 को इनके दो साथियों राजगुरु तथा सुखदेव के साथ फांसी पर चढ़ा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत संसदीय सचिव ने हितग्राहयों को बांटे अधिकार पत्र




**महासमुंद,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पट्टा वितरित किया। अधिकार पत्र मिलने से हितग्राहियों को चेहरे खिल उठे। बुधवार को लालवानी गली स्थित कार्यालय में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, पार्षद निखिलकांत साहू, मुन्ना देवार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शहर के विभिन्न वार्डों से पहुंचे पात्र हितग्राहियों को राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा वितरित किया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि भूपेश सरकार जनहित में आज हर वर्ग के लिए काम कर रही है। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पुल निर्माण के लिए भूमिपूजन



**महासमुंद,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। खैरा से परसकोल के बीच सितली नाला में 2 करोड़ 75 लाख 20 हजार रुपए की लागत से पुल निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्रामीणों की मौजूदगी में पुल निर्माण का शुभारंभ किया। पुल निर्माण होने से आवाजाही में ग्रामीणों को सहुलियत हो सकेगी। बुधवार को ग्राम पंचायत खैरा में खैरा से परसकोल मार्ग पर पौने तीन करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले पुल निर्माण का शुभांरभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय शर्मा, जनपद सदस्य श्रीमती सरिता राकेश चंद्राकर, सरपंच श्रीमती नीलम कोसरे, राकेश चंद्राकर, मनोज चंद्राकर मौजूद रहे। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने पुल की सौगात मिलने पर ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि कुछ महीने में खैरा और परसकोल के बीच सितली नाला में पुल बनकर तैयार हो जाएगा। दो करोड़ 75 लाख 20 हजार रूपए की लागत से निर्मित होने वाले पुल से ग्रामीणों को आवाजाही में सहुलियत होगी। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि पौने पांच साल के कार्यकाल में ग्राम पंचायत खैरा में पांच करोड़ से अधिक के विकास कार्य कराए गए हैं। प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के नेतृत्व में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में चहुंमुखी विकास हो रहा है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए भूपेश सरकार कटिबद्ध है। शहर के साथ ही गांवों में प्राथमिकता के साथ विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने लो वोल्टेज व ट्रांसफार्मर की मांग पर उचित पहल करने का आश्वासन देते हुए भूपेश सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आव्हान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुभाष वैष्णव, कन्हैया चंद्राकर, कुलेन्द्र चंद्राकर, सुखबति यादव, सीताराम चंद्राकर, अरविंद साहू, केशव चंद्राकर, भेखलाल साहू, छोटकू चंद्राकर, बड़कू चंद्राकर, रेवा कोसरे, >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण



**नवापारा राजिम**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम नवागांव (क) मे विभिन्न विभाग एवं मदो से निर्मित एवं स्वीकृत निर्माण कार्य सी. सी. रोड शेड निर्माण सामुदायिक भवन पानी टंकी निर्माण स्कूल मे अहाता निर्माण सामुदायिक शौचालय निर्माण प्रा. शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला जिरणोद्वार नाली निर्माण एवं गौठान निर्माण का लोकार्पण मा. श्री धनेंद्र साहू जी (पूर्वमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक) के मुख्यआतिथ्य श्री मति देवनंदनी साहू (अध्यक्ष जनपद पंचायत अभनपुर) की अध्यक्षता श्री प्रवीन साहू जी (सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी) गोपेश ध्रुव (अध्यक्ष कृषि उपज मंडी नवापारा) श्री राजू बारले जी (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अभनपुर) श्री डामन साहू जी (उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण) के विशेष आतिथ्य मे संपन्न हुआ।

विधायक श्री साहू के ग्राम आगमन होने पर पंचायत पदाधिकारी राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारी एवं ग्रामवासी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात श्री साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र का पूजा अर्चना एवं माल्यर्पन कर उपस्थित ग्रामवासीयो को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे छ. ग. के कांग्रेस सरकार द्वारा अनेक जनहित कारी योजना लागू कर गाँव गरीब एवं किसानो को सवारने का कार्य किया जा रहा है। जो आज छ. ग. के आम नागरिको के चेहरे पर मुस्कान के साथ देखने को मिल रहा है। इसके पूर्व प्रदेश मे 15 साल तक भारतीय जनता पार्टी के सरकार के पास कोई ऐसी योजना नही बना पायी जिससे आम नागरिको को लाभांवित होकर खुशहाली जीवन व्यतीत कर सके । शिवाय प्रदेश मे भृष्चार के माध्यम से लूटने का काम किया हो। छ. ग. के कांग्रेस सरकार द्वारा हाल ही मे ग्रामीण आवास न्याय योजना लागू की गई है जो प्रदेश की गरीबो एवं जरूरतमंदो के लिए वरदान साबित होगा। छत्तीसगढ़या की उपेक्षा की पर्याय बन चुकी केंद्र की मोदी सरकार राज्य की भूपेश सरकार के साथ भेदभाव पूर्ण से कार्य कर रही है। जो प्रजातंत्र मे प्रदेश की आम जनता द्वारा दी गई जनादेश एवं आशीर्वाद का अपमान है। जो इस प्रदेश की जनता आने वाले चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी को बर्दाश्त नही करते हुए सबक सिखान्येगे।

उक्त कार्यक्रम मे श्रीमति प्रमिला चेतन यादव (सरपंच) श्रीमति दुकाला किसुन् यादव (उपसरपंच) सतीश ध्रुव (सरपंच उगेतरा) रघुनंदन यादव (सरपंच कठिया) धन्नू लाल नेताम् (अध्यक्ष गौठान समिति) आजुराम साहू (ग्राम पटेल) देवेंद्र कौशले (अध्यक्ष राजीव युवा मितान) बैशाखू राम साहू टोनिक राम कुर्रे राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारी पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## नवापारा में सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**नवापारा राजिम**, 27 सितंबर। गायत्री शक्ति पीठ नवापारा के प्रांगण में सुंदरकांड पाठ आयोजन किया गया।यह सुंदरकांड पाठ का कार्यक्रम श्री राजीव लोचन सुंदरकांड समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया। जिसमें नगर के नारी शक्तियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग मिला। इस कार्यक्रम का आयोजन गायत्री परिवार नवापारा के ऊर्जावान कार्यकताओं के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम के पश्चात भोजन प्रसादी की व्यवस्था किया गया।

# पितृ तर्पण का महत्व : डॉ. ज्योति किरण चंद्राकर

**महासमुंद,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। पूर्वजों को विधि विधान से तर्पण करना ही पितृ तर्पण कहलाता है। क्वांर माह के कृष्ण पक्ष में पूर्णिया से अमावस्या तक 15 दिनों का पितृपक्ष मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि किसी भी व्यक्ति की मृत्यु 15 तिथियां के अलावा अन्य किसी भी तिथि पर नहीं होती है; अर्थात जब भी पूर्वजों का श्राद्ध किया जाता है तो उनकी मृत्यु तिथि के अनुसार ही पितृ -तर्पण करना चाहिए। इसलिए पितृपक्ष 15 दिनों का होता है। ऐसा लोक आस्था है कि पितृपक्ष के दौरान पूर्वज कुटुंबजनों से मिलने पितृ लोक से धरती पर आते हैं; और आशीष देते हैं। पितृ- तर्पण का कार्य घर का बड़ा बेटा हाथ में तिल; चावल व जौ मिश्रित कर जल की तीन-तीन अंजलियां तालाब में अर्पित करता है। वह पूर्वजों को नमन करता है। पितृपक्ष के पहले दिन को पितर बैसकी व अंतिम दिन को पितर खेदा कहा जाता है। इस पखवाड़े में कोई मांगलिक कार्य नहीं किया जाता हैं। ऐसी मान्यता है कि; महिलाओं को इस पखवाड़े में नई साड़ी ;नया आभूषण; नई चूड़ी पहनना वर्जित होता है। साथ ही गर्म पानी का उपयोग; गर्म कर पानी में कपड़ा धोना; सूप बजाना; जतली बजाना; महिलाओं को बाल धोना; पटक कर कपड़ा धोना वर्जित माना जाता है। महिलाओं का पितृ तर्पण मातृ नवमी के दिन किया जाता है; जबकि पुरुषों का पितृ तर्पण उनके मृतक तिथि के अनुसार किया जाता है। आकस्मिक मृत्यु या विदेश में मृत्यु होने पर व्यक्ति का तर्पण चतुर्दशी के दिन किए जाने की परंपरा है। पितृपक्ष के दौरान घर के आंगन में गोबर से चौकोर गोबर से लिप कर चांवल आटे से चौक बनाकर उसके ऊपर फूल व उड़द दाल को छिड़क कर प्रणाम किया जाता है। लोटे में जल भर के रखा जाता है। तर्पण करने वाला व्यक्ति तालाब में कुछ तिल; चावल व जौ को हाथ में लेकर सूर्य की ओर मुंह करके जलांजलि व तिलांजलि देकर आशीर्वाद प्राप्त करता है । ऐसी मान्यता है तिल से पितर; जो से ऋषि और चंवल से देवता प्रसन्न होते हैं। महिलाएं स्नान कर उड़द दाल धोकर बिना नमक का बड़ा; मालपुआ; छौकी हुई तोरई की सब्जी बनती है और इन्हें तोरई के पत्ते पर रखकर तर्पण करने वाला व्यक्ति हुम् देकर पितरों का हवन करता है।इसके बाद पूरी ;बडा व मालपुआ का टुकड़ा छोटा छोटा करके छप्पर में भी रखता है ; ताकि कौवा व अन्य पक्षी पितर के रूप में आकर ग्रहण करें। अमावस्या के दिन पितर खेदा के रूप में अंतिम पितृ तर्पण किया जाता है। इस दिन तर्पण; पूजन करने के पश्चात बनाए हुए बोबरा को ;पूरी को और बड़ा को पोटली बनाकर साथ में चावल; दाल डालकर और सिक्का डालकर तालाब में विसर्जित किया जाता है। ऐसा विश्वास है कि; मिष्ठान जल में विसर्जित करने से पितरों को प्राप्त होता है और पैसा उनके रास्ते के खर्च के लिए प्रतीकात्मक रूप से डाला जाता है। वर्तमान में पितर न्योता खिलाने की परंपरा लुप्त होते जा रही है।



# गायत्री प्रज्ञा युवा मंडल धनसीर द्वारा बाजार पड़ाव में किया वृक्षारोपण



**बिलाईगढ़,** 27 सितम्बर (देशबंधु)। गायत्री प्रज्ञा पीठ धनसीर के प्रज्ञा युवा मण्डल द्वारा पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से वृहद वृक्षारोपण का महाभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में बाजार स्थल पर बादाम, करंज, नीम आदि वृक्षों को लगाया गया वृक्षारोपण है प्रकृति का मान,आओ पेड़ लगाकर करो सम्मान हरी भरी धरा से बने जीवन हरा भरा यह संदेश सभी तक पहुँचाना है इस अवसर पर फिरत राम श्रीवास, सोनाउराम गोंड़, कृष्ण कुमार नेताम शिक्षक, मदनलाल तोमर व्याख्याता, देवेन्द्र कुमार तोमर शिक्षक, डॉ कैलाश साहू, प्रताप सिंह नेताम,हेमन्त कुमार जगत, सुनील कुमार साहू, खिलावन भोई, डायमंड तोमर, अश्वनी कुमार साहू, रविन्द्र खुटे आदि उपस्थित रहे।

# आशीष शर्मा ने हासिल की समाज शास्त्र में पीएचडी की उपाधि, लोगों ने दी बधाई

**गरियाबंद,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। नगर के ऊर्जावान और समाजीक एव राजनीतिक कार्यकर्ता डॉ आशीष शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई हैं। डॉ आशीष ने अपना शोध-कार्य डॉ प्रतिमा शुक्ला के निर्देशन पर कलिंगा विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र विषय पर च्आदिम जनजाति कमार के सामाजिक जीवन पर आधुनिकता का प्रभाव = एक समाज शास्त्रीय अध्ययन गरियाबंद ज़िले के विशेष संदर्भ में किया गया है।



पीएचडी उपाधि मिलने पर डॉ आशीष शर्मा ने कहा हैं कि कुमार जनजाति उन विशेष जनजातियों की श्रेणी में आता है, जिनकी जनसंख्या एक सीमित क्षेत्र में है। शासन द्वारा इनके संरक्षण के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से इनकी सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार लाने का निरंतर प्रयास कर रही है, इनके सतत विकास के लिए कमार विकास अभिकरण का भी गठन किया गया है, उक्त शोध का अध्ययन कमार जनजाति के विकास में शासकीय विकास योजनाओकी भूमिका पर आधारित है, अध्ययन का उद्देश्य कमार जनजाति की पृष्ठभूमि, आर्थिक स्थिति , समस्याओं को ज्ञात करना तथा कमार जनजाति के विकास में शासकीय विकास योजनाओं की भूमिका का अध्ययन करना रहा है। आशीष शर्मा को पीचडी उपाधि मिलने पर क्षेत्र सहित नगर के लोगों में प्रसन्नता व्याप्त है। शुभचिंतकों का यहां तक कहना है कि इस तरह का कार्य कर युवाओं को समाज में अपनी भागीदारी निभानी होगी। उनकी इस सफलता पर यहां सामाजिक राजनीति क्षेत्र के लोग के अलावा पत्रकार गण, बड़े बुजुर्ग, शुभचिंतक सत्य प्रकाश मानिकपुरी, केसर निर्मलकर, गिरीश उपासने, पम्मन रोहरा, घनश्याम सिन्हा, केपी तिवारी, केशव साहू, भीखुभाई मयाणी, अशोक शर्मा, हरीश ठक्कर फरूख मेमन मनोज वर्मा जीवन एस साहू अनिल चंद्राकर, गफ़्फू मेमन, राधेश्याम सोनवानी, गोरेलाल सिन्हा, सागर मयानी, प्रशांत मानिकपुरी, अजय रोहरा, लोकेश सिन्हा, राकेश साहू, रितेश यादव, शिव भिलेपारिया, विजय सिन्हा, थानेश्वर साहू, परस राम देवांगन, अश्वनी सिन्हा, मुकेश मिश्रा, शिवेष शुक्ला, सुमित पारख, दीपक सरवैया, शेषनारायण गजभिये, धीरज सोनी, लोकु सिन्हा, विजय साहू, कुंदन सिन्हा, अतुल गुप्ता, आशीष तिवारी इत्यादि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# सेमराडीह में करमसेमी दाई की पूजा-अर्चना



**बिलाईगढ़,** 27 सितम्बर (देशबंधु)। ब्लाक मुख्यालय बिलाईगढ़ से लगे ग्राम पंचायत छपोरा के आश्रित गांव सेमराडीह में बड़ी धूमधाम से मनाया गया करमसेमी दाई का पूजा अर्चना कर गांव के मुख्य चौक में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत छपोरा के सरपंच प्रतिनिधि व विधानसभा बिलाईगढ़ के सामाजिक कार्यकर्ता यादराम हिरवानी के अतिथि में किया गया। हिरवानी ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भूपेश बघेल जी के सरकार ने किसानों की हित में बड़ा काम किया है। प्रति एकड़ अब 15 की जगह 20 चिंटल धान खरीदी की जाएगी। प्रति चिंटल अब 2800 रूपये में धान खरीदी की जाएगी। हिन्दू धर्म के अनुसार तैतीस करोड़ देवीदेवताओं देवी की महत्व ज्यादा है। हमे सख्ती प्राप्त करनी हैं तो दुर्गा देवी विघा प्राप्त करने के लिए सरस्वती माता धन प्राप्ति के लिए लक्ष्मी माता पति के रक्षा के लिए तीज त्यौहार पुत्र प्राप्ति के लिए हलषष्ठी के साथ साथ सन्तोषी माता समलाई माता तुलसी माता बम्लेश्वरी दाई दंतेश्वरी दाई सन्त माता की पूजा की जाती है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से, उपसरपंच सन कुमार कैवर्त, कन्हैया कैवर्त रेशम कैवर्त, दुकालू खुटे, गोरे निराला,चन्द्र कुमार खोलबहरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# आरंग में गणेशोत्सव की धूम







# नवकार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का भ्रमण



**नवापारा राजिम,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। नगर के नवकार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने आज बुधवार को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर शैक्षणिक भ्रमण किया, जिसमें नर्सरी से यूकेजी के विद्यार्थियों ने नगर के राधाकृष्ण मंदिर एवं कक्षा पहली से पांचवी के छात्र छात्राओं ने राजिम स्थित प्राचीन श्रीरामचन्द्र मंदिर का भ्रमण कराया गया. जहां विद्यार्थियों को प्राचीन स्मारक, प्राचीन अभिलेख एवं कल्चुरी सामंत जगतपाल देव के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।

# मिलेट्स मोटा अनाज जागरुकता पर स्लोगन व निबंध प्रतियोगिता

**नवापारा राजिम,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। श्रीकुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय गोबरा नवापारा, रायपुर में गृहविज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य एस. आर . वड्डे के मार्गदर्शन में गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमति मोनिका साहू के द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के अंर्तगत मिलेट्स ईयर-2023 के जागरुकता हेतु मिलेट्स प्रदर्शनी के साथ मिलेट्स विषय पर स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। पोषण जागरुकता के क्रम में गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष मोनिका साहू द्वारा छात्र छात्राओं को मिलेट्स के बारे में जागरूक करने मिलेट्स को पहचानने, मिलेट्स से होने वाले फायदे, पोषण मूल्य, मिलेट्स से बनने वाले स्थानीय छत्तीसगढ़ी व्यंजन के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी , कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।



# राज्य स्तरीय वार्षिक उत्सव का आयोजन



**नवापारा राजिम,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संचालक एवम् संयुक्त संचालक के तत्वाधान में आज 25.09.23को बिलासपुर में एक राज्य स्तरीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें क्न्ळ्ज्ञल् के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राहियों तथा परियोजना क्रियान्वयन एजेंसियों का सम्मान किया गया साथ ही साथ प्रशिक्षण हितग्राहियों को नौकरी का नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में क्न्ळ्ज्ञल् के द्वारा विगत 2014-23तक के 10वर्षों की कौशल यात्रा की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमे हजारों की संख्या में योजना से लाभान्वित युवा एवम् उनके परिजन उपस्थित हुए। इस योजना को सुचारू एवम् सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिएँ त्स्ड के संचालक तथा संयुक्त संचालक ने चिन्मय बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के सस्थापक चिन्मय दावडा जी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया जो कि काफी प्रशंसनीय है।

## कुम्ही में प्रांतीय स्तरीय गणित/ विज्ञान मेला

**राजिम,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुम्ही में प्रांतीय स्तरीय गणित/ विज्ञान मेला दिनांक 23 एवं 24 सितंबर को हूआ जिसमें उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य श्रीमती नीरा साहू अध्यक्षता सुरेन्द्र साहू एवं विषेश अतिथि कैलाश शुक्ला उपस्थित थे कार्यक्रम में 16 जिला के प्रतिभागी भैया बहनों एवं संरक्षक आचार्य जी और निर्णायक आचार्य जी उपस्थित थे कुल भैया बहनों एवं आचार्य दीदियों की संख्या 256 की उपस्थिति रहें यह जानकारी विधालय के प्रधानाचार्य श्री मेघनाथ साहू उमेश कुमार चंद्राकार ने दी।



## प्रादेशिकी का शेष...

### विधायक चंद्रदेव राय ने किया...

बिलाईगढ़ चंद्र देव राय, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरसींवा के अध्यक्ष पंकज चंद्रा, बिलाईगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू, सोनाखान कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक, नगर पंचायत भटगांव के नगर अध्यक्ष नर्मदा अमित कौशिक, नगर पंचायत भटगांव के उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, कृषि उपज मंडी भटगांव के अध्यक्ष तारा चंद देवांगन, कृषि उपज मंडी भटगांव के उपाध्यक्ष पूरी साहू, सहकारी समिति बिलाईगढ़ के अध्यक्ष द्वारिका देवांगन, साहू समाज के जिलाध्यक्ष तोष राम साहू, युवा कांग्रेस के युवा नेता मनोज टण्डन, राजकुमार सोनवानी, सहदेव सिदार, वरिष्ठ कांग्रेसी गुलाम मुर्तुजा खा, एल्डरमेंन रामा हिरवानी, सूद राम यादव, एवं कांग्रेस दल के दायित्वान कार्यकर्ता एवं बिलाईगढ़ विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं विभिन्न ग्राम पंचायतों के जनपद सदस्य सरपंच, पंच एवं गणमान्य नागरिक आम जनमानस मौजूद रहे।

### छग श्रमजीवी पत्रकार संघ के...

सदस्य गण प्रवीण ढोमने, भानू साहू, ओम प्रकाश पाण्डेय, युवराज यादव, पुरुषोत्तम कैवर्त, महेश शर्मा, जयप्रकाश साहू आदम खान, संतोष थवाईत, एम एल वर्मा, शिव यादव, जीवन लाल रात्रे, सोमेश्वर कमलवंशी, अशोक टंडन, केशव साहू शामिल रहे।

### जयंती पर भगत सिंह का...

दिया गया और देश के नाम अपने आप को कुर्बान कर दिया ऐसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राष्ट्रभक्त सरदार भगत सिंह की जयंती पर याद किया गया। कार्यक्रम में संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर,जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, बोर्ड शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल,नगर पालिका अध्यक्ष राशि माहिलांग, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू,मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे,पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला,प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा,संयुक्त महामंत्री सोमेश दवे,महामंत्री गुरमीत चावला,पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ महामंत्री प्रदीप चंद्राकर,एल्डरमैन सुनील चंद्राकर,गिरजा शंकर चंद्राकर,अनवर हुसैन,रामजी साहू,ममता चंद्राकर,बसंत चंद्राकर,विनोद युगर, मोती साहू,लीलू साहू आदि उपस्थित थे।

### राजीव गांधी आश्रय योजना...

राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत लोगों को आवास मुहैय्या कराने के लिए सरकार दृढ संकल्पित है। इस योजना के द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए आवास निर्माण के लिए अधिकार पत्र सहित तमाम योजनाओं को लागू कर सरकार अपना शत.प्रतिशत योगदान दे रही है। कार्यक्रम में सीएमओ टामसन रात्रे सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुल निर्माण के लिए...

मनोज सतनामी, चंपा चंद्राकर, केसनी साहू, यादराम सूर्यवंशी, बल्ला चंद्राकर, शंकर यादव, लाला चंद्राकर, हितराम चंद्राकर, हेमंत चंद्राकर, दशरू राम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# कोलियारी-खरेंगा दोनर जोरातराई मार्ग की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री का आभार : विपिन साहू



**धमतरी,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। 85 करोड की लागत से बनने वाले कोलियारी खरेंगा दोनर जोरातराई मार्ग की स्वीकृति मिलने के पश्चात जिलेवासियों में हर्ष का माहौल है छग दुग्ध महासंघ अध्यक्ष विपिन साहू ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री ताम्रध्वज साहू को आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि छग की सरकार गांव गरीब किसान मजदूर की सरकार है यही कारण है कि प्रदेश के चारों तरफ विकास की गंगा बह रही है जिलेवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग की स्वीकृति के पश्चात अब यह बात स्पष्ट हो गई है कि विकास का कार्य कांग्रेस ही कर सकती है भाजपा के लोग सिर्फ आरोप लगाना जानते है इस मार्ग को बनाने की मांग सालों से क्षेत्रवासियों द्वारा की जाती रही है हमेशा क्षेत्रवासियों को आश्वासन के नाम पर छला गया लेकिन आखिरकार प्रदेश की सरकार नें इस मार्ग को बनाने के लिए 85 करोड की राशि स्वीकृत कर जिलेवासियों को एक बडा सौगात दिया है श्री साहू ने यह भी कहा कि छग की भोलीभाली जनता इस बात को भलीभांति समझ चुकी है भाजपा के 15 साल के कार्यकाल में धमतरी विस को क्या मिला है? लेकिन कांग्रेस की सरकार धमतरी विधान सभा के विकास के लिए दृढ संकल्पित रही है । शासन की योजनओं का लाभ गांव से लेकर शहर के अंतिम छोर तक बसे हर व्यक्ति को मिल रहा है। श्री साहू का यह भी दावा था कि कुछ माह बाद होने वाले विस चुनाव में जिले की 3 सीटों में जीत तो मिलेगी ही साथ ही प्रदेश में भी कांग्रेस को पहले से ज्यादा सीटें प्राप्त होगी और छग में एक बार फिर गांव गरीब और मजदूर की सरकार बनेगी।

# सातवां प्रांतीय सम्मेलन में हिस्सा लिए जिले के साहित्यकार



**भाटापारा,** 27 सितंबर। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल रायपुर में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के समन्वयक अजय साहू की अगुवाई में जिले से16 साहित्यकारों ने हिस्सा लिया। 8 सत्रों में आयोजित इस प्रांतीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों से लगभग 500 साहित्यकार सम्मिलित हुए। इस गरिमामयी कार्यक्रम में नगर के साहित्यकार अजय च्अमृतांशुज्ज वक्ता के रूप में शामिल हुए। च्छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य में नवाचारज्ज विषय पर उन्होने अपने सारगर्भित विचार रखे। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव डॉ अनिल भतपहरी एवं कुलपति डॉ. केशरीलाल वर्मा के द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले से चोवाराम वर्मा च्बादलज्ज,रामकुमार साहू च्मयारूज्ज,नरेंद्र वर्मा ,मनीराम साहू च्मितानज्ज,अनिल जांगड़े गौतरिहा,कौशल कुमार साहू, संदीप पांडे, कन्हैया साहू अमित,पोखनलाल जायसवाल, पूरनलाल जायसवाल, कन्हैया लाल श्रीवास, जगदीश हीरा साहू, दीपक तिवारी, हेमंत कुमार च्अगमज्ज,नरेंद्र वर्मा अरमान,अशोक जायसवाल ने हिस्सा लिया।

## निधन

### फनिंद्र पाण्डेय



**महासमुंद,** 27 सितंबर। स्थानीय क्लबपारा निवासी स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी फनिंद्र पाण्डेय 83 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में 27 सितंबर को किया गया। वे जिला एवं सत्र न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पाण्डेय के पिता थे।

### उमेश चंद्राकर



**महासमुंद,**27 सितंबर। ग्राम धानसुली निवासी उमेश चंद्राकर 43 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार 27 सितंबर को गृह ग्राम धनसुली में किया गया। वे गौरव चंद्राकर के भाई व छग राज्य बीज निगम के अध्यक्ष अग्नि चंद्राकर, दौलत चंद्राकर, चोवाराम चंद्राकर के भतीजा थे।

# नगर खरोरा में पहली बार दिखी छत्तीसगढ़िया सांस्कृतिक झांकी

## करमा, रउतनाचा और नवदुर्गा झांकी बनी आकर्षण

## छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने स्थापित किया छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा



**खरोरा,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। नगर में रविवार का दिन छत्तीसगढ़ की संस्कृति के नाम रहा, सांस्कृतिक झांकी और छत्तीसगढ़िया सवांग में अद्भुत महिलाओं की टोली छत्तीसगढ़ महतारी की जयकारा से गुंजायेमान नगर का मुख्यमार्ग साथ ही हजारों की संख्या में छत्तीसगढ़िया समाज और छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के सेनानियों के तांता ने महतारी स्थापना महोत्सव को यादगार बना दिया।

जबर पोरा रैली में धरसींवा विधानसभा क्षेत्र की गांवों से खरोरा पहुंची हजारों महिलाओं ने नए बसस्टैंड में छत्तीसगढ़ महतारी की महाआरती की और नगर भ्रमण कर प्रादेशिक त्योहारों की महत्ता को बल दिया।

छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना खरोरा की टीम ने नए बस स्टैंड में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित कर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान और जल जंगल जमीन की साक्षात देवी छत्तीसगढ़ महतारी के लिए आम छत्तीसगढ़िया समाज में अपने प्रदेश की भाषा, संस्कृति और त्योहारों को लेकर जागरूकता पैदा करने की जोरदार कोशिश की।

छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष गजेंद्ररथ ने बताया कि यह गैर राजनीतिक संगठन लगातार अपने लोगों के अधिकारों के लिए लड़ रही है, प्रदेश की भाषा, संस्कृति को सम्मान देने के लिए काम कर रही है इसी क्रम में महतारी मूर्ति स्थापना छत्तीसगढ़ियावाद की भावना को प्रबल करने कक माध्यम बना है साथ ही हमारी मातृ भूमि को सम्मान देने का क्रम भी शुरू हुआ है। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना गैर राजनीतिक संगठन के रूप में 8-10 सालों से लगातार प्रदेश की राजनीति को प्रभवित कर रही है और अब छत्तीसगढ़ियावादी लोगों को सत्ता तक पहुंचाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रही है, संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अमित बघेल लगातार केंद्र और राज्य सरकार को आड़े हाथ लेकर स्थानीय लोगों के रोजगार और अधिकार की बात कर रहें हैं और जहां छत्तीसगढ़िया समाज शोषित हुआ है वहां आगे बढ़ कर आवाज भी बुलंद किया है। छत्तीसगढ़ी भाषा को लेकर भी संगठन ने लगातार सवाल किए हैं जिसके चलते राज्य सरकार स्कूलों में छत्तीसगढ़ी को एक विषय के रूप में पढ़ाने तैयार हुई है, प्रदेश में लगातार छत्तीसगढ़िया वाद की भावना का विकास हुआ है।

**जबर पोरा रैली की जरूर क्यों:** छत्तीसगढ़िया समाज लगातार परप्रांतीय परम्पराओं को आत्मसाध कर रही है और अपने पुरखों के बनाये रीति नीति की अनदेखी कर रहा है ऐसे में छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने प्रादेशिक त्योहारों को सड़क पर निकलकर मनाने की शुरुआत की जिससे आज की पीढ़ियों में अपने समाज और संस्कृति के लिए सम्मान और ज्ञान पैदा हो सके और इसका परिणाम भी आगे आ रहे हैं।

नगर खरोरा में स्थानीय प्रसाशन बीजेपी और राज्य सरकार कांग्रेस की होने का नाम लेकर विकास पर रोक लगा हुआ है नपं अध्यक्ष के वित्तीय अधिकार खत्म हो चुके हैं वहीं दोनों पार्टियों की आपसी लड़ाई ने नगरवासियों को विकास कामों से दूर कर दिया है ऐसे में छत्तीसगढ़िया समाज और क्रान्ति सेना के प्रयासों ने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित कर नए समीकरण बनने का संकेत दिया है जिससे अब आने वाले समय में बड़े बदलाव की उम्मीद बनी है।

**छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के प्रमुखों ने दिए बदलाव के संकेत:** जिस तरह से छत्तीसगढ़िया जनमानस में छत्तीसगढ़िया वाद शब्द ने जादु जमाया है उससे 3 महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में भी बड़ा असर पड़ने के कयास लग रहे हैं।

**छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना लड़ेगी विधानसभा का चुनाव ?**

जिस तरह से प्रदेश में क्षेत्रवाद की बात हो रही है और स्थानीय लोगों की सत्ता में भागीदारी पर चिन्तन हो रहा है उससे आम जन में छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना का चुनावी मैदान में कूदने की बातें हो रही है जिस पर प्रमुखों का कहना है कि यह गैर राजनीतिक संगठन अपने समर्थित लोगों को चुनाव लड़वा कर सत्ता तक पहुंचने का रास्ता बनाएगी।

धरसींवा विधानसभा के सबसे प्रभावशाली क्षेत्र में छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी मूर्ति स्थापना को एक बड़े राजनीतिक परिवर्तन के रूप में भी देखा जा सकता है, क्षेत्र के दमदार पत्रकार व लेखक गजेंद्ररथ रायपुर ग्रामीण की जिम्मेदारी के साथ मैदान में होना, इससे यह बात तय होती है कि जब कोई चिन्तनशील बुद्धिजीवी प्रदेशवाद की बात करे और अपनी जमीन पर अपने लोगों के अधिकारों की लड़ाई लड़े तब बड़े परिवर्तन की उम्मीद बड़ जाती है।

# नपं अध्यक्ष यशवर्धन एवं पार्षदों ने किया विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन




**पलारी,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत पलारी मे हो रहे अन्यत्र विकास कार्यों में कड़ी जुड़ता जा रहा है।जिसमें वार्ड नं 12 में पेंशनर भवन निर्माण कार्य लागत 10 लाख, नगर भवन में प्रथम तल निर्माण कार्य लागत 49 लाख, नगर भवन के सामने सौंदर्यीकरण कार्य लागत 19.60 लाख, वार्ड नं 15 में प्रेस क्लब में बाउंड्री वॉल लागत 09.64 लाख, आर सी सी नाली जी ए डी आवास रोड से पुलिया नहर तक लागत 19.52 लाख मुख्य मार्ग से टीन कपाट तक विद्युती करण कार्य लागत 16.43 लाख, तहसील से जी ए डी आवास तक विद्युत करण लागत 18.51लाख,एवं आर सी सी नाली जी ए डी आवास रोड से पुलिया तक 19.52 लाख एवं वार्ड नं 14 मे शास.दाऊ बृजलाल वर्मा महाविद्यालय में सी सी रोड निर्माण लागत 19.64 लाख एवं रंग मंच 09.96 लाख, तथा सी सी रोड संधारण कार्य लक्ष्मी कपड़ा दूकान से रामकुमार वर्मा घर तक लागत 12 लाख भूमि पूजन के अवसर पर नगर पंचायत पलारी के सी एम ओ पार्षद गण ताजेन्द्र कनौजे, श्रीमति टुकेश्वरी वर्मा,डा जाल, श्री मति पुष्पा मोहन बंजारे, श्रीमति नीतू भुषण ठेठवार,रवि ध्रुव, मुलचंद धीवर,श्रीमति नूतन मनोज वर्मा, एल्डर मेन श्रीमति माहेशवरी कुर्रे, इंजिनियर पेंशनर समाज के सभी सम्माननीय गण सहित प्रेस क्लब के सभी पत्रकार शेखर वर्मा, रज्जाक खान, यमलोक साहू, महेश ढीढी मिथलेश शुक्ला तोमन साहू एवं साथी गण सहित नगर वासी गण उपस्थित रहे।

# पिंटू कुर्रे को प्रदेश कांग्रेस के अजा विभाग के उपाध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी, क्षेत्र की जनता में हर्ष



**आरंग,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लीलोठिया के मार्गदर्शन से आरंग विधानसभा के विधायक व प्रदेश के नगरीय प्रशासन विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया की अनुशंसा व पवन रात्रे, राष्ट्रीय संयोयक के सहयोग से पिंटू कुर्रे (तिजेंद्र कुमार कुर्रे) प्रतिनिधि जनपद सदस्य व पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अजा विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्ति किये जाने पर पूरे क्षेत्र में कांग्रेस नेताओं ने राजेश लिलोठिया राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया व राष्ट्रीय समन्वय पवन रात्रे के प्रति अपना आभार प्रकट किया है । आपको बता दे कि पिंटू कुर्रे छात्र जीवन से ही कांग्रेस पार्टी के विभिन्न संगठनों में सक्रिय रहे है ।वे हस्द्ध के प्रदेश सचिव, अजा विभाग के जिला उपाध्यक्ष व महामंत्री के साथ युवा कांग्रेस के विभिन्न पदों में रहे है। वर्ष 2010 में वे ग्राम पंचायत बरछा के उपसरपंच निर्वाचित हुए उनके द्वारा ग्राम पंचायत में किये गये। उल्लेखनीय कार्यों कि वजह से वर्ष 2015 के चुनाव में उनकी धर्मपत्नि पुष्पा पिंटू कुर्रे लगभग 2500 सौ वोटों से जीतकर जनपद सदस्य व जनपद पंचायत कि अध्यक्ष निर्वाचित हुई अपने क्षेत्र में कराएं गये विकास कार्यों कि वजह से 2020 के चुनाव में पुनः पुष्पा पिंटू कुर्रे जनपद सदस्य निर्वाचित हुई। पिंटू कुर्रे की गिनती आरंग विधानसभा क्षेत्र अग्रणी पंक्ति के नेताओं में की जाती है तथा सतनामी समाज के युवा तुर्क के रूप में जाना जाता हैं। पिंटू कुर्रे को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाएं जाने पर क्षेत्र की जनता ने बधाई देते हुए मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया का आभार जताया है।

# आरंग विधानसभा के लिए भाजपा से वेदराम मनहरे ने पेश की मजबूत दावेदारी

**आरंग,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को सियासी गतिविधियां तेज हो गई है। आरंग विधानसभा से बीजेपी के टिकट प्रबल दावेदार वेदराम मनहरे बुधवार को अपने समर्थकों के साथ बीजेपी के प्रदेश कार्यालय पहुच कर अजय जामवाल को जन्मदिन की बधाई दी तथा उनके समर्थकों ने आरंग विधानसभा क्षेत्र से वेदराम मनहरे को ही उम्मीदवार बनाये जाने की मांग की। सर्वसमाज से पहुचे समर्थकों ने पूर्व ष्टरूडॉ रमन सिंह से भी उनके निजी निवास में मुलाकात कर आरंग विधानसभा से वेदराम मनहरे को टिकट दिलाने की मांग की।

आपको बता दे की वेदराम मनहरे के लिए टिकट की मांग करने वालो में समाज के गुरु परिवार के गुरु गोसाई आसनदास साहेब खपरीपुरी धाम, गुरु गोसाई द्वारका दास साहेब भण्डारपुरी, के अलावा विभिन्न समाजों के अध्यक्ष व प्रतिनिधि सोहन साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज आरंग, गणपत लोधी अध्यक्ष आरंग लोधी समाज, लल्ला साहनी प्रदेश उपाध्यक्ष साहनी समाज, भोलाराम साहु अध्यक्ष आरंग नगर साहू समाज, शेखर साहु कोषाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण, राजेश साहू, पूर्व अध्यक्ष आरंग नगर साहू समाज, सूरज लोधी, पार्षद आरंग, राकेश पटेल पूर्व जनपद सदस्य, अशोक साहू पूर्व मण्डल अध्यक्ष, सत्यार्थ साहू सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत देवरी, डॉ. के. आर. साहु, टेकचन्द वर्मा, जी. एस. यादव, पूर्व प्रान्ता अध्यक्ष कर्मचारी संघ, गणेश साहु, मनीष गुप्ता, सरजूदास मानिकपुरी, तुलाराम साहु, आलोक वर्मा प्रदेश युवा महामंत्री छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज, अध्यक्ष आरंग परिक्षेत्र यादव समाज, मदन सोनकर सोनकर समाज चविशेष सलाहकार, राहुल चन्द्राकर, रितेश साहू, संभाग उपाध्यक्ष साहू समाज, ईश्वर साहू नरसिंग राजेश साहू, मोतीलाल यादव अध्यक्ष आरंग परिक्षेत्र यादव समाज,थानु साहू, गणेश टण्डन, जोधन सिंग निरमलकर निर्मलकर समाज ग्राम प्रमुख, नीलू बंजारे प्रमुख रूप से उपस्थित थे। आपको बता दे कि आरंग विधानसभा से बीजेपी के प्रबल दावेदार वेदराम मनहरे अपनी सक्रियता के कारण क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना ली है।

सामाजिक धार्मिक एवं रचनात्मक कार्यों में सक्रिय रहने के कारण वे कार्यकर्ताओ और क्षेत्रवासियो की पहली पसंद बने हुये है ।



**समाज प्रमुखों के साथ वरिष्ठ नेताओं के साथ की मुलाकात**

# सरायपाली विधानसभा प्रभारी बने नरेंद्र



**पिथोरा,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के प्रभारी कुमारी शैलजा के अनुमोदन से छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने जिला विधानसभा एवं लोकसभा के प्रभारी की नियुक्ति की। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव नरेंद्र सेन की नियुक्ति सरायपाली विधानसभा प्रभारी के रूप में की गई। कांग्रेस के कद्दावर नेता नरेंद्र सेन हमेशा से ही कांग्रेस के लिए समर्पित कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहे गरीब एवं मजदूरों के हक की आवाज उठाने में नरेंद्र सेन का विशेष एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पूर्व में नरेंद्र सेन को कांग्रेस संगठन चुनाव लोकसभा विधानसभा जनपद पंचायत नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में काम करने का एवम पार्टी को मजबूत करने का खासा अनुभव रहा है। उनके इन्हीं सफल कार्यों के कारण प्रदेश अध्यक्ष ने वर्तमान में उन्हें सरायपाली विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है।

अपने नियुक्ति पर नरेंद्र सेन ने छत्तीसगढ़ के प्रभारी कुमारी शैलजा मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज बसना विधायक देवेंद्र बहादुर एवं खलारी विधायक द्वारकाधीश यादव का विशेष आभार व्यक्त किया। साथ ही सरायपाली के प्रभारी बनने पर नरेंद्र सेन ने कहा की पार्टी को मजबूत करना एवं आगामी विधानसभा चुनाव में मजबूती एवं दमखम के साथ कांग्रेस प्रत्याशी को विजय दिलाना उनका प्रमुख लक्ष्य रहेगा साथ ही समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट कर चुनाव में कांग्रेस को मजबूती से आगे बढ़ाना एवं विजय प्रदान करना एवं छत्तीसगढ़ में पुन कांग्रेस की सरकार बनाना यही लक्ष्य के साथ हम पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट करके कार्य करेंगे।

प्रदेश सचिव नरेंद्र सेन को सरायपाली विधानसभा का प्रभारी बनने पर प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव विधायक प्रतिनिधि अजय नंद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष करण दीवान कुलवंत खनूजा काशीराम शर्मा आकाश महंती अरविंदर छाबड़ा राजू सिन्हा तरुण पांडे कौशल रोहिल्ला मुन्ना शर्मा शैलु डडसेना गौतम साहू बंटू अग्रवाल खीरू पटेल टीकू साहू लोकेश ध्रुव गोपाल पांडे दालेश्वर पटेल युगल यादव भूषण चीनी सहित समस्त कांग्रेस नेताओं ने बधाई प्रेषित की।

# 'मेरी मिट्टी मेरा देश' कार्यक्रम रोहांसी स्कूल में



**पलारी,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोहांसी में किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों द्वारा रैली निकाली गई। रैली में प्रमुख रूप से खेलावन घृतलहरे, प्रदीप कुमार जायसवाल, बिंदेश्वरी ठाकुर, शैल ध्रुव, चित्रलेखा देवांगन, भुनेश्वरी अनंत शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# सरायपाली एवं मोहदा में डीजे डांस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई चौहान सेना प्रदेशाध्यक्ष चातुरी नंद



**सरायपाली,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चौहान सेना की प्रदेशाध्यक्ष चातुरी नंद सरायपाली के वीरेन्द्ररेंद्र नगर व ग्राम मोहदा में आयोजित डीजे डांस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती नंद ने कहा कि कौन कहता है की प्रतिभा शहरों में निवास करती है प्रतिभा गांवों में भी निवास करती है बस उन्हें सही मंच मिलना चाहिए ऐसे आयोजनों से स्थानीय कलाकारों को मंच मिलता है और उनकी कला निखरती है। ऐसे आयोजन लगातार कराए जाने चाहिए।

कार्यक्रम में बच्चों और स्थानीय कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। छत्तीसगढ़ चौहान सेना प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उदय लाल चौहान संस्थापक शशिकांत चौहान श्रीमती केंवरा चौहान जिलाध्यक्ष सारंगढ़ लक्ष्मीनारायण चौहान जिलाध्यक्ष महासमुंद नरेश्वर चौहान चमन चौहान दसरथि चौहान युगल चौहान सभी से समस्त ग्रामवासियों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस दौरान गणेशोत्सव समिति की रत्ना बंछोर गंगाराम भारद्वाज नवीन सिंह ठाकुर विक्की ठाकुर और समिति के पदाधिकारी और दर्शक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

चौहान सेना की प्रदेशाध्यक्ष चातुरी नंद सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की सबसे मजबूत दावेदार है। चातुरी नंद क्षेत्र में लगातार सक्रिय होकर जनसंपर्क कर रही है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में श्रीमती नन्द को आमंत्रित किया जा रहा है।

# राष्ट्रवाद पर प्रेरक प्रबोधन कार्यक्रम संपन्न



**कुरूद,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। गत दिवस बोल बम सेवा समिति के तत्वावधान में पुरानी मंडी परिसर कुरूद में वृंदावन से पधारे अतुल कृष्ण महाराज जी का सत्यम शिवम सुंदरम वाक्य को लेकर राष्ट्रवाद पर प्रेरक प्रबोधन कार्यक्रम संपन्न हुआ! सर्वप्रथम व्यास गद्दी की पूजा अर्चना प्रारंभ की गई जिसमें प्रतिभा चंद्राकर ,ज्योति भानु चंद्राकर, भूमिका सिन्हा, सरिता ओझा, गीता देवांगन ,गायत्री साहू, जानकी यादव, सुशील यादव ,सरला देवांगन और गीतांजलि साहू प्रमुख रूप से शामिल थे ।

बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष भानु चंद्राकर एवं समस्त पदाधिकारी ने कथा वाचक अतुल कृष्ण महाराज जी का पुष्प वाला से स्वागत किया। महाराज जी ने सभी भक्तजनों को आशीष स्वरूप श्री राम नाम अंकित पीला फीता भेंट किया। ओम के उच्चारण और श्री राम के भजन के साथ राष्ट्रवाद पर प्रबोधन कार्यक्रम प्रारंभ किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भानु चंद्राकर ,प्रभात बैस ,मालक राम साहू, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, कामता साहू ,लोकेश सिंह ,कन्हैया सिंह, कुलेश्वर सिंह ,निषाद कोमल साहू शेखर चंद्राकर ,बनवारी राम महावर ,सुरेश अग्रवाल, राम निर्मलकर ,श्याम शर्मा ,कमलेश चंद्राकर, सुनील चंद्राकर ,प्रभु सिंह ,राजू अकेला, सुखू साहू सहित सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# 85 करोड़ की लागत से बनने वाले कोलियारी-खरेंगा दोनर जोरातराई मार्ग की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री का आभार : विपिन साहू



**धमतरी,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। 85 करोड की लागत से बनने वाले कोलियारी खरेंगा दोनर जोरातराई मार्ग की स्वीकृति मिलने के पश्चात जिलेवासियों में हर्ष का माहौल है छग दुग्ध महासंघ अध्यक्ष विपिन साहू ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री ताम्रध्वज साहू को आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि छग की सरकार गांव गरीब किसान मजदूर की सरकार है यही कारण है कि प्रदेश के चारों तरफ विकास की गंगा बह रही है जिलेवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग की स्वीकृति के पश्चात अब यह बात स्पष्ट हो गई है कि विकास का कार्य कांग्रेस ही कर सकती है भाजपा के लोग सिर्फ आरोप लगाना जानते है इस मार्ग को बनाने की मांग सालों से क्षेत्रवासियों द्वारा की जाती रही है हमेशा क्षेत्रवासियों को आश्वासन के नाम पर छला गया लेकिन आखिरकार प्रदेश की सरकार नें इस मार्ग को बनाने के लिए 85 करोड की राशि स्वीकृत कर जिलेवासियों को एक बडा सौगात दिया है श्री साहू ने यह भी कहा कि छग की भोलीभाली जनता इस बात को भलीभांति समझ चुकी है भाजपा के 15 साल के कार्यकाल में धमतरी विस को क्या मिला है? लेकिन कांग्रेस की सरकार धमतरी विधान सभा के विकास के लिए दृढ संकल्पित रही है ।शासन की योजनओं का लाभ गांव से लेकर शहर के अंतिम छोर तक बसे हर व्यक्ति को मिल रहा है। श्री साहू का यह भी दावा था कि कुछ माह बाद होने वाले विस चुनाव में जिले की 3 सीटों में जीत तो मिलेगी ही साथ ही प्रदेश में भी कांग्रेस को पहले से ज्यादा सीटें प्राप्त होगी और छग में एक बार फिर गांव गरीब और मजदूर की सरकार बनेगी।

# धमतरी की मांग हुई पूरी, कोलियारी खरेंगा दोनर जोरातराई मार्ग को मिली स्वीकृति



**रंजना साहू ने विधानसभा में लगातार की थी मांग, सुनवाई नहीं होने पर ग्रामीणों के साथ की थी 34 किमी पदयात्रा**

**धमतरी,** 27 सितंबर (देशबन्धु)।जिले की बहुत बहुप्रतीक्षित मांग कोलियरी खरेंगा दोनर जोरातराई मार्ग को आज प्रशासकीय स्वीकृति मिली,विधायक रंजन साहू ने सदन से लेकर सड़क तक पदयात्रा कर इस महत्वपूर्ण सड़क के लिए जनता के साथ संघर्ष किया है पीडब्ल्यूडी विभाग के उप सचिव द्वारा उक्त सड़क के लिए चौरासी करोड़ आठ लाख इक्यासी हज़ार रुपये की स्वीकृति पत्र जारी कर आज इसकी विधिवत घोषणा की गई वर्षों के संघर्ष और न जाने कितने हादसों में कितनों की जान इस बदहाल सड़क में हादसों में गई है अंततः आज उस मार्ग की प्रशासकीय स्वीकृति धमतरीवासियों को मिली जिलेवासियों ने इसके लिए क्षेत्र की विधायक रंजन साहू का आभार किया है जिन्होंने बिना रुके बिना थके विधानसभा के पटल पर लगातार इसकी मांग करती रही विभागीय मंत्री से कई बार सिर्फ सड़क के लिए मुलाकात की और कोई हल न निकलने पर ग्रामीणों के साथ 34 किलोमीटर पदयात्रा की थी और गांव में ही रात्रि विश्राम किया था,ऐसे ही विभिन्न संगठनों ने भी सड़क के लिए संघर्ष किया जिसके परिणाम स्वरूप धमतरीवासियों को यह सौगात मिली।



# अनंत चतुर्दशी की हार्दिक शुभकामनाएं...



## सीमा नही बना करती है कागज खींची लकीरों से ये घटती बढ़ती रहती है वीरों की शमशीरों से

### राष्ट्र धर्म एवं समाज का सर्वांगीण विकास एवं अखंडता ही मेरा संकल्प है -- अभिषेक तिवारी (मिकी)

आदर्श



अमर बलिदानी राष्ट्रभक्त
भगत सिंह जी जन्मजयंती पर
शत शत नमन 28 सितंबर

**दिल की बात :** बलौदाबाजार **अभिषेक तिवारी जी** कहते हैं कि जब कभी भी मुझे सेवा का अवसर मिलता है, उस समय मुझे यह महसूस होता है कि ईश्वर की असीम कृपा का आशीर्वाद है जो मुझे यह अवसर मिला है। यह सोचकर मैं निःस्वार्थ भावना से संकल्प लेकर सेवा करने का प्रयास करता हूं...

| | |
|---|---|
| नाम- | **अभिषेक तिवारी (मिकी)**<br>व्यवसायी एवं समाजसेवी |
| पिता- | **श्री अशोक कुमार तिवारी**<br>(पूर्व अध्यक्ष सर्व ब्राहाण समाज बलौदाबाजार,<br>पूर्व अध्यक्ष लायंस क्लब बलौदाबाजार, |
| समाजसेवी, | चरण सेवक श्री महावीर देव मंदिरबलौदाबाजार) |
| दादा - | **स्व. पं. बंशराज तिवारी**<br>(पूर्व विधायक 1977-80जनता पार्टी), अधिवक्ता |
| उम्र - | 43 वर्ष पुरुष |
| शिक्षा - | वाणिज्य स्नातक (बी. कॉम ) |
| मो. न. - | 7583035169 |
| ईमेल- | akm.yamhabb@gmail.com |
| पूर्ण पता निवास - | मकान नं. 146 पुराना बस स्टैण्ड,<br>बिलासपुर रोड, बलौदाबाजार (छ.ग.) |

**व्यवसाय -**

1. **संचालक** - नेहा मेडिकल स्टोर्स चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल सिविल लाइन ब. बा.
2. **संचालक** - ए. के. मोटर्स ( यामाहा शोरूम & सर्विस) लवन रोड, ब.बा.
3. संचालक - एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी क्लास वर्ल्ड स्कूल इंग्लिश मीडियम (stand.nur.To 8th) पुराना बस स्टैंड ब. बा.

**सामाजिक दायित्व वर्तमान -**

1. जिला अध्यक्ष- विश्व हिन्दू परिषद छत्तीसगढ़ जिला बलौदाबाजार-भाटापारा
2. कार्यकारिणी सदस्य - सर्व ब्राहाण समाज, बलौदाबाजार

**सामाजिक दायित्व पूर्व :-**

1. जिला उपाध्यक्ष - नरेन्द्र मोदी विचार मंच, बलौदाबाजार-भाटापारा
2. उपाध्यक्ष - युवा ब्राहाण समाज, बलौदाबाजार
3. जिला उपाध्यक्ष- किसान संघर्ष समिति, बलौदाबाजार-भाटापारा

प्रेरणास्त्रोत



प. बंशराज तिवारी (दादा जी )
पूर्व विधायक एवं अधिवक्ता



## 28 सितंबर जन्मदिवस विशेष

## सबका साथ, सबका विकास, पूरी निष्ठा के साथ











**पारिवारिक पृष्ठभूमि :-** बचपन से ही घर का माहौल दादा स्व पं. बंशराज तिवारी जी के राजनीति में सक्रिय रहने के कारण राजनीतिमय ही रहा जिसके कारण उनसे राष्ट्र और क्षेत्र की राजनीति के संबंध में बहुत कुछ जानने समझने को मिला। वो स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे जनसंघ से प्रारंभ से ही जुड़े हुए थे तथा क्षेत्र के विकास की सोच रखने वाले निर्भीक, स्पष्टवादी जागरूक ईमानदार एवं सरल स्वभाव के मजबूत नेता थे तथा प्रसिद्ध अधिवक्ता एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भी रहे। आपातकाल के दौरान जय प्रकाश नारायण जी के नेतृत्व में किये गये आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते हुऐ जेल यात्रा तक की।

सन् 1977 में जनता पार्टी की सरकार में विधायक भी रहे। उनके द्वारा क्षेत्र में सीमेंट संयंत्रों की स्थापना का मार्ग प्रसस्त्र किया गया तथा क्षेत्र में पानी की समस्या को दूर करने के लिए शिवनाथ नदी से जल प्रदाय योजना के तहत पानी पहुंचाने एवं ग्रामों को सड़को के माध्यम से नगर को जोड़ना स्कूल कॉलेज एवं अस्पतालों का निर्माण वृहद पैमाने पर करवाया गया बलौदाबाजार को जिला एवं पृथक छतीसगढ़ राज्य बनाने तथा रेलवे लाईन की मांग उनके द्वारा हमेशा मुखरता से उठाई गई। अपनी इमानदारी और कर्मनिष्ठा के कारण सर्वजनप्रिय रहे। पं बंशराज तिवारी जी की स्मृति में मेरे परिवार द्वारा मुख्य मार्ग चौड़ीकरण के लिए करोड़ो की भूमि सुभाष चौक, बलौदाबाजार में राज्य सरकार तत्कालीन भा.ज.पा सरकार के समय दान में दी गई। जिससे आमजन को लाभ हुआ।

**सामाजिक गतिविधियां -** दादा स्व पं. बंशराज तिवारी जी के नजदीक रहने के कारण मेरे अंदर समाज और राष्ट्र के हित में कुछ करने की ललक हमेशा रही मैं विश्व हिन्दू परिषद में विगत 4 वर्षों से जिला अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन करते हुए समाज में सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ नगर एवं जिले के सभी असमाजिक गतिविधियों के विरुद्ध मुखर होकर आवाज उठा रहा हूँ साथ ही गोठान से लेकर धार्मिक स्थलों की दुर्दशा एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार गड़बड़ियों के प्रति ज्ञापन एवं धरना प्रदर्शन के माध्यम से शासन प्रशासन को अवगत कराने एवं समाज को जागरूक करने का कार्य कर रहा हूँ। कोरोनाकाल के दौरान जरूरतमंदों तक भोजन दवा चिकित्सकीय सेवा, मवेशियों के लिए चारा एवं अनाज की व्यवस्था जिले भर में संगठन के माध्यम से उपलब्ध कराई गई।

संगठन के दायित्व का पूर्ण ईमानदारी से निर्वहन करते हुए अपने कार्यकर्ताओं को धर्मसम्मत कानूनी तौर तरीकों से सत्यमार्ग का पाठ पढ़ाते हुए धर्मांतरण रोकने प्रार्थना सभाओं को प्रतिबंधित करने लव जिहाद पर नकेल कसने गौतस्करी पर लगाम लगाने के साथ घरवापसी का कार्यक्रम भी मेरे द्वारा करवाया जा रहा है। क्षेत्र में आयोजित सभी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ सक्रिय सहभागिता राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ R.S.S से जुड़ाव- प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर बलौदाबाजार में होने के कारण प्रारंभ से ही आर एस एस में झुकाव रहा जिससे शाखा में सम्मिलित होना पथ संचालन एवं प्रत्येक कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता रही।

R.S.S जिला मुख्यालय हेतु बलौदाबाजार नगर में मुख्य मार्ग पर 2800 sqft भूमि मेरे बड़े भाई विवेक आनंद तिवारी द्वारा दादा स्व. पं. बंशराज तिवारी जी की स्मृति में संगठन के प्रति समर्पण स्वरुप दान की गई।

**भारतीय जनता पार्टी में भूमिका :-** सक्रिय सदस्य के तौर पर पार्टी से विगत 5 वर्षों से जुड़ा हूँ। परिवार का सदैव भारतीय जनता पार्टी में झुकाव एवं जुड़ाव रहा। बचपन से ही भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी बाजपेयी एवं श्री नरेन्द्र मोदी जी से प्रभावित होकर भा.ज.पा.प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की तथा परोक्ष एवं अपरोक्ष रूप से पार्टी में तन मन धन से सक्रिय रहा हूँ।

**सामाजिक सहभागिता-** पढ़ाई पूरी करने के बाद मैं मेडिकल व्यवसाय से जुड़ गया जिसके अंतर्गत हमारे परिवार के सदस्यों चाचा डॉ प्रमोद तिवारी, भाई डॉ नितिन तिवारी, बहु डॉ श्रीमती गीतिकशंकर तिवारी एवं बहन डॉ श्रीमती सुकृति तिवारी द्वारा हमारी दादी की स्मृति में चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल जो कि जिले का सबसे प्रमुख एवं प्रसिद्ध निजी चिकित्सालय है, के तत्वाधान में दादा स्व. पं. बंशराज तिवारी जी की जन्मजयंती पर प्रतिवर्ष निः शुल्क रोग निदान चिकित्सा शिविर का आयोजन लगातार 17 वर्षों से किया जा रहा है। अबतक शिविर में लगभग 7000 मरीजो का उपचार किया गया, हर साल 70-80 मरीजों की शल्य चिकित्सा किया गया तथा सब को निःशुल्क दवा वितरण किया जाता रहा है। सनातन धर्म के लिए जागरुकता फैलाने के लिए मेरे द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में अपने सहकर्मियों के साथ हिन्दुत्व और हिन्दू धर्म का लगातार प्रसार एवं जनसंपर्क किया जा रहा है।

नगर एवं ग्रामों में गौ सेवा मास मदिरा के विक्रय पर रोक एवं मोदी सरकार की गांव गरीब किसान के हितो के लिए चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

साथ ही धर्म के प्रति लोगों को आस्थावान बनाने के लिए स्वयं के मंदिर का जो कि मेरे परदादा के द्वारा मुख्य मार्ग बजरंग चौक बलौदाबाजार में बनवाया गया था उसका जीर्णोद्धार करवाया गया जिससे की वहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की समस्या ना हो एवं धार्मिक कार्यों में लोगों का जुड़ाव हो और आस्था बढ़े इसके साथ ही बहुत से ग्रामों में मंदिरो के निर्माण में अंश दान जिससे की ग्रामीणों को अच्छा एवं साफ- सुथरा धार्मिक माहौल मिल सके। मेरे एवं मेरे परिवार के द्वारा समाजसेवियों एवं श्रद्धालुओं के साथ सहयोग से बलौदाबाजार समेत आस पास के गावों में धार्मिक आयोजन कर सनातन धर्म का प्रचार- प्रसार लगातार किया जा रहा है। छतीसगढ़ किसान संघर्ष समिति में कार्य क्षेत्र में सीमेंट कम्पनियों की मनमानी और ग्रामीणों तथा किसानों के समस्या को देखते हुए मेरे द्वारा अपने कुछ किसान मजदूर एवं समाज सेवी सहयोगीयों के साथ छत्तीसगढ़ किसान संघर्ष समिति का गठन किया गया जिसका मैं उपाध्यक्ष के तौर पर कार्य कर चूका हूँ। किसानो, मजदूरों और ग्रामीणों का अधिकार दिलाने तथा क्षेत्र के विकास के मुद्दे को शासन तक पहुंचाने के लिए हम प्रयासरत है एवं क्षेत्र की समस्याओ के संबंध में सरकारी विभाग एवं जनप्रतिनिधियों से मिलकर समस्या का समाधान एवं निपटारा इस संस्था के द्वारा किया गया।

**संकल्प :-** क्षेत्र के विकास के लिए हरसम्भव प्रयास करना जन-जन की समस्याओं का निराकरण करना। गरीब, किसान, मजदूर असहाय लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए सदैव तत्पर रहना एवं अपने क्षेत्र एवं राष्ट्र हित के लिए उचित कदम उठाना तथा सत्य, ईमानदारी निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वहन करना। भारतीय जनता पार्टी यदि मुझे अपना उम्मीदवार बनाती है तो मैं आश्वस्त करता हूँ कि धर्म सम्मत कार्य करते हुए साफ- स्वच्छ छबि का अनुशरण करते हुए पार्टी को नई ऊंचाइयों तक लेकर जाऊंगा। समाज के सभी वर्गों के साथ दोस्ताना एवं न्यायसंगत व्यवहार करते हुए अपने परिवार के गौरवशाली इतिहास को दोहराने का पूर्ण प्रयास करूँगा एवं सनातन की भगवा पताका का सदैव मान रखूँगा।

सादर धन्यवाद !

आपका कृपापात्र
अभिषेक तिवारी बलौदाबाजार











## शुभेच्छु - परिवारजन, मित्रगण स्नेहीजन एवं सहयोगीजन